# सम-सामयिक घटना चक्र

मासिक करेन्ट नोट्स एवं सामयिक आलेख

वर्ष : 30 अंक : 3 मूल्य : 50/-

जून - जुलाई, 2022



ई-बुक पढ़ें
अपडेटेड रहें
देखें कवर पृष्ठ - 2

## अग्निपथ : एक नई रक्षा भर्ती योजना

CASH BACK ₹25

See Cover Page - 2

Validity upto July, 2023

RNI No.: 59620/1993

# सम-सामयिक घटना चक्र

वर्ष - 30 अंक - 03

जून - जुलाई, 2022 मूल्य - 50/-

▸ संपादकीय कार्यालय :

**सम-सामयिक घटना चक्र**

188A/128 एलनगंज, चर्चलेन,
प्रयागराज (इलाहाबाद) - 211002

▸ **फोन :** 0532-2465524, 9335140296

▸ **ई-मेल :** ssgcald@yahoo.co.in

▸ **वेबसाइट :** ssgcp.com

▸ **ई-शॉप :** shop.ssgcp.com

▸ **संपर्क समय :** प्रातः 12 से सायं 8 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार)

▸ © सम-सामयिक घटना चक्र - किसी भी रूप में सामग्री की नकल प्रतिबंधित।

▸ सभी विवादों का निबटारा इलाहाबाद की सीमा में आने वाली सक्षम अदालतों और फोरम में किया जाएगा।

▸ **संपादक** - संतोष कुमार चौधरी

▸ **उप संपादक** - सौरभ मेहरोत्रा

▸ **सदस्य संपादक मण्डल** - शिवशंकर तिवारी

▸ **संपादकीय समन्वयक** - अभिषेक कुमार

▸ **कंप्यूटर सहयोग** - फैजुल इस्लाम अंसारी, ज़ुबैर अहमद

▸ **लेखा प्रबंधक** - आर.पी. भट्ट

▸ **विज्ञापन प्रबंधक** - जितेन्द्र द्विवेदी

▸ **प्रबंध संपादक** - ममता चौधरी

सम-सामयिक घटना चक्र प्रकाशित लेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। उनके विचारों से संपादकीय सहमति जरूरी नहीं है। संपादक की लिखित अनुमति के बिना इस पत्रिका में प्रकाशित किसी भी सामग्री को उद्धृत या उसका अनुवाद नहीं किया जा सकता है। पाठकों से अनुरोध है कि पत्रिका में छपे किसी भी विज्ञापन की सूचना की समुचित जांच स्वयं करके संतुष्ट हो लें।

मुद्रक, प्रकाशक और स्वामी संतोष कुमार चौधरी द्वारा उन्हीं के लिए अमर मुद्रणालय 15/1/7, कटरा रोड, माधो कुंज, प्रयागराज (इलाहाबाद) से मुद्रित एवं 188A/128, एलनगंज चर्चलेन, प्रयागराज (इलाहाबाद) से प्रकाशित। संपादक - संतोष कुमार चौधरी

## अनुक्रमणिका

**फोकस**
(पृ.सं. : 3 - 6)
अग्निपथ : एक नई रक्षा भर्ती योजना



**राष्ट्रीय परिदृश्य**
(पृ.सं. : 31 - 32)
''भारत गौरव'' के तहत देश की पहली निजी ट्रेन सेवा



**अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य**
(पृ.सं. : 36 - 37)
भारत : अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु अंतर-सरकारी समिति में चयनित

UNESCO
United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization · Intangible Cultural Heritage

**आर्थिक परिदृश्य**
(पृ.सं. : 43 - 44)
भारत का विदेशी ऋण : मार्चांत, 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक
Reserve Bank of India
India's Central Bank

**वैज्ञानिक परिदृश्य**
(पृ.सं. : 51 - 51)
पृथ्वी-II का सफल परीक्षण

DRDO

### फोकस (पृ.सं. : 6 - 30)

● पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक, 2022 ● विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022 ● राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021-22 ● क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 ● नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन ● देश का 52वां बाघ अभयारण्य ● उत्तर भारत का पहला औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क ● फ्रंटियर : विश्व का द्रुततम सुपरकंप्यूटर ● उत्तर प्रदेश बजट, 2022-23 ● नमूना पंजीकरण प्रणाली, मई-2022

### राष्ट्रीय परिदृश्य (पृ.सं. : 32 - 35)

● NHAI का सड़क निर्माण में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ● राष्ट्रीय वायु खेल नीति, 2022 ● ब्लू ड्यूक : सिक्किम की राज्य तितली ● दिल्ली हवाई अड्डा : जलविद्युत एवं सौर ऊर्जा से संचालित पहला हवाई अड्डा

### अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य (पृ.सं. : 37 - 42)

● वैश्विक शांति सूचकांक, 2022 ● सुरक्षा परिषद के नए अस्थायी सदस्य ● टाइम्स : एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग्स, 2022 ● यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक, 2021 ● टाइम 100 : सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्ति, 2022

### आर्थिक परिदृश्य (पृ.सं. : 44 - 50)

● स्काईट्रैक्स : वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स, 2022 ● मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2022-23 ● खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य : विपणन मौसम, 2022-23 ● ग्लोबल स्किल्स रिपोर्ट, 2022 ● वैश्विक प्रेषण पर विश्व बैंक की रिपोर्ट, 2022 ● विश्व के अरबपतियों की सूची, 2022 : फोर्ब्स

### वैज्ञानिक परिदृश्य (पृ.सं. : 51 - 56)

● अग्नि-IV का सफल परीक्षण ● विश्व की पहली फिशिंग कैट गणना ● INS निशंक एवं INS अक्षय सेवामुक्त ● आईएनएस गोमती सेवामुक्त ● सर्वेक्षण पोत निर्देशक ● 5जी टेस्ट बेड

### स्थायी स्तंभ (पृ.सं. : 57 - 104)

❑ संक्षिप्तियां ❑ खेल परिदृश्य ❑ मुख्य परीक्षा विशेष
❑ संवाद ❑ ज्ञानिकी ❑ सामयिक प्रश्नकोश

**सदस्यता शुल्क**

| | | रजिस्टर्ड डाक द्वारा | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| अर्द्धवार्षिक | (6 अंक) | ₹400/- | ₹500/- |
| वार्षिक | (12 अंक) | ₹800/- | ₹1000/- |
| द्विवार्षिक | (24 अंक) | ₹1600/- | ₹2000/- |
| त्रिवार्षिक | (36 अंक) | ₹2400/- | ₹3000/- |

**सदस्यता शुल्क मनीऑर्डर द्वारा कार्यालय को प्रेषित करें। ग्राहक मनीऑर्डर फार्म पर अपना नाम, पता एवं मांग स्पष्ट लिखें। पते के साथ अपना मोबाइल अथवा फोन नंबर (यदि हो) भी लिख दें।**





**राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, वैज्ञानिक एवं आर्थिक क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे**

# अग्निपथ : एक नई रक्षा भर्ती योजना

### ❑ भूमिका

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने सशस्त्र सेनाओं में युवाओं की भर्ती हेतु एक नई योजना नामतः 'अग्निपथ योजना' को स्वीकृति प्रदान की। इस योजना को स्वतंत्र भारत के इतिहास में **'सबसे बड़े रक्षा श्रमबल सुधार'** (biggest defence manpower reform) के रूप में देखा जा रहा है। तत्काल प्रभाव से लागू होने वाली यह योजना सशस्त्र सेनाओं में चार वर्ष के सेवाकाल हेतु युवाओं की भर्ती को निर्देशित करेगी। हालांकि, इस योजना के तहत ग्रेच्युटी (gratuity) एवं पेंशन जैसे लाभ नहीं प्रदान किए जाएंगे। अग्निपथ योजना को कुछ प्रमुख देशों द्वारा सशस्त्र सेनाओं के कार्मिकों की भर्ती हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले व्यापक मॉडलों के गुण-दोषों के गहन विश्लेषण के पश्चात भारतीय समाज एवं भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस हेतु अमेरिका एवं रूस जैसे विशाल देशों, इस्राइल जैसे संघर्ष प्रवण (conflict prone) देशों और चीन, फ्रांस, यूके एवं जर्मनी जैसे देशों की भर्ती प्रक्रियाओं का अध्ययन किया गया। यद्यपि उपर्युक्त सभी देशों ने अपनी सेनाओं को युवा, तंदुरूस्त एवं गतिशील रखने के लिए समरूप अल्पावधि मॉडल को ही अपनाया हुआ है, तथापि उनमें से सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं को चुनकर भारत के स्वदेशी मॉडल को तैयार किया गया है।




आरेखीय चित्र | अग्निपथ : एक नई रक्षा भर्ती योजना

### ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 14 जून, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने सशस्त्र बलों (Armed Forces) में सेवा हेतु भारतीय युवाओं के लिए एक आकर्षक भर्ती योजना को मंजूरी प्रदान की।

➡ इस योजना का नाम 'अग्निपथ' (AGNIPATH) है।

➡ इस योजना के तहत, चुने गए युवाओं को 'अग्निवीर' (AGNIVEERS) के नाम से जाना जाएगा।

### ❑ विवरण

➡ अग्निपथ योजना भारतीय सेना के तीनों अंगों थल सेना, वायु सेना और नौसेना में क्रमशः जवानों (Soldiers), वायु सैनिकों (Airmen) तथा नाविकों/नौसैनिकों (Sailors) के पदों पर भर्ती के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लाई गई एक नई योजना है।

- ➲ अब से इन पदों पर भर्ती के लिए संचालित होने वाली अन्य सभी योजनाएं समाप्त हो जाएंगी।
- ➲ उल्लेखनीय है, कि अग्निपथ योजना अफसर रैंक के सैन्य कर्मियों के लिए नहीं है और उनकी भर्ती के लिए मौजूदा अलग-अलग प्रक्रियाएं चलती रहेंगी।

➡ यह योजना देशभक्त और प्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि हेतु सशस्त्र बलों में सेवा करने का अवसर प्रदान करती है।

➡ योजना के तहत, 17.5 वर्ष से 21 वर्ष आयु तक के उम्मीदवार आवेदन के पात्र होंगे।

➲ चूंकि पिछले दो वर्षों के दौरान सशस्त्र बलों में भर्ती संभव नहीं हो पाई है, अतः इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 के भर्ती-चक्र हेतु एक-बारगी छूट (one-time waiver) देने का निर्णय लिया है।

➲ अतः वर्ष 2022 के लिए भर्ती प्रक्रिया हेतु अधिकतम आयु सीमा 23 वर्ष तय की गई है।

➲ ध्यातव्य है, कि भारतीय नौसेना ने अग्निवीरों की भर्ती में महिलाओं को 20 प्रतिशत तक आरक्षण देनें का निर्णय लिया है।

➡ अग्निवीरों को चार वर्ष की सेवा अवधि के लिए संबंधित सेवा अधिनियमों के तहत सशस्त्र बलों में नामांकित (enrolled) किया जाएगा।

➲ अग्निवीरों की भर्ती 'अखिल भारतीय आधार पर हर वर्ग' (All India All Class) से होगी।

➡ अग्निवीर, सशस्त्र बलों में एक अलग रैंक होगी, जो किसी भी मौजूदा रैंक से भिन्न होगी।

➡ चार वर्ष की सेवा पूरी होने पर शत-प्रतिशत अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में स्थायी नामांकन (permanent enrolment) हेतु आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

➲ इन आवेदनों पर चार वर्ष की कार्यावधि के दौरान प्रदर्शन सहित उद्देश्य मानदण्ड (objective criteria) के आधार पर केंद्रीकृत तरीके (centralised manner) से विचार किया जाएगा।

➲ तत्पश्चात प्रत्येक विशिष्ट बैच के अधिकतम 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में नियमित कैडर (regular cadre) में नामांकित किया जाएगा।

## ❑ उद्देश्य

➡ अग्निपथ योजना को रक्षा बजट के बोझ को कम करने और उभरते नए खतरों से निपटने में देश की तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रतिपादित किया गया है।

➡ यह योजना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियों से सुपरिचित युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने के माध्यम से अधिक प्रौद्योगिकी कुशल सशस्त्र बलों की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी प्रयास है।

➡ इस नई रक्षा भर्ती नीति को सशस्त्र बलों की औसत आयु में कटौती करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

➲ उल्लेखनीय है, कि भारतीय सशस्त्र बलों की औसत आयु वर्तमान में लगभग 32 वर्ष है, जो इस योजना के कार्यान्वयन के पश्चात 4-5 वर्ष कम हो जाएगी।

➡ यह योजना सशस्त्र बलों में युवा एवं अनुभवी कर्मियों के बीच अच्छा संतुलन सुनिश्चित करने के माध्यम से अधिक युवा और तकनीकी रूप से दक्ष युद्धक बल को बढ़ावा देगी।

➡ इस वर्ष 46,000 अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी।

## ❑ अग्निवीरों को लाभ

➡ अग्निवीरों को तीनों सेनाओं में लागू जोखिम और कठिनाई भत्ते (Risk and Hardship Allowances) के साथ एक आकर्षक 'अनुकूलित मासिक पैकेज' (Customised Monthly Package) दिया जाएगा।

**सेवा निधि**

- आयकर से मुक्त
- चार वर्ष की कार्यावधि पूर्ण होने पर एकमुश्त पैकेज का भुगतान
- अग्निवीर एवं केंद्र सरकार का बराबर का योगदान
- 11.71 लाख रुपये की राशि



**आरेखीय चित्र** अग्निपथ : एक नई रक्षा भर्ती योजना

➡ चार वर्ष की कार्यावधि के पूरा होने पर अग्निवीरों को एकमुश्त **'सेवा निधि'** (Seva Nidhi) पैकेज का भुगतान किया जाएगा।

➲ 'सेवा निधि' में अग्निवीर एवं केंद्र सरकार बराबर का योगदान देंगे।

➲ यह सेवा निधि अग्निवीरों के लिए तय किए गए अन्य भत्तों और शहादत एवं दिव्यांगता की स्थिति में मिलने वाले मुआवजे से अलग होगी।

➡ संबंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

| वर्ष | अनुकूलित पैकेज (मासिक) | हाथ में (70%) (In Hand) | अग्निवीर कॉर्पस फण्ड में योगदान (30%) | भारत सरकार द्वारा कॉर्पस फण्ड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| सभी आंकड़े रुपये में (मासिक अंशदान) | | | | |
| प्रथम | 30000 | 21000 | 9000 | 9000 |
| द्वितीय | 33000 | 23100 | 9900 | 9900 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तृतीय | 36500 | 25580 | 10950 | 10950 |
| चतुर्थ | 40000 | 28000 | 12000 | 12000 |
| अग्निवीर कॉपर्स फण्ड में चार वर्ष बाद कुल योगदान | | | 5.02 लाख रुपये | 5.02 लाख रुपये |
| 4 वर्ष पश्चात बाहर निकलने पर | 11.71 लाख रुपये सेवा निधि पैकेज के रूप में (लागू ब्याज दरों के अनुसार उपरोक्त राशि पर संचित ब्याज सहित) का भुगतान किया जाएगा। | | | |

➡ **'सेवा निधि'** (11.71 लाख रुपये) को आयकर से छूट प्रदान की जाएगी।

➲ अग्निवीरों को ग्रेच्युटी एवं पेंशन संबंधी लाभ नहीं प्रदान किए जाएंगे।

➡ इसके अतिरिक्त अग्निवीरों को भारतीय सशस्त्र बलों में उनकी कार्यावधि हेतु 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर (non-contributory Life Insurance Cover) प्रदान किया जाएगा।

➡ सेवा अवधि के दौरान अग्निवीर विभिन्न सैन्य कौशलों, अनुशासन, शारीरिक फिटनेस, नेतृत्व, साहस एवं देशभक्ति जैसे गुणों को सीख सकेंगे।

➡ सेवा अवधि के पश्चात, 'अग्निवीर' नागरिक समाज (Civil Society) में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में योगदान दे सकेंगे।

**4 वर्ष बाद सेवामुक्त होने वाले अग्निवीरों के लिए घोषित नौकरी एवं अन्य प्रोत्साहन**

| केंद्र/राज्य सरकार | प्रोत्साहन |
|---|---|
| गृह मंत्रालय | 1. केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) तथा असम राइफल्स में भर्ती हेतु अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण।<br>2. CAPFs तथा असम राइफल्स में भर्ती हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा (Upper age limit) में 3 वर्ष (पहले बैच के अग्निवीरों के लिए 5 वर्ष) की छूट। |
| रक्षा मंत्रालय | भारतीय तटरक्षक बल, रक्षा असैन्य पदों और सभी 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (DPSUs) की नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण। |
| पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय | भारतीय नौसेना के साथ अग्निवीरों के कार्यकाल के बाद उन्हें मर्चेंट नेवी में विभिन्न भूमिकाओं में अवसर प्रदान करने के लिए 6 आकर्षक सेवा योजनाओं (Service avenues) की घोषणा। |
| शिक्षा मंत्रालय | स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा अपने स्वायत्त संस्थान 'राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान' (National Institute of Open Schooling) के माध्यम से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण अग्निवीरों को अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाकर 12वीं कक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत। |
| असम सरकार | राज्य के स्थायी निवासी प्रत्येक अग्निवीर को राज्य पुलिस बलों में नौकरी देने का वादा। |
| हरियाणा सरकार | सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता |
| उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश एवं अरुणाचल प्रदेश सरकार | राज्य पुलिस बलों की भर्तियों में प्राथमिकता |

## ❑ समग्र लाभ


➡ सशस्त्र बलों की भर्ती नीति में परिवर्तनकारी सुधार ।

➡ अग्निवीरों के लिए सर्वोत्तम संस्थानों में प्रशिक्षण लेने और उनके कौशल और योग्यता को बढ़ाने का अवसर।

➡ यह योजना ''भविष्य के लिए तैयार'' सैनिकों का निर्माण करेगी।

➲ समाज में लौटने पर पुनः रोजगार के पर्याप्त अवसर और अग्निवीर युवाओं के लिए रोल मॉडल के रूप में उभर सकते हैं।

➡ इससे अर्थव्यवस्था हेतु एक उच्च-कुशल कार्यबल की उपलब्धता भी होगी, जो उत्पादकता, लाभ और समग्र सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में सहायक होगा।



**आरेखीय चित्र** अग्निपथ : एक नई रक्षा भर्ती योजना

### ❑ निष्कर्ष

अग्निपथ योजना तीनों सेनाओं की मानव संसाधन नीति में एक नए युग का सूत्रपात करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा प्रतिपादित एक प्रमुख रक्षा नीति सुधार है। मानव संसाधन पर रक्षा मंत्रालय के खर्च में कटौती करने में अग्निपथ योजना एक मील का पत्थर साबित होगी। अग्निवीरों की अल्पकालीन सेवा (Short tenure) होने के फलस्वरूप न्यूनतम 75 प्रतिशत अग्निवीरों की तनख्वाह के मद में अधिकतम 40,000 रुपये प्रतिमाह खर्च होंगे। ये रकम वरिष्ठ सैनिकों पर होने वाले खर्च की तुलना में बहुत कम होगी। चूंकि चार वर्ष बाद तीन-चौथाई अग्निवीर सेवामुक्त हो जाएंगे, जिससे उनके रिटायरमेंट के बाद दी जाने वाली पेंशन की बड़ी रकम की बचत होगी और इस धन का प्रयोग सेना के आधुनिकीकरण और उसके संसाधनों को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा।

अग्निवीरों की कम समय की सेवा सेनाओं में युवा जोश को बनाए रखने में मदद करेगी। तमाम सरकारी एजेंसियों में नौकरियों में आरक्षण की घोषणा से सैन्य बलों को छोड़ने के बाद इन जवानों का देश की अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में भी उत्पादक इस्तेमाल हो सकेगा।

# पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक, 2022

### ❑ EPI

➡ पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक (EPI : Environmental Performance Index) एक द्विवार्षिक रिपोर्ट है।

➡ EPI, येल सेंटर फॉर एनवायरनमेंटल लॉ एण्ड पॉलिसी (Yale Center for Environmental Law & Policy), येल विश्वविद्यालय और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के 'अर्थ इंस्टीट्यूट' स्थित 'द सेंटर फॉर इंटरनेशनल अर्थ साइंस इन्फॉर्मेशन नेटवर्क' (CIESIN : The Center for International Earth Science Information Network) की एक संयुक्त परियोजना है।

➡ EPI में उच्च प्राथमिकता वाले पर्यावरणीय मुद्दों पर प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न देशों को रैंक प्रदान की जाती है।

### ❑ EPI, 2022 : प्रविधि

➡ EPI, 2022 के तहत, 11 श्रेणियों (categories) में विभक्त 40 प्रदर्शन संकेतकों (performance indicators) के आधार पर विश्व के 180 देशों की रैंकिंग तैयार की गई है।

- ➲ इन 11 श्रेणियों को पुनः 3 नीतिगत उद्देश्यों (Policy objectives) में समूहबद्ध किया गया है।
- ➲ ये 3 नीतिगत उद्देश्य हैं -

(i) पर्यावरणीय स्वास्थ्य (Environmental Health)

(ii) पारिस्थितिक तंत्र जीवन शक्ति (Ecosystem vitality)

(iii) जलवायु नीति (Climate Policy)

➡ वर्ष 2022 में EPI में पहली बार 'जलवायु परिवर्तन' को नीतिगत उद्देश्य के रूप में शामिल किया गया है।

➡ इन्हीं 40 प्रदर्शन संकेतकों, 11 श्रेणियों तथा 3 नीतिगत उद्देश्यों के आधार पर किसी देश के समग्र EPI स्कोर (Overall EPI score) की गणना की जाती है।

➡ समग्र रूप से EPI रैंकिंग यह प्रदर्शित करती है, कि कौन-से देश सर्वश्रेष्ठ तरीके से पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं।

### ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 1 जून, 2022 को 'पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक, 2022 जारी किया गया।

➡ इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 के 'ग्लासगो क्लाइमेट पैक्ट' (Glasgow Climate Pact) के तहत स्थापित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में वैश्विक प्रगति वर्तमान में अपर्याप्त है।

- ➲ उल्लेखनीय है, कि ग्लासगो क्लाइमेट पैक्ट के तहत, वैश्विक समुदाय ने वर्ष 2050 तक 'शुद्ध शून्य' (net zero) ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जनों का लक्ष्य निर्धारित किया था।
- ➲ सद्यः रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक केवल कुछ देशों; जैसे डेनमार्क एवं यूनाइटेड किंगडम द्वारा ही 'ग्रीन हाउस गैस तटस्थता' (GHG neutrality) प्राप्त किया जाना अनुमानित है।

➡ रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान प्रवृत्ति के जारी रहने पर वर्ष 2050 में केवल 4 देश यथा - चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं रूस सकल विश्व के 50 प्रतिशत से अधिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जनों के लिए उत्तरदायी होंगे।

➡ वर्ष 2050 में कुल 24 देश लगभग 80 प्रतिशत ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जनों के लिए उत्तरदायी होंगे।

- इन देशों को **'द डर्टी टू डजन'** (the dirty two-dozen) नाम दिया गया है।

## ❑ EPI, 2022 रैंकिंग

➡ पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक, 2022 में डेनमार्क को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

- उल्लेखनीय है, कि EPI, 2020 में भी इसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।

➡ यूनाइटेड किंगडम एवं फिनलैण्ड को क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

**EPI, 2022 : शीर्ष 5 देश**

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 1. | डेनमार्क | 77.9 |
| 2. | यूनाइटेड किंगडम | 77.7 |
| 3. | फिनलैण्ड | 76.5 |
| 4. | माल्टा | 75.2 |
| 5. | स्वीडन | 72.7 |

**EPI, 2022 : अंतिम 5 देश**

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 180. | भारत | 18.9 |
| 179. | म्यांमार | 19.4 |
| 178. | वियतनाम | 20.1 |
| 177. | बांग्लादेश | 23.1 |
| 176. | पाकिस्तान | 24.6 |

**EPI, 2022 : दक्षिण एशियाई देशों की स्थिति**

| देश | वैश्विक रैंक | क्षेत्रीय रैंक | स्कोर |
|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान | 81 | 1 | 43.6 |
| भूटान | 85 | 2 | 42.5 |
| मालदीव | 113 | 3 | 37.4 |
| श्रीलंका | 132 | 4 | 34.7 |
| नेपाल | 162 | 5 | 28.3 |
| पाकिस्तान | 176 | 6 | 24.6 |
| बांग्लादेश | 177 | 7 | 23.1 |
| भारत | 180 | 8 | 18.9 |

**EPI, 2022 : ब्रिक्स देशों की स्थिति**


| देश | वैश्विक रैंक | स्कोर |
|---|---|---|
| ब्राजील | 81 | 43.6 |
| रूस | 112 | 37.5 |
| भारत | 180 | 18.9 |
| चीन | 160 | 28.4 |
| दक्षिण अफ्रीका | 116 | 37.2 |

## ❑ भारत की स्थिति

➡ EPI, 2022 में भारत को 180 देशों की सूची में अंतिम (180वां) स्थान प्राप्त हुआ है।

- भारत का EPI स्कोर 18.9 है।

➡ उल्लेखनीय है, कि EPI, 2020 में भारत को 168वां स्थान प्राप्त हुआ था।




आरेखीय चित्र पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक, 2022

➡ EPI, 2022 में भारत के निम्नतम स्कोर के लिए वायु गुणवत्ता की खराब स्थिति और तेजी से बढ़ते ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जनों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

➡ रिपोर्ट के अनुसार, विश्व के 30 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 21 शहर भारत में स्थित हैं।

➡ सद्यः रिपोर्ट के अनुसार, अगर भविष्य में भारत की जलवायु नीतियों (climate policies) को सुदृढ़ नहीं किया जाता, तो भारत वर्ष 2050 में चीन के बाद ग्रीन हाउस गैसों का दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक देश बन जाएगा।

- वर्ष 2050 में भारत संपूर्ण विश्व के लगभग 11 प्रतिशत ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जनों के लिए उत्तरदायी होगा।

| EPI, 2022 : 3 नीतिगत उद्देश्यों एवं 11 श्रेणियों में भारत की स्थिति | | |
|---|---|---|
| **नीतिगत उद्देश्य/संबंधित श्रेणी** | **रैंक** | **स्कोर** |
| **1. पारिस्थितिक तंत्र जीवन शक्ति** | 178 | 19.30 |
| a. जैव विविधता एवं आवास | 179 | 5.80 |
| b. पारिस्थितिक सेवाएं | 97 | 25.00 |
| c. मत्स्ययन (Fisheries) | 42 | 24.50 |
| d. अम्लीकरण (Acidification) | 132 | 54.40 |
| e. कृषि (Agriculture) | 70 | 40.0 |
| f. जल संसाधन (Water Resources) | 112 | 2.2 |
| **2. पर्यावरणीय स्वास्थ्य** | 178 | 12.50 |
| a. वायु गुणवत्ता | 179 | 7.80 |
| b. स्वच्छता एवं पेयजल (Sanitation & Drinking Water) | 139 | 19.50 |
| c. भारी धातु (Heavy Metals) | 174 | 20.60 |
| d. अपशिष्ट प्रबंधन (Waste Management) | 151 | 12.90 |
| **3. जलवायु नीति** | 165 | 21.70 |
| a. जलवायु परिवर्तन (Climate Change) | 165 | 21.70 |

## ❑ भारत का पक्ष

➡ केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक, 2022 में भारत के संबंध में प्रस्तुत आंकड़ों को गलत बताया है।

➡ मंत्रालय के अनुसार, EPI, 2022 में कई ऐसे संकेतक शामिल हैं, जो निराधार मान्यताओं (unfounded assumptions) पर आधारित हैं।

- देशों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए प्रयुक्त कुछ संकेतक काल्पनिक हैं और वे अटकलों एवं 'अवैज्ञानिक पद्धतियों' (unscientific methods) पर आधारित हैं।

➡ केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने EPI, 2022 के विश्लेषण एवं निष्कर्षों को स्वीकार नहीं किया है और इसके पीछे निम्न कारण प्रस्तुत किए हैं :-

- EPI ,2022 में जलवायु नीति उद्देश्य के अंतर्गत एक नया संकेतक 'वर्ष 2050 में अनुमानित GHG उत्सर्जन स्तर' (Protected GHG Emissions Levels in 2050) शामिल किया गया है। इसकी गणना पिछले 10 वर्षों में उत्सर्जन में परिवर्तन की औसत दर के आधार पर की जाती है, न कि मॉडलिंग (modelling) के आधार पर, जबकि मॉडलिंग में संबंधित देशों की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता एवं प्रयोग, अतिरिक्त कार्बन सिंक, ऊर्जा दक्षता इत्यादि को ध्यान में रखा जाता है।
- भारत के वन एवं आर्द्रभूमि दोनों ही महत्वपूर्ण कार्बन सिंक हैं, जिन्हें EPI, 2022 में वर्ष 2050 में अनुमानित GHG उत्सर्जन की गणना करते समय शामिल नहीं किया गया है।
- निम्नतम उत्सर्जन प्रक्षेप-पथ (lowest emission trajectory) पर ऐतिहासिक डाटा की उपरोक्त गणना में अनदेखी की गई है।
- जिन संकेतकों पर भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है, उनका भारांश (weightage) कम कर दिया गया है।
- प्रति व्यक्ति GHG उत्सर्जन (GHG Emission per capita) तथा GHG उत्सर्जन तीव्रता प्रवृत्ति (GHG Emission intensity trend) जैसे संकेतकों के रूप में 'इक्विटी के सिद्धांत' को बहुत कम महत्व दिया गया है। सूचकांक की संरचना में CBDR-RC (Common but Differentiated Responsibilities and Respective Capabilities) सिद्धांत नाममात्र के लिए ही परिलक्षित होता है।
- भारत ने गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोतों से 40 प्रतिशत स्थापित विद्युत क्षमता का लक्ष्य पहले ही प्राप्त कर लिया है।
- जल गुणवत्ता, जल उपयोग दक्षता, प्रति व्यक्ति अपशिष्ट उत्पादन पर संकेतक, जो सतत उपभोग एवं उत्पादन से निकटता से जुड़े हुए हैं, उन्हें इस सूचकांक में शामिल नहीं किया गया है।

➲ इस सूचकांक में संरक्षित क्षेत्रों (Protected Areas) द्वारा प्रदान की जाने वाली सुरक्षा की गुणवत्ता की बजाय उनके विस्तार/सीमा पर बल दिया गया है। संरक्षित क्षेत्रों एवं पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों (Eco-Sensitive regions) के 'प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन' (Management Effectiveness Evaluation) को सूचकांक की गणना में शामिल नहीं किया गया है।

➡ कृषि जैव विविधता (Agro biodiversity), मृदा स्वास्थ्य (Soil health), खाद्य हानि (Food loss) एवं अपशिष्ट (Waste) जैसे संकेतक इस सूचकांक में शामिल नहीं किए गए हैं, यद्यपि ये बृहद कृषि आबादी वाले विकासशील देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022

## ❑ विश्व निवेश रिपोर्ट : परिचय

➡ अंकटाड (UNCTAD : United Nations Conference on Trade & Development) द्वारा वर्ष 1991 से ही प्रत्येक वर्ष 'विश्व निवेश रिपोर्ट' (World Investment Report) जारी की जा रही है।

➡ विश्व निवेश प्रवृत्ति पर आधारित इस रिपोर्ट में वैश्विक एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के अंतर्प्रवाह (Inflows) एवं बहिर्प्रवाह (Outflows) की प्रवृत्ति का विश्लेषण प्रस्तुत किया जाता है।

## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 9 जून, 2022 को अंकटाड (UNCTAD) द्वारा 'विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022' जारी की गई।

➡ विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022 का केंद्रीय विषय है - '**अंतरराष्ट्रीय कर सुधार एवं सतत निवेश**' (International Tax Reforms and Sustainable Investment)।

➲ इस रिपोर्ट में वर्ष 2021 के आंकड़ों के आधार पर निवेश प्रवाह का विश्लेषण किया गया है।


➲ इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह (FDI Flows) में सुधार हुआ है और यह पूर्व महामारी स्तर (Pre-Pandemic levels) पर पहुंच गया है।

## ❑ रिपोर्ट के मुख्य बिंदु

➡ कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2020 में वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह जहां 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था, वहीं यह वर्ष 2021 में 64 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.58 ट्रिलियन डॉलर हो गया।


➡ वर्ष 2021 में FDI सुधार के फलस्वरूप विश्व के सभी क्षेत्रों में वृद्धि (growth) देखने को मिली है।

➡ विकसित देशों में FDI प्रवाह 134 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 746 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया।



आरेखीय चित्र | विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022

➡ जबकि, विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में FDI प्रवाह 30 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 837 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया।



आरेखीय चित्र | विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022

➡ वर्ष 2021 में वैश्विक FDI प्रवाह में विकासशील देशों का हिस्सा 50 प्रतिशत से कुछ अधिक दर्ज किया गया।

➡ रिपोर्ट में यह भी दर्शाया गया है, कि रूस-यूक्रेन युद्ध ने एक तरफ जहां कई देशों के लिए 3F (Food, Fuel and Finance) संकट को जन्म दिया है, वहीं इससे वर्ष 2022 में वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट आने की संभावना है।



**आरेखीय चित्र** विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022

## ❑ वैश्विक न्यूनतम कर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर प्रभाव


➡ सद्यः रिपोर्ट के अनुसार, FDI पर प्रस्तावित 'वैश्विक न्यूनतम कॉर्पोरेट कर' (Global minimum corporate tax) के 'अंतरराष्ट्रीय निवेश वातावरण' पर महत्वपूर्ण परिणाम परिलक्षित होंगे।

➡ रिपोर्ट के अनुसार, 15 प्रतिशत की दर से कर आरोपण से वैश्विक निवेश में 2 प्रतिशत तक की गिरावट होने की संभावना है।

➡ उल्लेखनीय है, कि अक्टूबर, 2021 में OECD (The Organisation for Economic Co-operation & Development) के तत्वावधान में विश्व के 136 देशों/क्षेत्राधिकारों द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय कर प्रणाली' (International tax system) में एक महत्वपूर्ण सुधार को अंतिम रूप दिया गया था।

- इसके तहत, वर्ष 2023 से बहुराष्ट्रीय उद्यमों (MNEs) पर 15 प्रतिशत की दर से 'वैश्विक न्यूनतम कॉर्पोरेट कर' आरोपित करने पर सहमति बनी थी।
- यह नया कर 750 मिलियन यूरो वार्षिक से अधिक राजस्व वाली कंपनियों के विदेशी लाभ (foreign profits) पर लागू होगा।
- इससे प्रतिवर्ष लगभग 150 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त वैश्विक कर राजस्व प्राप्त होने की संभावना है।

## ❑ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अंतर्प्रवाह (वैश्विक एवं विभिन्न अर्थव्यवस्थाएं), 2021




[**नोट** - कोष्ठक में दिए गए प्रतिशत आंकड़े वैश्विक निवेश में हिस्से (share) को, जबकि धनात्मक प्रतिशत आंकड़े विगत वर्ष की तुलना में FDI में होने वाली वृद्धि को प्रदर्शित कर रहे हैं]

**वैश्विक निवेश रिपोर्ट, 2022 : FDI के चुनिंदा संकेतक**

**(बिलियन डॉलर)**
**(वर्तमान कीमतों पर मूल्य)**

| क्रम | सूचक | 1990 | 2005-07 मंदी पूर्व औसत | 2019 | 2020 | 2021 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FDI अंतर्प्रवाह | 205 | 1425 | 1481 | 963 | 1582 |
| 2 | FDI बहिर्प्रवाह | 244 | 1464 | 1124 | 780 | 1708 |
| 3 | FDI आगत (inward) भण्डार | 2196 | 14605 | 36530 | 41728 | 45449 |
| 4 | FDI निर्गत (outward) भण्डार | 2255 | 15315 | 34496 | 39546 | 41798 |

➡ 'विश्व निवेश रिपोर्ट, 2022' के अनुसार, वर्ष 2021 में भारत में 45 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अंतर्प्रवाह (FDI Inflows) आया, जो वर्ष 2020 के 64 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 29.69 प्रतिशत कम है।

➡ प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अंतर्प्रवाह के संदर्भ में वर्ष 2021 में **भारत** विश्व में **सातवें स्थान पर** है, जबकि वर्ष 2020 में यह 8वें स्थान पर था।

## ❑ अंतर्प्रवाह (Inflows)


➡ वर्ष 2021 में वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश अंतर्प्रवाह (Inflows) में 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

- ➲ यह वर्ष 2020 के 962 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2021 में 1582 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आ गया।

➡ वर्ष 2021 में विकासशील देशों में FDI अंतर्प्रवाह में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह वर्ष 2020 के 644 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर से बढ़कर वर्ष 2021 में 837 बिलियन डॉलर हो गया।

➡ क्षेत्रीय स्तर पर विश्व में सर्वाधिक FDI प्राप्त करने के संदर्भ में विकासशील अर्थव्यवस्थाएं (Developing Economies) शीर्ष पर रहीं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाएं दूसरे स्थान पर रहीं।

**क्षेत्रवार एफडीआई अंतर्प्रवाह, 2020-2021 (बिलियन डॉलर में)**




➡ वर्ष 2021 में FDI अंतर्प्रवाह की दृष्टि से शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाएं क्रमशः यू.एस.ए., चीन और हांगकांग रहीं।

**FDI अंतर्प्रवाह : शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाएं**

| रैंक (2021) | रैंक (2020) | अर्थव्यवस्थाएं | FDI अंतर्प्रवाह (बिलियन डॉलर में) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष 2021 | वर्ष 2020 |
| 1 | 1 | यू.एस.ए. | 367 | 151 |
| 2 | 2 | चीन | 181 | 149 |
| 3 | 3 | हांगकांग, चीन | 141 | 135 |
| 4 | 6 | सिंगापुर | 99 | 75 |
| 5 | 12 | कनाडा | 60 | 23 |
| 6 | 9 | ब्राजील | 50 | 28 |
| 7 | 8 | भारत | 45 | 64 |
| 8 | 51 | दक्षिण अफ्रीका | 41 | 3 |
| 9 | 22 | रूसी गणराज्य | 38 | 10 |
| 10 | 10 | मेक्सिको | 32 | 28 |

## ❑ बहिर्प्रवाह (Outflows)

➡ वर्ष 2021 में क्रमशः यू.एस.ए., जर्मनी तथा जापान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बहिर्प्रवाह के संदर्भ में शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाएं रहीं।

➡ वर्ष 2021 में भारत से FDI बहिर्प्रवाह 43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16 बिलियन डॉलर दर्ज किया गया।

**FDI बहिर्प्रवाह : शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाएं**

| रैंक (2021) | रैंक (2020) | अर्थव्यवस्थाएं | FDI बहिर्प्रवाह (बिलियन डॉलर में) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष 2021 | वर्ष 2020 |
| 1 | 1 | यू.एस.ए. | 403 | 235 |
| 2 | 6 | जर्मनी | 152 | 61 |
| 3 | 5 | जापान | 147 | 96 |
| 4 | 2 | चीन | 145 | 154 |
| 5 | 166 | यू.के. | 108 | -65 |
| 6 | 7 | कनाडा | 90 | 47 |
| 7 | 4 | हांगकांग, चीन | 87 | 101 |
| 8 | 25 | रूसी गणराज्य | 64 | 7 |
| 9 | 165 | आयरलैण्ड | 62 | -45 |
| 10 | 9 | दक्षिण कोरिया | 61 | 35 |

## ❑ एशिया क्षेत्र में एफडीआई प्रवाह

➡ कोविड-19 के लगातार प्रकोप के बावजूद विकासशील एशिया में FDI में लगातार तीसरे वर्ष वृद्धि दर्ज की गई।

- ➲ वर्ष 2021 में यह 619 बिलियन डॉलर के उच्चतम स्तर (all-time high) पर पहुंच गया।

➡ विकासशील एशिया विश्व में FDI का 'सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता क्षेत्र' (largest recipient region) है।

➡ 6 अर्थव्यवस्थाएं यथा - चीन, हांगकांग, सिंगापुर, भारत, UAE तथा इण्डोनेशिया विकासशील एशिया में होने वाले 80 प्रतिशत से अधिक FDI के लिए उत्तरदायी हैं।

➡ हालांकि, वर्ष 2021 में दक्षिण एशिया में FDI में 26 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

➡ वर्ष 2021 में, विकासशील एशिया में FDI अंतर्प्रवाह में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

➡ वैश्विक FDI अंतर्प्रवाह में एशिया की हिस्सेदारी लगभग 39.13 प्रतिशत है।

## ❑ ब्रिक्स (BRICS) देशों में FDI

➡ वर्ष 2020 के मुकाबले वर्ष 2021 में ब्रिक्स देशों में FDI अंतर्प्रवाह में 101 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है।

➡ वर्ष 2020 में जहां ब्रिक्स देशों को 254 बिलियन डॉलर FDI प्राप्त हुआ था, वहीं वर्ष 2021 में यह बढ़कर 355 बिलियन डॉलर हो गया है।

**ब्रिक्स देशों में FDI अंतर्प्रवाह की स्थिति**
**(बिलियन डॉलर में)**

| देश | 2020 | 2021 |
|---|---|---|
| ब्राजील | 28 | 50 |
| रूस | 10 | 38 |
| भारत | 64 | 45 |
| चीन | 149 | 181 |
| द. अफ्रीका | 3 | 41 |

## ❑ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

➡ भारत ने FDI उदारीकरण (FDI Liberalization) के तहत, दूरसंचार सेवा उद्योग में स्वचालित मार्ग (Automatic Route) के जरिए 100 प्रतिशत विदेशी भागीदारी को अनुमति प्रदान की है।

- ➲ अतः अनिवासी निवेशकर्ताओं या भारतीय कंपनियों को निवेश हेतु भारत सरकार से किसी भी प्रकार की अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

➡ भारत की बीमा कंपनियों में FDI सीमा को 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर दिया गया है।

# राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021-22

## ❑ पृष्ठभूमि

➡ राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक को 'भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण' (Food Safety and Standards Authority of India : FSSAI) द्वारा प्रतिवर्ष जारी किया जाता है।

➡ इस सूचकांक का प्रथम संस्करण वर्ष 2019 में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (7 जून) के अवसर पर जारी किया गया था।

## ❑ उद्देश्य

➡ आम जनता को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराने के 'खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006' (Food Safety & Standards Act, 2006) के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मध्य सकारात्मक प्रतिस्पर्धी वातावरण का सृजन करना।

## ❑ मानदण्ड

➡ यह सूचकांक पिछले वित्तीय वर्ष में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के सुरक्षित खाद्य उपलब्ध कराने में समग्र प्रदर्शन पर आधारित है।

➡ इस सूचकांक में खाद्य सुरक्षा के निम्न पांच प्रमुख मानकों (Parameters) के आधार पर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया है :-

1. मानव संसाधन और संस्थागत आंकड़े (Human Resources and Institutional Data) (20% भारांश)
2. अनुपालन (Compliance) (30% भारांश)
3. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण (Training and Capacity Building) (10% भारांश)
4. खाद्य परीक्षण-आधारभूत संरचना और निगरानी (Food Testing - Infrastructure and Surveillance) (20% भारांश)
5. उपभोक्ता सशक्तीकरण (Consumer Empowerment) (20% भारांश)


➡ इस सूचकांक के अंतर्गत राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को निम्न तीन श्रेणियों में बांटा गया है -

1. बड़े राज्य
2. छोटे राज्य तथा
3. केंद्रशासित प्रदेश

## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 7 जून, 2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख माण्डविया द्वारा 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (State Food Safety Index : SFSI), 2021-22' जारी किया गया।

➡ यह इस सूचकांक का चौथा संस्करण है




**आरेखीय चित्र** राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021-22

## ❑ रैंकिंग

➡ **बड़े राज्यों का स्थान**




**आरेखीय चित्र** राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021-22

➡ कुल प्राप्तांकों के आधार पर शीर्ष पांच बड़े राज्य :-


| रैंकिंग | राज्य | कुल अंक |
|---|---|---|
| 1 | तमिलनाडु | 82 |
| 2 | गुजरात | 77.5 |
| 3 | महाराष्ट्र | 70 |
| 4 | हिमाचल प्रदेश | 65.5 |
| 5 | पश्चिम बंगाल | 58.5 |
| 5 | मध्य प्रदेश | 58.5 |

➡ बड़ों राज्यों में बिहार 16वें (अंक : 30) स्थान पर है, जबकि अंतिम स्थान (17वें) पर आंध्र प्रदेश है।

➡ बड़े राज्यों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को इस सूचकांक में कुल 54.5 अंकों के साथ 8वां स्थान प्राप्त हुआ है।

➡ झारखण्ड (12वें), उत्तराखण्ड (7वें) तथा राजस्थान (10वें) स्थान पर है।

➡ **छोटे राज्यों का स्थान**




**आरेखीय चित्र** राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021-22

➡ कुल प्राप्तांकों के आधार पर शीर्ष पांच छोटे राज्य :-

| रैंकिंग | राज्य | कुल अंक |
|---|---|---|
| 1 | गोवा | 56 |
| 2 | मणिपुर | 44 |
| 3 | सिक्किम | 40 |
| 4 | त्रिपुरा | 38.5 |
| 5 | मेघालय | 38 |

➡ छोटे राज्यों की श्रेणी में कुल 21 अंकों के साथ अरुणाचल प्रदेश अंतिम स्थान (8वें) पर है।

➡ **केंद्रशासित प्रदेशों की रैंकिंग**

➡ कुल प्राप्तांकों के आधार पर शीर्ष तीन केंद्रशासित प्रदेश :-

| रैंकिंग | राज्य | कुल अंक |
|---|---|---|
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 68.5 |
| 2 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 66 |
| 3 | चण्डीगढ़ | 58 |

➡ इस श्रेणी में कुल 16 अंकों के साथ लक्षद्वीप अंतिम स्थान (8वें) पर है।

# क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023

## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 8 जून, 2022 को क्यूएस (Quacquarelli Symonds : QS) द्वारा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 (QS World University Rankings, 2023) जारी की गई।

➡ यह इस रैंकिंग का 19वां संस्करण है।

➡ सद्यः संस्करण QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स का अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है, जिसमें विश्वभर के 1422 विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।

- ➲ पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शामिल विश्वविद्यालयों की संख्या में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## ❑ संकेतक

➡ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 के निर्माण हेतु कुल 6 संकेतकों (Indicators) का प्रयोग किया गया है, जो निम्नवत हैं :-




**नोट** : दो नए संकेतक यथा - अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क (International Research Network) तथा रोजगार परिणाम (Employment Outcomes) इस वर्ष अभारित (unweighted) हैं। हालांकि, ये भविष्य में इस रैंकिंग को प्रभावित करेंगे।

## ❑ एसडीजी श्रेणी (SDG Category)

➡ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 में दो व्यापक SDG श्रेणियों के तहत भी संस्थाओं को रैंकिंग प्रदान की गई है।

1. SDG 5 (लैंगिक समानता) एवं SDG 10 (असमानताओं में कमी), जिसे सामाजिक प्रभाव वर्ग में डाला गया है।
2. SDG-7 (सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा), SDG-11 (संवहनीय शहर एवं समुदाय), SDG-12 (संवहनीय उपभोग और उत्पादन), SDG-13 (जलवायु कार्रवाई), SDG-14 (जल के नीचे जीवन) तथा SDG-15 (थल पर जीवन) को समूहबद्ध कर पर्यावरण प्रभाव (Environmental Impact) वर्ग में डाला गया है।

➡ इस श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को स्वर्ण (Gold), रजत (Silver) एवं कांस्य (Bronze) पदक या कैण्डीडेट (Candidate) का दर्जा प्रदान किया जाता है।

## ❑ रैंकिंग

➡ मेसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान (Massachusetts Institute of Technology: MIT), अमेरिका लगातार 11वें वर्ष शीर्ष पर है।

➡ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 में शामिल सर्वाधिक (202) विश्वविद्यालय सं. रा. अमेरिका के हैं।

- ➲ दूसरे स्थान पर 89 विश्वविद्यालयों के साथ यूनाइटेड किंगडम है।
- ➲ चीन 71 विश्वविद्यालयों के साथ सूची में तृतीय स्थान पर है।

➡ एशिया में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (समग्र रूप से 11वीं रैंक) शीर्ष संस्थान है।

**क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 : शीर्ष 5 संस्थान**

| रैंक | संस्थान | देश | स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | मेसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान (MIT) | सं. रा. अमेरिका | 100 |
| 2 | कैंब्रिज विश्वविद्यालय | यूनाइटेड किंगडम | 98.8 |
| 3 | स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय | सं. रा. अमेरिका | 98.5 |
| 4 | ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय | यूनाइटेड किंगडम | 98.4 |
| 5 | हार्वर्ड विश्वविद्यालय | सं. रा. अमेरिका | 97.6 |

## ❑ भारत की स्थिति

➡ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 में भारत के कुल 41 संस्थान शामिल हैं।

➡ भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरू (IISc Bangalore) को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स में समग्र रूप से 155वां स्थान प्राप्त हुआ है।

- ➲ यह इस सूची में शामिल भारत का शीर्ष संस्थान है।

| क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2023 : शीर्ष 10 भारतीय संस्थान | | | |
|---|---|---|---|
| रैंक - 2023 | रैंक - 2022 | संस्थान | स्कोर - 2023 |
| 155 | 186 | भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलुरू | 49.5 |
| 172 | 177 | आईआइटी बॉम्बे | 46.7 |
| 174 | 185 | आईआईटी दिल्ली | 46.5 |
| 250 | 255 | आईआईटी मद्रास | 38.6 |
| 264 | 277 | आईआईटी कानपुर | 37.6 |
| 270 | 280 | आईआईटी खड़गपुर | 37.2 |
| 369 | 400 | आईआईटी रुड़की | 29.9 |
| 384 | 395 | आईआईटी गुवाहाटी | 29.3 |
| 396 | NA | आईआईटी इंदौर | 28.7 |
| 521-530 | 501-510 | दिल्ली विश्वविद्यालय | – |

# नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन

## ❑ भूमिका

➡ वर्तमान में भारत में उर्वरकों (Fertilizers) का असंतुलित उपयोग हो रहा है।

- ➲ इसके फलस्वरूप मिट्टी (soil) की गुणवत्ता खराब हो रही है।
- ➲ उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग से जल प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण भी हो रहा है।
- ➲ इस संदर्भ में नैनो यूरिया एक क्रांतिकारी उत्पाद है, जो यूरिया के उपयोग को 50 प्रतिशत तक कम करके इन समस्याओं को हल करने में मदद करेगा।

## ❑ इफको नैनो यूरिया

➡ यह इफको द्वारा विकसित है।

➡ इफको नैनो यूरिया (IFFCO Nano Urea) नैनो प्रौद्योगिकी आधारित एक क्रांतिकारी कृषि-आदान (Agri-input) है, जो पौधों को नाइट्रोजन प्रदान करता है।

➡ नैनो यूरिया (तरल) [Nano urea (Liquid)] में 4 प्रतिशत नैनोस्केल नाइट्रोजन कण होते हैं।

➡ पारंपरिक यूरिया की तुलना में नैनोस्केल नाइट्रोजन कणों का आकार सूक्ष्म (20-50 nm), जबकि पृष्ठ क्षेत्रफल (surface area) तथा प्रति इकाई क्षेत्रफल में कणों की संख्या अधिक होती है।

➡ नैनो यूरिया, उर्वरक के रूप में पौधों की पोषक तत्वों की आवश्यकता को पूरा करते हैं, क्योंकि अपने वांछनीय कण आकार (लगभग 20-50 नैनोमीटर), अधिक सतह क्षेत्र (1मिमी. दानेदार यूरिया से 10,000 गुना अधिक) और कणों की संख्या (1 मिमी. दानेदार यूरिया पर 55,000 नाइट्रोजन कण अधिक) के कारण ये पौधों के लिए जैविक रूप से उपलब्ध (bio available) हैं।

- ➲ अतः फसलों के लिए नैनो यूरिया की उपलब्धता 80 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाती है, जिसके परिणामस्वरूप पोषक तत्व उपयोग दक्षता (Nutrient use efficiency) उच्च हो जाती है।

➡ नैनो यूरिया, लीचिंग (leaching) एवं गैसीय उत्सर्जन के रूप में कृषि क्षेत्रों से होने वाले पोषक तत्वों के नुकसान को कम करके पारिस्थितिक पद चिह्न (environmental footprint) को न्यूनतम रखने में सहायक हैं।

➡ तरल रूप में नैनो यूरिया का छिड़काव जब पौधों की पत्तियों पर किया जाता है, तो यह आसानी से रन्ध्रों (Stomata) और अन्य छिद्रों के माध्यम से प्रवेश कर जाता है और पौधों की कोशिकाओं द्वारा आत्मसात कर लिया जाता है।

## ❑ इफको नैनो यूरिया के लाभ

(i) उच्च पैदावार
(ii) किसानों की आय में वृद्धि
(iii) भोजन की बेहतर गुणवत्ता
(iv) रासायनिक उर्वरक उपयोग में कमी
(v) पर्यावरण हितैषी
(vi) भण्डारण एवं परिवहन में आसानी


## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 28 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कलोल, गुजरात में निर्मित नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन किया।

➡ यह संयंत्र लगभग 175 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित है।

➡ यह संयंत्र प्रतिदिन नैनो यूरिया (तरल) की पांच सौ मिलीलीटर की लगभग डेढ़ लाख बोतलों का उत्पादन करेगा।

➡ नैनो यूरिया (तरल) की 500 मिलीलीटर की बोतल का उपयोग प्रभावी रूप से पारंपरिक यूरिया के कम-से-कम एक बैग के सामान किया जा सकता है।



**आरेखीय चित्र** नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन

### ❑ नैनो यूरिया : भारतीय परिप्रेक्ष्य

➡ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने 'उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985' (Fertilizer Control Order, 1985) में नैनो यूरिया को अनंतिम रूप से (Provisionally) नैनो नाइट्रोजन उर्वरकों (Nano Nitrogen Fertilizers) के रूप में अधिसूचित किया है।

➡ केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के दो उपक्रमों (CPSUs) नामतः नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (NFL) और 'राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड' (RCF) ने इफको के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (transfer of technology) हेतु समझौता-ज्ञापन (MoU) हस्ताक्षरित किया है।

➡ इन दो समझौता-ज्ञापनों के तहत, क्रमशः नांगल (पंजाब) तथा ट्रॉम्बे (महाराष्ट्र) में नैनो यूरिया संयंत्रों की स्थापना की जाएगी।

➡ **भारत** नैनो यूरिया का व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ करने वाला **विश्व का प्रथम देश** बन गया है।

➡ भारत विश्व में यूरिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

➡ जबकि, यूरिया के उत्पादन में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

## देश का 52वां बाघ अभयारण्य

### ❑ प्रोजेक्ट टाइगर

➡ राष्ट्रीय पशु बाघ (Tiger) को संरक्षित करने की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' (Project Tiger) को लांच किया गया था।

➡ गठन के शुरुआती वर्षों में 9 बाघ अभयारण्यों (Tiger Reserves) से बढ़कर आज प्रोजेक्ट टाइगर का दायरा 52 बाघ अभयारण्यों तक पहुंच गया है।

- ➲ ये 52 बाघ अभयारण्य देश के 18 राज्यों में विस्तृत हैं।
- ➲ प्रोजेक्ट टाइगर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
- ➲ इसका उद्देश्य निर्दिष्ट बाघ अभयारण्यों में बाघ संरक्षण हेतु बाघ राज्यों (Tiger states) को केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराना है।

### ❑ बाघ अभयारण्य

➡ बाघ अभयारण्यों का गठन कोर/बफर (core/buffer) रणनीति के आधार पर किया जाता है।

➡ कोर क्षेत्रों को एक राष्ट्रीय उद्यान (National Park) या एक सैंक्चुयरी (Sanctuary) का विधिक दर्जा (legal status) प्राप्त होता है।

- ➲ जबकि, बफर या परिधीय क्षेत्र (buffer or peripheral areas) वन एवं गैर-वन (non-forest) भूमि का मिला-जुला रूप हैं, जो बहु-प्रयोग क्षेत्र (multiple use area) के रूप में प्रबंधित होते हैं।
- ➲ प्रोजेक्ट टाइगर का उद्देश्य बाघ अभयारण्यों के कोर या क्रांतिक क्षेत्र में 'अनन्य बाघ एजेण्डे' (exclusive tiger agenda) को, जबकि बफर क्षेत्र में 'समावेशी जन उन्मुख एजेण्डे' (inclusive people oriented agenda) को प्रोत्साहन देना है।

### ❑ बाघ अभयारण्य : अधिसूचित किए जाने की प्रक्रिया

➡ बाघ अभयारण्यों को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' (NTCA : National Tiger Conservation Authority) की सलाह पर अधिसूचित (notified) किया जाता है।

- ➲ यह अधिसूचना वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38V के प्रावधानों के तहत जारी की जाती है।

➡ अधिसूचना जारी करने की प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल होते हैं :-

(a) राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव पारित किया जाता है।

(b) वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38V के तहत, विस्तृत प्रस्ताव की मांग के साथ NTCA द्वारा सैद्धांतिक अनुमति (In-principle approval) प्रदान की जाती है।

(c) यथोचित मूल्यांकन के पश्चात NTCA द्वारा संबंधित राज्य से उस क्षेत्र को बाघ अभयारण्य घोषित किए जाने की सिफारिश की जाती है।

(d) राज्य सरकार द्वारा उस क्षेत्र को बाघ अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया जाता है।

## ❑ भारत में बाघ परिदृश्य (Tiger landscapes in India)

➡ भारत में बाघ आवासित वनों को निम्नलिखित परिदृश्यों में वर्गीकृत किया गया है :-

(i) शिवालिक की पहाड़िया एवं गंगा का मैदान क्षेत्र

(ii) मध्य भारतीय क्षेत्र

(iii) पूर्वी घाट

(iv) पश्चिमी घाट

(v) उत्तर-पूर्वी पहाड़ियां एवं ब्रह्मपुत्र का मैदान


(vi) सुंदरबन

## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 16 मई, 2022 को राजस्थान सरकार द्वारा रामगढ़ विषधारी बाघ अभयारण्य के गठन की अधिसूचना जारी की गई।

➡ रामगढ़ विषधारी बाघ अभयारण्य राजस्थान के बूंदी, भीलवाड़ा और कोटा जिलों में विस्तृत है।

➡ यह देश का 52वां बाघ अभयारण्य है।




**आरेखीय चित्र** देश का 52वां बाघ अभयारण्य

## ❑ मुख्य बिंदु

➡ नव अधिसूचित रामगढ़ विषधारी बाघ अभयारण्य में दक्षिण में मुकुंदरा हिल्स बाघ अभयारण्य और पूर्वोत्तर में रणथंभौर बाघ अभयारण्य के बीच बाघ आवास शामिल है।

➡ ज्ञातव्य है कि फरवरी, 2021 में तमिलनाडु सरकार द्वारा श्रीविल्लिपुथुर-ग्रिजल्ड गिलहरी वन्यजीव अभयारण्य एवं मेगामलाई वन्यजीव अभयारण्य को 'श्रीविल्लिपुथुर मेगामलाई बाघ अभयारण्य' के रूप में अधिसूचित किया गया था।

| रामगढ़ विषधारी बाघ अभयारण्य | | |
|---|---|---|
| **आंतरिक क्षेत्र (Core Area)** | **बफर क्षेत्र (Buffer Area)** | **संपूर्ण क्षेत्र (Total Area)** |
| 481.91 वर्ग किमी. | 1019.98 वर्ग किमी. | 1501.89 वर्ग किमी. |

| राजस्थान में स्थित बाघ अभयारण्य | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **बाघ अभयायरण** | **अधिसूचना वर्ष** | **कुल क्षेत्र (वर्ग किमी.)** |
| 1. | रणथंभौर | 2007 | 1411.29 |
| 2. | सरिस्का | 2007 | 1213.34 |
| 3. | मुकुंदरा हिल्स | 2013 | 759.99 |
| 4. | रामगढ़ विषधारी | 2022 | 1501.89 |

## ❑ महत्वपूर्ण तथ्य

➡ बाघ (पैंथेरा टाइग्रिस टाइग्रिस) भारत का राष्ट्रीय पशु है।

➲ मलेशिया एवं बांग्लादेश का राष्ट्रीय पशु बाघ ही है।

➲ ध्यातव्य है, कि 'विश्व बाघ दिवस' प्रतिवर्ष 29 जुलाई को मनाया जाता है।

➡ नवीनतम बाघ गणना के अनुसार, वर्ष 2018 में भारत में बाघों की संख्या 2967 थी। भारत में बाघों की सर्वाधिक संख्या मध्य प्रदेश (526 बाघ) में दर्ज की गई।

➡ सर्वाधिक बाघ अभयारण्य मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र में हैं, जिनकी संख्या 6 है।

| भारत का सबसे बड़ा बाघ अभयारण्य | राज्य |
|---|---|
| नागार्जुनसागर श्रीशैलम | आंध्र प्रदेश - तेलंगाना |

# उत्तर भारत का पहला औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क

## ❑ भारत में जैव प्रौद्योगिकी परिदृश्य

➡ विश्व स्तर पर भारत जैव प्रौद्योगिकी (biotechnology) के शीर्ष 12 गंतव्यों (destinations) में से एक है।

➲ साथ ही एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारत तीसरा सबसे बड़ा जैव प्रौद्योगिकी गंतव्य है।

➡ वैश्विक जैव प्रौद्योगिकी बाजार में भारतीय जैव प्रौद्योगिकी उद्योग का योगदान वर्ष 2017 के 3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 तक 19 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।

➡ राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में जैव अर्थव्यवस्था (Bio Economy) के योगदान में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

- ➲ यह वर्ष 2017 के 1.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2020 में 2.7 प्रतिशत हो गया है।

## ❑ राष्ट्रीय जैव प्रौद्योगिकी पार्क योजना

➡ जैव प्रौद्योगिकी विभाग (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा देशभर में जैव प्रौद्योगिकी पार्कों/इंक्यूबेटर्स की स्थापना की गई है, ताकि अनुसंधान कार्य को उत्पादों एवं सेवाओं में परिवर्तित किया जा सके।

➡ जैव प्रौद्योगिकी पार्क, जैव प्रौद्योगिकी के त्वरित व्यावसायिक विकास के लिए वैज्ञानिकों और लघु एवं मध्यम उद्यमों (SMEs) को प्रौद्योगिकी इंक्यूबेशन, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

➡ जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से अब तक देश के विभिन्न राज्यों में 9 जैव प्रौद्योगिकी पार्कों की स्थापना की गई है, जिनका विवरण निम्नवत है :-

(i) जैव प्रौद्योगिकी पार्क, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
(ii) जैव प्रौद्योगिकी इंक्यूबेशन केंद्र, हैदराबाद, तेलंगाना
(iii) टिडको सेंटर फॉर लाइफ साइंसेज (TICEL : Tidco Centre for Life Sciences) जैव प्रौद्योगिकी पार्क, चेन्नई, तमिलनाडु
(iv) द गोल्डन जुबिली बायोटेक पार्क फॉर वुमेन, चेन्नई, तमिलनाडु
(v) जैव प्रौद्योगिकी पार्क प्रौद्योगिकी इंक्यूबेशन केंद्र, गुवाहाटी, असम
(vi) जैव प्रौद्योगिकी इंक्यूबेशन केंद्र, कोच्चि, केरल
(vii) जैव प्रौद्योगिकी पार्क, बंगलुरू, कर्नाटक
(viii) औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क्स (IBTPs), जम्मू एवं कश्मीर (2)
(ix) छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी पार्क, नया रायपुर, छत्तीसगढ़

## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य


➡ 28 मई, 2022 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा ''उत्तर भारत के प्रथम औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क'' (North India's First Industrial Biotech Park) का उद्घाटन किया गया।

- ➲ यह पार्क कठुआ जिला (जम्मू एवं कश्मीर) के घट्टी में स्थित है।

## ❑ विवरण

➡ उल्लेखनीय है, कि जम्मू एवं कश्मीर में दो औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्कों की स्थापना की जा रही है।

- ➲ पहला पार्क कठुआ जिले स्थित घट्टी में स्थापित किया गया है, जबकि दूसरे पार्क की स्थापना कुपवाड़ा जिला स्थित हंदवाड़ा में की जाएगी।




**आरेखीय चित्र** उत्तर भारत का पहला औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क

➡ इस परियोजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी 'CSIR - भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान' (CSIR - IIIM : CSIR - Indian Institute of Integrative Medicine), जम्मू को सौंपी गई है।

➡ यह परियोजना जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार और जम्मू एवं कश्मीर विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित है।

## ❑ महत्व

➡ कठुआ स्थित औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क नए विचारों के उद्भव के केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

➡ यह न केवल जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के बल्कि निकटवर्ती राज्यों यथा- पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के कृषि-उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, प्रगतिशील किसानों, वैज्ञानिकों एवं छात्रों आदि की सहायता हेतु एक सुदृढ़ मंच के रूप में कार्य करेगा।

➡ यह जैव प्रौद्योगिकी पार्क जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख की जैव विविधता, औषधीय एवं सुगंधित पौधों (medicinal & aromatic Plants) पर शोध करेगा और 'हरित श्रेणी' (green category) के व्यवसायों को भी बढ़ावा देगा।

➡ इस पार्क में हर्बल निष्कर्षण (herbal extraction), किण्वन (fermentation), विश्लेषणात्मक प्रयोगशाला (analytical lab), आसवन (Distillation), सूक्ष्म प्रसार (micro-propagation), प्लांट टिशू कल्चर (plant tissue culture) जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### BioRRAP

- 21 मई, 2022 को जैव प्रौद्योगिकी विभाग, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जैव प्रौद्योगिकी शोधकर्ताओं एवं स्टार्ट-अप्स के लिए 'एकल राष्ट्रीय पोर्टल' (Single National Portal) को लांच किया।
- इसका नाम 'बायोलॉजिकल रिसर्च रेगुलेटरी अप्रूवल पोर्टल' (BioRRAP : Biological Research Regulatory Approval Portal) है।
- यह पोर्टल देश में जैविक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए नियामकीय अनुमोदन (Regulatory Approval) की प्राप्ति को सुलभ बनाएगा।
- इस पोर्टल को 'एक राष्ट्र एक पोर्टल' (One Nation One Portal) की संकल्पना के अनुरूप लांच किया गया है।
- उल्लेखनीय है, कि भारत एक 'वैश्विक जैव-विनिर्माण केंद्र' (Global Bio-manufacturing Hub) बनने की ओर अग्रसर है और यह वर्ष 2025 तक विश्व के शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाएगा।

### जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप प्रदर्शनी, 2022

- 9-10 जून, 2022 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 'जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप प्रदर्शनी, 2022' (Biotech Startup Expo, 2022) का आयोजन किया गया।
- यह प्रदर्शनी जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं 'जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद' (BIRAC : Biotechnology Industry Research Assistance Council) द्वारा आयोजित की गई।
- यह प्रदर्शनी BIRAC की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।
- ज्ञातव्य है, कि BIRAC की स्थापना 20 मार्च, 2012 को जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन एक गैर-लाभकारी (non-profit) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के रूप में की गई थी।
- इस प्रदर्शनी का केंद्रीय विषय (theme) ''जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नवाचार : आत्मनिर्भर भारत की ओर'' (Biotech Startup Innovations : Towards AatmaNirbhar Bharat) था।

# फ्रंटियर : विश्व का द्रुततम सुपरकंप्यूटर

## ❑ TOP 500

➡ TOP 500 विश्व के 500 द्रुततम सुपरकंप्यूटरों (Fastest Supercomputers) की एक सूची है।

➡ इस सूची का प्रकाशन वर्ष 1993 में प्रारंभ हुआ था और तब से यह सूची प्रति 6 माह पर जारी की जाती है।

➡ सुपरकंप्यूटरों के सर्वश्रेष्ठ 'लिनपैक बेंचमार्क प्रदर्शन (Linpack Benchmark Performance) के आधार पर उनकी रैंकिंग तैयार की जाती है।


➡ लिनपैक बेंचमार्क सुपरकंप्यूटरों के निष्पादन (execution) की 'फ्लोटिंग-प्वॉइंट दर' (Floating-point rate) का मापक (measure) है।

## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 29 मई - 2 जून, 2022 के मध्य हैम्बर्ग, जर्मनी में ISC हाई परफॉर्मेंस कॉन्फ्रेंस, 2022 (ISC High Performance Conference, 2022) का आयोजन संपन्न हुआ।

➡ इस कॉन्फ्रेंस के दौरान 1 जून, 2022 को विश्व के द्रुततम सुपरकंप्यूटरों की TOP 500 सूची जारी की गई।

➲ यह इस सूची का 59वां संस्करण है।




आरेखीय चित्र | फ्रंटियर : विश्व का द्रुततम सुपरकंप्यूटर

### फ्लॉप्स

- कंप्यूटिंग के संदर्भ में फ्लॉप्स (FLOPS: Floating Point Operations Per Second) कंप्यूटर की कार्य निष्पादन क्षमता के मापन की इकाई है।
- यह वैज्ञानिक अभिकलनों (Scientific Computations) के क्षेत्र में उपयोगी है, जहां चल बिंदु गणनाओं (Floating-Point Calculations) की आवश्यकता होती है।
- चल बिंदु संक्रियाओं में मुख्यत: भिन्नात्मक संख्याओं (Fractional Numbers) से संबंधित संक्रियाएं शामिल होती हैं।

✦ अधिकतर आधुनिक माइक्रोप्रोसेसरों में एक फ्लोटिंग प्वॉइंट यूनिट (FPU) होती है।
✦ FPU, माइक्रोप्रोसेसर का एक विशेषीकृत अंग होती है, जो चल बिंदु संक्रियाओं के निष्पादन के लिए उत्तरदायी होती है।
✦ 1 किलोफ्लॉप्स = $10^3$ फ्लॉप्स,
1 मेगाफ्लॉप्स = $10^6$ फ्लॉप्स,
1 गीगाफ्लॉप्स = $10^9$ फ्लॉप्स,
1 टेराफ्लॉप्स = $10^{12}$ फ्लॉप्स,
1 पेटाफ्लॉप्स = $10^{15}$ फ्लॉप्स

## ❑ रैंकिंग

➡ इस नवीनतम सूची में अमेरिका के सुपरकंप्यूटर 'फ्रंटियर' (Frontier) को विश्व का द्रुततम सुपरकंप्यूटर घोषित किया गया।
- ➲ वास्तव में यह विश्व का पहला 'एक्जास्केल सुपरकंप्यूटर' (exascale supercomputer) है।
- ➲ इस सुपरकंप्यूटर का HPL (High Performance Linpack) स्कोर 1.102 एक्जाफ्लॉप्स (Exaflops) है।
- ➲ ज्ञातव्य है, कि 1 एक्जाफ्लॉप्स की संसाधन गति वाला सुपरकंप्यूटर प्रति सेकण्ड 1 क्विंटिलियन (1 quintillion); अर्थात $10^{18}$ फ्लोटिंग-प्वॉइंट संगणनाएं करने में सक्षम होता है।
- ➲ यह सुपरकंप्यूटर अमेरिका स्थित 'ओक रिज नेशनल लेबोरेटरी' (ORNL : Oak Ridge National Laboratory) में स्थापित है।
- ➲ फ्रंटियर सुपरकंप्यूटर HPE (Hewlett Packard Enterprise) आर्किटेक्चर के प्रयोग द्वारा निर्मित है।
- ➲ यह सुपरकंप्यूटर AMD (Advanced Micro Devices)) प्रोसेसरों (Processors) से लैस है।


➡ उल्लेखनीय है, कि इसके पूर्व जापान का फुगाकू (Fugaku) TOP 500 सूची में शीर्ष पर था।

➡ नवीनतम TOP 500 सूची में फुगाकू को दूसरा, जबकि लूमी (LUMI), फिनलैण्ड को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- ➲ ज्ञातव्य है, कि LUMI यूरोप का सबसे बड़ा सुपरकंप्यूटर (Largest System in Europe) है।

➡ नवीनतम TOP 500 सूची में चीन के सर्वाधिक 173 सुपरकंप्यूटरों को स्थान प्राप्त हुआ है।
- ➲ इस दृष्टि से अमेरिका (128 सुपरकंप्यूटर) दूसरे स्थान पर है।

**TOP 500 सूची : शीर्ष 10 सुपरकंप्यूटर (जून, 2022)**

| रैंक | सुपरकंप्यूटर | देश | अधिकतम संसाधन गति ($R_{max}$) (पेटाफ्लॉप्स में) |
|---|---|---|---|
| 1. | फ्रंटियर | अमेरिका | 1102 |
| 2. | फुगाकू | जापान | 442.01 |
| 3. | लूमी | फिनलैण्ड | 151.90 |
| 4. | समिट (Summit) | अमेरिका | 148.60 |
| 5. | सिएरा (Sierra) | अमेरिका | 94.64 |
| 6. | सनवे ताइहुलाइट (Sunway Taihu Light) | चीन | 93.01 |
| 7. | पर्लमटर (Perlmutter) | अमेरिका | 70.87 |
| 8. | सिलीन (Selene) | अमेरिका | 63.46 |
| 9. | तियान्हे -2A | चीन | 61.44 |
| 10. | एडैस्ट्र (Adastra) | फ्रांस | 46.10 |



आरेखीय चित्र फ्रंटियर : विश्व का द्रुततम सुपरकंप्यूटर

## ❑ भारत की स्थिति

➡ TOP 500 की नवीनतम सूची में भारत के 3 सुपरकंप्यूटरों को स्थान प्राप्त हुआ है।
- ➲ सूची के अनुसार, C-DAC, पुणे में स्थापित परम सिद्धि-AI वर्तमान में भारत का द्रुततम सुपरकंप्यूटर है।
- ➲ TOP 500 सूची में इसे समग्र रूप से 111वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ➲ इसकी अधिकतम संसाधन गति 4.62 पेटाफ्लॉप्स है।

➡ भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे (Indian Institute of Tropical Meteorology, Pune) में स्थापित 'प्रत्युष' (Pratyush) को TOP 500 की नवीनतम सूची में 132वां स्थान प्राप्त हुआ है।

- इस सुपरकंप्यूटर की अधिकतम संसाधन गति 3.76 पेटाफ्लॉप्स है।

➡ राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, नोएडा (National Centre for Medium Range Weather Forecasting, Noida) में स्थापित 'मिहिर' (Mihir) सुपरकंप्यूटर को नवीनतम TOP 500 सूची में 249वां स्थान प्राप्त हुआ है।

- इस सुपरकंप्यूटर की अधिकतम संसाधन गति 2.57 पेटाफ्लॉप्स है।

### सुपरकंप्यूटर 'परम अनंत'

- 30 मई, 2022 को आईआईटी गांधीनगर में सुपरकंप्यूटर 'परम अनंत' को स्थापित किया गया।
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की एक संयुक्त पहल राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत इसकी स्थापना की गई है।
- परम अनंत सुपरकंप्यूटिंग फैसिलिटी की स्थापना एनएसएम के चरण 2 के तहत की गई है।
- इस सुपरकंप्यूटर की अधिकतम संसाधन गति (Processing speed) 838 टेराफ्लॉप्स है।
- उल्लेखनीय है, कि 1 टेराफ्लॉप्स = $10^{12}$ संक्रियाएं (Operations) प्रति सेकण्ड।
- यह सुपरकंप्यूटर विभिन्न वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों की कंप्यूटिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीपीयू नोड्स, जीपीयू नोड्स, हाई मेमोरी नोड्स, हाई थ्रूपुट स्टोरेज और हाई परफॉर्मेंस इनफिनिबैण्ड इंटरकनेक्ट के संयोजन का उपयोग करता है।
- परम अनंत डायरेक्ट कॉन्टैक्ट लिक्विड कूलिंग तकनीक (Direct Contact Liquid Cooling Technology) पर आधारित है।

### राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन : प्रमुख सुपरकंप्यूटर

| सुपरकंप्यूटर | संबंधित संस्थान |
|---|---|
| परम पोरुल | NIT तिरुचिरापल्ली |
| परम प्रवेगा | IISc बंगलुरू |
| परम गंगा | IIT रुड़की |
| परम शिवाय | IIT (BHU) |
| परम शक्ति | IIT खड़गपुर |
| परम ब्रह्मा | IISER पुणे |
| परम युक्ति | JNCASR (जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र) बंगलुरू |
| परम संगणक | IIT कानपुर |
| परम सिद्धि | C-DAC पुणे |

### जुपिटर : यूरोप का प्रथम एक्जास्केल सुपरकंप्यूटर

- 15 जून, 2022 को EuroHPC JU (European High Performance Computing Joint Undertaking) पहल के तहत की गई घोषणा के अनुसार, यूरोप का प्रथम एक्जास्केल सुपरकंप्यूटर जर्मनी में स्थापित किया जाएगा।
- इस सुपरकंप्यूटर को जुपिटर (JUPITER) नाम दिया गया है।
- जुपिटर का पूर्ण नाम है - 'ज्वॉइंट अण्डरटेकिंग पायनियर फॉर इनोवेटिव एण्ड ट्रांसफॉर्मेटिव एक्जास्केल रिसर्च' (Joint Undertaking Pioneer for Innovative & Transformative Exascale Research : JUPITER)
- यह सुपरकंप्यूटर 'ज्युलिच सुपरकंप्यूटिंग सेंटर', जर्मनी में स्थापित होगा।
- उल्लेखनीय है, कि EuroHPC JU यूरोपीय संघ, यूरोपीय देशों एवं निजी भागीदारों की एक संयुक्त पहल है।
- इसका उद्देश्य यूरोप में विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटिंग पारितंत्र को विकसित करना है।

# उत्तर प्रदेश बजट, 2022-23

## ❑ भूमिका

➡ 26 मई, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट अनुमान 615518.98 करोड़ रुपये है।

➡ सरकार द्वारा मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

➡ महिला सशक्तीकरण हेतु तीन नई महिला पी.ए.सी. बटालियन का गठन नारी शक्ति को नई ऊर्जा देगा।

➡ बजट में समग्र विकास के साथ समाज के निचले पायदान तक के व्यक्ति की चिंता दिखाई देती है, जो सरकार का लोक कल्याणकारी पक्ष है। उपरोक्त के अलावा बजट से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य निम्न हैं -

## ❑ उ.प्र. बजट, 2022-23 : प्रमुख घोषणाएं

➡ गन्ना मूल्य भुगतान में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है।

- ➲ सरकार द्वारा पेराई सत्र 2017-18 से 2021 -22 तक के सापेक्ष 16 मई, 2022 तक 172745 करोड़ रुपये के गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ, जो एक कीर्तिमान है।

➡ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से 2.55 करोड़ किसानों को 6000 रुपये वार्षिक आर्थिक सहायता दिलाकर उत्तर प्रदेश, **देश में प्रथम स्थान** पर है।

➡ उत्तर प्रदेश **5 एक्सप्रेस-वे वाला देश का पहला राज्य** बन गया है।

- ➲ शीघ्र ही उत्तर प्रदेश 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला देश का पहला प्रदेश बन जाएगा।

➡ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में अभूतपूर्व प्रगति करते हुए उत्तर प्रदेश ने **देश में द्वितीय स्थान** प्राप्त किया है।

➡ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत राज्य की 1.67 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने वाला **देश का पहला प्रदेश** बना।

➡ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2 करोड़ 61 लाख व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराकर उत्तर प्रदेश **देश में प्रथम स्थान** पर है।

➡ पुलिस इमरजेंसी प्रबंध प्रणाली के अंतर्गत यू.पी. 112 (डायल 100) योजना के द्वितीय चरण को वित्तीय वर्ष 2022-2023 में प्रारंभ किया जाना है। इसके सुदृढ़ीकरण हेतु 730.88 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना** 14 सितंबर, 2019 से लागू की गई है।

- ➲ इस योजना के अंतर्गत कृषक की परिभाषा का विस्तार करते हुए खतौनी में दर्ज खातेदार/सहखातेदार के साथ-साथ उनके परिवार के ऐसे कमाऊ सदस्य, जिनकी आजीविका का मुख्य स्रोत खातेदार/सहखातेदार के नाम दर्ज भूमि से होने वाली कृषि आय है तथा ऐसे भूमिहीन व्यक्ति, जो पट्टे से प्राप्त भूमि पर अथवा बंटाई पर कृषि कार्य करते हैं, को भी सम्मिलित किया गया है।
- ➲ योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु/दिव्यांगता की दशा में अधिकतम 5 लाख रुपये दिए जाने का प्रावधान है।
- ➲ वित्तीय वर्ष 2022-2023 के बजट में इस योजना हेतु 650 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना** हेतु 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा धान कॉमन का समर्थन मूल्य 1940 रुपये प्रति क्विंटल एवं धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य 1960 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया।

➡ रबी विपणन वर्ष 2022-2023 में भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया।

➡ कोविड-19 संक्रमण के कारण अनाथ/प्रभावित हुए बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु **'उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना'** का संचालन किया जा रहा है। योजनांतर्गत पात्र बच्चों को 4000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

➡ कोविड-19 संक्रमण से भिन्न अन्य कारणों से अपने माता-पिता अथवा दोनों/अभिभावक को खोने वाले बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि की व्यवस्था हेतु 'उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य)' के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

➡ **नया सवेरा कार्यक्रम** का उद्देश्य समाज से बाल श्रम को पूरी तरह समाप्त करना है। कार्यक्रम के अत्यंत उत्साहजनक परिणाम आए हैं और कई ग्राम पंचायतों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा रहा है।

➡ प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से 25 दिसंबर, 2021 से **निःशुल्क टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना** प्रारंभ की गई है।

➲ लोक कल्याण संकल्प पत्र, 2022 में आगामी 5 वर्षों में 2 करोड़ स्मार्टफोन/टैबलेट वितरित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

➲ इस हेतु **स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना** के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए 1500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ प्रतियोगी छात्रों को अपने घर के समीप ही कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा सभी मण्डल मुख्यालयों में **मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना** का संचालन किया गया है।

➡ खेल के विकास एवं उत्कृष्ट कोटि के खिलाड़ी तैयार करने हेतु जनपद मेरठ में **मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय** का शिलान्यास 2 जनवरी, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया, जिस पर 700 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय होगी।

➡ भारत सरकार की **खेलो इण्डिया एक जनपद-एक खेल** योजनांतर्गत प्रदेश के 75 जनपदों में खेलो इण्डिया सेंटर्स की स्थापना कराए जाने की योजना है।

➡ जहां जून, 2016 में प्रदेश में बेरोजगारी की दर 18 प्रतिशत थी, वहीं अप्रैल, 2022 में यह घटकर 2.9 प्रतिशत रह गई है।

➡ **सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग नीति** के अंतर्गत 5 वर्षों में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश और 4 लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

➡ **मनरेगा** योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेश में 26 करोड़ मानव कार्य दिवस का सृजन किया गया, जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2022-23 में मनरेगा योजनांतर्गत 32 करोड़ मानव कार्य दिवस सृजन किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

➡ निराश्रित महिला पेंशन योजनांतर्गत पात्र लाभार्थियों को देय पेंशन की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह को बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

➡ दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान की धनराशि, जो वर्ष 2017 के पूर्व मात्र 300 रुपये प्रतिमाह प्रति व्यक्ति थी, को बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

➡ कामगारों/श्रमिकों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को सुनियोजित ढंग से प्राप्त किए जाने हेतु **''उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन और रोजगार) आयोग''** का गठन किया गया है।

➡ शहरी स्ट्रीट वेण्डर्स को आत्मनिर्भर बनाने हेतु **प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना** के अंतर्गत 8 लाख से अधिक स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित कर उत्तर प्रदेश, **देश में प्रथम स्थान** पर है।

➡ **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन** हेतु 10,547 करोड़ 42 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना** हेतु 620 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **आयुष्मान भारत योजना** के अंतर्गत 560 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना** हेतु 250 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना** हेतु 320 करोड़ 7 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ भारत सरकार द्वारा **स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय)** की शुरुआत की गई है। इस योजना हेतु 1353 करोड़ 93 लाख रुपये प्रस्तावित हैं।

➡ **प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी) योजना** हेतु 10,127 करोड़ 61 लाख रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)** हेतु 7000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ पंद्रहवें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अधीन विभिन्न योजनाओं हेतु 2908 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ फास्ट-ट्रैक प्रोजेक्ट प्लानिंग के लिए **'पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान'** तथा संभावित बिजनेस पार्टनर्स के लिए उच्च गुणवत्ता की औद्योगिक अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु **'अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन'** का कार्यान्वयन किया जाएगा, जिसके प्रथम चरण हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना** के अंतर्गत मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं हेतु 897 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ प्रदेश में डिजिटाईजेशन को बढ़ावा देने वाली पूंजीगत परियोजनाओं हेतु 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ वर्ष 2021-2022 के बजट में **जल जीवन मिशन** के अंतर्गत 15,000 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान था, जिसके सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2022-2023 के बजट में 19,500 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ राज्य सरकार द्वारा **''उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति''** प्रख्यापित की गई है, जिसमें रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के साथ-साथ अन्य उड़ानों के लिए भी प्रोत्साहन प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है।

➡ 1 जनवरी, 2022 से निजी नलकूप उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है।

➡ विद्युत वितरण के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाने तथा हानियों में कमी लाए जाने के उद्देश्य से 31,000 करोड़ रुपये की लागत से एक महत्वाकांक्षी योजना **''रीवैम्प्ड ड्रिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम''** भारत सरकार के सहयोग से प्रारंभ की जा रही है, जिसे 3 वर्षों में पूरा किया जाएगा। योजना के अंतर्गत 5530 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

➡ **बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना** के अंतर्गत प्रदेश के सभी गांवों की सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना कराई जाएगी। इस हेतु 22 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है।

➡ केंद्र स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चयनित 10 शहरों हेतु 2000 करोड़ रुपये तथा राज्य स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चयनित 7 शहरों हेतु 210 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। **स्मार्ट सिटी मिशन योजना** के अंतर्गत देश के **प्रथम 20 शहरों में प्रदेश के 5 शहर** सम्मिलित हैं।

➡ प्रदेश को स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत अभिनव प्रयोगों एवं परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

➡ प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाए जाने हेतु **प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना** वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक संचालित है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मात्स्यिकी उत्पादन में विस्तारीकरण, सघनता एवं विविधीकरण के माध्यम से वृद्धि करना तथा भूमि व जल का उर्वर उपयोग करना है।

➡ **उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति, 2021** के अंतर्गत 3 डाटा सेंटर पार्क्स की स्थापना के साथ 250 मेगावॉट का डाटा सेंटर उद्योग विकसित किए जाने और 20,000 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है।

➡ वर्तमान में उत्तर प्रदेश में वनावरण एवं वृक्षावरण प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र का 9.23 प्रतिशत है, जिसे वर्ष 2030 तक 15 प्रतिशत किए जाने का लक्ष्य है। वर्षाकाल-2022 में वृक्षारोपण हेतु 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### एक नजर में

➡ प्रस्तुत बजट का आकार 6,15,518.98 करोड़ रुपये है।

➡ बजट में 39,181.10 करोड़ रुपये की नई योजनाएं सम्मिलित की गई हैं।

➡ कुल प्राप्तियां 5,90,951.71 करोड़ रुपये अनुमानित हैं।

➲ कुल प्राप्तियों में 4,99,212.71 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां तथा 91,739 करोड़ रुपये की पूंजीगत प्राप्तियां सम्मिलित हैं।

➡ राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 3,67,153.76 करोड़ रुपये है। इसमें स्वयं का कर राजस्व 2,20,655 करोड़ रुपये तथा केंद्रीय करों में राज्य का अंश 1,46,498.76 करोड़ रुपये सम्मिलित है।

➡ कुल व्यय 6,15,518.98 करोड़ रुपये अनुमानित है।

➲ कुल व्यय में 4,56,089.06 करोड़ रुपये राजस्व लेखे का व्यय तथा 159429.92 करोड़ रुपये पूंजी लेखे का व्यय है।

➡ समेकित निधि की प्राप्तियों से कुल व्यय घटाने के पश्चात 24,567.26 करोड़ रुपये का घाटा अनुमानित है।

➡ लोक लेखे से 6000 करोड़ रुपये की शुद्ध प्राप्तियां अनुमानित हैं।

➡ समस्त लेन-देन का शुद्ध परिणाम 18,567.26 करोड़ रुपये ऋणात्मक अनुमानित है।

➡ प्रारंभिक शेष 40,550,.03 करोड़ रुपये को हिसाब में लेते हुए अंतिम शेष 21,982.77 करोड़ रुपये अनुमानित है।

➡ राजस्व बचत 43,123.65 करोड़ रुपये अनुमानित है।

➡ राजकोषीय घाटा 81,177.97 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो वर्ष 2022-23 के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3.96 प्रतिशत है।

➡ राज्य वस्तु एवं सेवा कर तथा मूल्य संवर्धित कर से राजस्व संग्रह का लक्ष्य 1,24,477 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।

➡ आबकारी शुल्क से राजस्व संग्रह का लक्ष्य 49,152 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।


➡ स्टांप एवं पंजीकरण से राजस्व संग्रह का लक्ष्य 29,692 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।

➡ वाहन कर से राजस्व संग्रह का लक्ष्य 10,887 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।


# बजट अनुमान, 2022-23

➡ उत्तर प्रदेश सरकार के वर्ष 2022-23 के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त होने वाले संसाधनों की संरचना एवं व्यय

**रुपया आता है**




**रुपया जाता है**




## बजट का सार, 2022-23

(रु. करोड़ में)

| | | 2020-2021 वास्तविक आंकड़े | 2021-2022 बजट अनुमान | 2021-2022 संशोधित अनुमान | 2022-2023 बजट अनुमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **राजस्व लेखे की प्राप्तियां** | **296176.33** | **418340.44** | **378731.40** | **499212.71** |
| 2. | कर राजस्व * | 226584.30 | 305740.30 | 275243.97 | 367153.76 |
| 3. | करेत्तर राजस्व @ | 69592.03 | 112600.14 | 103487.43 | 132058.95 |
| 4. | **पूंजी लेखे की प्राप्तियां** | **87993.60** | **87841.40** | **91286.40** | **91739.00** |
| 5. | ऋणों की वसूली | 1134.73 | 2332.00 | 2332.00 | 2565.00 |
| 6. | उधार और अन्य देयताएं (जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम) | 86858.87 | 85509.40 | 88954.40 | 89174.00 |
| 7. | **कुल प्राप्तियां (1 + 4)** | **384169.93** | **506181.84** | **470017.80** | **590951.71** |
| 8. | राजस्व लेखे पर व्यय | **298543.46** | **395130.35** | **356624.21** | **456089.06** |
| | जिसमें | | | | |
| | 9. ब्याज अदायगियां | 37428.48 | 43529.81 | 42504.25 | 45987.46 |
| 10. | **पूंजी लेखे पर व्यय** | **80167.20** | **155140.43** | **127917.81** | **159429.92** |
| | जिसमें | | | | |
| | 11. पूंजीगत परिव्यय | 52237.10 | 113767.70 | 96480.63 | 123919.85 |
| | 12. ऋण की अदायगियां | 26777.49 | 38868.54 | 28732.98 | 32563.29 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त अर्थोपाय अग्रिम का प्रतिदान सहित) | 10000.00 | 10000.00 | 0.00 | 10000.00 |
| 13. | **कुल व्यय (8 + 10)** | **378710.66** | **550270.78** | **484542.02** | **615518.98** |
| 14. | **राजस्व बचत (1 –8)** | **-2367.13** | **23210.09** | **22107.19** | **43123.65** |
| 15. | **राजकोषीय घाटा** | **54622.11** | **90729.80** | **74745.63** | **81177.98** |
| 16. | **प्रारंभिक घाटा (15-9)** | **17193.63** | **47199.99** | **32241.38** | **35190.52** |

* इसमें राज्य का स्वयं का कर राजस्व एवं केंद्रीय करों में राज्यांश सम्मिलित हैं।
@ इसमें राज्य का स्वयं का करेत्तर राजस्व एवं केंद्र से प्राप्त अनुदान सम्मिलित हैं।

❑ **राजस्व एवं पूंजी लेखे का व्यय (Revenue & Capital Account Expenditure)** : 26 मई, 2022 को वर्ष 2022-23 के लिए प्रस्तुत बजट का आकार 615518.98 करोड़ रुपये है, जो विगत वर्ष के बजट अनुमान (550270.78 करोड़ रुपये) की तुलना में 11.86 प्रतिशत तथा संशोधित अनुमान (484542.02 करोड़ रुपये) की तुलना में 27.03 प्रतिशत अधिक है।

➡ इस कुल व्यय में 456089.06 करोड़ रुपये राजस्व लेखे का व्यय तथा 159429.92 करोड़ रुपये पूंजी लेखे का व्यय शामिल है।

❑ **राजस्व एवं पूंजी लेखे की प्राप्तियां (Revenue & Capital Account Receipts) :** बजट 2022-23 में कुल प्राप्तियां 590951.71 करोड़ रुपये अनुमानित हैं, जबकि विगत वर्ष के बजट में यह 506181.84 करोड़ रुपये अनुमानित थीं।

➡ कुल प्राप्तियों में 499212.71 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां तथा 91739 करोड़ रुपये की पूंजीगत प्राप्तियां सम्मिलित हैं।

➡ राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का अंश 367153.76 करोड़ रुपये है, जिसमें से स्वयं का कर राजस्व 220655 करोड़ रुपये तथा केंद्रीय करों में राज्य का अंश 146498.76 करोड़ रुपये सम्मिलित है।

➡ बजट 2022-23 में राज्य के स्वयं के कर राजस्व में वर्ष 2021-22 के संशोधित अनुमानों (160349.78 करोड़ रुपये) की तुलना में 60305.22 करोड़ रुपये (37.61%) की वृद्धि प्रदर्शित है।

❑ **लोक लेखा (Public Account) (शुद्ध) :** वित्तीय वर्ष 2022-23 में लोक लेखा के अंतर्गत लेन-देनों से 6000 करोड़ रुपये की शुद्ध प्राप्ति का अनुमान है, जो वर्ष 2021-22 की शुद्ध प्राप्ति के मूल अनुमान 5500 करोड़ रुपये से 500 करोड़ रुपये अधिक है।

❑ **समस्त लेन-देनों का शुद्ध परिणाम** : वर्ष 2022-23 के बजट अनुमानों में वर्षभर के समस्त लेन-देनों का शुद्ध परिणाम (–)18567.26 करोड़ रुपये अनुमानित है। प्रारंभिक शेष तथा समस्त लेन-देनों के उपर्युक्त शुद्ध परिणाम के आधार पर अंतिम शेष 21982.77 करोड़ रुपये अनुमानित है।

❑ **राजस्व बचत :** वर्ष 2022-23 के बजट में 43123.65 करोड़ रुपये की राजस्व बचत अनुमानित है, जबकि वर्ष 2021-22 में यह 23210.09 करोड़ रुपये अनुमानित की गई थी। वर्ष 2021-22 के पुनरीक्षित आंकड़ों के तहत 22107.19 करोड़ रुपये की राजस्व बचत होने का अनुमान है।

❑ **राजकोषीय घाटा :** वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा 81177.98 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) का 3.96 प्रतिशत है।

➡ वर्ष 2020-21 के वास्तविक आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध राजकोषीय घाटा 54622.11 करोड़ रुपये था।

➡ वर्ष 2021-22 के बजट अनुमानों के तहत, राजकोषीय घाटा 90729.80 करोड़ रुपये आकलित था, जो पुनरीक्षित अनुमानों के अनुसार घटकर 74745.63 करोड़ रुपये होना अनुमानित है।

❑ **पूंजीगत परिव्यय** : वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में पूंजीगत परिव्यय की राशि 123919.85 करोड़ रुपये अनुमानित है।

- वर्ष 2020-21 में पूंजीगत परिव्यय के अंतर्गत वास्तविक रूप से 52237.10 करोड़ रुपये का व्यय हुआ।
- वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान में पूंजीगत परिव्यय 113767.70 करोड़ रुपये आकलित था, जो कि पुनरीक्षित अनुमानों में घटकर 96480.63 करोड़ रुपये होना अनुमानित है।

❑ **सकल कर प्राप्तियां/सकल राज्य घरेलू उत्पाद** : सकल कर प्राप्तियों का सकल राज्य घरेलू उत्पाद के साथ अनुपात वर्ष 2022-23 के बजट में 17.9 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि वर्ष 2020-21 के वास्तविक आंकड़ों में यह 11.7 प्रतिशत रहा तथा वर्ष 2021-22 के संशोधित अनुमानों में यह 15.7 प्रतिशत आकलित है। यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद के सापेक्ष

कर राजस्व प्राप्तियों में स्थायित्व सुधार को इंगित करता है।

➡ **राज्य का ऋण/सकल राज्य घरेलू उत्पाद** : वर्ष 2012-13 में यह अनुपात 30.9 प्रतिशत था, जो घटकर वर्ष 2020-21 में 29.1 प्रतिशत के स्तर पर आ गया। वर्ष 2021-22 के संशोधित अनुमानों में यह 34.9 प्रतिशत और वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान में 32.5 प्रतिशत आकलित है।

**राजस्व लेखे के अंतर्गत व्यय की प्रमुख मदें**

*(करोड़ रुपये में)*

| | मदें | बजट अनुमान 2021-22 | बजट अनुमान 2022-23 | वृद्धि/कमी प्रतिशत में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्याज अदायगी | 43529.81 | 48487.46 | 11.39 |
| 2. | शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति | 65185.23 | 71061.12 | 9.01 |
| 3. | स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण | 23671.74 | 33022.25 | 39.50 |
| 4. | समाज कल्याण तथा पोषण | 23299.34 | 30194.22 | 29.59 |
| 5. | कृषि तथा संबद्ध कार्यकलाप | 12340.23 | 14671.56 | 18.89 |
| 6. | ग्राम्य विकास | 19265.04 | 21176.96 | 9.92 |
| 7. | ऊर्जा | 17704.39 | 23072.91 | 30.32 |
| 8. | परिवहन | 5266.50 | 5352.48 | 1.63 |

## ❑ मध्यकालिक राजकोषीय पुनःसंरचना नीति, 2022

➡ उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन नियमावली, 2006 में मध्यकालिक राजकोषीय पुनःसंरचना नीति का प्रारूप निर्धारित किया गया है।

➡ तद्नुसार, निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक वर्ष, वार्षिक बजट के साथ मध्यकालिक राजकोषीय पुनःसंरचना नीति-पत्रक प्रस्तुत किया जाता है।

➡ उत्तर प्रदेश मध्यकालिक राजकोषीय पुनःसंरचना नीति, 2022 में वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान एवं पुनरीक्षित अनुमान, वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान तथा अगले तीन वर्षों; अर्थात वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा वर्ष 2025-26 के पूर्वानुमान दिए गए हैं।

**सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में संकेतक**

| क्र. | मद | 2021-22 बजट अनुमान | 2021-22 पुनरीक्षित अनुमान | 2022-23 बजट अनुमान | अगले तीन वर्षों के लिए 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य का स्वयं का कर राजस्व | 8.6% | 9.2% | 10.8% | 11.1% | 11.4% | 11.7% |
| 2. | राज्य का स्वयं का करेत्तर राजस्व | 1.2% | 0.9% | 1.1% | 1.1% | 1.0% | 1.0% |
| 3. | राजस्व बचत | 1.1% | 1.3% | 2.1% | 2.5% | 2.9% | 3.3% |
| 4. | राजकोषीय घाटा | 4.17% | 4.27% | 3.96% | 3.47% | 2.96% | 2.44% |
| 5. | कुल उधार एवं अन्य दायित्व | 28.1% | 34.9% | 32.5% | 32.8% | 32.5% | 31.7% |

➡ वेतन, पेंशन एवं ब्याज पर होने वाला सम्मिलित व्यय, वर्ष 2022-23 में राजस्व प्राप्तियों का 55.4 प्रतिशत तथा राजस्व व्यय का 60.7 प्रतिशत अनुमानित है।

- ➲ वर्ष 2025-26 तक इस अनुपात के घटकर क्रमशः 51.2 प्रतिशत तथा 58.8 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।

➡ ऋण सेवा पर होने वाला व्यय वर्ष 2022-23 में राजस्व प्राप्तियों के 13.7 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान है, जिसका वर्ष 2025-26 तक घटकर 12.1 प्रतिशत होना अनुमानित है।

## ❑ सरकार की ऋणग्रस्तता

➡ वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान में राज्य की ऋणग्रस्तता 611161.85 करोड़ रुपये आकलित की गई थी, जिसके सापेक्ष पुनरीक्षित अनुमान 611281.42 करोड़ रुपये है। वर्ष 2022-23 में इसके बढ़कर 666153.39 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जो जीएसडीपी का 32.5 प्रतिशत है।

➡ **राजकोषीय घाटा -** राजकोषीय घाटा के तीन घटक हैं - राजस्व घाटा, पूंजीगत परिव्यय तथा शुद्ध प्रदत्त ऋण एवं अग्रिम। वर्ष 2020-21 से राजकोषीय घाटा की प्रवृत्ति एवं उसका अपघटन तथा सकल राज्य घरेलू उत्पाद (स.रा.घ.उ.) के साथ अनुपात दिया गया है।

| (करोड़ रुपये में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | राजस्व बचत | पूंजीगत परिव्यय | शुद्ध प्रदत्त ऋण एवं अग्रिम | राजकोषीय घाटा | सकल राज्य घरेलू उत्पाद |
| 2020-21 | -2367.13 | 52237.10 | 17.88 | 54622.11 | 1940527 |
| स.रा.घ.उ. से प्रतिशत | -0.12 | 2.69 | 0.00 | 2.81 | |
| 2021-22 बजट अनुमान | 23210.09 | 113767.70 | 172.19 | 90729.80 | 2173390 |
| स.रा.घ.उ. से प्रतिशत | 1.07 | 5.23 | 0.01 | 4.17 | |
| 2021-22 पुनरीक्षित अनुमान | 22107.19 | 96480.63 | 372.19 | 74745.63 | 1749469 |
| स.रा.घ.उ. से प्रतिशत | 1.26 | 5.51 | 0.02 | 4.27 | |
| 2022-23 बजट अनुमान | 43123.65 | 123919.85 | 381.78 | 81177.98 | 2048234 |
| स.रा.घ.उ. से प्रतिशत | 2.11 | 6.05 | 0.02 | 3.96 | |

# नमूना पंजीकरण प्रणाली, मई-2022

## ❑ क्या है नमूना पंजीकरण प्रणाली?

➡ नमूना पंजीकरण प्रणाली (Sample Registration System : SRS) एक बृहत-स्तरीय जन-सांख्यिकी सर्वेक्षण (Demographic Survey) है, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरों पर जन्म दर (Birth Rate), मृत्यु दर (Death Rate) तथा शिशु मृत्यु दर (IMR) के अलावा अन्य प्रजनन एवं मृत्यु संबंधी संकेतकों (Indicators) के विश्वसनीय वार्षिक अनुमान प्राप्त होते हैं।

➡ इस प्रकार का सर्वेक्षण वर्ष 1964-65 में महारजिस्ट्रार कार्यालय, भारत सरकार  द्वारा कुछ चुनिंदा राज्यों में प्रायोगिक आधार पर प्रारंभ कराया गया था।

➡ जबकि वर्ष 1969-70 की अवधि से इस प्रकार का सर्वेक्षण पूर्णतः क्रियाशील हुआ।


## ❑ वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ हाल ही में महारजिस्ट्रार कार्यालय, भारत सरकार द्वारा 'नमूना पंजीकरण प्रणाली बुलेटिन' (SRS Bulletin), मई-2022 जारी किया गया।

➡ बुलेटिन में जारी आंकड़े (राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के लिए) वर्ष 2020 के संदर्भ में हैं।

➡ सर्वेक्षण में राज्यों को बड़े राज्यों (Big States), छोटे राज्यों (Small States) तथा केंद्रशासित प्रदेशों के आधार पर वर्गीकृत करके आंकड़े जारी किए गए हैं।

- ➲ यहां बड़े राज्यों से तात्पर्य उन राज्यों से है, जिनकी जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणनानुसार 10 मिलियन से अधिक है।



आरेखीय चित्र नमूना पंजीकरण प्रणाली, मई- 2022

➡ बुलेटिन में जारी आंकड़ों के अनुसार, बड़े एवं छोटे राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की तुलना करने पर, वर्ष 2020 में जहां **सर्वाधिक जन्म दर बिहार** (25.5) में रही, वहीं सबसे कम शिशु मृत्यु दर (IMR) मिजोरम (3/1000) में रही।


➡ जबकि **सर्वाधिक मृत्यु दर छत्तीसगढ़** (7.9/1000) में रही, तो **सर्वाधिक शिशु मृत्यु दर मध्य प्रदेश** (43/1000) में रही।

## ❑ सर्वेक्षण से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

➡ **जन्म दर (Birth Rate):-** विगत पांच दशकों में अखिल भारतीय स्तर पर जन्म दर में अत्यधिक गिरावट दर्ज की गई है।

- ➲ यह वर्ष 1971 के 36.9 प्रति हजार से गिरकर वर्ष 2020 में 19.5 प्रति हजार पर आ गई है।

➡ भारत के बड़े राज्यों में सर्वाधिक जन्म दर बिहार (25.5) में, तो सबसे कम केरल (13.2) में है।



आरेखीय चित्र नमूना पंजीकरण प्रणाली, मई- 2022


➡ जबकि सभी भारतीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे कम जन्म दर अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह (10.8) में रही।

➡ वर्ष 2020 के संदर्भ में शीर्ष जन्म दर वाले राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश क्रमशः बिहार (25.5), उत्तर प्रदेश (25.1), मध्य प्रदेश (24.1), राजस्थान (23.5) तथा मेघालय (22.9)।

➡ वर्ष 2020 के संदर्भ में न्यूनतम जन्म दर वाले राज्य/केंद्रशासित प्रदेश- क्रमशः अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह (10.8), गोवा (12.1), नगालैण्ड (12.5), त्रिपुरा (12.6) एवं चण्डीगढ़ (12.9)।

➡ **मृत्यु दर (Death Rate)**

➡ राष्ट्रीय स्तर पर विगत पांच दशकों में मृत्यु दर में भी काफी गिरावट दर्ज की गई है।



आरेखीय चित्र नमूना पंजीकरण प्रणाली, मई- 2022

➡ यह वर्ष 1971 के 14.9 प्रति हजार से गिरकर वर्ष 2020 में 6 प्रति हजार हो गई है।

➡ बड़े एवं छोटे राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की तुलना करने पर सबसे कम मृत्यु दर दिल्ली (3.6 प्रति हजार) में, तो सबसे अधिक छत्तीसगढ़ (7.9 प्रति हजार) में है।

➡ वर्ष 2020 के संदर्भ में शीर्ष मृत्यु दर वाले 5 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश क्रमशः छत्तीसगढ़ (7.9), ओडिशा (7.3), पंजाब (7.2), केरल (7) तथा हिमाचल प्रदेश (6.8)।

➡ वर्ष 2020 के संदर्भ में न्यूनतम मृत्यु दर वाले 5 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश क्रमशः दिल्ली (3.6), नगालैण्ड/दादरा एवं नागर हवेली और दमण एवं दीव (3.7), चण्डीगढ़ (3.9) तथा सिक्किम (4.1)।

➡ **शिशु मृत्यु दर (Infant Mortality Rate)**

➡ शिशु मृत्यु दर को एक निश्चित समयावधि में और किसी दिए गए क्षेत्र में प्रति हजार जीवित जन्मों पर शिशु मृत्यु (एक वर्ष से कम आयु के) के रूप में परिभाषित किया जाता है।

➡ राष्ट्रीय स्तर पर शिशु मृत्यु दर (IMR) का वर्तमान स्तर (वर्ष 2020 में प्रति 1000 जीवित जन्म पर 28 शिशुओं की मृत्यु) वर्ष 1971 के स्तर (प्रति 1000 जीवित जन्म पर 129 शिशुओं की मृत्यु) की तुलना में लगभग एक-चौथाई से भी कम हो गया है।

➡ राष्ट्रीय स्तर पर शिशु मृत्यु दर (IMR) का आंकड़ा जहां मिजोरम में सबसे कम (3/1000) दर्ज किया गया है, वहीं मध्य प्रदेश (43/1000) में यह सर्वाधिक है।

- वर्ष 2020 के संदर्भ में सर्वाधिक शिशु मृत्यु दर वाले शीर्ष 5 राज्य/केंद्रशासित प्रदेश क्रमशः मध्य प्रदेश (43), उत्तर प्रदेश/छत्तीसगढ़ (38) तथा असम/ओडिशा (36)।


➡ वर्ष 2020 के संदर्भ में न्यूनतम शिशु मृत्यु दर वाले राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश क्रमशः मिजोरम (3), नगालैण्ड (4), गोवा/ सिक्किम (5) तथा केरल/पुदुचेरी/मणिपुर (6)।

**अनुमानित जन्म दर, मृत्यु दर, प्राकृतिक वृद्धि दर तथा शिशु मृत्यु दर, 2020**


| भारत/राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश | जन्म दर | | | मृत्यु दर | | | प्राकृतिक वृद्धि दर | | | शिशु मृत्यु दर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | ग्रामीण | शहरी | कुल | ग्रामीण | शहरी | कुल | ग्रामीण | शहरी | कुल | ग्रामीण | शहरी |
| **भारत** | **19.5** | **21.1** | **16.1** | **6.0** | **6.4** | **5.1** | **13.5** | **14.7** | **11.0** | **28** | **31** | **19** |
| **बड़े राज्य/केंद्रशासित प्रदेश** | | | | | | | | | | | | |
| 1. आंध्र प्रदेश | 15.7 | 16.0 | 15.0 | 6.3 | 7.0 | 4.9 | 9.3 | 9.0 | 10.1 | 24 | 26 | 18 |
| 2. असम | 20.8 | 21.9 | 14.3 | 6.2 | 6.4 | 5.4 | 14.5 | 15.5 | 8.9 | 36 | 39 | 17 |
| 3. बिहार | 25.5 | 26.2 | 21.0 | 5.4 | 5.5 | 5.2 | 20.0 | 20.7 | 15.7 | 27 | 27 | 25 |
| 4. छत्तीसगढ़ | 22.0 | 23.4 | 17.3 | 7.9 | 8.4 | 6.3 | 14.1 | 15.0 | 11.0 | 38 | 40 | 31 |
| 5. एनसीटी ऑफ दिल्ली | 14.2 | 15.5 | 14.1 | 3.6 | 4.1 | 3.5 | 10.6 | 11.4 | 10.6 | 12 | 20 | 12 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. गुजरात | 19.3 | 21.1 | 17.1 | 5.6 | 6.0 | 5.0 | 13.7 | 15.1 | 12.0 | 23 | 27 | 17 |
| 7. हरियाणा | 19.9 | 21.2 | 17.7 | 6.1 | 6.5 | 5.5 | 13.8 | 14.7 | 12.3 | 28 | 31 | 23 |
| 8. जम्मू एवं कश्मीर | 14.6 | 16.1 | 11.1 | 4.6 | 4.9 | 4.1 | 10.0 | 11.3 | 7.0 | 17 | 18 | 13 |
| 9. झारखण्ड | 22.0 | 23.4 | 17.6 | 5.2 | 5.5 | 4.5 | 16.7 | 17.9 | 13.1 | 25 | 26 | 21 |
| 10. कर्नाटक | 16.5 | 17.5 | 15.0 | 6.2 | 7.1 | 4.8 | 10.4 | 10.5 | 10.2 | 19 | 21 | 16 |
| 11. केरल | 13.2 | 13.1 | 13.3 | 7.0 | 7.0 | 7.1 | 6.2 | 6.1 | 6.3 | 6 | 4 | 9 |
| 12. मध्य प्रदेश | 24.1 | 26.0 | 18.8 | 6.5 | 6.8 | 5.6 | 17.6 | 19.2 | 13.1 | 43 | 47 | 30 |
| 13. महाराष्ट्र | 15.0 | 15.3 | 14.6 | 5.5 | 6.2 | 4.6 | 9.6 | 9.1 | 10.1 | 16 | 20 | 11 |
| 14. ओडिशा | 17.7 | 18.7 | 13.1 | 7.3 | 7.5 | 6.5 | 10.4 | 11.2 | 6.6 | 36 | 37 | 28 |
| 15. पंजाब | 14.3 | 14.9 | 13.6 | 7.2 | 8.3 | 5.7 | 7.1 | 6.6 | 7.9 | 18 | 19 | 17 |
| 16. राजस्थान | 23.5 | 24.4 | 20.8 | 5.6 | 5.8 | 5.1 | 17.9 | 18.6 | 15.7 | 32 | 35 | 23 |
| 17. तमिलनाडु | 13.8 | 14.0 | 13.6 | 6.1 | 7.2 | 5.1 | 7.7 | 6.8 | 8.5 | 13 | 15 | 10 |
| 18. तेलंगाना | 16.4 | 16.8 | 15.9 | 6.0 | 7.2 | 4.2 | 10.4 | 9.6 | 11.7 | 21 | 24 | 17 |
| 19. उत्तर प्रदेश | 25.1 | 26.1 | 22.1 | 6.5 | 6.8 | 5.4 | 18.7 | 19.3 | 16.7 | 38 | 40 | 28 |
| 20. उत्तराखण्ड | 16.6 | 17.0 | 15.6 | 6.3 | 6.7 | 5.1 | 10.4 | 10.3 | 10.5 | 24 | 25 | 24 |
| 21. पश्चिम बंगाल | 14.6 | 16.1 | 11.2 | 5.5 | 5.3 | 5.8 | 9.1 | 10.8 | 5.4 | 19 | 19 | 17 |
| **छोटे राज्य** | | | | | | | | | | | | |
| 1. अरुणाचल प्रदेश | 17.3 | 17.8 | 15.0 | 5.7 | 5.9 | 4.4 | 11.6 | 11.8 | 10.6 | 21 | 22 | 13 |
| 2. गोवा | 12.1 | 11.7 | 12.4 | 5.9 | 6.3 | 5.5 | 6.2 | 5.3 | 6.9 | 5 | 7 | 3 |
| 3. हिमाचल प्रदेश | 15.3 | 15.7 | 10.0 | 6.8 | 7.0 | 4.4 | 8.5 | 8.7 | 5.6 | 17 | 18 | 15 |
| 4. मणिपुर | 13.3 | 13.5 | 12.8 | 4.3 | 4.0 | 4.8 | 9.0 | 9.5 | 8.0 | 6 | 6 | 5 |
| 5. मेघालय | 22.9 | 25.1 | 12.9 | 5.3 | 5.5 | 4.4 | 17.6 | 19.6 | 8.5 | 29 | 30 | 16 |
| 6. मिजोरम | 14.4 | 16.8 | 11.7 | 4.2 | 3.8 | 4.6 | 10.2 | 13.0 | 7.1 | 3 | 3 | 3 |
| 7. नगालैण्ड | 12.5 | 12.9 | 11.8 | 3.7 | 3.9 | 3.5 | 8.8 | 9.0 | 8.4 | 4 | 7 | NA* |
| 8. सिक्किम | 15.6 | 14.0 | 18.2 | 4.1 | 4.3 | 3.7 | 11.6 | 9.7 | 14.5 | 5 | 8 | 1 |
| 9. त्रिपुरा | 12.6 | 13.4 | 10.7 | 5.7 | 5.4 | 6.5 | 6.9 | 8.0 | 4.2 | 18 | 18 | 17 |
| **केंद्रशासित प्रदेश** | | | | | | | | | | | | |
| 1. अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | 10.8 | 11.5 | 10.0 | 5.8 | 6.8 | 4.5 | 5.0 | 4.7 | 5.4 | 7 | 7 | 6 |
| 2. चण्डीगढ़ | 12.9 | 18.1 | 12.8 | 3.9 | 4.0 | 3.8 | 9.1 | 14.0 | 9.0 | 8 | 9 | 8 |
| 3. दादरा एवं नागर हवेली तथा दमण एवं दीव | 20.3 | 18.0 | 21.4 | 3.7 | 4.7 | 3.3 | 16.5 | 13.3 | 18.1 | 16 | 15 | 11 |
| 4. लद्दाख | 14.3 | 15.2 | 10.8 | 5.0 | 5.2 | 4.4 | 9.3 | 10.0 | 6.5 | 16 | 17 | 12 |
| 5. लक्षद्वीप | 14.5 | 19.9 | 13.1 | 5.4 | 7.2 | 5.0 | 9.1 | 12.7 | 8.1 | 9 | 19 | 5 |
| 6. पुदुचेरी | 13.1 | 13.1 | 13.1 | 6.5 | 7.5 | 6.1 | 6.6 | 5.6 | 7.0 | 6 | 8 | 5 |

**नोट :** छोटे राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में शिशु मृत्यु दर (IMR) तीन वर्षों की अवधि (2018-20) पर आधारित है।
* :- नगालैण्ड में वर्ष 2020 के संदर्भ में शिशु मृत्यु दर से संबंधित कोई भी नमूना दर्ज नहीं किया गया।




# ''भारत गौरव'' के तहत देश की पहली निजी ट्रेन सेवा




**भारत गौरव ट्रेन**

➡ नवंबर, 2021 में एक ऐतिहासिक पहल के तहत, भारतीय रेलवे ने निजी कंपनियों को विभिन्न विषय-वस्तुओं पर आधारित (Theme-based) 'भारत गौरव' (Bharat Gaurav) ट्रेनों के संचालन की अनुमति प्रदान की।

➡ इसका उद्देश्य इन ट्रेनों के माध्यम से भारत और विश्व के लोगों को 'भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्थानों' को प्रदर्शित करना है।

➡ यह योजना विषय-वस्तु आधारित ट्रेनों के संचालन हेतु पर्यटन क्षेत्र में संलग्न पेशेवरों की क्षमता/शक्ति का लाभ उठाएगी।

➡ भारत गौरव ट्रेन, मुख्य रूप से सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रबंधित विषय-वस्तु आधारित 'टूरिस्ट सर्किट ट्रेनें' (Tourist Circuit Trains) होंगी।

➡ ये ट्रेन किसी विशेष स्टेशन से प्रारंभ (Originate) होंगी और ऐसे मार्ग (Route) से गुजरेंगी, जिसमें कई पर्यटक गंतव्य (Tourist destinations) शामिल होंगे।

- ➲ इन ट्रेनों की यात्रा अपने मूल स्टेशन (Originating station) पर ही समाप्त होगी।

➡ भारत गौरव ट्रेन, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ''देखो अपना देश'' के तहत केंद्र सरकार की पहल है।

- ➲ उल्लेखनीय है, कि आईआरसीटीसी (IRCTC) पहले से ही कई थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट ट्रेनों का संचालन कर रहा है। उदाहरण- श्री रामायण एक्सप्रेस, गुरु कृपा एक्सप्रेस (गुरु नानक से संबद्ध स्थलों की यात्रा कराने वाली ट्रेन)।

**कार्य क्षेत्र**

➡ सेवा प्रदाता विषय-वस्तुओं के निर्धारण के लिए स्वतंत्र होंगे; जैसे भगवान श्री राम से जुड़े विभिन्न स्थलों के भ्रमण के लिए रामायण ट्रेनें आदि।

➡ सेवा प्रदाताओं को रेल यात्रा, होटल निवास, स्थानीय दृश्यावलोकन व्यवस्था (Local sightseeing arrangement), ऐतिहासिक/धरोहर स्थलों का भ्रमण आदि को शामिल करते हुए पर्यटकों को एक समावेशी/व्यापक पैकेज की पेशकश करनी होगी।

➡ इस प्रकार के ट्रेन संयोजन में 2 SLR (गार्ड वैन) सहित 14-20 कोच शामिल होंगे।

**प्रक्रिया**

➡ भारत गौरव ट्रेनों के संचालन हेतु आसान, एक चरणीय ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

➡ वैध पहचान-पत्र धारक कोई भी व्यक्ति, भागीदारी फर्म, कंपनी, सोसाइटी, ट्रस्ट, संयुक्त उद्यम, कंसोर्टियम भारत गौरव ट्रेनों के संचालन हेतु आवेदन कर सकता है।

➡ आवेदक को पंजीकरण हेतु एक लाख रुपये का अप्रतिदेय शुल्क (Non-refundable fee) जमा करना होगा।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 14 जून, 2022 को भारतीय रेलवे द्वारा 'भारत गौरव' योजना के तहत, भारत की पहली निजी ट्रेन सेवा की शुरुआत की गई।

➡ भारत गौरव ट्रेन की पहली सेवा को कोयंबटूर उत्तर (तमिलनाडु) से साईनगर शिरडी (महाराष्ट्र) के बीच शुरू किया गया।

➡ इस पहली राउण्ड ट्रिप सेवा (Roundtrip service) का संचालन 14-18 जून, 2022 के मध्य किया गया।

- ➲ इस यात्रा में लगभग 1100 यात्री शामिल थे।

**प्रमुख बिंदु**

➡ दक्षिण रेलवे 'भारत गौरव' योजना के तहत पंजीकृत सेवा प्रदाता प्राप्त करने वाला भारतीय रेलवे का पहला जोन बन गया है।

➡ '**साउथ स्टार रेल**' वह पंजीकृत सेवा प्रदाता है, जिसके द्वारा इस भारत गौरव ट्रेन की कोयंबटूर से शिरडी के मध्य वापसी यात्रा का संचालन किया गया।

➲ यह कोयंबटूर स्थित पंजीकृत कंपनी है।

➡ इस 'भारत गौरव ट्रेन' के परिचालन से दक्षिण रेलवे को 3.34 करोड़ रुपये का वार्षिक निर्धारित राजस्व प्राप्त होगा।

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

➡ 21 जून, 2022 को भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को सफदरजंग रेलवे स्टेशन, दिल्ली से रवाना किया गया।

➡ भारत और नेपाल को जोड़ने वाली यह पहली' पर्यटक रेलगाड़ी है।

➡ रामायण सर्किट पर इस ट्रेन के संचालन के दौरान अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, पंचवटी (नासिक), हम्पी, रामेश्वरम और भद्राचलम जैसे लोकप्रिय स्थानों के अलावा पहली बार जनकपुर (नेपाल) को कवर किया गया।

**पर्यटन से संबंधित अन्य योजनाएं/पहलें**

✦ स्वदेश दर्शन योजना - 2014-15

✦ प्रसाद योजना - 2014-15

✦ 'देखो अपना देश' पहल - 2020

# NHAI का सड़क निर्माण में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**NHAI**

➡ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) का गठन NHAI अधिनियम, 1988 के द्वारा किया गया था।

➡ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को, अन्य छोटी परियोजनाओं सहित, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना का काम सौंपा गया है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन करना शामिल है।

➡ ज्ञातव्य है, कि राष्ट्रीय राजमार्ग यात्रियों और माल (goods) के अंतरराज्यीय आवागमन (Inter-state movement) हेतु देश की महत्वपूर्ण सड़कें होती हैं।

➡ सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 2021-22 के अनुसार, देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1,40,995 किमी. है।

➡ भारत का सड़क नेटवर्क, विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है, जिसकी लंबाई लगभग 63.72 लाख किमी. है।

➡ प्रधानमंत्री द्वारा घोषित आजादी के अमृत महोत्सव के तहत, हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India : NHAI) द्वारा सड़क निर्माण में विश्व रिकॉर्ड कायम किया गया है, जिसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा प्रमाणित किया गया है।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 8 जून, 2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने एस्फाल्ट/बिटुमिनस कंक्रीट सड़क निर्माण में नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया है।

➡ NHAI ने बिना रुके (Continuously) विश्व की सबसे लंबी एस्फाल्ट/बिटुमिनस कंक्रीट सड़क का निर्माण करने में सफलता प्राप्त की है।

➡ इस परियोजना का कार्यान्वयन NHAI एवं राजपथ इंफ्राकॉन प्रा. लि. (पुणे) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

**विवरण**

➡ इस सड़क का निर्माण एनएच (NH)-53 पर महाराष्ट्र के अमरावती एवं अकोला जिलों के बीच किया गया।

➡ NH-53 पर एकल लेन में 84.40 किमी. लंबी एस्फाल्ट/बिटुमिनस कंक्रीट सड़क का निर्माण 105 घंटे एवं 33 मिनट में किया गया है।

➡ मंत्रालय के अनुसार, सड़क निर्माण का कार्य 3 जून, 2022 को सुबह 7:27 बजे शुरू हुआ और 7 जून, 2022 को शाम 5 बजे पूरा कर लिया गया।

➡ इस परियोजना में 2070 मीट्रिक टन बिटुमेन (Bitumen) से युक्त 36,634 मीट्रिक टन बिटुमिनस मिश्रण (Bituminous Mixture) का उपयोग किया गया है।

➡ ध्यातव्य है कि इससे पूर्व बिना रुके विश्व की सबसे लंबी एस्फाल्ट/बिटुमिनस कंक्रीट सड़क के निर्माण का रिकॉर्ड दोहा, कतर के नाम पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में वर्ष 2019 में दर्ज किया गया था।

➲ 25.275 किमी. लंबी इस सड़क के निर्माण में कुल 10 दिन का समय लगा था।

**अन्य महत्वपूर्ण बिंदु**

➡ गौरतलब है, कि अमरावती से अकोला खण्ड एनएच-53 का हिस्सा है।

➲ यह एक महत्वपूर्ण पूर्व-पूर्व गलियारा (East-East Corridor) है, जो कोलकाता, रायपुर, नागपुर और सूरत जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ता है।

➡ वर्ष 2021 में NHAI ने 18 घंटे के रिकॉर्ड समय में सोलापुर (महाराष्ट्र)- विजयपुर (कर्नाटक) (एनएच-52) राजमार्ग पर 4-लेनिंग कार्य के अंतर्गत 25.54 किलोमीटर की एकल लेन का निर्माण कर एक दुर्लभ उपलब्धि हासिल की थी।

➲ इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (Limca Book of Records) में दर्ज किया गया था।

# राष्ट्रीय वायु खेल नीति, 2022

### एयर स्पोर्ट्स




➡ एयर स्पोर्ट्स, जैसा कि नाम से ही पता चलता है, इसमें हवा के माध्यम से जुड़ी हुई विभिन्न खेल गतिविधियां शामिल हैं।

➡ इनमें एयर-रेसिंग, एयरोबेटिक्स, एयरोमॉडलिंग, हैंग ग्लाइडिंग, पैराग्लाइडिंग, पैरामोटरिंग और स्काईडाइविंग आदि खेल शामिल हैं।

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 7 जून, 2022 को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राष्ट्रीय वायु खेल नीति, 2022 (NASP 2022 : National Air Sports Policy 2022) को लांच किया।

➡ इस नीति के अंतर्गत भारत को वर्ष 2030 तक वायु खेलों के संदर्भ में विश्व के शीर्ष देशों में शामिल करने का खाका तैयार किया गया है।

- ➲ इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भारत में एक सुरक्षित, सस्ता, सुलभ, सुखद एवं स्थायी 'वायु खेल पारितंत्र' (Air Sports Ecosystem) उपलब्ध कराया जाएगा।

### NASP 2022 के मुख्य उद्देश्य:-

➡ देश में वायु खेल संस्कृति को बढ़ावा देना

➡ वायु खेल अवसंरचना, उपकरण, संचालन, रख-रखाव और प्रशिक्षण सहित सुरक्षा के मामले में बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं को अंगीकृत करना

➡ एक सरल, हितधारक-अनुकूल और प्रभावी प्रशासनिक संरचना का विकास करना

➡ वैश्विक वायु खेल प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी और सफलता को सुनिश्चित करना; और

➡ आत्मनिर्भर भारत अभियान के अनुरूप भारत में वायु खेल उपकरणों के डिजाइन, विकास और विनिर्माण को बढ़ावा देना।

### कवरेज

इस नीति के अंतर्गत निम्नलिखित वायु खेलों को शामिल किया जाएगा: -

1. एयरोबेटिक्स
2. एयरोमॉडलिंग और मॉडल रॉकेट्री
3. शौकिया निर्मित और प्रयोगात्मक विमान
4. गुब्बारे (Ballooning)
5. ड्रोन
6. ग्लाइडिंग और पॉवर्ड ग्लाइडिंग
7. हैंग ग्लाइडिंग और पॉवर्ड हैंग ग्लाइडिंग
8. पैराशूटिंग (स्काईडाइविंग, बेस जंपिंग और विंगसूट्स शामिल)
9. पैराग्लाइडिंग और पैरामोटरिंग (पॉवर्ड पैराशूट ट्राइक्स सहित)
10. पॉवर्ड विमान (अल्ट्रा लाइट, माइक्रो लाइट और लाइट स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट इत्यादि सहित)
11. रोटरक्राफ्ट (ऑटोगाइरो सहित)

### प्रशासनिक संरचना

➡ **नई नीति के अंतर्गत, भारत में वायु खेलों के लिए चार स्तरीय (Four-tier) प्रशासनिक संरचना होगी :-**

(1) सर्वोच्च शासी निकाय (Apex governing body) के रूप में एयर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया (ASFI)

(2) व्यक्तिगत वायु खेलों या वायु खेलों के एक समुच्चय (Set) के लिए राष्ट्रीय संघ (National Associations), जैसा भी उपयुक्त हो

(3) राष्ट्रीय वायु खेल संघों की क्षेत्रीय (जैसे पश्चिम/दक्षिण/पूर्वोत्तर आदि) या राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय इकाइयां, जैसा भी उपयुक्त हो; और

(4) जिला स्तरीय वायु खेल संघ, जैसा भी उपयुक्त हो।

### द फेडरेशन एरोनॉटिक इंटरनेशनल

➡ द फेडरेशन एरोनॉटिक इंटरनेशनल (The Federation Aeronautique Internationale : FAI) का मुख्यालय लुसाने, स्विट्जरलैण्ड में स्थित है।

➡ यह वायु खेलों के लिए विश्व शासी निकाय है।

➡ इसकी स्थापना 14 अक्टूबर, 1905 को हुई थी।

➡ यह वायु खेलों के लिए मानक निर्धारित करता है तथा प्रतियोगिताएं आयोजित करता है।

➡ वैश्विक रिकॉर्ड रखता है।

➡ वर्तमान में FAI के 110 से अधिक सदस्य हैं।

➡ FAI में सदस्यों का प्रतिनिधित्व उनके राष्ट्रीय एयरस्पोर्ट कंट्रोल द्वारा किया जाता है।

➡ भारत (एयरो क्लब ऑफ इण्डिया) भी इसका सक्रिय सदस्य है।

### निष्कर्ष

➡ भारत में वायु खेलों के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल होने की क्षमता है, क्योंकि देश के पास एक विशाल भौगोलिक स्थिति, विविध स्थलाकृति और मौसम की अच्छी स्थिति मौजूद है।

➡ युवाओं की पर्याप्त संख्या के साथ-साथ भारत में साहसिक खेलों और उड्डयन के लिए एक विकसित होती संस्कृति है।

**एयर स्पोर्ट्स : प्रमुख भारतीय खिलाड़ी**

- ✦ सुश्री शीतल महाजन को अंटार्कटिका पर 10,000 फीट की ऊंचाई से फ्री फॉल जंपिंग (Free fall jumping) करने वाली पहली महिला के रूप में जाना जाता है।
- ✦ सुश्री महाजन उत्तरी और दक्षिणी दोनों ध्रुवों पर फ्री फॉल जंपिंग करने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं और बिना किसी परीक्षण के (Without trial) इसे करने वाली पहली महिला जंपर हैं।
- ✦ सुश्री राहेल थॉमस उत्तरी ध्रुव पर 7,000 फीट की ऊंचाई से स्काईडाइव करने वाली पहली भारतीय महिला हैं।
- ✦ उपर्युक्त दोनों स्काई-डाइवर्स पद्मश्री अवॉर्ड विजेता हैं।

# ब्लू ड्यूक : सिक्किम की राज्य तितली

**राज्य तितली : आवश्यकता**

➡ तितलियां (Butterflies) प्रकृति संरक्षण की दूत (Ambassador) हैं और ये एक महत्वपूर्ण जैविक संकेतक (Biological indicator) हैं, जो हमारे पर्यावरण के स्वास्थ्य को प्रकट करती हैं।

➡ सिक्किम में राज्य के नागरिकों के बीच तितलियों के संदर्भ में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से वन एवं पर्यावरण विभाग, सिक्किम सरकार ने तितली की दो प्रजातियों को 'राज्य तितली' (State butterfly) के रूप में घोषित करने हेतु नामित किया था।

➲ ये दो प्रजातियां हैं :-

(i) ब्लू ड्यूक (Blue Duke)

(ii) कृष्णा पीकॉक (Krishna Peacock)

➡ उपर्युक्त दोनों तितलियों में से सिक्किम की राज्य तितली के चुनाव हेतु 11-30 अप्रैल, 2022 के मध्य एक ऑनलाइन जनमत संग्रह (Citizen Poll) आयोजित किया गया था।

**राज्य तितली : चुनाव के मानदण्ड**

1. राज्य में तितली का अच्छी तरह प्रतिनिधित्व होना चाहिए
2. राष्ट्रीय के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय रूप से भी उस तितली का सांस्कृतिक, पारिस्थितिकीय और संरक्षण महत्व होना चाहिए।
3. तितली करिश्माई (Charismatic) होनी चाहिए।
4. राज्य के परिदृश्य, आवास और पारिस्थितिकी का प्रतीक होना चाहिए।
5. वह प्रजाति, जो राज्य के लोगों को आकर्षक लगती हो।
6. वह तितली, जो आसानी से पहचानी, देखी और स्मरण की जा सके और ऐसी दुर्लभ प्रजाति, जो पूर्वी हिमालय की स्थानिक हो।
7. तितली में स्वाभाविक रूप से आकर्षक जैविक पहलू होना चाहिए, जो जनता के लिए लुभावना हो।
8. ऐसी प्रजाति, जिसके कई रूप (Multiple forms) नहीं होने चाहिए।
9. तितली का लार्वा चरण अर्थात कैटरपिलर (Caterpillar) हानिकारक नहीं होना चाहिए।
10. तितली बहुत सामान्य नहीं होनी चाहिए।
11. ऐसी प्रजातियां, जिन्हें पहले से ही अन्य राज्यों में राज्य तितली के रूप में घोषित किया जा चुका है, उन्हें नहीं चुना जाना चाहिए।



**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 5 जून, 2022 को को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिक्किम ने ब्लू ड्यूक को राज्य तितली घोषित किया।

➡ ऑनलाइन जनमत सर्वेक्षण में ब्लू ड्यूक को 57 प्रतिशत, जबकि कृष्णा पीकॉक को 43 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।

**ब्लू ड्यूक**

➡ इसे 'ब्लू ड्यूक' नाम यूरोपियंस (Europeans) द्वारा दिया गया है।

➡ यह एक चमत्कारी तितली है, जो नेपाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश एवं चीन में पाई जाती है।

➡ हिमालयी क्षेत्र में इससे मिलती-जुलती प्रजाति यूथेलिया डूडा, द ब्लू डचेस (Euthalia Duda, the Blue Duchess) पाई जाती है।

- ➲ जबकि ऐसी ही एक प्रजाति यूथेलिया एंप्लीफेशिया (Euthalia amplifascia) भूटान में पाई जाती है।
- ➲ ब्लू ड्यूक का वैज्ञानिक नाम बासारोना दुर्गा (Bassarona Durga) है।
- ➲ भारत में पाई जाने वाली इसकी दो उप-प्रजातियां हिमालयन ब्लू ड्यूक (वैज्ञानिक नाम : Bassarona durga durga) तथा स्पलेण्डिड ब्लू ड्यूक (वैज्ञानिक नाम: Bassarona durga splendens) हैं।
- ➲ हिमालयन ब्लू ड्यूक 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972' की अनुसूची-2 के तहत, भारत में विधिक रूप से संरक्षित है।
- ➲ स्पलेण्डिड ब्लू ड्यूक वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के तहत, भारत में संरक्षित है।

➡ सिक्किम में ब्लू ड्यूक घने वनों में पाई जाती है।

➡ यह पुष्पों (Flowers) पर नहीं जातीं, बल्कि किण्वित फल, एल्कोहॉल, पशुओं के सड़े हुए शव, गोबर आदि की ओर आकर्षित होती हैं।

➡ अन्य राज्यों की राज्य तितलियां

| राज्य | तितली का नाम |
|---|---|
| महाराष्ट्र | ब्लू मॉरमॉन (Papilio Polymnestor) |
| तमिलनाडु | तमिल योमेन (Cirrochroathais) |
| उत्तराखण्ड | कॉमन पीकॉक (Papilio bianor) |
| कर्नाटक | सह्याद्री बर्डविंग (Troides Minos) |
| केरल | मालाबार बैण्डेड पीकॉक या बुद्धा मयूरी (Papilio Buddha) |
| अरुणाचल प्रदेश | कैसर-ए-हिंद (Teinopalpus Imperialis) |
| गोवा | मालाबार ट्री निम्फ (Idea Malabarica) |

# दिल्ली हवाई अड्डा : जलविद्युत एवं सौर ऊर्जा से संचालित पहला हवाई अड्डा

**परिचय**

➡ दिल्ली हवाई अड्डा (इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) द्वारा पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने के उद्देश्य से वर्ष 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन (Net Zero Carbon Emission) हवाई अड्डा बनने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

- ➲ इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु दिल्ली हवाई अड्डा द्वारा हाल ही में एक हरित परिवहन कार्यक्रम (Green Transportation Program) को अपनाया गया था।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 1 जून, 2022 को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पूरी तरह से जलविद्युत एवं सौर ऊर्जा के संयोजन से संचालित होने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया है।

➡ ज्ञातव्य है, कि 1 जून, 2022 से हवाई अड्डे की विद्युत मांग के 94 प्रतिशत तक की आपूर्ति एक जलविद्युत संयंत्र (Hydropower plant) द्वारा की जा रही है।

- ➲ जबकि इस हवाई अड्डे की विद्युत संबंधी आवश्यकताओं के लगभग 6 प्रतिशत की उपलब्धता ऑनसाइट सौर ऊर्जा संयंत्रों से सुनिश्चित हो रही है।

➡ इस प्रकार इस हवाई अड्डे ने गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर अपनी निर्भरता को समाप्त कर पूर्ण रूप से नवीकरणीय ऊर्जा को अपना लिया है।

**विवरण**

➡ शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हवाई अड्डा बनने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु दिल्ली हवाई हड्डे पर एयरसाइड (Airside) पर 7.84 MW क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है।

- ➲ जबकि 5.3 MW क्षमता का रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र कार्गो टर्मिनल पर स्थापित किया गया है।

➡ इसके अतिरिक्त दिल्ली हवाई अड्डे के प्रबंधकर्ता 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (DIAL) ने हिमाचल प्रदेश स्थित एक जलविद्युत उत्पादक कंपनी के साथ एक दीर्घकालिक ऊर्जा खरीद समझौता हस्ताक्षरित किया है।

- ➲ इस समझौते का उद्देश्य वर्ष 2036 तक इस हवाई अड्डे के लिए जलविद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

**महत्व**

➡ इस पहल से प्रतिवर्ष 2 लाख टन $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आएगी।




➡ वर्ष 2030 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन हवाई अड्डा बनने के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक भूमिका।

➡ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अनुकरणीय उदाहरण का प्रस्तुतीकरण है।

**दिल्ली हवाई अड्डा : पर्यावरणीय स्थिरता पहलें**

➡ वर्ष 2020 में दिल्ली एयरपोर्ट एशिया-प्रशांत क्षेत्र का ऐसा पहला हवाई अड्डा बना, जिसे 'एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल' (ACI) के 'एयरपोर्ट कार्बन प्रमाणन' (Airport Carbon Accreditation) के अंतर्गत 'चरण 4+' (Level 4+) प्राप्त हुआ है।

- ➲ इससे यह प्रदर्शित होता है, कि कार्बन-न्यूट्रल हवाई अड्डा बनने के अतिरिक्त इस हवाई अड्डे ने 'दीर्घकालिक निरपेक्ष उत्सर्जन कटौती लक्ष्यों' (Long-term absolute emission reduction goals) को भी अपनाया है, जो जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के अंतरसरकारी पैनल के 1.5 डिग्री परिदृश्य के अनुरूप है।

➡ DIAL ने एकल प्रयोग प्लास्टिक-मुक्त एयरपोर्ट बनने हेतु पहल को भी अपनाया है।

**कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा : विश्व का प्रथम सौर ऊर्जा चालित हवाई अड्डा**

- ✦ केरल स्थित कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पूर्ण रूप से सौर ऊर्जा द्वारा संचालित होने वाला विश्व का पहला हवाई अड्डा है।
- ✦ 18 अगस्त, 2015 को इस हवाई अड्डे पर स्थापित 12 MWp (Mega-Watts Peak) क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया था।
- ✦ इस संयंत्र के तहत, एयर कार्गो परिसर के निकट 45 एकड़ क्षेत्र में 46,150 सौर पैनल लगाए गए हैं।
- ✦ ज्ञातव्य है, कि कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत निर्मित भारत का पहला हवाई अड्डा है।




# भारत : अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु अंतर-सरकारी समिति में चयनित

**क्या है अमूर्त सांस्कृतिक विरासत?**

➡ हाल के दशकों में 'सांस्कृतिक विरासत' शब्द की विषय-वस्तु में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। वर्तमान में सांस्कृतिक विरासत सिर्फ स्मारकों या कला वस्तुओं के संग्रहण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें ऐसी परंपराएं तथा प्रभावी अभिव्यक्तियां (Living Expressions) भी शामिल हैं, जिन्हें हम अपने पूर्वजों से प्राप्त कर अगली पीढ़ी को सौंप देते हैं; जैसे मौखिक रूप से चल रही परंपराएं, प्रदर्शन कलाएं (Performing Arts), धार्मिक एवं सामाजिक उत्सव, परंपरागत शिल्प कलाएं आदि।

➡ स्पष्ट है, कि अमूर्त विरासत के अंतर्गत ऐसी परंपराएं सम्मिलित हैं, जिन्हें देखा नहीं जा सकता और जिन्हें हम अपने पूर्वजों से प्राप्त करते हैं, जबकि मूर्त विरासत के अंतर्गत साक्षात् व देखी जा सकने वाली कला वस्तुएं शामिल होती हैं; जैसे स्थापत्य, मूर्ति, चित्र आदि।

**अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण हेतु अभिसमय**

➡ यूनेस्को (UNESCO) द्वारा अपने सदस्य देशों को उनकी सांस्कृतिक विरासतों के प्रभावी संरक्षण हेतु उपायों के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान की जाती है।

- ➲ इन उपायों में 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण हेतु अभिसमय' (Convention for the Safeguarding of Intangible Cultural Heirtage) का अंगीकरण एक महत्वपूर्ण घटना थी, जिससे सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में नई नीतियों के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ।
- ➲ इस अभिसमय को वर्ष 2003 में यूनेस्को की आम सभा द्वारा पारित किया गया था।

**अंतर-सरकारी समिति**

➡ अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु अंतर-सरकारी समिति के मुख्य कार्यों में अभिसमय के उद्देश्यों को बढ़ावा देना, सर्वोत्तम प्रथाओं को लेकर मार्गदर्शन देना और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के उपायों पर सुझाव देना शामिल है।

United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization · Intangible Cultural Heritage

➡ ये समिति अपनी सूचियों में अमूर्त विरासतों को शामिल करने के पक्षकारों के अनुरोधों का मूल्यांकन भी करती है।

➡ इस अंतर-सरकारी समिति में कुल 24 सदस्य होते हैं।

➡ पक्षकारों की महासभा (General Assembly) के सामान्य सत्र के दौरान प्रत्येक दो वर्ष पर नए सदस्यों का चुनाव होता है।

➡ इस समिति के सदस्य चार वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 5-7 जुलाई, 2022 के मध्य पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु अभिसमय के पक्षकारों की महासभा का 9वां सत्र आयोजित हुआ।

➡ इस बैठक के दौरान भारत को वर्ष 2022-26 हेतु अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु अंतर-सरकारी समिति का सदस्य चुना गया।

➡ यह भारत का इस समिति के लिए तीसरा कार्यकाल है।

➡ पूर्व में, भारत ने इस अंतर-सरकारी समिति के सदस्य के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए हैं। पहला कार्यकाल वर्ष 2006 से 2010 तक और दूसरा वर्ष 2014-18 तक।

**महत्वपूर्ण बिंदु**

➡ एशिया-प्रशांत समूह के अंतर्गत रिक्त चार सीटों के लिए भारत, बांग्लादेश, वियतनाम, कंबोडिया, मलेशिया और थाईलैण्ड ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की थी।

➡ कुल 155 पक्षकारों ने मतदान में भाग लिया।

- ➲ भारत को कुल 110 मत (Vote) प्राप्त हुए।

- एशिया-प्रशांत समूह से भारत के अतिरिक्त बांग्लादेश, मलेशिया तथा वियतनाम को भी वर्ष 2022-2026 हेतु अंतर-सरकारी समिति का सदस्य चुना गया।

**भारत का विज़न**

➡ अपने वर्ष 2022-26 के कार्यकाल के लिए भारत ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक स्पष्ट विजन तैयार किया है।

➡ भारत जिन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा, उनमें शामिल हैं-

- सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना
- अमूर्त विरासत के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना
- अमूर्त सांस्कृतिक विरासत पर अकादमिक अनुसंधान को बढ़ावा देना
- अभिसमय के कार्यों को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप लाना

**भारत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासतें**

- यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल भारतीय परंपराएं हैं:-

1. रामलीला : रामायण की परंपरागत प्रस्तुति (2008)
2. वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा (2008)
3. कुट्टीयत्तम, संस्कृत नाट्यकला (2008)
4. रम्मन : गढ़वाल हिमालय का धार्मिक उत्सव और आनुष्ठानिक रंगमंच (2009)
5. मुडियेट्टु : केरल का आनुष्ठानिक रंगमंच एवं नृत्य नाटक (2010)
6. कालबेलिया : राजस्थान का लोक गीत तथा नृत्य (2010)
7. छउ नृत्य : पूर्वी भारत का एक परंपरागत नृत्य, जो झारखण्ड, ओडिशा व पश्चिम बंगाल में प्रचलित है (2010)
8. लद्दाख का बौद्ध मंत्रोच्चारः ट्रांस-हिमालयी लद्दाख क्षेत्र (जम्मू एवं कश्मीर) में पवित्र बौद्ध ग्रंथों का पाठ (2012)
9. संकीर्तन : मणिपुर का आनुष्ठानिक गायन, ढोल वादन एवं नृत्य (2013)
10. पंजाब के जण्डियाल गुरु के ठठेरों द्वारा पारंपरिक रूप से पीतल और तांबे से बनाए जाने वाले बर्तनों की शिल्प कला (2014)
11. योग (2016)
12. नवरोज : नव वर्ष के उत्सव का आयोजन (2016)
13. कुंभ मेला (2017)
14. कोलकाता की दुर्गा पूजा (2021)

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

➡ भारत ने सितंबर, 2005 में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु अभिसमय का अनुसमर्थन किया था।

➡ वर्ष 2021 में अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों की प्रतिनिधि सूची में कोलकाता की दुर्गा पूजा को इसमें शामिल किए जाने के बाद भारत ने वर्ष 2023 में विचार किए जाने के लिए गुजरात के 'गरबा' का नामांकन प्रस्तुत किया था।

# वैश्विक शांति सूचकांक, 2022

**वैश्विक शांति सूचकांक**

➡ वैश्विक शांति सूचकांक (Global Peace Index : GPI) को सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) स्थित विश्व के एक अग्रणी विचार मंच (Think Tank) 'इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड पीस' (IEP) द्वारा प्रतिवर्ष जारी किया जाता है।

➡ सर्वप्रथम इस सूचकांक को वर्ष 2007 में एक ऑस्ट्रेलियाई उद्यमी स्टीव किल्लेलिया (Steve Killelea) ने लांच किया था।

➡ स्टीव किल्लेलिया द्वारा ही वर्ष 2008 में 'इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड पीस' की स्थापना की गई थी।

➡ यह रिपोर्ट विश्व में शांति की प्रवृत्तियों (Trends in peace), इसके आर्थिक मूल्य तथा शांतिपूर्ण समाज के विकास से संबंधित सर्वाधिक व्यापक एवं आंकड़ा आधारित विश्लेषण प्रस्तुत करती है।

**प्रविधि**

➡ इस सूचकांक में विश्व में शांति के स्तर का मापन 23 गुणात्मक और मात्रात्मक (Qualitative and quantitative) संकेतकों के आधार पर किया जाता है।




➡ इन संकेतकों को निम्नलिखित तीन विस्तृत विषयों (Three Domains) के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है–

| | | |
|---|---|---|
| समाज में बचाव व सुरक्षा का स्तर (The level of societal safety & security) | घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का प्रसार (The extent of ongoing domestic & international conflict) | सैन्यीकरण का स्तर (The Degree of Militarisation) |

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 15 जून, 2022 को GPI के 16वें संस्करण को जारी किया गया।

➡ इस सूचकांक में विश्व के 163 देशों/क्षेत्रों (वैश्विक जनसंख्या का 99.7%) को शामिल किया गया है।

**GPI, 2022 : प्रमुख निष्कर्ष**

➡ सूचकांक के अनुसार, विगत वर्ष की तुलना में वैश्विक शांति के औसत स्तर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

➡ उल्लेखनीय है, कि पिछले 14 वर्षों में यह 11वां अवसर है, जब वैश्विक शांति के स्तर में गिरावट दर्ज की गई है।

➡ सद्य: सूचकांक के अनुसार, जहां 90 देशों में शांति के स्तर में सुधार हुआ, तो वहीं 71 देशों में गिरावट दर्ज की गई है।

➡ GPI, 2022 के अनुसार, विश्व के 10 सर्वाधिक शांतिपूर्ण देशों में से 7 यूरोप के हैं।

- ➲ इसके साथ ही यूरोप विश्व का सर्वाधिक शांतिमय क्षेत्र बना हुआ है।

➡ सद्य: सूचकांक के तहत, विगत वर्ष के दौरान मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (MENA) क्षेत्र में शांति के स्तर में सुधार दर्ज होने के बावजूद यह विश्व का सर्वाधिक अशांत क्षेत्र (least peaceful) बना हुआ है।

➡ शांति के स्तर में सर्वाधिक सुधार दर्ज करने वाले पांच देश क्रमशः लीबिया, मिस्र, सऊदी अरब, अल्जीरिया और फिलीपींस हैं।

- ➲ जबकि, सर्वाधिक गिरावट दर्ज करने वाले देश यूक्रेन, गिनी, बुर्किना फासो, रूस और हैती हैं।

➡ GPI, 2022 के अनुसार, वर्ष 2021 में हिंसा का वैश्विक आर्थिक प्रभाव 16.5 ट्रिलियन डॉलर रहा, जो वैश्विक जीडीपी के 10.9 प्रतिशत या प्रति व्यक्ति 2,117 डॉलर के समतुल्य (equivalent) है।

## ❑ रैंकिंग

➡ GPI, 2022 के अनुसार, आइसलैण्ड विश्व का सर्वाधिक शांतिपूर्ण देश बना हुआ है।

➡ जबकि, लगातार पांचवीं बार अफगानिस्तान को विश्व के सबसे अशांत देश (least peaceful country in the world) का दर्जा प्राप्त हुआ है।

**GPI, 2022 : शीर्ष 5 देश**

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 1 | आइसलैण्ड | 1.107 |
| 2 | न्यूजीलैण्ड | 1.269 |
| 3 | आयरलैण्ड | 1.288 |
| 4 | डेनमार्क | 1.296 |
| 5 | ऑस्ट्रिया | 1.3 |

**GPI, 2022 : सर्वाधिक अशांत 5 देश**

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 163 | अफगानिस्तान | 3.554 |
| 162 | यमन | 3.394 |
| 161 | सीरिया | 3.356 |
| 160 | रूस | 3.275 |
| 159 | दक्षिण सूडान | 3.184 |

**भारत एवं दक्षिण एशियाई देशों की स्थिति**

➡ GPI, 2022 में भारत (समग्र स्कोर : 2.578) को 135वां स्थान प्राप्त हुआ है।

➡ विगत वर्ष भारत में शांति के समग्र स्तर में 1.4 प्रतिशत का सुधार दर्ज किया गया।

➡ वैश्विक स्तर पर 19वीं रैंक के साथ भूटान दक्षिण एशिया का सर्वाधिक शांतिपूर्ण देश बना हुआ है।

➡ विगत वर्ष सभी वैश्विक क्षेत्रों की तुलना में दक्षिण एशिया के शांति के स्तर में सर्वाधिक सुधार दर्ज किया गया।

**➡ तीन विषयों में भारत का स्कोर—**

| विषय (Domain) | स्कोर |
|---|---|
| समाज में बचाव एवं सुरक्षा का स्तर | 2.373 |
| घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का प्रसार | 2.982 |
| सैन्यीकरण का स्तर | 2.461 |

**GPI, 2022 : दक्षिण एशियाई देशों की स्थिति**

| क्षेत्रीय रैंक | देश | समग्र स्कोर | समग्र रैंक |
|---|---|---|---|
| 1 | भूटान | 1.481 | 19 |
| 2 | नेपाल | 1.947 | 73 |
| 3 | श्रीलंका | 2.02 | 90 |
| 4 | बांग्लादेश | 2.067 | 96 |
| 5 | भारत | 2.578 | 135 |
| 6 | पाकिस्तान | 2.789 | 147 |
| 7 | अफगानिस्तान | 3.554 | 163 |

# सुरक्षा परिषद के नए अस्थायी सदस्य

**सुरक्षा परिषद**

➡ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (United Nations Security Council : UNSC) संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंगों में से एक है, जिसका मुख्य उत्तरदायित्व अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है।

➡ सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें 5 स्थायी तथा 10 अस्थायी (निर्वाचित) सदस्य होते हैं।

- ➲ स्थायी सदस्यों में चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम तथा संयुक्त राज्य अमेरिका हैं।

➡ जबकि, शेष 10 अस्थायी सदस्य क्षेत्रीय आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा (UN General Assembly) द्वारा चुने जाते हैं।

- ➲ ध्यातव्य है, कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देश शामिल हैं।

➡ सुरक्षा परिषद में सदस्यता प्राप्त करने के लिए, देशों को दो-तिहाई बहुमत या 128 वोट (निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति में भी) प्राप्त करना आवश्यक है।

➡ प्रत्येक वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद के पांच अस्थायी सदस्यों (कुल 10 में से) का दो वर्षीय कार्यकाल हेतु चुनाव करती है।

➡ सुरक्षा परिषद की 10 अस्थायी सीटों का वितरण क्षेत्रीय आधार पर निम्न प्रकार से किया जाता है :-

(i) अफ्रीकी एवं एशियाई देशों हेतु – 5 सीटें
(ii) पूर्वी यूरोपीय देशों हेतु – 1 सीट
(iii) लैटिन अमेरिकी एवं कैरेबियन देशों हेतु – 2 सीट
(iv) पश्चिमी यूरोपीय एवं अन्य देशों हेतु – 2 सीट

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 9 जून, 2022 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता हेतु पांच नए सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ।

➡ ये नवनिर्वाचित पांच सदस्य - जापान, स्विट्जरलैण्ड, माल्टा, मोजाम्बिक और इक्वाडोर हैं।

➡ इन सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष की अवधि हेतु 1 जनवरी, 2023 से प्रारंभ होगा तथा 31 दिसंबर, 2024 तक ये परिषद के सदस्य रहेंगे।

**चुनाव परिणाम**

➡ इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पांच सीटों के चुनाव हेतु तीन क्षेत्रीय समूहों के देशों के मध्य प्रतिस्पर्धा थी।

- ➲ अफ्रीकी एवं एशिया-प्रशांत क्षेत्र से दो देशों, लैटिन अमेरिकी एवं कैरेबियन क्षेत्र से 1 देश तथा पश्चिमी यूरोप एवं अन्य देश क्षेत्र से 2 देशों का चुनाव किया जाना था।

➡ संयुक्त राष्ट्र के कुल 192 सदस्य देशों ने चुनाव में भाग लिया।

➡ अफ्रीकी एवं एशिया-प्रशांत समूह में मोजाम्बिक को 192 मत प्राप्त हुए।

- ➲ यह प्रथम अवसर है, जब मोजाम्बिक को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता हेतु चुना गया।
- ➲ इसी समूह में जापान को 184 मत प्राप्त हुए।

➡ पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों के समूह में स्विट्जरलैण्ड 187 मत एवं माल्टा 185 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए।

- ➲ गौरतलब है, कि स्विट्जरलैण्ड को सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पहली बार चुना गया है।

➡ लैटिन अमेरिकी और कैरेबियन समूह से इक्वाडोर एकमात्र उम्मीदवार था, जिसे 190 मत प्राप्त हुए।

➡ UNSC में नवनिर्वाचित देश, भारत, आयरलैण्ड, केन्या, मेक्सिको तथा नॉर्वे का स्थान लेंगे, जिनका दो वर्षीय कार्यकाल 31 दिसंबर, 2022 को समाप्त होगा।

**अन्य 5 अस्थायी सदस्य**

➡ उपर्युक्त देशों के अतिरिक्त वर्तमान में सुरक्षा परिषद के पांच अन्य अस्थायी सदस्य अल्बानिया, ब्राजील, घाना, गैबॉन और संयुक्त अरब अमीरात हैं।

➡ इन पांचों देशों की दो वर्षीय सदस्यता 1 जनवरी, 2022 से शुरू हुई थी तथा यह देश 31 दिसंबर, 2023 तक सुरक्षा परिषद के सदस्य बने रहेंगे।

# टाइम्स : एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग्स, 2022

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 1 जून, 2022 को यूके की पत्रिका टाइम्स हॉयर एजुकेशन द्वारा 'एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2022 (Asia University Rankings, 2022) जारी की गई।

**उद्देश्य**

➡विश्वविद्यालयों का उनके मुख्य मिशनों यथा-शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण (Knowledge Transfer) तथा अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण (International Outlook) आदि के आधार पर आकलन करना, जिससे उनके मध्य सर्वथा व्यापक और संतुलित तुलना उपलब्ध कराई जा सके।

**रैंकिंग के निर्धारक तत्व**

➡ इस रैंकिंग को तैयार करने हेतु 13 प्रदर्शन संकेतों (Performance Indicators) का प्रयोग किया जाता है।

➡ इन प्रदर्शन संकेतकों को निम्न 5 क्षेत्रों में विभक्त किया गया है-
- शिक्षण (सीखने का माहौल)
- अनुसंधान (छात्रों की संख्या, आय तथा प्रतिष्ठा)
- उद्धरण (अनुसंधान प्रभाव)
- अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण (कर्मचारी, छात्र और अनुसंधान)
- उद्योग आय (ज्ञान हस्तांतरण)

**विवरण**

➡ इस वर्ष एशिया महाद्वीप के 31 क्षेत्रों/देशों के 616 शिक्षण संस्थानों/विश्वविद्यालयों को रैंकिंग प्रदान की गई है।

➡ जापान के सर्वाधिक 118 विश्वविद्यालय इस सूची में शामिल हैं।

➡ चीन 97 विश्वविद्यालयों/संस्थानों के साथ दूसरे तथा भारत 71 विश्वविद्यालयों के साथ तीसरे स्थान पर है।

➡ सूची में फिलिस्तीन के किसी विश्वविद्यालय को पहली बार शामिल किया गया है।

➡ सूची में शामिल 5 शीर्ष विश्वविद्यालय-

| **विश्वविद्यालय (देश)** | **रैंकिंग 2022** | **समग्र स्कोर** |
|---|---|---|
| सिंघुआ विश्वविद्यालय (चीन) | 1 | 87.6 |
| पेकिंग विश्वविद्यालय (चीन) | 2 | 87.4 |
| नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (सिंगापुर) | 3 | 84.7 |
| हांगकांग विश्वविद्यालय (हांगकांग) | 4 | 80.2 |
| नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सिंगापुर) | 5 | 76.0 |

**भारत की स्थिति**

➡ एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2022 में भारत के कुल 71 शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय शामिल हैं, जबकि वर्ष 2021 की रैंकिंग में 63 संस्थान शामिल थे।

➡ रैंकिंग, 2022 में भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरू 42वें स्थान पर (समग्र स्कोर-52.0) स्थित है।

➡ रैंकिंग, 2022 में शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में भारत के कुल 4 शिक्षण संस्थान शामिल हैं।

➡ शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में 17 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं।

➡ रैंकिंग, 2022 में शामिल शीर्ष 10 भारतीय शिक्षण संस्थानों की सूची-

| **विश्वविद्यालय/शिक्षण संस्थान** | **रैंकिंग 2022** | **समग्र स्कोर** |
|---|---|---|
| भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरू | 42 | 52.0 |
| जेएसएस उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान अकादमी, मैसूर (कर्नाटक) | 65 | 48.2 |
| भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ (पंजाब) | 68 | 47.2 |
| भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर (मध्य प्रदेश) | 87 | 44.7 |
| भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर (गुजरात) | 120 | 41.4 |
| अलग्प्पा विश्वविद्यालय, कराईकुडी (तमिलनाडु) | 122 | 41.3 |
| थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, पटियाला (पंजाब) | 127 | 40.8 |
| सवीथा विश्वविद्यालय, चेन्नई | 131 | 40.4 |
| महात्मा गांधी विश्वविद्यालय, कोट्टयम (केरल) | 139 | 39.8 |
| दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली | 149 | 38.5 |

# यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक, 2021

**यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक (TTDI)**

➡ TTDI, यात्रा और पर्यटन प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक (Travel & Tourism Competitiveness Index : TTCI) से ही प्रत्यक्ष रूप से व्युत्पन्न हुआ है।

➡ ज्ञातव्य है, कि TTCI पिछले 15 वर्षों से द्विवार्षिक रूप से प्रकाशित किया जाता रहा है।

➡ TTDI के तहत उन कारकों (Factors) एवं नीतियों का निर्धारण एवं मूल्यांकन किया जाता है, जो यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र के सतत एवं लचीले विकास को सक्षम बनाते हैं।

➡ TTCI का TTDI के रूप में रूपांतरण, यात्रा एवं पर्यटन विकास संकल्पनाओं के संदर्भ में इस सूचकांक की कवरेज में विस्तार को प्रदर्शित करता है।

**यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक के आधार**




➡ इस सूचकांक में पांच उप-सूचकांकों, 17 स्तंभों तथा 112 व्यक्तिगत संकेतकों को शामिल किया गया है।

➡ जहां TTCI में उप-सूचकांकों की संख्या 4 थी, वहीं TTDI में इसे बढ़ाकर 5 कर दिया गया है।
- TTDI में 'यात्रा एवं पर्यटन संवहनीयता' (T&T Sustainability) नामक नया उप-सूचकांक जोड़ा गया है।
- 'प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संसाधन' (Natural & Cultural Resources) उप-सूचकांक का पुनर्नामकरण 'यात्रा एवं पर्यटन मांग संचालक' (T&T Demand Drivers) के रूप में किया गया है।

➡ TTCI में शामिल स्तंभों (Pillars) की संख्या 14 थी, जिसे TTDI में बढ़ाकर 17 कर दिया गया है।

➲ TTDI में तीन नए स्तंभ 'गैर-आरामदेह संसाधन' (Non-Leisure Resources), सामाजिक-आर्थिक लचीलापन एवं स्थितियां (Socioeconomic Resilience & Conditions) तथा 'यात्रा एवं पर्यटन मांग दबाव एवं प्रभाव' (T&T Demand Pressure & Impact) जोड़े गए हैं।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 24 मई, 2022 को विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum : WEF) द्वारा 'यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक, 2021' (Travel and Tourism Development Index, 2021) जारी किया गया।

➡ इस सूचकांक/रिपोर्ट का शीर्षक है- ''एक सतत और लचीले भविष्य के लिए पुनर्निर्माण'' (Rebuilding for a Sustainable and Resilient Future)।

**रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष**

➡ TTDI, 2021 में कुल 117 देशों को शामिल किया गया है।

➡ वर्ष 2019 में जारी TTCI में शामिल कई महत्वपूर्ण देश TTDI, 2021 में शामिल नहीं हैं; जैसे नॉर्वे, ताइवान (चीन), ईरान आदि।

➡ रूस एवं यूक्रेन को भी इस वर्ष रैंकिंग में स्थान नहीं दिया गया है।

➡ औसत तौर पर TTDI स्कोर में वर्ष 2019 से 2021 के बीच 0.1 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है।

➡ समग्र सूचकांक में वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2021 में वियतनाम के स्कोर में सर्वाधिक सुधार (+4.7%) प्रदर्शित हुआ है।

➲ वियतनाम वर्ष 2019 में 60वें स्थान से वर्ष 2021 में 52वें स्थान पर आ गया है।

➡ जबकि, क्रमशः इण्डोनेशिया [44वीं (वर्ष 2019) से 32वीं (वर्ष 2021)] तथा सऊदी अरब [43वीं (वर्ष 2019) से 33वीं (वर्ष 2021)] की रैंक में सर्वाधिक सुधार परिलक्षित हुआ है।

➡ जिन देशों की रैंकिंग में सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई है, उनमें मलेशिया [29वीं (वर्ष 2019) से 38वीं (वर्ष 2021)], भारत [(46वीं (वर्ष 2019) से 54वीं (वर्ष 2021)] तथा मंगोलिया [(76वीं (वर्ष 2019) से 84वीं (वर्ष 2021)] शामिल हैं।

**यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक की रूपरेखा**

| **सक्षम वातावरण (Enabling Environment)** | **यात्रा एवं पर्यटन नीति तथा सक्षम वातावरण (Travel and Tourism Policy and Enabling Conditions)** | **अवसंरचना (Infrastructure)** | **यात्रा एवं पर्यटन मांग संचालक (Travel and Tourism Demand Drivers)** | **यात्रा एवं पर्यटन वहनीयता (Travel and Tourism Sustainability)** |
|---|---|---|---|---|
| कारोबारी माहौल (Business Environment) | यात्रा एवं पर्यटन को प्राथमिकता (Prioritization of Travel and Tourism) | वायु परिवहन अवसंरचना (Air Transport Infrastructure) | प्राकृतिक संसाधन (Natural Resources) | पर्यावरणीय वहनीयता Environmental Sustainability) |
| रक्षा एवं सुरक्षा (Safety and Security) | अंतरराष्ट्रीय खुलापन (International Openness) | भूमि एवं बंदरगाह अवसंरचना (Ground and Port Infrastructure) | सांस्कृतिक संसाधन (Cultural Resources) | सामाजिक-आर्थिक लचीलापन एवं स्थितियां (Socioeconomic Resilience and Conditions) |
| स्वास्थ्य और स्वच्छता Health & Hygiene) | लागत प्रतिस्पर्धा (Price Competitiveness) | पर्यटक सेवा अवसंरचना (Tourist Service Infrastructure) | गैर-आरामदेह संसाधन (Non-Leisure Resources) | यात्रा एवं पर्यटन मांग दबाव एवं प्रभाव (Travel and Tourism Demand Pressure and Impact) |
| मानव संसाधन एवं श्रम बाजार (Human Resources and Labour Market) | | | | |
| आईसीटी तैयारी (ICT Readiness) | | | | |

### रैंकिंग

➡ **TTDI, 2021 : शीर्ष पांच देश**

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 1 | जापान | 5.2 |
| 2 | अमेरिका | 5.2 |
| 3 | स्पेन | 5.2 |
| 4 | फ्रांस | 5.1 |
| 5 | जर्मनी | 5.1 |

➡ TTDI, 2021 में चाड (स्कोर : 2.5) अंतिम (117वें) स्थान पर है।

### TTDI, 2021 : भारत की स्थिति

➡ भारत ने यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक, 2021 में 54वीं रैंक प्राप्त किया है तथा यह दक्षिण एशिया में शीर्ष पर है।

➡ हालांकि, भारत के समग्र स्कोर में वर्ष 2019 की तुलना में 2.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

➲ वर्ष 2019 में भारत की रैंकिंग 46वीं थी।

➡ **TTDI, 2021 : भारत तथा पड़ोसी देशों की स्थिति**

| देश | रैंक | स्कोर |
|---|---|---|
| भारत | 54 | 4.1 |
| चीन | 12 | 4.9 |
| पाकिस्तान | 83 | 3.6 |
| नेपाल | 102 | 3.3 |
| बांग्लादेश | 100 | 3.3 |
| श्रीलंका | 74 | 3.7 |

# टाइम 100 : सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्ति, 2022

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 23 मई, 2022 को टाइम मैगजीन द्वारा वर्ष 2022 में विश्व के 100 सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों की वार्षिक सूची (Time 100 : Most Influential People, 2022) जारी की गई।

➡ यह इस सूची का 19वां संस्करण है।

➡ वर्ष 2022 की टाइम 100 सूची में सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों को 6 श्रेणियों यथा- कलाकार (Artists), प्रवर्तक (Innovators), असाधारण व्यक्ति (Titans), नेता (Leaders), आइकॉन (Icons) तथा मार्गदर्शक (Pioneers) के अंतर्गत रखा गया है।

### वर्ष 2022 की सूची

➡ **कलाकार (Artists) श्रेणी** में चीनी-कनाडाई अभिनेता तथा स्टंटमैन सीमू लियु (Simu Liu) के अतिरिक्त 14 व्यक्ति शामिल हैं, जिनमें साराह जेसिका पार्कर (अमेरिकी अभिनेत्री), जेरेमी स्ट्रॉन्ग (अमेरिकी अभिनेता) एवं फेथ रिंगगोल्ड (अमेरिकी पेंटर, लेखिका, वक्ता) प्रमुख हैं।

➡ **प्रवर्तक (Innovators) श्रेणी** में शामिल प्रमुख व्यक्ति अमेरिकी अभिनेत्री एवं गायिका जेंदाया (Zendaya) एवं मिराण्डा लैम्बर्ट (अमेरिकी गायिका) आदि हैं।

➡ **असाधारण व्यक्ति (Titans)** श्रेणी में एप्पल कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) टिम कुक (Tim Cook) के अतिरिक्त ओपरा विनफ्रे (अमेरिकी टेलीविजन होस्ट), क्रिस्टीन लैगार्डे (यूरोपीय सेंट्रल बैंक की अध्यक्ष), एण्डी जैस्सी (अमेजॉन के अध्यक्ष एवं CEO) आदि शामिल हैं।

➲ इसी श्रेणी में भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में शामिल गौतम अडानी को भी जगह प्राप्त हुई है।

➡ **नेता (Leaders) श्रेणी** में कुल 23 लोग शामिल हैं, जिनमें बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मॉटेली; यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की; केतनजी ब्राउन जैक्सन (अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम अश्वेत महिला न्यायमूर्ति); शी जिनपिंग (चीनी राष्ट्रपति); जो बाइडेन (अमेरिकी राष्ट्रपति); यून सुक-योल (दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति); व्लादिमीर पुतिन (रूस के राष्ट्रपति); सामिया सुलुहु हसन (तंजानिया की प्रथम महिला राष्ट्रपति) प्रमुख हैं।




➲ इसी श्रेणी में भारत के खुर्रम परवेज (Khurram Parvez) भी शामिल हैं, जो कश्मीर में मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं।

➡ **आइकॉन (Icons) श्रेणी** में कुल 11 लोगों ने स्थान प्राप्त किया है, जिसमें अमेरिकी गायिका मैरी जे. ब्लीज (Mary J. Blige); स्पेन के टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल (Rafael Nadal); रूसी समाचार-पत्र नोवाया गजेटा (Novaya Gazeta) के एडिटर-इन-चीफ दिमित्री मुराटोव शामिल हैं।

➡ **मार्गदर्शक (Pioneers) श्रेणी** में शामिल व्यक्तियों में अमेरिकी पेशेवर महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी कैनडास पार्कर (Candace Parker); अमेरिका की डाटा वैज्ञानिक एवं ह्विसलब्लोअर फ्रांसिस हाउगेन (Frances Haugen) एवं जेम्स वेब टेलीस्कोप कार्यक्रम के डायरेक्टर ग्रेगरी एल. रॉबिंसन (Gregory L. Robinson) प्रमुख हैं।

### टाइम 100 सूची में भारतीय

➡ असाधारण व्यक्ति (Titans) श्रेणी में भारत के गौतम अडानी को शामिल किया गया है।

➡ नेता (Leaders) श्रेणी में सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता करुणा नंदी (Karuna Nundy) तथा कश्मीर के मानवाधिकार कार्यकर्ता खुर्रम परवेज को शामिल किया गया है।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

➡ इस वर्ष विश्व के 100 सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तियों में 49 महिलाएं शामिल हैं।

➡ 18 वर्षीय चीनी-अमेरिकी स्कीयर इलीन गु (Eileen Gu) इस सूची में शामिल सबसे कम उम्र की व्यक्ति हैं, जबकि फेथ रिंगगोल्ड (91 वर्ष) इस सूची में शामिल सबसे अधिक उम्र की व्यक्ति हैं।




# भारत का विदेशी ऋण : मार्चांत, 2022

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 30 जून, 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा भारत के विदेशी ऋण (External Debt) के तिमाही आंकड़े जारी किए गए।

- जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्चांत, 2022 में भारत का विदेशी ऋण 620.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो मार्चांत, 2021 की तुलना में 47.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर अधिक है।

➡ सकल घरेलू उत्पाद (GDP) एवं विदेशी ऋण का अनुपात मार्चांत, 2022 में घटकर 19.9 प्रतिशत हो गया, जबकि मार्चांत, 2021 में यह 21.2 प्रतिशत था।

भारतीय रिज़र्व बैंक
Reserve Bank of India
India's Central Bank

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

➡ भारतीय रुपये, येन, एसडीआर तथा यूरो जैसी प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की मूल्य वृद्धि के कारण मूल्य निर्धारण लाभ 11.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

**विदेशी ऋण - बकाया और भिन्नता**

(बिलियन डॉलर में)

| क्षेत्र | मार्चांत बकाया | | | प्रतिशत भिन्नता |
|---|---|---|---|---|
| | 2020 (सं.) | 2021 (अं.सं.) | 2022 (अन.) | मार्चांत, 2021 से मार्चांत, 2022 की |
| सरकार (General Government) | 100.9 | 111.6 | 130.8 | 17.1 |
| केंद्रीय बैंक (Central Bank) | 0.2 | 0.2 | 0.1 | -56.6 |
| जमा स्वीकार करने वाले निगम (केंद्रीय बैंक शामिल नहीं) | 158..2 | 160.8 | 158.7 | -1.3 |
| अन्य क्षेत्र | 276.4 | 275.9 | 303.5 | 10.0 |
| अन्य वित्तीय निगम | 40.7 | 55.2 | 53.2 | -3.6 |
| गैर-वित्तीय निगम | 235.7 | 220.7 | 250.2 | 13.4 |
| एन.पी.आई.एस.एच.एस. (NPISHs) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | -31.6 |
| प्रत्यक्ष निवेश : अंतर्कंपनी उधार (Intercompany lending) | 22.7 | 25.2 | 27.7 | 10.0 |
| कुल ऋण | 558.4 | 573.7 | 620.7 | 8.2 |
| दीर्घावधिक ऋण (मूल परिपक्वता)@ | 451.5 | 472.6 | 499.1 | 5.6 |
| अल्पावधिक ऋण (मूल परिपक्वता)# | 106.9 | 101.1 | 121.7 | 20.4 |

सं. = संशोधित; अं.सं= अंशतः संशोधित;
अन. = अनंतिम

@एक वर्ष से अधिक की मूल परिपक्वता के साथ ऋण

#एक वर्ष तक की मूल परिपक्वता के साथ ऋण

➲ यदि मूल्य निर्धारण प्रभाव को छोड़ दिया जाए, तो मार्चांत, 2021 के 47.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में मार्चांत, 2022 में 58.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक की वृद्धि हो सकती थी।

➡ मार्चांत, 2022 में दीर्घावधिक ऋण (एक वर्ष से अधिक की मूलपरिपक्वता के साथ) 499.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो मार्चांत, 2021 के स्तर से 26.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर अधिक है।

➲ कुल बाह्य ऋण में अल्पावधिक ऋण (एक वर्ष की मूल परिपक्वता के साथ) की हिस्सेदारी मार्चांत, 2022 में बढ़कर 19.6 प्रतिशत हो गई, जबकि मार्चांत, 2021 में यह 17.6 प्रतिशत थी।

➡ विदेशी मुद्रा भण्डार एवं अल्पावधिक ऋण (मूल परिपक्वता) का अनुपात मार्चांत, 2022 में बढ़कर 20 प्रतिशत (मार्चांत, 2021 में 17.5 प्रतिशत) हो गया।

➡ मार्चांत, 2022 में भारत के विदेशी ऋण में सर्वाधिक हिस्सेदारी अमेरिकी डॉलर (53.2%) की रही। उसके बाद भारतीय रुपया (31.2%), एसडीआर (6.6%), येन (5.4%) तथा यूरो (2.9%) का स्थान रहा।

➡ वर्ष 2021-22 के दौरान सरकारी एवं गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों के बकाया ऋण (Outstanding Debt) में वृद्धि हुई है।

➡ कुल विदेशी ऋण में गैर-वित्तीय निगमों के बकाया ऋण की हिस्सेदारी सर्वाधिक 40.3 प्रतिशत थी।

➲ इसके बाद जमा स्वीकार करने वाले निगम (केंद्रीय बैंक को छोड़कर) 25.6 प्रतिशत, सरकार 21.1 प्रतिशत तथा अन्य वित्तीय निगम 8.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी।

➡ 33 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ ऋण (Loans), विदेशी ऋण का सबसे बड़ा घटक रहा।

➲ इसके पश्चात मुद्रा एवं जमा (Currency and Deposits) 22.7 प्रतिशत, व्यापार ऋण एवं अग्रिम (Trade Credit and Advances) 19 प्रतिशत तथा ऋण प्रतिभूतियों (Debt Securities) 17.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी।

➡ ऋण सेवा (अर्थात Principal Repayments and Interest Payments) मार्चांत, 2022 में घटकर चालू प्राप्तियों का 5.2 प्रतिशत हो गई, जबकि मार्चांत, 2021 में यह 8.2 प्रतिशत थी।

# स्काईट्रैक्स : वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स, 2022

**वर्तमान संदर्भ**

➡ 16 जून, 2022 को वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स, 2022 की घोषणा पेरिस (फ्रांस) में की गई।

➡ दोहा, कतर के **'हमद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे'** को वर्ष 2022 में विश्व का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा घोषित किया गया।

➲ विगत वर्ष भी इस हवाई अड्डे को विश्व का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा घोषित किया गया था।

➡ अन्य प्रमुख विजेताओं में **सिंगापुर चांगी एयरपोर्ट** को विश्व का सर्वश्रेष्ठ 'एयरपोर्ट स्टाफ सर्विस' एवं 'एयरपोर्ट डाइनिंग' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

➡ तुर्की के 'इस्तांबुल हवाई अड्डे' को विश्व के सर्वश्रेष्ठ **'एयरपोर्ट शॉपिंग'** तथा 'मोस्ट फेमिली फ्रेण्डली एयरपोर्ट' का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

➡ जापान के **'टोक्यो हनेडा हवाई अड्डे'** ने निम्न श्रेणियों में पुरस्कार जीता–

➲ विश्व का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ हवाई अड्डा (World's Cleanest Airport)

➲ विश्व का सर्वश्रेष्ठ घरेलू हवाई अड्डा (World's Best Domestic Airport)

➲ एशिया का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा तथा पीआरएम एवं सुलभ सुविधाओं हेतु सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा।

➡ रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने विश्व में सबसे अधिक सुधार करने वाले (Most Improved) हवाई अड्डे का पुरस्कार जीता।

➡ **कुछ अन्य पुरस्कार इस प्रकार हैं–**

| श्रेणी | हवाई अड्डे का नाम | संबद्ध देश |
|---|---|---|
| विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय हवाई अड्डा | नागोया का चुबू सेंट्रेअर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | जापान |
| विश्व का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा अप्रवासन जांच पुरस्कार (World's Best Airport Immigration Processing Award) | कोपेनहेगन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | डेनमार्क |
| विश्व का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा सुरक्षा जांच पुरस्कार | ज्यूरिख हवाई अड्डा | स्विट्जरलैण्ड |

➡ **विश्व के 10 सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे**

| | हवाई अड्डा | संबद्ध देश |
|---|---|---|
| 1 | हमद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | कतर |
| 2 | टोक्यो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (हनेडा) | जापान |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | सिंगापुर चांगी हवाई अड्डा | सिंगापुर |
| 4 | टोक्यो नरिटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | जापान |
| 5 | इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | दक्षिण कोरिया |
| 6 | पेरिस चार्ल्स डि गॉले हवाई अड्डा | फ्रांस |
| 7 | म्यूनिख हवाई अड्डा | जर्मनी |
| 8 | इस्तांबुल हवाई अड्डा | तुर्की (नया नाम तुर्किये) |
| 9 | ज्यूरिख हवाई अड्डा | स्विट्जरलैण्ड |
| 10 | कंसाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | जापान |

**अवॉर्ड्स एवं भारत**

➡ अवॉर्ड्स की सूची में 4 भारतीय हवाई अड्डों को 100 सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डों में स्थान प्राप्त हुआ है, जो निम्न हैं :-

| हवाई अड्डे का नाम | रैंक |
|---|---|
| दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | 37 |
| बंगलुरू का केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | 61 |
| हैदराबाद का राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | 63 |
| मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा | 65 |

➡ **भारतीय हवाई अड्डों को प्राप्त स्काईट्रैक्स एयरपोर्ट अवॉर्ड्स, 2022**

(1) इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा - Best Airport in India/ South Asia - Cleanest Airport in India/ South Asia

(2) केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बंगलुरू - Best Regional Airport in India & South Asia

(3) राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद - Best Airport Staff in India & South Asia

**अवॉर्ड के बारे में**

➡ वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स (The World Airport Awards) की शुरुआत वर्ष 1999 में हुई थी, जब स्काईट्रैक्स (Skytrax) ने अपना प्रथम वैश्विक एयरपोर्ट ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण (First Global Airport Customer Satisfaction Survey) जारी किया था।

- वर्ष 1989 में स्थापित स्काईट्रैक्स (इनफ्लाइट रिसर्च सर्विसेज) यूनाइटेड किंगडम में स्थित है, जो हवाई परिवहन उद्योग (Air Transport Industry) के क्षेत्र में अनुसंधान विशेषज्ञ तथा सलाहकारी संस्था है।

➡ वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स के अंतर्गत 500 से अधिक हवाई अड्डों पर ग्राहकों को उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं का आकलन किया जाता है।

# मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2022-23


**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 8 जून, 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली 'मौद्रिक नीति समिति' (MPC) द्वारा 'मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2022-23' (Monetary Policy Statement, 2022-23) जारी किया गया।

➡ समिति द्वारा जारी इस मौद्रिक नीति वक्तव्य में 'चलनिधि समायोजन सुविधा' (LAF : Liquidity Adjustment Facility) के तहत, नीतिगत रेपो दर में तत्काल प्रभाव से वृद्धि करते हुए पूर्व के स्तर (4.40%) से 50 आधार अंक बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया।

- परिणामस्वरूप, स्थायी जमा सुविधा (SDF: Standing Deposit Facility) दर 4.65 प्रतिशत तथा सीमांत स्थायी सुविधा (MSF : Marginal Standing Facility) दर एवं बैंक दर 5.15 प्रतिशत हो गई।

**मौद्रिक नीति समिति द्वारा घोषित दरें**



➡ 4 मई, 2022 के मौद्रिक नीति वक्तव्य में नकद आरक्षी अनुपात (CRR : Cash Reserve Ratio) में 0.50 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की गई थी, जो 21 मई, 2022 से प्रभावी है।

➡ 31 मई, 2022 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी अनंतिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत थी, जो महामारी पूर्वस्तर (2019-20) से 1.5 प्रतिशत अधिक है।

➡ वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर तीसरी तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई, जो मुख्यतः ओमिक्रॉन लहर के परिणामस्वरूप निजी खपत में कमजोरी के कारण नीचे आ गई।

➡ वर्ष 2022-23 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत अनुमानित है।

➡ 20 मई, 2022 तक वाणिज्यिक बैंकों से मुद्रा आपूर्ति (M3) और बैंक ऋण (वर्ष-दर-वर्ष) में क्रमशः 8.8 प्रतिशत और 12.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

- 27 मई, 2022 तक भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार 601.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

**स्थायी जमा सुविधा दर (Standing Deposits Facility Rate):**

➡ 8 अप्रैल, 2022 के 'विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य' में की गई घोषणा के अनुरूप स्थायी जमा सुविधा (SDF) का परिचालन तत्काल प्रभाव (8 अप्रैल, 2022) से लागू किया गया।

➡ स्थायी जमा सुविधा दर (SDFR) चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) कॉरिडोर के आधार (फ्लोर) के रूप में प्रत्यावर्तनीय रिवर्स रेपो दर (FRRR) की जगह लेगी, जो नीतिगत रेपो दर से 25 आधार अंक कम होगी।

➡ ध्यातव्य है, कि वर्ष 2014 में उर्जित पटेल समिति की रिपोर्ट में 'स्थायी जमा सुविधा दर' (SDFR) की सिफारिश की गई थी, जो 8 अप्रैल, 2022 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की नीति का हिस्सा बनी।

➡ स्थायी जमा सुविधा (SDF) एक ऐसी सुविधा है, जिसके तहत अधिशेष तरलता निकालने के लिए किसी भी प्रकार की जमानत (Collateral) की आवश्यकता नहीं होती है।

➡ वस्तुत: जब बैंकों को अल्पावधि के लिए धन की आवश्यकता होती है, तो वे RBI से रेपो दर (Repo Rate) पर उधार लेते हैं, जिसके लिए उन्हें सरकारी प्रतिभूतियां (Govt. Securities) गिरवी रखनी पड़ती हैं।

- इसी प्रकार, जब बैंकों के पास अधिक राशि होती है, तो वे उसे RBI में रिवर्स रेपो रेट (Reverse Repo Rate) पर जमा करते हैं। यहां भी सरकारी प्रतिभूतियां जमानत का काम करती हैं।

➡ SDF इसी प्रकार की सुविधा है, लेकिन इसमें किसी जमानत (Collateral) की आवश्यकता नहीं होती है।

# खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य : विपणन मौसम, 2022-23

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 8 जून, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति (CCEA) द्वारा विपणन मौसम, 2022-23 के लिए सभी अधिदेशित (Mandated) खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई।

➡ सरकार ने फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने एवं उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित कराने हेतु विपणन मौसम, 2022-23 की खरीफ फसलों के एमएसपी (MSP) में वृद्धि की।

➡ विपणन मौसम, 2022-23 के लिए खरीफ फसलों की एमएसपी (MSP) में वृद्धि, वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में एमएसपी (MSP) को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत (All India weighted average cost of production) के ऊपर कम-से-कम 50 प्रतिशत लाभ निर्धारित करने की उद्घोषणा के अनुरूप है।

➡ ध्यातव्य है, कि बाजरा, तूर, उड़द, सूरजमुखी बीज, सोयाबीन एवं मूंगफली की एमएसपी पर लाभ अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक है, जो कि क्रमश: 85 प्रतिशत, 60 प्रतिशत, 59 प्रतिशत, 56 प्रतिशत, 53 प्रतिशत एवं 51 प्रतिशत है।




➡ वर्ष 2021-22 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, देश में खाद्यान्न का उत्पादन रिकॉर्ड 314.51 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो कि वर्ष 2020-21 के खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 3.77 मिलियन टन अधिक है।

➡ वर्ष 2021-22 के दौरान उत्पादन, पिछले पांच वर्षों (2016-17 से 2020-21) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 23.80 मिलियन टन अधिक है।

| विपणन मौसम, 2022-23 के लिए सभी खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (रु. प्रति क्विंटल) | | |
|---|---|---|
| **फसल** | **एमएसपी 2021-22** | **एमएसपी 2022-23** |
| धान (सामान्य) | 1940 | 2040 |
| धान (ग्रेड ए) ^ | 1960 | 2060 |
| ज्वार (हाईब्रिड) | 2738 | 2970 |
| ज्वार (मालदाण्डी) | 2758 | 2990 |
| बाजरा | 2250 | 2350 |
| रागी | 3377 | 3578 |
| मक्का | 1870 | 1962 |
| तूर (अरहर) | 6300 | 6600 |
| मूंग | 7275 | 7755 |
| उड़द | 6300 | 6600 |
| मूंगफली | 5550 | 5850 |
| सूरजमुखी बीज | 6015 | 6400 |
| सोयाबीन (पीला) | 3950 | 4300 |
| तिल (Sesamum) | 7307 | 7830 |
| रामतिल (Niger seed) | 6930 | 7287 |
| कपास (मध्यम रेशा) | 5726 | 6080 |
| कपास (लंबा रेशा) ^ | 6025 | 6380 |
| ^ धान (ग्रेड ए), ज्वार (मालदाण्डी) एवं कपास (लंबा रेशा) के लिए लागत आंकड़े पृथक रूप से संकलित नहीं किए जाते हैं। | | |

# ग्लोबल स्किल्स रिपोर्ट, 2022

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य




➡ जून, 2022 में कौरसेरा संस्थान (Coursera Institute) द्वारा ग्लोबल स्किल्स रिपोर्ट (Global Skills Report), 2022 जारी की गई।

➡ ग्लोबल स्किल्स रिपोर्ट, 2022 कौरसेरा (Coursera) से जुड़े 100 मिलियन से अधिक शिक्षार्थियों (Learners) के प्रदर्शन डाटा के विश्लेषण पर आधारित है।

- ➲ रिपोर्ट के तहत, तीन सबसे महत्वपूर्ण कौशल क्षेत्रों (Skill Areas) यथा-व्यवसाय (Business), प्रौद्योगिकी (Technology) और डाटा विज्ञान (Data Science) पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

➡ क्षेत्रीय भिन्नताओं वाले देशों (अमेरिका, भारत) के लिए राज्य-विशिष्ट डाटा भी इस वर्ष प्रस्तुत किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

➡ वैश्विक पटल पर, समग्र कौशल दक्षता के मामले में स्विट्जरलैण्ड (Switzerland) शीर्ष स्थान पर है, जबकि डेनमार्क (Denmark) और इण्डोनेशिया (Indonesia) क्रमशः दूसरे तथा तीसरे स्थान पर हैं।

➡ **ग्लोबल स्किल्स रिपोर्ट के संदर्भ में शीर्ष 5 देश**

| क्र.सं. | देश |
|---|---|
| 1 | स्विट्जरलैण्ड |
| 2 | डेनमार्क |
| 3 | इण्डोनेशिया |
| 4 | बेल्जियम |
| 5 | सिंगापुर |

➡ ध्यातव्य है, कि स्विट्जरलैण्ड ने वर्ष 2021 में भी समग्र रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

➡ वर्तमान रिपोर्ट में जहां संयुक्त राज्य अमेरिका 29वें स्थान पर है, वहीं चीन समग्र रैंकिंग में 52वें स्थान पर है।

- ➲ म्यांमार 43वें, बांग्लादेश 50वें, श्रीलंका 59वें, पाकिस्तान 64वें तथा नेपाल 77वें स्थान पर है।

➡ सूडान को अंतिम स्थान (102वां) प्राप्त हुआ है।

➡ वैश्विक परिदृश्य में यह अनुमान किया गया है, कि इस दशक के मध्य तक 85 मिलियन नौकरियां खत्म हो सकती हैं तथा उनकी जगह 97 मिलियन नए कौशल श्रमिक अपना स्थान ले सकते हैं।

**भारतीय परिप्रेक्ष्य**

➡ रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में समग्र कौशल दक्षता के संदर्भ में भारत 68वें स्थान पर है।

- ➲ एशिया प्रशांत क्षेत्र में भारत 19वें स्थान पर है।

➡ भारत में 15.7 मिलियन प्रशिक्षु (Learners) कौरसेरा प्रशिक्षण प्रोग्राम से जुड़े हुए हैं, जिनमें 38 प्रतिशत महिला प्रशिक्षु (Learners) हैं। 60 प्रतिशत प्रशिक्षु मोबाइल के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरा करते हैं।

➡ व्यापारिक रैंकिंग में भारत 62वें स्थान पर है। हालांकि, संप्रेषण (Communication), मानव संसाधन तथा वित्त में भारत की स्थिति मजबूत है।

➡ प्रौद्योगिकी रैंकिंग में भारत 56वें स्थान पर है। क्लाउड कंप्यूटिंग, सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान (Theoretical Computer Science) तथा वेब डेवलपमेंट जैसे प्रमुख तकनीकी कौशल में भारत ने मजबूत दक्षता का प्रदर्शन किया है।

- ➲ 74 प्रतिशत दक्षता के साथ क्लाउड कंप्यूटिंग भारत का सबसे मजबूत प्रौद्योगिकी कौशल है।

➡ डाटा विज्ञान की रैंकिंग में भारत 76वें स्थान पर है।

- ➲ डाटा विज्ञान कौशल में भारतीय शिक्षार्थी पिछड़ रहे हैं। डाटा विजुअलाइजेशन (Data Visualization), सांख्यिकी कार्यक्रम (Statistical Programming) तथा डाटा प्रबंधन (Data Management) जैसे कौशल दक्षता में भारत का प्रदर्शन निम्न (Low) रहा।

➡ कौशल दक्षता के संदर्भ में भारतीय राज्यों में पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु अग्रणी राज्य हैं।

➡ दक्षिणी राज्यों के शिक्षार्थियों ने उत्तरी राज्यों के शिक्षार्थियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।


# वैश्विक प्रेषण पर विश्व बैंक की रिपोर्ट, 2022

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 11 मई, 2022 को विश्व बैंक समूह द्वारा माइग्रेशन एण्ड डेवलपमेंट ब्रीफ, 36 (Migration and Development Brief, 36) का नवीनतम संस्करण "A WAR IN A PANDEMIC : Implications of the Ukraine crisis and COVID-19 on Global governance of Migration and Remittance Flows" जारी किया गया।

➡ रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 के दौरान निम्न और मध्यम आय वाले देशों में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्रेषण प्रवाह (Remittance flows) 630 बिलियन डॉलर होने का पूर्वानुमान है।


- ➲ उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में इसमें 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, जब प्रेषण प्रवाह बढ़कर 605 बिलियन डॉलर हो गया था।





➡ जैसे ही निम्न एवं मध्यम आय वाले देश कोविड-19 से उबरने लगे थे, रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ गया, जिससे प्रवासन एवं प्रेषण के लिए वैश्विक परिदृश्य बदल गया।

➡ वर्ष 2022 में यूक्रेन के लिए प्रेषण 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ने का अनुमान है।

- ➲ दूसरी तरफ कई मध्य एशियाई देशों (जिनका मुख्य स्रोत रूस है) के लिए प्रेषण प्रवाह में नाटकीय रूप से गिरावट आने का अनुमान है।



**वर्ष 2021 में दक्षिण एशिया क्षेत्र में शीर्ष प्रेषण प्राप्तकर्ता देश**




➡ प्रेषण प्रवाह में गिरावट तथा खाद्य, उर्वरक एवं तेल की कीमतों में वृद्धि निम्न आय वाले देशों में खाद्य असुरक्षा तथा गरीबी में वृद्धि के जोखिम पैदा कर सकते हैं।

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

➡ वैश्विक स्तर पर भारत सबसे बड़ा प्रेषण (Remittances प्राप्तकर्ता देश रहा। उसके बाद क्रमशः मेक्सिको, चीन, फिलीपींस एवं मिस्र का स्थान है।

➡ वर्ष 2021 में भारत को लगभग 89 बिलियन डॉलर प्रेषण (Remittance) प्राप्त होने का अनुमान है।

| | **प्रेषण प्रवाह (बिलियन डॉलर में)** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्षेत्र** | **2019** | **2020** | **2021e** | **2022f** | **2023f** |
| निम्न एवं मध्यम आय वाले देश | 553 | 558 | 605 | 630 | 659 |
| पूर्वी एशिया एवं प्रशांत<br>(चीन शामिल नहीं) | 148<br>80 | 137<br>78 | 133<br>80 | 133<br>83 | 134<br>86 |
| यूरोप एवं मध्य एशिया | 68 | 69 | 74 | 73 | 77 |
| लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन | 96 | 104 | 131 | 143 | 153 |
| मध्य-पूर्व एवं उत्तरी अफ्रीका | 54 | 57 | 61 | 65 | 68 |
| दक्षिण एशिया | 139 | 147 | 157 | 164 | 172 |
| उप-सहारा अफ्रीका | 47 | 43 | 49 | 53 | 55 |
| **विश्व** | **714** | **719** | **773** | **802** | **842** |
| | **प्रेषण प्रवाह वृद्धि दर (% में)** | | | | |
| निम्न एवं मध्यम आय वाले देश | 5.0 | 0.8 | 8.6 | 4.2 | 4.5 |
| पूर्वी एशिया एवं प्रशांत<br>(चीन शामिल नहीं) | 4.0<br>6.2 | -7.3<br>-2.4 | -3.3<br>2.5 | 0.3<br>3.8 | 0.3<br>3.5 |
| यूरोप एवं मध्य एशिया | 9.2 | 1.5 | 7.8 | -1.6 | 5.0 |
| लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन | 7.9 | 8.2 | 25.3 | 9.1 | 7.7 |
| मध्य-पूर्व एवं उत्तरी अफ्रीका | 4.0 | 5.2 | 7.6 | 6.0 | 4.3 |
| दक्षिण एशिया | 6.0 | 5.4 | 6.9 | 4.4 | 4.8 |
| उप-सहारा अफ्रीका | -4.3 | -8.1 | 14.1 | 7.1 | 5.5 |
| **विश्व** | **4.6** | **0.6** | **7.6** | **3.7** | **4.9** |
| **नोट :** e = अनुमानित, f = पूर्वानुमानित | | | | | |

# विश्व के अरबपतियों की सूची, 2022 : फोर्ब्स

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ अप्रैल, 2022 में अमेरिकी बिजनेस पत्रिका फोर्ब्स द्वारा 'विश्व के अरबपतियों की सूची, 2022' (World's Billionaires List, 2022) जारी की गई।

➡ इस पत्रिका की 36वीं वार्षिक रैंकिंग में 2668 अरबपतियों को शामिल किया गया है, जिसमें 236 नए अरबपति शामिल हैं।

➡ फोर्ब्स के अनुसार, जहां वर्ष 2021 में 2755 अरबपति इस सूची में शामिल थे, वहीं इस बार की सूची में 2668 अरबपति ही शामिल हैं; अर्थात विगत वर्ष की तुलना में अरबपतियों की संख्या में 87 की कमी आई है।

➡ वर्ष 2022 की सूची में शामिल अरबपतियों की कुल शुद्ध संपत्ति (Total net worth) 12.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।

- ➲ जबकि वर्ष 2021 की सूची में शामिल अरबपतियों की कुल शुद्ध संपत्ति (Total net worth) 13.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर थी; अर्थात विगत वर्ष की तुलना में इसमें 400 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी दर्ज की गई है।
- ➲ बारबाडोस, बुल्गारिया, एस्टोनिया तथा उरुग्वे के किसी व्यक्ति को पहली बार इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ है।

### रैंकिंग

➡ फोर्ब्स विश्व के अरबपतियों की सूची, 2022 में स्पेसएक्स (SpaceX) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला (Tesla) के CEO एलन मस्क (Elon Musk) 219 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ शीर्ष पर हैं।

- ➲ जबकि, 171 बिलियन अमेरिकी डॉलर संपत्ति के साथ अमेजॉन (Amazon) के संस्थापक जेफ बेजोस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

➡ तीसरे स्थान पर फैशन एवं रिटेल क्षेत्र की फ्रांसीसी कंपनी एलवीएमएच (LVMH) के संस्थापक बर्नार्ड अरनॉल्ट एवं परिवार (Bernard Arnault & Family) है, जिनकी कुल संपत्ति 158 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

**विश्व के शीर्ष पांच अरबपति**

| रैंक | अरबपति | संपत्ति (बिलियन अमेरिकी डॉलर में) | कंपनी | देश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एलन मस्क | 219 | टेस्ला, स्पेसएक्स | यू.एस.ए. |
| 2 | जेफ बेजोस | 171 | अमेजॉन | यू.एस.ए. |
| 3 | बर्नाड अरनॉल्ट एवं परिवार | 158 | एलवीएमएच | फ्रांस |
| 4 | बिल गेट्स | 129 | माइक्रोसॉफ्ट | यू.एस.ए. |
| 5 | वारेन बफे | 118 | बर्कशायर हैथवे | यू.एस.ए. |

### भारत की स्थिति




➡ फोर्ब्स विश्व के अरबपतियों की सूची, 2022 में भारत के कुल 166 अरबपति शामिल हैं, जो वर्ष 2021 के 140 अरबपतियों की तुलना में 26 अधिक है।

➡ इन अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति में वर्ष 2021 की तुलना में लगभग 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसके साथ कुल संपत्ति बढ़कर 750 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।

➡ सूची में भारत के सर्वाधिक अमीर अरबपति रिलायंस इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी हैं।

- ➲ मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 90.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- ➲ समग्र रूप से मुकेश अंबानी इस सूची में 10वें स्थान पर हैं।

➡ दूसरे सबसे अमीर भारतीय अरबपति गौतम अडानी एवं परिवार हैं।

- ➲ गौतम अडानी एवं परिवार 90 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में 11वें स्थान पर हैं।

➡ सूची में तीसरे अमीर भारतीय व्यक्ति शिव नडार (Shiv Nadar) हैं, जिनकी कुल संपत्ति 28.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर है एवं फोर्ब्स, 2022 अरबपतियों की सूची में इन्हें समग्र रूप से 47वां स्थान प्राप्त हुआ है।

**शीर्ष पांच भारतीय अरबपति**

| समग्र रैंक | अरबपति | संपत्ति (बिलियन अमेरिकी डॉलर में) | आय स्रोत |
|---|---|---|---|
| 10 | मुकेश अंबानी | 90.7 | विविध |
| 11 | गौतम अडानी एवं परिवार | 90 | विविध |
| 47 | शिव नडार | 28.7 | सॉफ्टवेयर सेवा |
| 56 | साइरस पूनावाला | 24.3 | वैक्सीन |
| 81 | राधाकिशन दमानी | 20 | खुदरा, निवेश (Retail, Investments) |

➡ सूची में सबसे अमीर भारतीय महिला अरबपति सावित्री जिंदल एवं परिवार (17.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर) हैं।

- ➲ भारतीय अरबपतियों में ये 7वें स्थान पर तथा समग्र रैंकिंग में 91वें स्थान पर हैं।




# पृथ्वी-II का सफल परीक्षण

**पृथ्वी-II मिसाइल**

➡ पृथ्वी-II एक स्वदेशी मिसाइल है।

➲ यह सतह-से-सतह पर मार करने वाली लघु दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) है।

➡ ध्यातव्य है, कि लघु दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की रेंज लगभग 1000 किमी. या उससे कम होती है।

➡ पृथ्वी-II मिसाइल का परास अर्थात रेंज 250 से 350 किमी. के बीच है।

➡ यह मिसाइल 500-1000 किग्रा. तक का पेलोड ले जाने में सक्षम है।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 15 जून, 2022 को भारत ने सतह-से-सतह पर मार करने वाली लघु दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-II का सफल परीक्षण किया।

➡ यह परीक्षण एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर, ओडिशा से किया गया।

➡ सद्यः परीक्षण इस मिसाइल का रात्रिकालीन परीक्षण था।

**महत्वपूर्ण बिंदु**

➡ ध्यातव्य है, कि पृथ्वी-II मिसाइल का प्रथम परीक्षण 27 जनवरी, 1996 को किया गया था।

➡ पृथ्वी-II का विकास प्राथमिक रूप से भारतीय वायु सेना द्वारा उपयोग किए जाने हेतु किया गया था। हालांकि, भारतीय थल सेना भी पृथ्वी-II का उपयोग करती है।

➡ इस मिसाइल का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (Defence Research & Development Organisation : DRDO) द्वारा किया गया है।

➡ पृथ्वी-II मिसाइल एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (Integrated Guided Missile Development Programme : IGMDP) का हिस्सा है।

**अन्य तथ्य**

➡ पृथ्वी-I एकल चरणीय तरल ईंधन चालित मिसाइल है।

➡ पृथ्वी-I मिसाइल सतह-से-सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 150 किमी. तथा पेलोड क्षमता 1000 किग्रा. है।

➡ पृथ्वी-I मिसाइल का उपयोग भारतीय थल सेना द्वारा वर्ष 1994 से किया जा रहा है।

➡ पृथ्वी-III, पृथ्वी मिसाइल का नौसैन्य संस्करण है।

➲ यह 1000 किग्रा. पेलोड के साथ 350 किमी., जबकि 250 किग्रा. पेलोड के साथ 750 किमी. दूरी तक मार करने में सक्षम है।

# अग्नि-IV का सफल परीक्षण

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 6 जून, 2022 को ओडिशा स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (पूर्व में व्हीलर द्वीप) से नाभिकीय सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-IV का सफल परीक्षण किया गया।

**परीक्षण का विवरण**

- अग्नि-IV का यह परीक्षण सेना के सामरिक बल कमान (SFC) द्वारा किए जाने वाले प्रयोक्ता परीक्षण का भाग था।
- द्विचरणीय अग्नि-IV मिसाइल का यह 8वां परीक्षण था।

➡ इस मिसाइल का विगत परीक्षण 23 दिसंबर, 2021 को किया गया था।

## अग्नि-IV

➡ स्वदेशी तकनीक से विकसित अग्नि-IV मिसाइल की लंबाई 20 मीटर और वजन 17 टन है।

➡ सतह-से-सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता लगभग 4,000 किमी. है।

- यह मिसाइल ठोस ईंधन प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।

➡ यह मिसाइल अत्याधुनिक उड़ान प्रणाली (Advanced avionics) और 5वीं पीढ़ी की कंप्यूटर प्रणाली से सुसज्जित है।

➡ आरआईएनजीएस (Ring Laser Gyro-based Inertial Navigation System : RINGS) और माइक्रो नैविगेशन सिस्टम (Micro Navigation System : MINGS) इस मिसाइल को लक्ष्य को सटीकता से भेदने में मदद करते हैं।

➡ मिसाइल में संलग्न पुनर्प्रवेश ऊष्मा कवच (Re-entry heat shield) इसे 4000° सेंटीग्रेड तापमान को सहन करने में सक्षम बनाता है और यह सुनिश्चित करता है कि इसके अंदर का तापमान 50°C से कम रहे, ताकि मिसाइल की उड़ान प्रणाली सामान्य रूप से कार्य कर सके।

## अग्नि मिसाइल

➡ अग्नि भारत द्वारा विकसित मध्यम से अंतर-महाद्वीपीय रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलों की एक श्रृंखला है।

➡ अग्नि श्रृंखला की समस्त मिसाइलें सतह-से-सतह पर मार करने वाली मिसाइलें हैं।

## अग्नि श्रृंखला की अन्य मिसाइलें

### अग्नि-I

➡ अग्नि-I, एक चरणीय ठोस प्रणोदक संचालित प्रक्षेपास्त्र है।

- इसकी ऊंचाई 15 मीटर और उड़ान भार 12 टन है।
- 1000 किग्रा. की युद्ध सामग्री के साथ यह मिसाइल 700 किमी. की दूरी तक प्रहार कर सकती है।
- इसका प्रथम परीक्षण 25 जनवरी, 2002 को एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर (ओडिशा) से किया गया था।
- भारतीय थल सेना में इसकी तैनाती हो चुकी है।

### अग्नि-II

➡ 20 मीटर लंबी तथा 17 टन वजनी अग्नि-II द्विचरणीय मिसाइल है।

- यह मिसाइल 1000 किग्रा. युद्ध सामग्री के साथ 2500 किमी. तक मार कर सकती है।
- इसका पहला परीक्षण 11 अप्रैल, 1999 को ह्वीलर द्वीप (वर्तमान में अब्दुल कलाम द्वीप) से किया गया था।
- ठोस प्रणोदक चालित इस मिसाइल को भारतीय थल सेना में शामिल किया जा चुका है।

### अग्नि-III

➡ अग्नि-III मिसाइल 1500 किग्रा. युद्धशीर्ष के साथ 3000 किमी. से अधिक दूरी तक मार कर सकती है।

➡ द्विस्तरीय ठोस प्रणोदक इंजन युक्त इस मिसाइल की लंबाई 17 मीटर, व्यास 2 मीटर और वजन लगभग 22 टन है।

- इसका पहला सफल परीक्षण 12 अप्रैल, 2007 को संपन्न हुआ था।
- अग्नि-III की तैनाती भी भारतीय सशस्त्र सेनाओं में हो चुकी है।

### अग्नि-V

➡ 17.50 मीटर लंबी एवं 50 टन वजनी अग्नि-V एक त्रिचरणीय प्रक्षेपास्त्र है।

- यह ठोस प्रणोदक संचालित प्रक्षेपास्त्र अपने साथ 1 से लेकर 1.5 टन पारंपरिक एवं नाभिकीय दोनों युद्धशीर्ष ले जाने में सक्षम है।
- अग्नि-V एक अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी आरंभिक मारक क्षमता 5,000 किमी. है, लेकिन इसे 8,000 किमी. से लेकर 10,000 किमी. तक बढ़ाया जा सकता है।

### अग्नि पी (प्राइम)

➡ अग्नि पी, अग्नि श्रेणी की सतह-से-सतह पर मार करने वाली मिसाइलों का अत्याधुनिक संस्करण है।

➡ इसकी मारक क्षमता (Range) 1000 किमी. से 2000 किमी. तक है।

➡ यह एक कनस्तरीकृत (Canisterised) मिसाइल है, जिसे रोड या रेल प्लेटफॉर्म से लांच किया जा सकता है।

➡ इसमें 4000 किमी. के परास (Range) वाली अग्नि-IV एवं 5000 किमी. के परास वाली अग्नि-V मिसाइल में प्रयुक्त प्रौद्योगिकियों का प्रयोग किया गया है।

➡ इसमें कई उन्नत प्रौद्योगिकियों; जैसे-कंपोजिट रॉकेट मोटर, रिंग लेजर गायरोस्कोप-आधारित इनर्शियल नैविगेशन प्रणाली तथा माइक्रो नैविगेशन प्रणालियों आदि का समावेश किया गया है।

➡ यह एक द्विचरणीय मिसाइल है, जिसका वजन 23-25 टन है।

➡ विश्लेषक अग्नि पी को चीन की DF-21D पोत-रोधी बैलिस्टिक मिसाइल के समकक्ष देखते हैं। उल्लेखनीय है, कि DF-21D मिसाइल पारंपरिक वारहेड के साथ लगभग 1500 किमी. की दूरी तक हमला करने में सक्षम है।

# विश्व की पहली फिशिंग कैट गणना

**फिशिंग कैट**

➡ फिशिंग कैट (Fishing cat) जंगली बिल्ली (Wild cat) की एक दुर्लभ प्रजाति है।

➡ इसका आकार सामान्य घरेलू बिल्ली के आकार का लगभग दोगुना होता है।

इसका वैज्ञानिक नाम प्रियोनैलुरस विवेरिनस (Prionailurus Viverrinus) है।

➡ एक वयस्क फिशिंग कैट का आकार लगभग 57- 78 सेंमी. तथा वजन 5-16 किग्रा. तक होता है।

➡ फिशिंग कैट ज्यादातर आर्द्रभूमि क्षेत्र तथा मैंग्रोव आवासों में पाई जाती है।

- ➲ हालांकि, श्रीलंका में इनकी कुछ आबादी उच्च शहरीकृत परिदृश्य तथा पर्वतीय वनों में भी पाई गई है।
- ➲ श्रीलंका के अतिरिक्त यह भारत, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, कंबोडिया, पाकिस्तान, थाईलैण्ड आदि देशों में भी पाई जाती है।

➡ भारत में यह ज्यादातर सुंदरबन के मैंग्रोव वन, हिमालय की तलहटी तथा पश्चिमी घाट में पाई जाती है।

**संरक्षण के प्रयास**

➡ फिशिंग कैट को अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature: IUCN) की लाल सूची में सुभेद्य (Vulnerable) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

➡ जंगली जीवों एवं वनस्पतियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (Convention on International Trade in Endangered Species of Wild Fauna and Flora : CITES) के अनुच्छेद IV के परिशिष्ट II में इसे सूचीबद्ध किया गया है।

➡ भारत में फिशिंग कैट को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I में शामिल किया गया है।

➡ वर्ष 2012 में फिशिंग कैट को पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य का राजकीय पशु (State animal) घोषित किया था।




➡ इसके अतिरिक्त वर्ष 2020 में चिल्का विकास प्राधिकरण फिशिंग कैट को चिल्का झील का दूत (Ambassador) घोषित किया था।

**द फिशिंग कैट प्रोजेक्ट (The Fishing Cat Project : TFCP)**

➡ यह फिशिंग कैट के संरक्षण हेतु प्रारंभ की गई शोध एवं संरक्षण परियोजना है।

➡ इसकी शुरुआत वर्ष 2010 में हुई थी।

➡ वर्तमान में यह भारत के दो राज्यों प. बंगाल एवं ओडिशा में संचालित है।

➡ फिशिंग कैट की गणना में यह परियोजना एक सहायक के तौर पर भी रही है।

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 5 जून, 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चिल्का विकास प्राधिकरण (Chilika Development Authority : CDA) द्वारा जारी एक वक्तव्य के अनुसार, ओडिशा स्थित चिल्का झील में कुल 176 फिशिंग कैट हैं।

➡ ध्यातव्य है, कि फिशिंग कैट की गणना द फिशिंग कैट प्रोजेक्ट (The Fishing Cat Project : TFCP) के सहयोग से चिल्का विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित की गई।

- ➲ यह विश्व में फिशिंग कैट की पहली गणना है, जो किसी संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क के बाहर संचालित की गई।

**विवरण**

➡ यह गणना दो चरणों में संपन्न की गई।

➡ पहले चरण में गणना वर्ष 2021 में 115 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में की गई।

- ➲ इस दौरान चिल्का झील के आस-पास के क्षेत्रों के उत्तर और पूर्वी खण्ड की दलदली भूमि को शामिल किया गया।

➡ दूसरा चरण वर्ष 2022 में चिल्का झील के तटीय द्वीपों में आयोजित किया गया।

# INS निशंक एवं INS अक्षय सेवामुक्त

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 3 जून, 2022 को **'आईएनएस निशंक' (INS NISHANK)** को सेवामुक्त किया गया।

➡ इसके साथ ही **'आईएनएस अक्षय' (INS AKSHAY)** को भी सेवामुक्त किया गया।

➡ दोनों **'कॉर्वेट' (Corvette)** को मुंबई, महाराष्ट्र स्थित नेवल (Naval) डॉकयार्ड में आयोजित समारोह में सेवामुक्त किया गया।



### कॉर्वेट (Corvette)

➡ नौसेना (Navy) में कॉर्वेट छोटे युद्धपोत होते हैं, जिनका उपयोग आमतौर पर समुद्री गश्त या तेज हमले जैसी गतिविधियों के लिए किया जाता है।

➡ इस प्रकार पोतों की तैनाती आमतौर पर उन क्षेत्रों में होती है, जहां समुद्री घुसपैठ का खतरा अधिक होता है।

➡ एक कॉर्वेट का वजन आमतौर पर 500-2000 टन के बीच होता है।

**आईएनएस निशंक**

➡ यह वीर श्रेणी के कॉर्वेट की शृंखला का चौथा पोत था।

➡ आईएनएस निशंक को सितंबर, 1989 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

➡ यह कॉर्वेट, 22 मिसाइल वेसल स्क्वाड्रन (22 Missile Vessel Squadron) का हिस्सा था।

➡ कमाण्डर (अब सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल) एसपीएस चीमा इस पोत के पहले कमाण्डिंग ऑफिसर थे।

➡ गौरतलब है, कि 28 अप्रैल, 2016 को वीर श्रेणी के कॉर्वेट आईएनएस वीर और आईएनएस निपत (Nipat) को भारतीय नौसेना से सेवामुक्त किया गया था।

➲ वर्तमान में वीर श्रेणी के 7 कॉर्वेट संचालन में हैं।

**आईएनएस अक्षय**

➡ यह अभय श्रेणी के कॉर्वेट की शृंखला का तीसरा पोत था।

➡ इसे 10 दिसंबर, 1990 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

➡ यह कॉर्वेट 23 पैट्रोल (Patrol) वेसल स्क्वाड्रन का हिस्सा था।

➡ कमाण्डर (अब सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल) आर. के. पटनायक इस पोत के पहले कमाण्डिंग ऑफिसर थे।

➡ गौरतलब है, कि 27 जनवरी, 2017 को आईएनएस अग्रेय (INS Agray) भारतीय नौसेना से सेवामुक्त होने वाला अभय श्रेणी का पहला कॉर्वेट था।

➲ वर्तमान में अभय श्रेणी के 2 कॉर्वेट संचालन में हैं।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

➡ दोनों पोतों ने अपने सेवा काल में कारगिल युद्ध के दौरान 'ऑपरेशन तलवार' और वर्ष 2001 में 'ऑपरेशन पराक्रम' सहित कई नौसैनिक अभियानों में भाग लिया।

➡ विदित हो कि वर्ष 2016 में आईएनएस निशंक को जम्मू एवं कश्मीर में उरी (Uri) हमलों के बाद तैनात किया गया था।

## आईएनएस गोमती सेवामुक्त

**वर्तमान परिप्रेक्ष्य**

➡ 28 मई, 2022 को आईएनएस गोमती को सेवामुक्त किया गया।

➡ 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा देने के पश्चात मुंबई में आयोजित एक समारोह में इसे सेवामुक्त कर दिया गया।

➡ यह गोदावरी श्रेणी के निर्देशित मिसाइल युद्धपोतों (Guided-missile frigates) की शृंखला का तीसरा पोत एवं कार्यमुक्ति के समय पश्चिमी बेड़े का सबसे पुराना पोत था।

**आईएनएस गोमती**

➡ आईएनएस गोमती का नाम गोमती नदी से व्युत्पन्न है।

➡ इसे 16 अप्रैल, 1988 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

➡ गौरतलब है, कि गोदावरी श्रेणी के अन्य दो पोतों यथा- आईएनएस गोदावरी और आईएनएस गंगा को क्रमश: 23 दिसंबर, 2015 और 22 मार्च, 2018 को सेवामुक्त किया जा चुका है।

➡ ध्यातव्य है, कि गोदावरी श्रेणी के तीनों पोतों का निर्माण माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा किया गया था।

**अन्य तथ्य**

➡ आईएनएस गोमती ने कई अभियानों में भी भाग लिया, जिसमें वर्ष 1988 का ऑपरेशन कैक्टस (Cactus), वर्ष 2001-02 का ऑपरेशन पराक्रम (Parakram) और वर्ष 2004-05 का ऑपरेशन रेनबो (Rainbow) शामिल है।

➡ आईएनएस गोमती को राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान हेतु वर्ष 2007-08 और पुनः वर्ष 2019-20 में प्रतिष्ठित यूनिट प्रशस्ति-पत्र (Unit Citation) से सम्मानित किया गया था।

➡ 28 मई, 2022 को पोत को औपचारिक रूप से उत्तर प्रदेश सरकार को हस्तांतरित किया गया।

➡ सेवामुक्ति के पश्चात इस पोत की विरासत को गोमती नदी, लखनऊ के तट पर स्थापित किए जा रहे ओपन एयर संग्रहालय में जीवंत रखा जाएगा।

# सर्वेक्षण पोत निर्देशक

## पृष्ठभूमि

➡ 30 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय रक्षा मंत्रालय और कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड (GRSE) के मध्य चार सर्वेक्षण पोतों (Survey ships) के निर्माण हेतु अनुबंध हस्ताक्षरित हुआ था।

➡ भारतीय नौसेना हेतु इन पोतों का निर्माण सर्वेक्षण पोत (बृहद) [Survey Vessels (Large)] परियोजना के तहत, GRSE द्वारा L&T शिपबिल्डिंग के सहयोग से किया जा रहा है।

➡ भारतीय नौसेना हेतु निर्मित इस श्रृंखला के प्रथम सर्वेक्षण पोत ''INS संधायक' (INS Sandhayak) का जलावतरण कोलकाता में 5 दिसंबर, 2021 को किया गया था।

➡ इस परियोजना के तहत, चार पोतों में से तीन का आंशिक निर्माण कट्टुपल्ली स्थित एलएण्डटी में जीआरएसई और एलएण्डटी शिपबिल्डिंग के बीच सार्वजनिक निजी भागीदारी दृष्टिकोण के तहत किया जा रहा है।

➡ सर्वेक्षण पोत (बृहद) परियोजना के तहत निर्मित पोत वर्तमान में संचालित 'संधायक श्रेणी के सर्वेक्षण पोतों' (Sandhayak Class Survey Ships) की जगह लेंगे।

- समुद्र विज्ञान संबंधी आंकड़ों (Oceanographic data) को इकट्ठा करने के लिए ये नए पोत नई पीढ़ी के हाइड्रोग्राफिक उपकरणों (Hydrographic equipments) से लैस होंगे।

## वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 26 मई, 2022 को चेन्नई स्थित कट्टुपल्ली में सर्वेक्षण पोत निर्देशक का जलावतरण संपन्न हुआ।

➡ सर्वेक्षण पोत निर्देशक भारतीय नौसेना के लिए एलएण्डटी (Larsen & Toubro) के सहयोग से गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स द्वारा निर्माणाधीन चार सर्वेक्षण पोत (बृहद) परियोजना का दूसरा पोत है।

➡ इस पोत का नामकरण पूर्ववर्ती पोत निर्देशक के नाम पर किया गया है, जो कि भारतीय नौसैन्य सर्वेक्षण पोत था।

- यह पोत दिसंबर, 2014 में 32 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवामुक्त कर दिया गया था।

GARDEN REACH SHIPBUILDERS & ENGINEERS LTD.
A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING - MINISTRY OF DEFENCE
"An ISO 9001:2015 Certified Company"

## सर्वेक्षण पोत (बृहद) परियोजना : विशेषताएं

➡ इस परियोजना के तहत निर्मित पोत लगभग 3400 टन वजनी होंगे और इनमें लगभग 235 कर्मी (Personnel) सवार हो सकेंगे।

➡ इन पोतों को 14 समुद्री मील (Knots) की क्रूज गति और 18 समुद्री मील की अधिकतम गति पर परिचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

➡ उथले पानी में सर्वेक्षण कार्यों के दौरान आवश्यक कम गति पर बेहतर कुशलता से संचालन के लिए इन पोतों में बो और स्टर्न थस्ट्र्स (Bow & Stern Thrusters) को लगाया गया है।

➡ इन पोतों की पतवार (Hull) को स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित डीएमआर 249-ए इस्पात से बनाया गया है।

## कार्य

➡ चार सर्वेक्षण मोटर नौकाओं और एक एकीकृत हेलीकॉप्टर को ले जाने की क्षमता के साथ इन पोतों की प्राथमिक भूमिका पत्तनों व नौवहन चैनलों के तटीय और गहरे जल के हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण को संचालित करने की होगी।

➡ रक्षा के साथ-साथ नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान संबंधी और भू-भौतिकीय आंकड़ों को एकत्र करने के लिए भी इन पोतों को तैनात किया जाएगा।

➡ द्वितीयक भूमिका के तहत, इन पोतों का आपात स्थिति के दौरान अस्पताल के रूप में (as Hospital ships) उपयोग किया जा सकेगा, साथ ही ये पोत सीमित रक्षा प्रदान करने में सक्षम हैं।

### आगे की राह

➡ जनवरी, 2023 तक GRSE ने इस श्रृंखला के पहले पोत संधायक को सौंपने का लक्ष्य रखा है।

➡ दूसरे पोत निर्देशक की आपूर्ति अप्रैल, 2023 तक होने की संभावना है।

### महत्व

➡ दूसरे सर्वेक्षण पोत निर्देशक का जलावतरण 'मेक इन इण्डिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के तहत स्वदेशी पोत निर्माण के भारत सरकार के संकल्प की पुष्टि करता है।

➡ सर्वेक्षण पोत (बृहद) परियोजना में लागत के आधार पर 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री प्रयुक्त होगी।

➡ इससे बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादन भारतीय विनिर्माण इकाइयों द्वारा सुनिश्चित होगा, जिससे देश के भीतर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# 5जी टेस्ट बेड

### 5G

➡ मोबाइल नेटवर्क संचार प्रौद्योगिकी (Mobile Network Communication Technology) की पांचवीं पीढ़ी को 5G के नाम से जाना जाता है।

➡ 1G, 2G, 3G तथा 4G के बाद यह एक नया 'वैश्विक बेतार मानक' (Global Wireless Standard) है।

### 5जी टेस्ट बेड

➡ 5G प्रौद्योगिकी का परीक्षण करने हेतु बनाई गई अवसंरचना (Infrastructure) को 5G टेस्ट बेड कहते हैं।

➡ भारत में 5G टेस्ट बेड की अनुपलब्धता के चलते स्टार्ट-अप्स तथा अन्य औद्योगिक कंपनियों को अपने उत्पादों के परीक्षण तथा उसे सत्यापित करने के लिए विदेशी प्रौद्योगिकी पर निर्भर रहना पड़ता था।

➡ अतः दूरसंचार विभाग, भारत सरकार ने भारत में स्वदेशी 5G टेस्ट बेड की स्थापना हेतु एक 'बहु-सांस्थानिक सहयोग परियोजना' (Multi-Institute Collaborative Project) के वित्तपोषण को मंजूरी प्रदान की।

- ➲ इस हेतु 36 माह की अवधि हेतु 224.01 करोड़ रु. की राशि को मंजूरी प्रदान की गई।

### शामिल संस्थान

➡ स्वदेशी 5G टेस्ट बेड को आईआईटी मद्रास (IIT-M) के नेतृत्व में आठ संस्थानों द्वारा एक बहु-सांस्थानिक सहयोग परियोजना के रूप में विकसित किया गया।

➡ इस परियोजना में शामिल अन्य संस्थान, निम्नलिखित हैं-

1. आईआईटी दिल्ली (IIT-D)
2. आईआईटी हैदराबाद (IIT-H)
3. आईआईटी बॉम्बे (IIT-B)
4. आईआईटी कानपुर (IIT-K)
5. आईआईएससी बैंगलोर (IISc.-B)
6. प्रायोगिक सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी तथा अनुसंधान संस्था (SAMEER : Society for Applied Microwave Electronics Engineering & Research)
7. सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन वायरलेस टेक्नोलॉजी (CEWiT)

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य

➡ 17 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (Telecom Regulatory Authority of India : TRAI) के रजत जयंती (Silver Jubilee) समारोह को संबोधित किया गया।

➡ इसके साथ ही देश के पहले एवं स्वदेश निर्मित 5जी टेस्ट बेड (5G Test Bed) का भी शुभारंभ किया।

➡ 5G टेस्ट बेड परीक्षण सुविधाएं CEWiT चेन्नई, IIT दिल्ली, IIT मद्रास, IIT हैदराबाद, IIT कानपुर तथा IISc बैंगलोर में उपलब्ध रहेंगी।

### लाभ

➡ यह टेस्ट बेड दूरसंचार क्षेत्र में संवेदनशील और आधुनिक प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

➡ यह भारतीय उद्योग और स्टार्ट-अप्स के लिए एक सहायक पारिस्थितिकीय तंत्र को सक्षम बनाएगा।

- ➲ जो इन्हें 5जी और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों में अपने उत्पादों, प्रोटोटाइप, समाधानों और एल्गोरिद्म को सत्यापित करने में सहायता करेगा।

# संक्षिप्तियां करेन्ट नोट्स

**चर्चित व्यक्ति, चर्चित स्थल, संघ/संगठन, योजना/परियोजना, ऑपरेशन/अभियान, चर्चित पुस्तकें, पुरस्कार, शब्द संक्षेप तथा और भी बहुत कुछ...**



## चर्चित व्यक्ति

### ❑ शिंजो आबे



➡ जापान के पूर्व प्रधानमंत्री का निधन। (8 जुलाई, 2022)

➡ उनका जन्म 21 सितंबर, 1954 को हुआ था।

➡ वह वर्ष 2006-07 तथा वर्ष 2012-20 तक जापान के प्रधानमंत्री तथा लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के अध्यक्ष रहे।

➡ वह सर्वाधिक लंबे कार्यकाल तक जापान के प्रधानमंत्री रहे।

➡ भारत-जापान संबंधों को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

➡ भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 में 'पद्म विभूषण से सम्मानित।


### ❑ जॉन ली



➡ हांगकांग के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पदभार ग्रहण। (1 जुलाई, 2022)

- ➲ इस पद पर उन्होंने कैरी लैम का स्थान लिया।

### ❑ अमिताभ कांत



➡ नीति आयोग के पूर्व सीईओ; केंद्र सरकार द्वारा जी-20 में भारत के नए शेरपा नियुक्त। (जुलाई, 2022)

➡ इस पद पर इन्होंने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का स्थान लिया।

➡ गौरतलब है, कि भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 के दौरान जी-20 की अध्यक्षता करेगा।

➡ उल्लेखनीय है, कि वर्ष 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन जम्मू-कश्मीर (भारत) में प्रस्तावित है।

### ❑ एकनाथ शिंदे



➡ महाराष्ट्र के 20वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण। (30 जून, 2022)

➡ इस पद पर इन्होंने उद्धव ठाकरे का स्थान लिया।

➡ साथ ही महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

### ❑ फर्डिनेण्ड मार्कोस जूनियर



➡ फिलीपींस के राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण। (30 जून, 2022)

- ➲ इस पद पर उन्होंने रोड्रिगो दुतेर्ते का स्थान लिया।

### ❑ न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई



➡ उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश।

- ➲ भारतीय प्रेस परिषद (PCI) की नई अध्यक्ष नियुक्त। (17 जून, 2022)
- ➲ इस पद पर इन्होंने न्यायमूर्ति चंद्रमौलि कुमार प्रसाद का स्थान लिया।
- ➲ वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं।
- ➲ वे भारतीय परिसीमन आयोग (Delimitation Commission of India) की अध्यक्ष भी रहीं।

### ❑ मयंक कुमार अग्रवाल



➡ प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) (अतिरिक्त प्रभार) नियुक्त। (जून, 2022)

- ➲ वर्तमान में वह दूरदर्शन और दूरदर्शन न्यूज के महानिदेशक हैं।
- ➲ इस पद पर इन्होंने शशि शेखर वेमपति का स्थान लिया।

## ❑ कैंपबेल विल्सन



➡ एयर इण्डिया के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पदभार ग्रहण। (16 जून, 2022)

- ➲ गौरतलब है, कि वर्तमान में टाटा संस के प्रमुख एन. चंद्रशेखरन एयर इण्डिया के अध्यक्ष हैं।

## ❑ राधा अयंगर प्लंब



➡ भारतीय मूल की अमेरिकी; अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा पेंटागन के शीर्ष पद 'डिफेंस फॉर एक्विजिशन एण्ड सस्टेनमेंट के उप-अवर सचिव (Deputy under secretary) के पद पर नामित। (जून, 2022)

## ❑ गोपी चंद नारंग



➡ उर्दू के प्रसिद्ध साहित्यकार का अमेरिका में निधन। (15 जून, 2022)

- ➲ उनका जन्म वर्ष 1931 में बलूचिस्तान में हुआ था।
- ➲ उन्हें वर्ष 1995 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, वर्ष 2004 में पद्म भूषण तथा वर्ष 2012 में मूर्तिदेवी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## ❑ ए. आर. रहमान



➡ प्रसिद्ध संगीतकार, 'इण्डिया-यूके टुगेदर, ए सीजन ऑफ कल्चर' के एंबेसेडर चुने गए। (जून, 2022)

- ➲ **उद्देश्य -** भारत और ब्रिटेन द्वारा संगीत, रंगमंच, सिनेमा, साहित्य, फैशन एवं विजुअल आर्ट्स के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।

## ❑ हरिणी लोगन



➡ भारतीय मूल की अमेरिकी (टेक्सास) छात्रा; 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' प्रतियोगिता का खिताब जीता। (जून, 2022)

- ➲ उन्होंने 90 सेकण्ड में 22 शब्दों की सही वर्तनी और अर्थ बताकर यह खिताब जीता।

## ❑ भजन सोपोरी



➡ प्रसिद्ध संतूर वादक का निधन। (2 जून, 2022)

- ➲ वह उत्तरी कश्मीर के सोपोर नगर के रहने वाले थे और 'सूफियाना घराने' से संबंधित थे।
- ➲ उन्हें वर्ष 2004 में पद्मश्री, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (वर्ष 1992) और जम्मू-कश्मीर स्टेट लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## ❑ युंचन लिम



➡ दक्षिण कोरिया के छात्र; '16वीं वैन क्लिबर्न इंटरनेशनल पियानो प्रतियोगिता' में स्वर्ण पदक जीता। (जून, 2022)

- ➲ वह यह पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र (18 वर्ष) के विजेता हैं।
- ➲ यह प्रतियोगिता फोर्ट वर्थ (टेक्सास) में आयोजित हुई थी।
- ➲ यह पियानो वादकों के लिए विश्व की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में से एक है।
- ➲ इसकी शुरुआत वर्ष 1962 में प्रसिद्ध पियानो वादक वैन क्लिबर्न के सम्मान में की गई थी।

## ❑ कृष्णकुमार कुन्नथ



➡ केके के नाम से प्रसिद्ध पार्श्वगायक का निधन। (31 मई, 2022)

- ➲ उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी और बंगाली समेत कई भाषाओं के गीतों को अपनी आवाज दी थी।

## ❑ अंजलाई पोन्नुसामी



➡ मलेशिया की इण्डियन नेशनल आर्मी (INA) की वयोवृद्ध सेनानी का निधन। (1 जून, 2022)

- ➲ वह आईएनए की महिला रेजीमेंट 'झांसी की रानी' की सिपाही थीं।

## ❑ जुल्फिकार हसन



➡ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी; नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) के नए महानिदेशक नियुक्त। (31 मई, 2022)

- ➲ **कार्यकाल -** 31 अक्टूबर, 2024 तक।

### ❑ देवसहायम पिल्लई



➡ पोप फ्रांसिस द्वारा वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स बेसिलिका में आयोजित एक समारोह में मरणोपरांत संत घोषित। (मई, 2022)

- ➲ वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले आम भारतीय हैं।
- ➲ उनका जन्म 1712 ई. में कन्याकुमारी (तमिलनाडु) के नट्टलम में एक हिंदू परिवार में हुआ था।
- ➲ बाद में उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया था।
- ➲ ईसाई धर्म अपनाने के बाद उन्होंने अपना नाम 'लेजारस' रख लिया था।

### ❑ विनय कुमार सक्सेना



➡ दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण। (मई, 2022)

- ➲ इससे पूर्व वह खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष थे।
- ➲ इस पद पर इन्होंने अनिल बैजल का स्थान लिया।

### ❑ नटराजन सुंदर



➡ राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी लि. (NARCL) के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में पदभार ग्रहण। (28 मई, 2022)

### ❑ एंथोनी अल्बनीज



➡ ऑस्ट्रेलियन लेबर पॉर्टी के नेता; ऑस्ट्रेलिया के 31वें प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण। (23 मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने स्कॉट मॉरिसन का स्थान लिया।

### ❑ शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान



➡ संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण। (14 मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने खलीफा बिन जायेद अल नाह्यान का स्थान लिया।

### ❑ एस. एस. मुंद्रा



➡ आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर; बीएसई लि. के नए अध्यक्ष नियुक्त। (मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने न्यायमूर्ति विक्रमजीत सेन का स्थान लिया।

### ❑ हसन शेख महमूद



➡ सोमालिया के नए राष्ट्रपति बने। (मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने मोहम्मद अब्दुल्लाही मोहम्मद का स्थान लिया।

### ❑ एलिसाबेथ बोर्न



➡ फ्रांस की नई प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण। (मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने जीन कास्टेक्स का स्थान लिया।
- ➲ वह इस पद पर पहुंचने वाली दूसरी महिला हैं।
- ➲ इससे पूर्व एडिथ क्रेशन इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला थीं।

### ❑ डॉ. माणिक साहा



➡ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सदस्य; त्रिपुरा के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण। (15 मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने बिप्लब कुमार देब का स्थान लिया।

### ❑ राजीव कुमार



➡ वरिष्ठ चुनाव आयुक्त; देश के 25वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण। (15 मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने सुशील चंद्रा का स्थान लिया।

### ❑ डॉ. रमाकांत शुक्ल



➡ संस्कृत और हिंदी के प्रसिद्ध विद्वान का निधन। (11 मई, 2022)

- ➲ उन्हें वर्ष 2013 में पद्मश्री तथा वर्ष 2018 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### ❑ संजीव बजाज



➡ बजाज फिनसर्व लि. के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।

- ➲ वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के नए अध्यक्ष निर्वाचित। (12 मई, 2022)
- ➲ इस पद पर इन्होंने टाटा स्टील लि. के सीईओ एवं एमडी टी.वी. नरेंद्रन का स्थान लिया।

### ❑ प्रो. भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी (वागीश शास्त्री)

➡ प्रसिद्ध संस्कृत व्याकरणविद् का निधन। (11 मई, 2022)

- ➲ उन्हें वर्ष 2018 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

## ❑ उच्चतम न्यायालय के दो नए न्यायाधीश

➡ न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया एवं न्यायमूर्ति जमशेद बी. पारदीवाला ने उच्चतम न्यायालय के नए न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। (9 मई, 2022)

## ❑ अजय कुमार मिश्रा



➡ वरिष्ठ अधिवक्ता; उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के नए महाधिवक्ता नियुक्त। (मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने राघवेंद्र सिंह का स्थान लिया।

## ❑ पण्डित शिव कुमार शर्मा



➡ प्रसिद्ध संतूर वादक एवं संगीतकार का मुंबई में निधन। (10 मई, 2022)

- ➲ उनका जन्म वर्ष 1938 में जम्मू (तत्कालीन ब्रिटिश भारत) में हुआ था।
- ➲ 'संतूर' जम्मू एवं कश्मीर का लोक वाद्ययंत्र था, जिसे अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलाने में उनका अहम योगदान था।
- ➲ बॉलीवुड में 'शिव-हरी' नाम से प्रसिद्ध, उनकी और पण्डित हरि प्रसाद चौरसिया की जोड़ी ने कई सुपरहिट गानों को संगीतबद्ध किया है।
- ➲ उनको वर्ष 1991 में 'पद्मश्री' तथा वर्ष 2001 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया।

## ❑ रजत कुमार कार



➡ प्रसिद्ध ओड़िया साहित्यकार का निधन। (8 मई, 2022)

- ➲ वह जगन्नाथ संस्कृति के एक कुशल वक्ता थे, जो कि छह दशकों तक टीवी और रेडियो पर वार्षिक रथ यात्रा के दौरान अपनी कमेंट्री के लिए जाने जाते थे।
- ➲ उन्हें वर्ष 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

## ❑ रॉड्रिगो चावेस रोबल्स



➡ कोस्टारिका के नए राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण। (8 मई, 2022)

- ➲ इस पद पर इन्होंने कार्लोस अल्वाराडो केसाडा का स्थान लिया।

## ❑ अरविंद कृष्ण

➡ भारतीय मूल के आईबीएम (IBM) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO); फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क के निदेशक मण्डल में चुने गए। (मई, 2022)



- ➲ उनको 'क्लास बी निदेशक' चुना गया।
- ➲ कार्यकाल - 31 दिसंबर, 2023 तक।

## ❑ कैरीन जीन - पियरे



➡ अमेरिका राष्ट्रपति द्वारा व्हाइट हाउस की अगली प्रेस सचिव नियुक्त। (मई, 2022)

- ➲ वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत महिला और एलजीबीटीक्यू समुदाय की पहली महिला हैं।

### अन्य चर्चित व्यक्ति

- ✦ **कृष्णा श्रीनिवासन -** प्रसिद्ध भारतीय अर्थशास्त्री; अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के एशिया एवं प्रशांत विभाग (APD) के नए निदेशक नियुक्त। (22 जून, 2022)
- ✦ **एस.एल. थायोसने -** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी; केंद्र सरकार द्वारा सशस्त्र सीमा बल (SSB) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण। (1 जून, 2022)
- ✦ **अब्दुल गफ्फार चौधरी -** बांग्लादेश के प्रसिद्ध गीतकार, पत्रकार और भाषा आंदोलनकर्ता का लंदन में निधन। (19 मई, 2022)
- ✦ **विवेक कुमार -** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी सचिव नियुक्त। (21 मई, 2022)
- ✦ **राजेश भूषण -** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव, 75वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (WHA) में समिति बी के अध्यक्ष नियुक्त (मई, 2022)। समिति बी मुख्य रूप से WHO के प्रशासनिक और वित्तीय मामलों पर चर्चा करती है।
- ✦ **कैप्टन अभिलाषा बराक -** भारतीय सेना की पहली लड़ाकू एविएटर (Combat Aviator) बनीं। (मई, 2022)
- ✦ **निधि छिब्बर -** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी; केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की नई अध्यक्ष नियुक्त। (मई, 2022)

# चर्चित स्थल

## ❑ देहू

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पुणे में स्थित इस स्थल पर निर्मित जगद्गुरु श्रीसंत तुकाराम महाराज मंदिर का उद्घाटन। (14 जून, 2022)

## ❑ मुंबई

➡ प्रधानमंत्री द्वारा यहां स्थित राजभवन में जल भूषण भवन और क्रांतिकारियों की गैलरी का उद्घाटन। (14 जून, 2022)



- ➲ जल भूषण भवन 1885 ई. से महाराष्ट्र के राज्यपाल का आधिकारिक निवास

रहा है, जिसका जीवनकाल पूरा होने के बाद उसे गिराकर नए भवन का निर्माण किया गया है।

### ❑ कोलंबो

➡ केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा श्रीलंका की राजधानी में बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एण्ड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (बिम्सटेक) टेक्नोलॉजी ट्रांसफर फैसिलिटी (टीटीएफ) की स्थापना हेतु भारत द्वारा एक मेमोरेण्डम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) को मंजूरी। (14 जून, 2022)

- ➲ 30 मार्च, 2022 को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित 5वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में बिम्सटेक के सदस्य देशों के बीच इस संदर्भ में हस्ताक्षर किए गए थे।

### ❑ गुरुग्राम

➡ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया द्वारा हरियाणा के इस शहर में स्थित आईओ-टेक वर्ल्ड एविगेशन प्राइवेट लिमिटेड को ड्रोन नियम, 2021 के तहत पहला टाइप प्रमाण-पत्र (टीसी) प्रदत्त। (14 जून, 2022)

IoTechWorld Avigation Pvt Ltd

- ➲ इस कंपनी की स्थापना अप्रैल, 2017 में हुई थी, जो भारत में किसान ड्रोन के अग्रणी निर्माताओं में से एक है।

### ❑ बहरीन

➡ कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा आम के निर्यात को बढ़ावा देने हेतु इस देश में 8 दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन। (13-20 जून, 2022)

### ❑ कनाडा

➡ कनाडा सरकार द्वारा प्रत्येक सिगरेट पर स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी छापने का निर्णय। (जून, 2022)

- ➲ कनाडा ऐसा पहला देश बन गया है, जिसने प्रत्येक सिगरेट पर चेतावनी छापने का निर्णय लिया है।
- ➲ प्रत्येक सिगरेट पर 'हर कश में जहर है' (Poison in every puff) संदेश लिखे जाने का प्रस्ताव है।
- ➲ यह नियम वर्ष 2023 के अंत तक लागू किए जाने की संभावना है।

### ❑ हैदराबाद



➡ राजेश एक्सपोर्ट्स की सहायक कंपनी एलेस्ट (Elest) द्वारा तेलंगाना स्थित इस शहर में देश की पहली डिस्प्ले फैब सुविधा स्थापित करने हेतु तेलंगाना सरकार के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर। (12 जून, 2022)

### ❑ सिंगापुर

➡ दो वर्ष बाद इस देश में 19वीं शांगरी-ला वार्ता आयोजित। (10-12 जून, 2022)




- ➲ इसका आयोजन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा किया गया।

### ❑ गोवा



➡ केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा इस राज्य में राष्ट्रीय सीमा शुल्क और जीएसटी संग्रहालय 'धरोहर' राष्ट्र को समर्पित। (11 जून, 2022)

- ➲ यह संग्रहालय 400 से अधिक वर्षों से पणजी में मण्डोवी नदी के तट पर स्थित दो मंजिला 'ब्लू बिल्डिंग' में स्थित है, जिसे गोवा में पुर्तगाली शासन की अवधि के दौरान 'अल्फांडेगा' के नाम से जाना जाता था।

### ❑ भरूच



➡ गुजरात के इस शहर में स्थित मेसर्स शॉफ्ट शिपयार्ड लिमिटेड में तीन 25टी बोलार्ड पुल टग्स (यार्ड 305 - महाबली, यार्ड 306 - बलजीत और यार्ड 307 - बजरंग) के निर्माण कार्य का शुभारंभ। (10 जून, 2022)

- ➲ पोतों को खींचने वाली इन नौकाओं को 30 वर्ष की सेवा के लिए बनाया जा रहा है।

### ❑ बोपल



➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अहमदाबाद, गुजरात में स्थित इस स्थल में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के मुख्यालय का उद्घाटन। (10 जून, 2022)

- ➲ इन-स्पेस की स्थापना की घोषणा जून, 2020 में हुई थी।

### ❑ थाईलैण्ड

➡ यह देश मारिजुआना (भांग) की खेती को वैध घोषित करने वाला पहला एशियाई देश बना। (8 जून, 2022)

- ➲ बीमारियों के उपचार हेतु भांग के उत्पादन को वैध किया गया है; किंतु इसका नशे के लिए उपयोग करने पर अभी भी प्रतिबंध है।

### ❑ नई दिल्ली



➡ केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा यहां राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन। (7 जून, 2022)

➲ केंद्रीय मंत्री नारायण राणे द्वारा राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली में स्थापित देश के पहले खादी उत्कृष्टता केंद्र (CoEK) का उद्घाटन। (11 मई, 2022)

### ❑ बंगलुरू




➡ कर्नाटक के इस शहर में स्थित अल्ट्रा लग्जरी सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल चालू। (6 जून, 2022)

- ➲ यह भारत का पहला केंद्रीयकृत एसी रेलवे टर्मिनल है।
- ➲ केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा राष्ट्रीय खुफिया ग्रिड (NATGRID) परिसर का उद्घाटन। (3 मई, 2022)

### ❑ मानेसर

➡ मारुति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड द्वारा हरियाणा में इस स्थल पर एशिया के सबसे बड़े 20 मेगावॉट के कारपोर्ट टाइप सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना। (जून, 2022)

- ➲ इस संयंत्र से प्रतिवर्ष 28,000 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा।
- ➲ उत्पादित विद्युत वार्षिक 67,000 से अधिक कारों के उत्पादन के लिए आवश्यक ऊर्जा के बराबर होगी।

### ❑ प्रांतिज




➡ एक्साइड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड और स्विट्जरलैण्ड की लेक्लांच एसए के संयुक्त उद्यम 'नेक्सचार्ज' द्वारा गुजरात स्थित इस नगर में अत्याधुनिक पूर्णतः स्वचालित लिथियम-आयन बैटरी विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन। (जून, 2022)

- ➲ 250 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित इस संयंत्र में 1.5 गीगावॉट ऑवर (GWh) की स्थापित क्षमता वाली 6 पूर्णतः स्वचालित असेंबली लाइनें और परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं।
- ➲ 6.10 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में विस्तारित यह संयंत्र लीथियम-आयन बैटरी पैक और मॉड्यूल (पाउच/प्रिज्मेटिक/बेलनाकार) के उत्पादन हेतु भारत में स्थापित सबसे बड़ा संयंत्र है।

### ❑ मगहर



➡ उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर में स्थित इस नगर में संत कबीर अकादमी और अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन। (5 जून, 2022)

- ➲ 'मगहर' कबीर का निर्वाण स्थल है, जहां कबीर की मजार और समाधि मात्र 100 फीट की दूरी पर अगल-बगल स्थित है।

### ❑ रक्सौल



➡ केंद्रीय मंत्री मनसुख माण्डविया द्वारा बिहार स्थित इस शहर में FSSAI की राष्ट्रीय खाद्य प्रयोगशाला का उद्घाटन। (5 जून, 2022)

- ➲ इस प्रयोगशाला की स्थापना भारत-नेपाल के बीच द्विपक्षीय समझौते के तहत नेपाल से रक्सौल में आयातित खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच में लगने वाले समय को कम करने के लिए की गई है।

### ❑ तुर्की

➡ संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस देश के अनुरोध पर देश का नाम 'तुर्किये' (Turkiye) करने हेतु मंजूरी। (3 जून, 2022)

- ➲ टर्की (इंग्लिश) का अर्थ पक्षी या मूर्ख व्यक्ति होता है, जिस कारण से नाम में परिवर्तन किया गया है।
- ➲ तुर्किये शब्द तुर्की के लोगों की संस्कृति, सभ्यता और मूल्यों को सबसे बेहतर ढंग से दर्शाता है।

### ❑ लेह

➡ अमारा राजा पॉवर सिस्टम्स को एनटीपीसी से लद्दाख स्थित इस स्थल पर **देश के पहले हरित हाइड्रोजन स्टेशन** की स्थापना हेतु अनुबंध प्राप्त। (जून, 2022)

- ➲ हरित हाइड्रोजन स्टेशन की स्थापना समुद्रतल से 3,600 मीटर की ऊंचाई पर की जाएगी।
- ➲ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष जी. आर. चिंताला द्वारा लेह में 'माई पैड माई राइट्स कार्यक्रम' की शुरुआत। (1 जून, 2022)
- ➲ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) का उद्घाटन। (17 मई, 2022)

### ❑ जैसलमेर

➡ अडानी हाइब्रिड एनर्जी-जैसलमेर वन लिमिटेड (एएचई-जेओएल) द्वारा राजस्थान स्थित इस शहर में 390 मेगावॉट का पवन-सौर हाइब्रिड विद्युत संयंत्र चालू। (28 मई, 2022)

- ➲ यह संयंत्र भारत में स्थापित अब तक का पहला पवन और सौर हाइब्रिड बिजली उत्पादन संयंत्र है।

### ❑ बेल्जियम

➡ यह देश मंकीपॉक्स के रोगियों के लिए 21 दिन का क्वारंटाइन अनिवार्य करने वाला पहला देश बना। (मई, 2022)

- ➲ मंकीपॉक्स एक दुर्लभ बीमारी है, जो मंकीपॉक्स वायरस के कारण होती है।

➲ इसके संक्रमण के लक्षण, छोटी चेचक (स्मालपॉक्स) के सदृश होते हैं।

## ❑ कोलकाता

➡ पश्चिम बंगाल में स्थित यह शहर जैवविविधता का विस्तृत रजिस्टर (पीपुल्स बायोडायवर्सिटी रजिस्टर) तैयार करने वाला **देश का पहला मेट्रो शहर** बना। (21 मई, 2022)

➲ पीपुल्स बायोडायवर्सिटी रजिस्टर (पीबीआर) कोलकाता नगर निगम द्वारा जारी किया गया है।

➲ 520 पन्नों के जैवविविधता रजिस्टर में पेड़ों की 138 प्रजातियों, चाइनीज सब्जियों की 126 प्रजातियों, औषधीय पौधों की लगभग 33 प्रजातियों और लगभग 100 अन्य पौधों की प्रजातियों तथा 47 मछलियों, 84 पक्षियों, 22 स्तनधारियों की प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया है।

## ❑ कोटा



➡ लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा राजस्थान के इस शहर में **'सुपोषित मां अभियान'** के दूसरे चरण का शुभारंभ। (17 मई, 2022)

➲ इस अभियान के अंतर्गत जन सहयोग से 3000 महिलाओं को 9 माह तक के लिए पोषण किट प्रदान करने के साथ-साथ हर माह स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

## ❑ माउंट एवरेस्ट



➡ नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी द्वारा विभिन्न मौसम संबंधी घटनाओं को स्वचालित तरीके से मापने हेतु इस चोटी पर विश्व के सबसे ऊंचे मौसम स्टेशन की स्थापना। (मई, 2022)

## ❑ लुम्बिनी



➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नेपाल स्थित इस बौद्ध स्थल पर भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र का शिलान्यास। (16 मई, 2022)

➲ इस केंद्र का निर्माण अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संघ (आईबीसी), नई दिल्ली द्वारा लुम्बिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट (एलडीटी) के एक भूखण्ड पर किया जाएगा।

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेपाल में महात्मा बुद्ध से संबंधित इस स्थल की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल 6 समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित।

## ❑ हैदाराबाद

➡ केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना स्थित इस शहर में स्थित केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) परिसर में राष्ट्रीय साइबर फॉरेंसिक प्रयोगशाला का उद्घाटन। (14 मई, 2022)

➲ इस प्रयोगशाला की स्थापना महिलाओं और बच्चों को साइबर अपराध से बचाने हेतु गृह मंत्रालय के साइबर और सूचना सुरक्षा प्रभाग द्वारा की गई है।

## ❑ नई दिल्ली



➡ सेना प्रशिक्षण कमान और राष्ट्रीय रक्षा अनुसंधान विश्वविद्यालय, गांधीनगर के मध्य यहां वारगेम अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित। (13 मई, 2022)

➲ इस परियोजना का प्रोटोपाइप नाम 'वार्डेक' (WARDEC) होगा।

➲ यह भारत में अपनी तरह का **पहला सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण केंद्र** होगा।

➲ यह केंद्र वर्चुअल रियलिटी वॉरगेम्स को डिजाइन करने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करेगा।

## ❑ पटवाई




➡ तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के इस स्थल पर देश के पहले **'अमृत सरोवर'** का उद्घाटन। (12 मई, 2022)

➲ पटवाई, **रामपुर जिले** में स्थित है।

## ❑ वाराणसी

➡ एनएसडीसी इंटरनेशनल लिमिटेड तथा डीपी वर्ल्ड की भारतीय इकाई हिंदुस्तान पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मध्य संयुक्त अरब अमीरात में रोजगार के अवसरों के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने हेतु उत्तर प्रदेश के इस शहर में **स्किल इण्डिया अंतरराष्ट्रीय केंद्र** की स्थापना हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित। (12 मई, 2022)

➲ अप्रैल, 2022 में **भुवनेश्वर, ओडिशा** में **भारत के पहले स्किल इण्डिया अंतरराष्ट्रीय केंद्र** की स्थापना की गई थी।

## ❑ दक्षिण कोरिया

➡ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के कोऑपरेटिव साइबर डिफेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CCDCOE) में शामिल होने वाला **पहला दक्षिण एशियाई देश** बना। (मई, 2022)

➲ यह आधिकारिक सदस्यों के रूप में शामिल 32वां देश है।

### ❑ म्यूनिख

➡ जर्मनी स्थित इस शहर में **इंटरसोलर यूरोप, 2022** का आयोजन। (11-13 मई, 2022)

### ❑ नोएडा

➡ उत्तर प्रदेश में स्थित इस शहर में **मैडम तुसाद संग्रहालय** की शुरुआत। (जून, 2022)

- यह संग्रहालय नोएडा के डीएलएफ मॉल में स्थित है।
- मैडम तुसाद संग्रहालय भारत में पहली बार वर्ष 2017 में कनॉट प्लेस, दिल्ली में खोला गया था।

### ❑ मुंबई

➡ जैविक कचरे से संचालित भारत के **पहले ईवी चार्जिंग स्टेशन** की इस शहर में शुरुआत। (9 मई, 2022)

### ❑ पूर्णिया




➡ बिहार के इस जिले में देश के **पहले ग्रीनफील्ड अनाज आधारित एथेनॉल संयंत्र** की स्थापना। (मई, 2022)

- इस संयंत्र की स्थापना ईस्टर्न इण्डिया बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई है।

### ❑ उत्तरी प्रांत सोन ला

➡ वियतनाम के इस प्रांत में निर्मित विश्व का **सबसे लंबा कांच का पुल** (लंबाई - 632 मीटर) खोला गया। (अप्रैल, 2022)

- इस कांच के पुल का नाम बैक लांग (Bach Long) रखा गया है।

# पुरस्कार/सम्मान

### ❑ पहला राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स उत्कृष्टता पुरस्कार, 2021



➡ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। (23 जून, 2022)

- 12 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं -

1. **सर्वश्रेष्ठ कार्गो एयरलाइन और टर्मिनल संचालक -** फेडेक्स एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन एण्ड सप्लाई चेन सर्विसेज (इण्डिया) प्रा. लि.
2. **सर्वश्रेष्ठ सड़क माल सेवा प्रदाता -** डीएचएल सप्लाई चेन इण्डिया प्रा. लि.
3. **सर्वश्रेष्ठ रेल माल सेवा प्रदाता** - अडानी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड
4. **सर्वश्रेष्ठ नौवहन और एनवीओसीसी सेवा प्रदाता -** मर्स्क इण्डिया प्रा. लि.
5. **सर्वश्रेष्ठ पोर्ट सेवा प्रदाता -** डीपी वर्ल्ड
6. **सर्वश्रेष्ठ मालगोदाम सेवा प्रदाता -** भारतीय परिवहन निगम लिमिटेड (टीसीआई आपूर्ति शृंखला समाधान के माध्यम से)
7. **सर्वश्रेष्ठ शीत शृंखला/रेफ्रिजरेटर सेवा प्रदाता -** भारतीय परिवहन निगम लिमिटेड (टीसीआई आपूर्ति शृंखला समाधान के माध्यम से)
8. **सर्वश्रेष्ठ एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता-** सेफएक्सप्रेस प्रा.लि.
9. **सर्वश्रेष्ठ लॉजिस्टिक्स अवसंरचना और सेवा प्रदाता -** अडानी लॉजिस्टिक्स लि.
10. **सर्वश्रेष्ठ फ्रेट फॉरवर्डर्स -** क्योहने (Kuehne) एवं नागेल प्रा. लि.
11. **सर्वश्रेष्ठ कस्टम हाउस एजेंट/कस्टम ब्रोकर -** इंटरनेशनल क्लीयरिंग एण्ड शिपिंग एजेंसी (इण्डिया) प्रा. लि.
12. **उद्योग उत्कृष्टता पुरस्कार -** सन फार्मास्यूटिकल इण्डस्ट्रीज लि.

### ❑ योग के विकास और संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार, 2021

➡ आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित। (20 जून, 2022)

- यह पुरस्कार योग के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है।
- 4 विभिन्न श्रेणियों में घोषित विजेता इस प्रकार हैं -

1. **अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत -** मार्कस विनीसियस रोजो रॉड्रिक्स, साओ पाउलो, ब्राजील।
2. **अंतरराष्ट्रीय संगठन -** ब्रिटिश ह्वील ऑफ योगा, यूनाइटेड किंगडम।
3. **राष्ट्रीय व्यक्तिगत -** भिक्खु संघसेना, लेह, लद्दाख।
4. **राष्ट्रीय संगठन -** द डिवाइन लाइफ सोसाइटी, ऋषिकेश, उत्तराखण्ड।

- इस पुरस्कार के तहत, विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### ❑ मिसेज इण्डिया वर्ल्ड, 2022-23



➡ मुंबई के गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर में आयोजित इस प्रतियोगिता का खिताब **सरगम कौशल** ने जीता। (15 जून, 2022)

- इस खिताब को जीतने के बाद अब वह 'मिसेज वर्ल्ड, 2022' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- प्रथम उप विजेता - जूही व्यास।
- द्वितीय उप विजेता - चाहत दलाल।

## ❑ यूनेस्को का किंग हमद बिन ईसा अल-खलीफा पुरस्कार, 2021

➡ भारत के केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (CIET) को। (जून, 2022)

- ➲ यह पुरस्कार एक व्यापक पहल 'पीएम ई विद्या' के अंतर्गत शिक्षा में आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रदत्त।
- ➲ **पुरस्कार राशि -** 25,000 अमेरिकी डॉलर।

## ❑ 75वां टोनी पुरस्कार, 2022




➡ रेडियो सिटी म्यूजिक हॉल, न्यूयॉर्क में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। (12 जून, 2022)

➡ इसमें प्रदान किए गए प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं -

- ➲ **सर्वश्रेष्ठ नाटक -** द लेहमैन ट्रायलॉजी
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ संगीत -** ए स्ट्रेंज लूप
- ➲ **नाटक की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता -** सिमोन रसेल बीले
- ➲ **नाटक की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री -** डिएर्ड्रे ओ'कोनेल
- ➲ **संगीत की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता -** माइलेस फ्रॉस्ट
- ➲ **संगीत की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री -** जोआकिना कालुकांगो

## ❑ 22वां अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) पुरस्कार



➡ पुरस्कार वितरण समारोह अबू धाबी (यूएई) में आयोजित। (3-4 जून, 2022)

➡ प्रमुख पुरस्कार और विजेता इस प्रकार हैं -

- ➲ **सर्वश्रेष्ठ फिल्म -** शेरशाह (निर्देशक - विष्णुवर्धन)।
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक -** विष्णुवर्धन (फिल्म - शेरशाह)।
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता -** विक्की कौशल (फिल्म - सरदार उधम)।
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री -** कृति सेनन (फिल्म - मिमी)।
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता -** पंकज त्रिपाठी (फिल्म - लूडो)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री -** साई तम्हानकर (फिल्म - मिमी)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेता -** अहान शेट्टी (फिल्म - तड़प)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री -** शरवरी वाघ (फिल्म - बंटी और बबली-2)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ गीतकार -** कौसर मुनीर (गीत-लहरा दो, फिल्म - 83)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक -** जुबिन नौटियाल (गीत - रातां लंबिया, फिल्म - शेरशाह)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायिका -** असीस कौर (गीत - रातां लंबिया, फिल्म - शेरशाह)

## ❑ 75वां कांस फिल्म महोत्सव, 2022




➡ फ्रांस के कांस शहर में आयोजित। (17-28 मई, 2022)

➡ इस महोत्सव में प्रदान किए गए प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं -

- ➲ **सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पाम डी'ओर पुरस्कार -** ट्राएंगल ऑफ सैडनेस (निर्देशक - रूबेन ओस्टलण्ड)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक -** पार्क चान-वूक (फिल्म - डिसीजन टू लीव)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता -** सांग कैंग-हो (फिल्म - ब्रोकर)
- ➲ **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री -** जर अमिर इब्राहिमी (होली स्पाइडर)

## ❑ ओ. हेनरी पुरस्कार, 2022



➡ प्रसिद्ध बांग्ला लेखक **अमर मित्रा** को। (अप्रैल, 2022)

- ➲ उन्हें यह पुरस्कार उनकी लघु कहानी 'गांवबुरो' (The old man of kusumpur) के लिए दिया गया।

## ❑ डॉ. वी. शांताराम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2022




➡ प्रसिद्ध लेखक एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता संजीत नार्वेकर को। (मई, 2022)

- ➲ इस पुरस्कार के तहत, उन्हें 10 लाख रुपये, स्वर्ण शंख और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

## ❑ पुलित्जर पुरस्कार, 2022



➡ पुरस्कारों की घोषणा। (9 मई, 2022)

- ➲ यह पत्रकारिता के क्षेत्र का सर्वोच्च पुरस्कार है।

➡ घोषित प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं -

- ➲ **पत्रकारिता**
- ➲ **लोक सेवा (Public Service) -** द वाशिंगटन पोस्ट।
- ➲ **ब्रेकिंग न्यूज रिपोर्टिंग -** स्टाफ ऑफ द मियामी हेराल्ड
- ➲ **खोजी पत्रकारिता -** टैम्पा बे टाइम्स के कोरी जी. जॉनसन, रेबेका वूलिंगटन और एली मरे ।
- ➲ **व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग -** क्वांटा पत्रिका (न्यूयॉर्क) के कर्मचारी विशेष रूप से नताली वाल्चोवर को।
- ➲ **स्थानीय रिपोर्टिंग -** बेटर गवर्नमेंट एसोसिएशन की मैडिसन हॉपकिंस और शिकागो ट्रिब्यून की सेसिलिया रेयेस को।
- ➲ **राष्ट्रीय रिपोर्टिंग -** द न्यूयॉर्क टाइम्स के कर्मचारी।
- ➲ **अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टिंग -** द न्यूयॉर्क टाइम्स के कर्मचारी, विशेष रूप से अजमत खान।

➲ **फीचर लेखन-** द अटलांटिक की जेनिफर सीनियर
➲ **कमेंट्री -** द कंसास सिटी स्टार की मेलिण्डा हेन्नेबर्गर
➲ **आलोचना -** द न्यूयॉर्क टाइम्स की सलामिशाह टिलेट (Salamishah Tillet) को।
➲ **संपादकीय लेखन -** ह्यूस्टन क्रॉनिकल की लिसा फाल्केनबर्ग, माइकल लिण्डेनबर्गर, जो होली और लुइस करास्को को।
➲ **ब्रेकिंग न्यूज फोटोग्राफी -** लॉस एंजेल्स टाइम्स के मार्कस याम को।
➲ इस वर्ष चार भारतीय पत्रकारों (रॉयटर्स के फोटोग्राफी स्टाफ) अदनान आबिदी, सना इरशाद मट्टू, अमित दवे और दानिश सिद्दिकी (मरणोपरांत) को फीचर फोटोग्राफी श्रेणी में यह पुरस्कार मिला।
➲ **साहित्य, नाटक और संगीत कथा (Fiction) -** द नेतन्याहूस (लेखक - जोशुआ कोहेन)
➲ **नाटक (Drama) -** फैट हैम (जेम्स इजामेस द्वारा)
➲ **कविता -** डायने सियस द्वारा फ्रैंक : सॉनेट्स
➲ **इतिहास -** कवर्ड विथ नाइट [निकोल यूस्टेस (Nicole Eustace)]
➲ **संगीत-** रेवेन चाकोन द्वारा 'वाइसलेस मास'।

### ❑ मिसेज यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड, 2021-22



➡ हरियाणा की प्रियंका जुनेजा ने जीता। (मई, 2022)
➲ यह प्रतियोगिता भारत में आयोजित हुई थी।

### ❑ इंटरनेशनल बुकर पुरस्कार, 2022



➡ भारतीय लेखिका गीतांजलि श्री द्वारा लिखित एवं डेजी रॉकवेल द्वारा अनुवादित उपन्यास 'टूम ऑफ सैण्ड' को। (26 मई, 2022)
➲ 'टूम ऑफ सैण्ड' (Tomb of Sand), गीतांजलि श्री द्वारा लिखित उपन्यास **'रेत समाधि'** का अंग्रेजी अनुवाद है।
➲ यह इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतने वाली **किसी भी भारतीय भाषा की पहली पुस्तक** बन गई।
➲ साथ ही, यह **हिंदी से अनुवादित पहला उपन्यास** है, जिसे इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
➲ यह उपन्यास उत्तर भारत की कहानी है, जो एक 80 वर्षीय महिला के जीवन पर आधारित है।

### ❑ टेंपलटन पुरस्कार, 2022

➡ प्रसिद्ध अमेरिकी भौतिक विज्ञानी, गणितज्ञ एवं नोबेल पुरस्कार विजेता **डॉ. फ्रैंक विल्चेक** को। (11 मई, 2022)

### ❑ यूनेस्को/गिलर्मो कैनो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम अवॉर्ड, 2022

➡ **बेलारूसियन एसोशिएसन ऑफ जर्नलिस्ट्स** (BAJ) को। (26 अप्रैल, 2022)

## योजना/परियोजना

### ❑ सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड योजना, 2022-23




➡ भारत सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से इस योजना को शुरू करने का निर्णय। (जून, 2022)
➲ इसे 2 शृंखलाओं में जारी किया जाएगा।
➲ बॉण्डों की बिक्री अनुसूचित बैंकों (लघु वित्त बैंकों और भुगतान बैंकों को छोड़कर), स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल), नामित डाकघरों और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड एवं बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड) के माध्यम से की जाएगी।
➲ भारत सरकार की तरफ से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा यह बॉण्ड जारी किया जाएगा।
➲ इन बॉण्डों को 1 ग्राम की बुनियादी इकाई के साथ स्वर्ण (Gold) के ग्राम संबंधी गुणक में अंकित किया जाएगा।
➲ निवेश की न्यूनतम स्वीकार्य सीमा 1 ग्राम स्वर्ण होगी।

### ❑ पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना

➡ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में बीहड़/बंजर/जल भराव क्षेत्रों के सुधार एवं उपचार हेतु इस योजना को वर्ष 2022-23 से 2026-27 की अवधि तक क्रियान्वित करने का निर्णय। (14 जून, 2022)
➲ योजना का संचालन प्रदेश के 74 जिलों (गौतमबुद्ध नगर जिले को छोड़कर) में किया जाना प्रस्तावित है।
➲ योजनांतर्गत चयनित परियोजना क्षेत्र के समस्त कृषक एवं कृषक मजदूर लाभार्थी होंगे।
➲ परियोजना क्षेत्र के चयन में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दिए जाने का प्रस्ताव है, जहां लघु-सीमांत कृषकों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कृषकों और भू-आवंटी की अधिकता होगी।

### ❑ 'सुजल' पहल



➡ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा 'संत कबीर कुटीर' (मुख्यमंत्री का निवास स्थल) से प्रदेश के लिए जल संरक्षण से संबंधित इस पहल की शुरुआत। (13 जून, 2022)
➲ पायलट तौर पर इस योजना की शुरुआत पंचकुला के लिए की गई है।

## ❑ सुरक्षा-मित्र परियोजना

➡ केरल सरकार के मोटरवाहन विभाग द्वारा इस परियोजना की शुरुआत। (जून, 2022)

- यह परियोजना एक वाहन-निगरानी प्रणाली है, जिसके तहत, वाहनों के साथ एक व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (VLTD) लगाया जाएगा।
- 'सुरक्षा-मित्र' C-DAC द्वारा विकसित किया गया है।

## ❑ एन्नम एझुथुम मिशन

➡ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा 8 वर्ष से कम आयु के छात्रों (कक्षा 1 से 3) के बीच कोविड-19 महामारी के कारण बाधित शिक्षा को सुचारू ढंग से संचालित करने हेतु इस योजना की शुरुआत। (13 जून, 2022)

- बच्चों को 3 विषयों तमिल, अंग्रेजी और गणित में प्रशिक्षित किया जाएगा।

## ❑ प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नवसारी के एक जनजातीय क्षेत्र खुदवेल में गुजरात गौरव अभियान के दौरान 3050 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास। (10 जून, 2022)

- उन्होंने जलापूर्ति, विद्युत, संपर्क (कनेक्टिविटी) और सीवर आदि से संबंधित 7 परियोजनाओं का उद्घाटन, 12 परियोजनाओं का शिलान्यास और 14 परियोजनाओं का भूमि पूजन किया।

## ❑ श्रेष्ठ योजना (SHRESHTA Scheme - Scheme for Residential Education for Students in High School in Targeted Areas)



➡ केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा लक्षित क्षेत्रों के हाईस्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की आवासीय शिक्षा की योजना की शुरुआत। (3 जून, 2022)

- लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों की लिए इस योजना का निर्माण संवैधानिक अधिदेश के अनुसार, अनुसूचित जाति के गरीब छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।
- अनुसूचित जाति के निम्न आय वर्ग के छात्र, जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये तक या उससे कम है, इस योजना हेतु पात्र होंगे।
- योजना के तहत, प्रतिवर्ष लगभग 3000 छात्रों को कक्षा 9 और 11 में सीबीएसई से संबद्ध प्रतिष्ठित आवासीय स्कूलों में प्रवेश दिया जाता है, जिनकी शिक्षा और आवासीय शुल्क का पूरा खर्च विभाग वहन करता है।

## ❑ सागरमाला युवा पेशेवर योजना

➡ पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों में प्रतिभाशाली, अग्रसोची और गतिशील युवा पेशेवरों को शामिल करने हेतु यह योजना तैयार। (जून, 2022)

- यह योजना युवा पेशेवरों के लिए सक्रिय 'ऑन-द-ग्राउण्ड लर्निंग' पर केंद्रित है।

## ❑ एकीकृत लैण्डस्केप प्रबंधन योजना

➡ जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के सचिव पंकज कुमार द्वारा **ग्रेटर पन्ना लैण्डस्केप** हेतु इस योजना की अंतिम रिपोर्ट जारी। (2 जून, 2022)

- यह योजना भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा **केन-बेतवा लिंक परियोजना** के संबंध में तैयार की गई है।
- योजनांतर्गत बाघ, गिद्ध और घड़ियाल जैसी प्रमुख प्रजातियों के बेहतर आवास संरक्षण और प्रबंधन हेतु प्रावधान है।

## ❑ पीएम श्री स्कूल

➡ छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की इस स्कूल को स्थापित करने की योजना। (जून, 2022)

- ये स्कूल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की प्रयोगशाला के रूप में काम करेंगे।

## ❑ पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई की प्रीमियम दरों में संशोधन



➡ वर्ष 2015 में शुरू की गई प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) की प्रीमियम दरों में पहली बार संशोधन। (मई, 2022)

- संशोधन के तहत, पीएमजेजेबीवाई का वार्षिक प्रीमियम 330 रुपये से बढ़ाकर 436 रुपये (संशोधित प्रीमियम 1.25 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित) कर दिया गया है।
- पीएमएसबीवाई का वार्षिक प्रीमियम 12 रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये कर दिया गया है।
- संशोधित नई प्रीमियम दरें 1 जून, 2022 से प्रभावी हैं।

## ❑ पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन स्कीम के तहत हित लाभ जारी

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम केयर्स के तहत हित लाभ जारी (30 मई, 2022)

- इस योजना का उद्देश्य उन बच्चों की निरंतर तरीके से व्यापक देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिन्होंने अपने माता-पिता अथवा अभिभावक को कोविड महामारी में खो दिया है।
- बच्चों को 23 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर 10 लाख रुपये के अलावा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा तथा

'संवाद' हेल्पलाइन के माध्यम से उनकी मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक सहायता हेतु परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### ❑ स्कॉलरशिप फॉर पीएम केयर्स चिल्ड्रेन

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस नई योजना का शुभारंभ। (29 मई, 2022)

- ➲ यह नई योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा कोविड-19 के दौरान अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक या दत्तक माता-पिता या जीवित माता या पिता को खो देने वाले बच्चों को बिना किसी बाधा के शिक्षा जारी रखने हेतु छात्रवृत्ति सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
- ➲ केंद्रीय क्षेत्र की इस योजना के तहत, प्रतिवर्ष प्रति छात्र 20,000 रुपये का छात्रवृत्ति भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### ❑ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी)

➡ केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को 13554.42 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 5 वर्षों की अवधि तक (वर्ष 2021-22 से 2025-26) के लिए 15वें वित्त आयोग की समायावधि के दौरान जारी रखने हेतु मंजूरी। (30 मई, 2022)

- ➲ मौजूदा योजना में प्रमुख संशोधन/सुधार कर अब अधिकतम परियोजना लागत को विनिर्माण इकाइयों के लिए 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये और सेवा इकाइयों के लिए 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है।
- ➲ सभी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश योजनांतर्गत शामिल किए जाएंगे।
- ➲ योजनांतर्गत 5 वित्तीय वर्षों में अनुमानतः लगभग 40 लाख व्यक्तियों के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### ❑ परियोजना 'निगाह'

➡ दिल्ली कस्टम्स जोन के मुख्य आयुक्त सुरजीत भुजबल द्वारा आईसीडी (इनलैण्ड कंटेनर डिपो) गढ़ी हरसरु, गुरुग्राम में इस योजना का शुभारंभ। (26 मई, 2022)

- ➲ यह परियोजना आईसीडी कंटेनर ट्रैकिंग मॉड्यूल (आईसीटीएम) का उपयोग करके कंटेनर को ट्रैक करने की एक पहल है।

### ❑ ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (OVEP)




➡ ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के इस कार्यक्रम की शुरुआत। (24 मई, 2022)

- ➲ भारत में पहली बार यह कार्यक्रम ओडिशा में शुरू किया गया है।
- ➲ पहले चरण में यह कार्यक्रम प्रायोगिक रूप में भुवनेश्वर और राउरकेला के 90 स्कूलों में शुरू किया गया है, जिसे बाद में अन्य स्कूलों में शुरू किया जाएगा।
- ➲ इस कार्यक्रम को **ओडिशा सरकार** के स्कूल और जन शिक्षा विभाग और **अभिनव बिंद्रा फाउण्डेशन ट्रस्ट** के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है।

### ❑ इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना

➡ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध करने के लिए संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की तर्ज पर शहरी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शुरू की गई इस योजना के क्रियान्वयन हेतु नवीन दिशा-निर्देशों को स्वीकृति। (22 मई, 2022)

- ➲ इस योजनांतर्गत शहरी क्षेत्रों में निवासरत परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

### ❑ श्रेष्ठ-जी (SRESTHA-G) परियोजना




➡ विश्व बैंक द्वारा गुजरात में स्वास्थ्य से संबंधित इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय सहायता के रूप में 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि प्रदान करने हेतु मंजूरी। (मई, 2022)

- ➲ इस परियोजना की कुल लागत राशि 500 मिलियन डॉलर है।
- ➲ SRESTHA-G का पूर्ण रूप - 'Systems Reform Endeavors for Transformed Health Achievement in Gujarat' है।

### ❑ हिंदी @ यूएन परियोजना

➡ भारत सरकार द्वारा इस परियोजनांतर्गत संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु 8,00,000 डॉलर राशि का योगदान प्रदत्त। (मई, 2022)

- ➲ यह परियोजना वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र के सूचना विभाग के सहयोग से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई थी।

### ❑ प्रोजेक्ट वर्तक

➡ सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थित नेचिफू सुरंग का उत्खनन कार्य पूरा किया गया। (20 मई, 2022)

- ➲ इस परियोजना के तहत, बीआरओ द्वारा निर्मित की जा रही इस सुरंग की आधारशिला 12 अक्टूबर, 2020 को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखी थी।
- ➲ यह सुरंग 5,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है।
- ➲ 'डी' आकार की इस सुरंग की लंबाई 500 मीटर है।

### ❑ विश्व मधुमक्खी दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम

➡ यह कार्यक्रम एकता नगर, नर्मदा, गुजरात में आयोजित। (20 मई, 2022)

- ➲ शुभारंभकर्ता केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर 5 राज्यों में 7 स्थानों पर स्थापित की गई हनी टेस्टिंग लैब और प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन किया।
- ➲ यह टेस्टिंग लैब और प्रोसेसिंग यूनिट पुलवामा, बांदीपोरा, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर), तुमकुरु (कर्नाटक), सहारनपुर (उत्तर प्रदेश), पुणे (महाराष्ट्र) और उत्तराखण्ड में स्थापित की गई हैं।

### ❑ जनजातीय युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रायोगिक परियोजना

➡ केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर द्वारा जनजातीय युवाओं के कौशल विकास के उद्देश्य से भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थित **सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड इण्डस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस** (सीआरआईएसपी) में इस परियोजना का शुभारंभ। (13 मई, 2022)

- ➲ इस प्रायोगिक परियोजनांतर्गत भारत के 6 राज्यों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र तथा ओडिशा) से चुने गए 17 जिलों के 17 समूहों के लगभग 250 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना है।

### ❑ 'भारत टैप' पहल




➡ केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 'प्लंबेक्स इण्डिया' प्रदर्शनी में इस पहल की शुरुआत। (12 मई, 2022)

- ➲ **उद्देश्य** - बड़े पैमाने पर कम प्रवाह वाले सेनेटरी-वेयर उपलब्ध कराना और इस प्रकार से स्रोत पर पानी की खपत को काफी कम करना।

### ❑ लाडली लक्ष्मी योजना 2.0




➡ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भोपाल में लाडली लक्ष्मी उत्सव के दौरान इस योजना का शुभारंभ। (8 मई, 2022)

- ➲ इस योजना के तहत, लाडली लक्ष्मी बालिकाओं के मेडिकल, आईआईटी, आईआईएम या किसी भी संस्थान में प्रवेश लेने पर पूरी फीस राज्य सरकार वहन करेगी तथा कक्षा 12वीं के बाद स्नातक में प्रवेश लेने हेतु दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपये दो समान किश्तों में प्रदान की जाएगी।
- ➲ बालिकाओं की सर्वोत्तम देखभाल करने वाली ग्राम पंचायतों को 'लाडली लक्ष्मी' घोषित किया जाएगा।

### ❑ एनईसीबी 2.0 परियोजना



➡ केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर द्वारा पूर्वोत्तर के राज्यों में समाज के विभिन्न वर्गों के लिए डिजिटल कौशल और उद्योग मांग आधारित प्रौद्योगिकियों में क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण हेतु इस परियोजना का शुभारंभ। (6 मई, 2022)

- ➲ यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है।
- ➲ इस अवसर पर उन्होंने पूर्वोत्तर के शिक्षित युवाओं में कौशल बढ़ाने हेतु क्षेत्र में पांच नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) केंद्रों का उद्घाटन किया।
- ➲ ये पांच केंद्र डिब्रूगढ़, दीमापुर, जोरहाट, पासीघाट और सेनापति में बनाए गए हैं।

## ऑपरेशन/अभियान

### ❑ 38वीं 2022

➡ अण्डमान सागर और मलक्का जलडमरूमध्य में आयोजित। (13-24 जून, 2022)

- ➲ यह समन्वित गश्त भारतीय नौसेना की अण्डमान और निकोबार कमाण्ड (ANC) इकाई तथा इण्डोनेशिया की नौसेना के बीच आयोजित की गई।

### ❑ एक्स. खान क्वेस्ट, 2022




➡ बहुराष्ट्रीय संयुक्त अभ्यास, मंगोलिया में आयोजित। (6-20 जून, 2022)

- ➲ इसमें 16 देशों की सैन्य टुकड़ियों ने भाग लिया।
- ➲ इसमें भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व लद्दाख स्काउट्स की एक टुकड़ी ने किया।

### ❑ पर्यावरण के लिए जीवन शैली (LiFE) अभियान का शुभारंभ




➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअली इस वैश्विक पहल का शुभारंभ। (5 जून, 2022)

- ➲ इसके शुभारंभ से पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली को अपनाने के लिए विचारों को आमंत्रित करने के क्रम में 'लाइफ ग्लोबल कॉल फॉर पेपर्स' की भी शुरुआत हुई।

## ❑ युद्धाभ्यास संप्रीति - X




➡ भारत-बांग्लादेश संयुक्त सैन्य अभ्यास का 10वां संस्करण जशोर सैन्य स्टेशन, बांग्लादेश में संपन्न। (5-16 जून, 2022)

- ➲ इसमें भारतीय दल का नेतृत्व डोगरा रेजीमेंट की एक बटालियन ने किया।

## ❑ अभ्यास बोंगोसागर, 2022



➡ भारत एवं बांग्लादेश की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास का तीसरा संस्करण पोर्ट मोंगला (बांग्लादेश) तथा बंगाल की उत्तरी खाड़ी में संपन्न। (24-27 मई, 2022)

# आयोग/समिति

## ❑ आरबीआई विनियमित संस्थाओं में ग्राहक सेवा मानकों की समीक्षा के लिए समिति



➡ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित। (23 मई, 2022)

- ➲ आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर **बी.पी. कानूनगो** इस समिति के अध्यक्ष होंगे।
- ➲ इस समिति का गठन विनियमित संस्थाओं में ग्राहक सेवा की स्थिति और ग्राहक सेवा विनियमों की पर्याप्तता की जांच और समीक्षा करने तथा ग्राहक सेवा में सुधार के उपायों का सुझाव देने के लिए किया गया है।
- ➲ समिति 3 माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## ❑ भारतीय कपास परिषद का गठन



➡ केंद्र सरकार द्वारा गठित। (18 मई, 2022)

- ➲ प्रसिद्ध कपास व्यापारी **सुरेश भाई कोटक** इसके अध्यक्ष होंगे।
- ➲ परिषद में वस्त्र मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, भारतीय कपास निगम और कपास अनुसंधान संस्थान का प्रतिनिधित्व रहेगा।
- ➲ यह परिषद इस क्षेत्र में ठोस सुधार लाने के लिए चर्चा, विचार-विमर्श और एक मजबूत कार्ययोजना तैयार करेगी।

# सम्मेलन/समारोह

## ❑ मिनी डिफेंस एक्सपो, 2022



➡ कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में पहली बार आयोजित। (6-9 जुलाई, 2022)

- ➲ इसका आयोजन भारतीय थल सेना द्वारा किया गया।

## ❑ ग्लोबल ऑर्गेनिक एक्सपो, 2022

➡ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) पूसा, नई दिल्ली में आयोजित। (26-28 मई, 2022)

## ❑ साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन, 2022

➡ विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित। (20 जून, 2022)

- ➲ इसका आयोजन गृह मंत्रालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से किया गया।

## ❑ आम महोत्सव, 2022




➡ आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बहरीन में आयोजित। (13-20 जून, 2022)

- ➲ इसका आयोजन कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) द्वारा बहरीन में भारतीय दूतावास और अल जजीरा समूह के सहयोग से किया गया।

## ❑ मुख्य सचिवों का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन, 2022

➡ धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित। (15-17 जून, 2022)

- ➲ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की।
- ➲ **सम्मेलन में तीन विषयों -** (i) राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन, (ii) शहरी शासन, (iii) फसल विविधीकरण तथा तिलहन, दलहन एवं अन्य कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता पर विचार-विमर्श किया गया।

## ❑ भारत-बांग्लादेश संयुक्त सलाहकार आयोग की 7वीं दौर की बैठक, 2022



➡ नई दिल्ली में आयोजित। (19 जून, 2022)

- ➲ विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. ए. के. अब्दुल मोमेन ने बैठक की सह-अध्यक्षता की।

## ❑ पहली भारत-जापान वित्त वार्ता, 2022

➡ नई दिल्ली में संपन्न। (16 जून, 2022)

- ➲ इस वार्ता में भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के सचिव अजय सेठ ने किया।
- ➲ जबकि, जापान का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मामलों के वित्त उप-मंत्री मसातो काण्डा ने किया।

## ❑ भारत-आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की विशेष बैठक, 2022

➡ भारत की मेजबानी में नई दिल्ली में आयोजित। (16-17 जून, 2022)

- ➲ इसमें भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर सहित आसियान देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया।

- ➲ यह बैठक आसियान-भारत वार्ता संबंधों की 30वीं वर्षगांठ और आसियान के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हुई थी।

### ❑ उन्मेष - अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव, 2022

➡ शिमला, हिमाचल प्रदेश में संपन्न। (16-18 जून, 2022)




- ➲ इसका आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं साहित्य अकादमी द्वारा 'आजादी के अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में हिमाचल प्रदेश सरकार के कला और संस्कृति विभाग के सहयोग से किया गया।
- ➲ इसमें भारत सहित 15 देशों की साहित्यिक हस्तियों ने भाग लिया।

### ❑ 12 दिल्ली डायलॉग, 2022

➡ नई दिल्ली में आयोजित। (16-17 जून, 2022)

- ➲ **मुख्य विषय -** ''हिंद-प्रशांत क्षेत्र को परस्पर जोड़ना''।

### ❑ 12वां डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, 2022

➡ जेनेवा, स्विट्जरलैण्ड में आयोजित। (12-17 जून, 2022)




- ➲ यह कजाख्स्तान की सह-मेजबानी में आयोजित हुआ।
- ➲ केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### ❑ 110वां अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन, 2022

➡ जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में आयोजित। (27 मई से 11 जून, 2022)




- ➲ इसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा किया गया था।
- ➲ केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### ❑ बैखो महोत्सव, 2022

➡ असम में मनाया गया। (जून, 2022)

- ➲ यह देश की राभा जनजातियों द्वारा मनाया जाता है।
- ➲ यह महोत्सव प्रतिवर्ष अच्छी फसल और लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मनाया जाता है।

### ❑ बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो, 2022

➡ प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित। (9-10 जून, 2022)




- ➲ **मुख्य विषय -** ''Biotech Startup Innovations : Towards Atmanirbhar Bharat''.
- ➲ इसका आयोजन बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग तथा बायोटेक्नोलॉजी इण्डस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल (BIRAC) द्वारा किया गया।
- ➲ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया।

### ❑ ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 12वीं 2022

➡ चीन की मेजबानी में वर्चुअली आयोजित। (8 जून, 2022)

- ➲ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- ➲ **मुख्य विषय -** ''समन्वित कृषि और ग्रामीण विकास के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत बनाना''।

### ❑ रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन, 2022

➡ ह्यूस्टन, टेक्सास (यूएसए) में आयोजित। (4-8 जून, 2022)




- ➲ **मुख्य विषय -** "Discover New Horizons".
- ➲ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस सम्मेलन को संबोधित किया।

### ❑ नेशनल समिट ऑन डेवलपिंग सस्टेनेबल एण्ड रिस्पॉन्सिबल टूरिस्ट डेस्टिनेशंस, 2022

➡ नई दिल्ली में आयोजित। (4 जून, 2022)

- ➲ इसका आयोजन पर्यटन मंत्रालय द्वारा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) और रिस्पॉन्सिबिल टूरिज्म सोसाइटी ऑफ इण्डिया (RTSOI) के सहयोग से किया गया।

### ❑ 38वीं 2022

➡ गाजियाबाद (उ.प्र.) में आयोजित। (2-3 जून, 2022)




- ➲ इसका आयोजन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) ने किया था।
- ➲ **मुख्य विषय -** ''पुलिस प्रशिक्षण में उत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करना''।

### ❑ वर्ल्ड समिट ऑफ इन्फॉर्मेशन सोसाइटी फोरम, 2022

➡ जेनेवा, स्विट्जरलैण्ड में आयोजित। (30 मई से 3 जून, 2022)

- ➲ इसका आयोजन जेनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) द्वारा किया गया था।
- ➲ इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान ने किया।

### ❑ 17वां मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 2022

➡ मुंबई के वर्ली स्थित नेहरू सेंटर ऑडिटोरियम में आयोजित। (29 मई से 4 जून, 2022)




- ➲ **कंट्री ऑफ फोकस -** बांग्लादेश

➲ डच फिल्म **'टर्न योर बॉडी टू द सन'** ने इस महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र के लिए स्वर्ण शंख पुरस्कार जीता।

### ❑ अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन का 59वां महाधिवेशन, 2022

➡ उज्जैन (म.प्र.) में आयोजित। (29 मई, 2022)

### ❑ पहला राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन, 2022

➡ तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित। (26-27 मई, 2022)

➲ इसका आयोजन केरल विधानसभा द्वारा किया गया था।

### ❑ चौथा शिरुई लिली महोत्सव, 2022

➡ मणिपुर राज्य के उखरूल जिले में आयोजित। (25-28 मई, 2022)

➲ इसका आयोजन पर्यटन विभाग, मणिपुर सरकार द्वारा किया गया था।

### ❑ भारत ड्रोन महोत्सव, 2022

➡ प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित। (27-28 मई, 2022)



➲ यह भारत का सबसे बड़ा ड्रोन महोत्सव है।

➲ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महोत्सव का उद्घाटन किया।

### ❑ ब्रिक्स संस्कृति मंत्रियों की 7वीं 2022

➡ चीन की मेजबानी में वर्चुअली आयोजित। (24 मई, 2022)

➲ **मुख्य विषय -** ''ब्रिक्स के मध्य समावेशी और आपस में 'ज्ञान का साझा' करने वाली सांस्कृतिक साझेदारी स्थापित करना''।

➲ बैठक के अंत में मंत्रियों ने सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत करने और वर्ष 2015 में हस्ताक्षरित ब्रिक्स सांस्कृतिक सहयोग समझौते को लागू करने के लिए 'ब्रिक्स कार्ययोजना, 2022-26' को अपनाया।

### ❑ यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन टू कॉम्बेट डेजर्टीफिकेशन (UNCCD) की 15वीं (CoP-15), 2022

➡ आबिदजान (कोटे डी'आइवर) में आयोजित। (9-20 मई, 2022)

➲ **मुख्य विषय -** ''Land. Life. Legacy : from scarcity to prosperity''.

➲ केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व किया।

### ❑ एजुकेशन वर्ल्ड फोरम, 2022

➡ लंदन (यू.के.) में आयोजित। (22-25 मई, 2022)

➲ **मुख्य विषय -** ''Education : Building forward together, Stronger, Bolder, Better''.

➲ इस कार्यक्रम में दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली स्कूल का मॉडल पेश किया।

### ❑ क्वाड (QUAD) नेताओं का शिखर सम्मेलन, 2022

➡ टोक्यो, जापान में आयोजित। (24 मई, 2022)



➲ इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा तथा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने भाग लिया।

### ❑ पहला अतुल्य भारत अंतरराष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन, 2022

➡ मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित। (14-15 मई, 2022)

➲ **मुख्य विषय -** ''Developing India as Cruise Hub''.

### ❑ 8वां भारत मक्का शिखर सम्मेलन, 2022

➡ नई दिल्ली में आयोजित। (12-13 मई, 2022)




➲ **मुख्य विषय -** ''Maize : Leveraging a supply sustainable approach towards demand - driven markets and farmers prosperity''.

### ❑ आपदा अवरोधी अवसंरचना पर चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2022

➡ हाइब्रिड प्रारूप में नई दिल्ली में आयोजित। (4-6 मई, 2022)

➲ इसका आयोजन भारत सरकार द्वारा USAID के सहयोग से किया गया।

➲ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन को संबोधित किया।

### ❑ दूसरा वैश्विक कोविड वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2022

➡ अमेरिका की मेजबानी में वर्चुअली आयोजित। (12 मई, 2022)

➲ **मुख्य विषय -** ''Preventing Pandemic Fatigue and Prioritizing Preparedness''.

➲ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस सम्मेलन में भाग लिया।

## संधि/समझौता

### ❑ भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मध्य समझौता

➡ केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा उद्योग और विकसित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग पर दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी। (8 जून, 2022)



➲ इस समझौता-ज्ञापन के कार्यान्वयन से दोनों देशों के मध्य निम्नलिखित क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग की संभावना है - अक्षय ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), उद्योग को

सक्षमता प्रदान करने वाली प्रौद्योगिकियों, स्वास्थ्य और जैविक विज्ञान के क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार में वृद्धि।

**❑ भारतीय वायु सेना विरासत केंद्र की स्थापना हेतु समझौता**

➡ चण्डीगढ़ में इस केंद्र की स्थापना हेतु केंद्रशासित प्रदेश चण्डीगढ़ और भारतीय वायु सेना के बीच समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित। (3 जून, 2022)

- दोनों की इस संयुक्त परियोजना को अक्टूबर, 2022 तक पूरा करने की योजना है।

**❑ भारत-सेनेगल के मध्य समझौता**



➡ उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू की सेनेगल की यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य तीन समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित। (जून, 2022)

- पहला समझौता-ज्ञापन राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा मुक्त व्यवस्था से संबंधित है।
- दूसरा समझौता-ज्ञापन वर्ष 2022-26 की अवधि के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) के नवीनीकरण से संबंधित है।
- तीसरा समझौता-ज्ञापन युवा मामलों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने से संबंधित है।

**❑ भारत-कनाडा के मध्य समझौता**



➡ दोनों देशों के मध्य जलवायु कार्रवाई, पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण पर द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित। (2 जून, 2022)

- यह समझौता-ज्ञापन स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित स्टॉकहोम +50 शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित हुआ।

**❑ निवेश प्रोत्साहन समझौता (आईआईए)**

➡ भारत सरकार और अमेरिकी सरकार के बीच टोक्यो, जापान में यह समझौता हस्ताक्षरित। (23 मई, 2022)

- यह निवेश प्रोत्साहन समझौता वर्ष 1997 में भारत सरकार और अमेरिकी सरकार के मध्य हस्ताक्षरित निवेश प्रोत्साहन समझौते का स्थान लेगा।

**❑ इस्राइल-संयुक्त अरब अमीरात के मध्य समझौता**

➡ दोनों देशों के मध्य एक मुक्त व्यापार समझौता हस्ताक्षरित। (31 मई, 2022)

- यह **पहला अवसर** है, जब इस्राइल ने **किसी अरब देश** के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है।
- इससे पूर्व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) वर्ष 2020 में अमेरिका के समर्थन से इस्राइल के साथ संबंधों को सामान्य करने के लिए सहमत हुआ था।

**❑ महाराष्ट्र सरकार द्वारा विश्व आर्थिक मंच (WEF) की वार्षिक बैठक के दौरान समझौता**



➡ दावोस, स्विट्जरलैण्ड में आयोजित WEF की वार्षिक बैठक के दौरान महाराष्ट्र पवेलियन में आयोजित समारोह में महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा कुल 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश हेतु 23 समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर। (24 मई, 2022)

- 55 प्रतिशत से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) सिंगापुर, इण्डोनेशिया, अमेरिका और जापान जैसे देशों द्वारा किया जाएगा।
- यह निवेश फार्मास्युटिकल और चिकित्सा उपकरणों, आईटी, डाटा सेंटर, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, कागज और लुग्दी, स्टील आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जाएंगे।

**❑ कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार-संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के मध्य समझौता**

➡ दोनों के मध्य कृषि, फसल बीमा और ऋण पर रणनीतिक साझेदारी हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित। (12 मई, 2022)

- इस समझौता-ज्ञापन के तहत, यूनएडीपी केंद्र की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) और किसान क्रेडिट कार्ड संशोधित ब्याज सब्वेन्शन योजना हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

**❑ गृह मंत्रालय-सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड के मध्य समझौता**

➡ दोनों के मध्य केंद्रीय सशस्त्र बलों (CAPFs) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के परिसरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित। (6 मई, 2022)

**❑ भारत-जर्मनी के मध्य समझौता**



➡ छठे भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श के अवसर पर कुल 9 समझौते हस्ताक्षरित। (2 मई, 2022)

- इसमें भारत-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन कार्यबल, कृषि पारिस्थितिकी, वन परिदृश्य बहाली पर समझौते शामिल हैं।

## संघ/संगठन

**❑ राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म अनुसंधान संस्थान (एनएआरआईपी), चेरुथुरुथी, त्रिशूर**

➡ पंचकर्म से संबंधित केरल के इस संस्थान के जैव रसायन और विकृति विभाग को अपनी नैदानिक प्रयोगशाला सेवाओं के लिए राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) एम (ईएल) टी प्रत्यायन प्राप्त। (जून, 2022)

➲ अपनी नैदानिक प्रयोगशाला सेवाओं हेतु एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त करने वाला केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के तहत यह पहला संस्थान है।

### ❑ अडानी समूह-टोटल एनर्जीज के मध्य साझेदारी




➡ दोनों के मध्य संयुक्त रूप से **विश्व का सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन पारिस्थितिकी तंत्र** बनाने हेतु साझेदारी। (14 जून, 2022)

➲ इस साझेदारी के तहत, फ्रांस की टोटल एनर्जीज (Total Energies) अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड से अडानी न्यू इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (ANIL) में 25 प्रतिशत अल्पसंख्यक हिस्सेदारी हासिल करेगी।

➲ प्रारंभिक चरण में एएनआईएल वर्ष 2030 से पहले 1 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित करेगा।

### ❑ तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी)

➡ यह भारतीय कंपनी इण्डियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) पर घरेलू गैस का व्यापार करने वाली भारत की पहली खोज एवं उत्पादन (एक्सप्लोरेशन एण्ड प्रोडक्शन) कंपनी बनी। (23 मई, 2022)

### ❑ यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

➡ यह बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की 'अकाउंट एग्रीगेटर (AA) इकोसिस्टम' पर लाइव होने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक बना। (29 अप्रैल, 2022)

➲ अकाउंट एग्रीगेटर (AA) इकोसिस्टम सिंतबर, 2021 से संचालित हुआ है।

➲ अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम ग्राहकों की सहमति से प्राप्त डिजिटल डाटा का लाभ उठाने में ऋणदाताओं की मदद करता है।

### ❑ एसोसिएशन ऑफ एशियन इलेक्शन अथॉरिटीज (AAEA)

➡ भारत सर्वसम्मति से वर्ष 2022-24 की अवधि के लिए इस संस्था का अध्यक्ष चुना गया। (7 मई, 2022)

➲ भारत को एएईए के कार्यकारी बोर्ड और महासभा की मनीला, फिलीपींस में हुई बैठक में इस संस्था का अध्यक्ष चुना गया है।

➲ वर्तमान में कार्यकारी बोर्ड के नए सदस्यों में रूस, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, ताइवान और फिलीपींस शामिल हैं।

➲ ध्यातव्य है, कि एएईए की स्थापना वर्ष 1998 में हुई थी।

## विधि/न्याय

### ❑ राईट टू रिपेयर विधेयक

➡ न्यूयॉर्क राज्य विधायिका द्वारा यह विधेयक पारित। (3 जून, 2022)

➲ इस विधेयक का शीर्षक - 'डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री और इनके निदान एवं मरम्मत की जानकारी प्रदान करने के संबंध में व्यापार कानून में संशोधन हेतु अधिनियम' है।

➲ विश्व में पहली बार न्यूयॉर्क राज्य विधायिका ने डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए यह कानून पारित किया है।

➲ इस विधेयक के अंतर्गत डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स बेचने वाले निर्माताओं द्वारा उपभोक्ताओं और स्वतंत्र मरम्मत की दुकानों के लिए पुर्जे, उपकरण, सूचना और सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराने हेतु प्रावधान हैं।

### ❑ अनुच्छेद 142

➡ 18 मई, 2022 को उच्चतम न्यायालय ने राजीव गांधी हत्याकाण्ड में विगत 31 वर्षों से उम्रकैद की सजा काट रहे सात दोषियों में से एक एजी पेरारिवलन की रिहाई के लिए संविधान के तहत प्राप्त विशेषाधिकार के तहत फैसला सुनाया।

➲ दिसंबर, 2015 से तमिलनाडु के राज्यपाल के समक्ष अनुच्छेद 161 के अंतर्गत पेरारिवलन की दया याचिका लंबित थी।

➲ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत, उच्चतम न्यायालय को विशेष अधिकार प्रदत्त है।

➲ इस अनुच्छेद के तहत, न्यायालय ऐसे फैसले दे सकता है, जो किसी लंबित पड़े मामले को पूरा करने के लिए आवश्यक हों।

### ❑ जीएसटी परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों के लिए बाध्यकारी नहीं




➡ उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद और केंद्र राज्य संबंध के मामले में फैसला सुनाया। (19 मई, 2022)

➲ तीन न्यायाधीशों की पीठ में जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रमनाथ शामिल थे।

➲ उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि जीएसटी परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों के लिए बाध्यकारी नहीं हैं।

➲ अनुच्छेद 279A में जीएसटी एवं जीएसटी परिषद से संबंधित प्रावधान हैं।

## ❑ गर्भ में मौजूद बच्चा नागरिकता पाने का हकदार

➡ मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि नागरिकता छोड़ चुके माता-पिता के गर्भ में मौजूद बच्चा नागरिकता वापस पाने का हकदार है। (मई, 2022)

- ➲ यह फैसला उच्च न्यायालय ने 22 वर्षीय प्रणय श्रीनिवासन द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाया।
- ➲ साथ ही न्यायालय ने यह भी कहा की भारतीय संविधान के अनुच्छेद 8 के तहत 7½ माह का गर्भस्थ शिशु नाबालिग बच्चे के तौर पर माना जाएगा और यह नागरिकता पाने का हकदार है।

## ❑ स्वैच्छिक वेश्यावृत्ति अपराध नहीं



➡ उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने फैसला सुनाया कि स्वैच्छिक वेश्यावृत्ति अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। (मई, 2022)

- ➲ यह फैसला जस्टिस एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनाया, इस पीठ में दो अन्य न्यायाधीश जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ए.एस. बोपन्ना शामिल थे।
- ➲ न्यायालय ने अपने आदेश में सहमति से यौन संबंध बनाने वाली सेक्स वर्कर्स के खिलाफ हस्तक्षेप और कार्रवाई नहीं करने हेतु पुलिस को निर्देश दिया।
- ➲ वर्ष 2011 में कोलकाता में एक सेक्स वर्कर के संबंध में आपराधिक शिकायत दर्ज हुई थी, जिसे उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान में लिया था और पूरे मामले को देखने के लिए प्रदीप घोष की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी।
- ➲ इस कमेटी के द्वारा की गई सिफारिशों का अध्ययन करने के बाद उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश पारित किया है।
- ➲ उच्चतम न्यायालय के अनुसार, सेक्स वर्कर्स और उनके बच्चों को भी संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अधिकार है।

# वर्ष/दिवस

## ❑ नाविक दिवस




➡ **तिथि** - 25 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - "Your Voyage - then and now, share your journey".

## ❑ संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस

➡ **तिथि** - 23 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - "Building back better from COVID-19 : Enhancing Innovative Partnerships to meet the Sustainable Development Goal".

## ❑ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




➡ **तिथि** - 21 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - ''मानवता के लिए योग'' (Yoga for Humanity)।

## ❑ विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस

➡ **तिथि** - 15 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - "Combating Elder Abuse.

## ❑ वैश्विक पवन दिवस

➡ **तिथि** - 15 जून, 2022

- ➲ **उद्देश्य** - पवन ऊर्जा के महत्व, दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

## ❑ विश्व रक्तदाता दिवस




➡ **तिथि** - 14 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - "Donating Blood is an act of solidarity. Join the effort and save lives".

## ❑ अंतरराष्ट्रीय एल्बनिज्म जागरूकता दिवस

➡ **तिथि** - 13 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - "United in making our voice heard".

## ❑ विश्व बालश्रम निषेध दिवस



➡ **तिथि** - 12 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - ''बालश्रम को समाप्त करने के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा''।

## ❑ विश्व महासागर दिवस



➡ **तिथि** - 8 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - "Revitalization : Collective action for the ocean".

## ❑ विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस




➡ **तिथि** - 7 जून, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - ''सुरक्षित खाद्य, बेहतर स्वास्थ्य'' (Safer Food, Better Health)।

## ❑ विश्व पर्यावरण दिवस




➡ **तिथि** - 5 जून, 2022

- ➲ **मेजबान देश** - स्वीडन
- ➲ इस वर्ष **'प्रकृति के साथ सद्‌भाव में रहना'** पर फोकस के साथ **'केवल एक पृथ्वी' (Only on Earth)** विश्व पर्यावरण दिवस के अभियान का स्लोगन है।

## ❑ विश्व तंबाकू निषेध दिवस




➡ **तिथि** - 31 मई, 2022

- ➲ **मुख्य विषय** - "Tobacco : Threat to our environment".

❑ **संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय शांति सैनिक दिवस**

➡ **तिथि -** 29 मई, 2022

➲ **मुख्य विषय -** "People. Peace. Progress. The power of Partnerships".

❑ **अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस**

➡ **तिथि -** 22 मई, 2022




➲ **मुख्य विषय -** ''सभी जीवन के लिए एक साझा भविष्य का निर्माण'' (Building a shared future for all life)।

❑ **अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस**

➡ **तिथि -** 15 मई, 2022

➲ **मुख्य विषय -** ''परिवार और शहरीकरण'' (Families and Urbanization)।

❑ **विश्व प्रवासी पक्षी दिवस, 2022**

➡ **तिथि -** 14 मई, 2022




➲ यह दिवस वर्ष में दो बार मई और अक्टूबर माह के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है।

➲ **वर्ष 2022 में इस दिवस का मुख्य विषय -** "Dim the lights for birds at night".

❑ **विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस**

➡ **तिथि -** 3 मई, 2022

➲ **मुख्य विषय -** "Journalism under digital siege".

**अन्य वर्ष/दिवस**

✦ **विश्व शरणार्थी दिवस** — 20 जून, 2022
✦ **सस्टेनेबल गैस्ट्रोनॉमी डे** — 18 जून, 2022
✦ **विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस** — 17 जून, 2022
✦ **इंटरनेशनल डे ऑफ फैमिली रेमिटेंसेस** — 16 जून, 2022
✦ **विश्व साइकिल दिवस** — 3 जून, 2022
✦ **वैश्विक अभिभावक दिवस** — 1 जून, 2022
✦ **अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस** — 21 मई, 2022
✦ **विश्व संवाद और विकास के लिए सांस्कृतिक विविधता दिवस** — 21 मई, 2022
✦ **विश्व मधुमक्खी दिवस** — 20 मई, 2022
✦ **विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस** — 17 मई, 2022
✦ **अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस** — 16 मई, 2022
✦ **शांति के साथ रहने का अंतरराष्ट्रीय दिवस** — 16 मई, 2022
✦ **इंटरनेशनल डे ऑफ प्लांट हेल्थ** — 12 मई, 2022
✦ **राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस** — 11 मई, 2022

# पुस्तकें

✦ माइण्ड मास्टर : विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैंपियंस लाइफ – **विश्वनाथन आनंद**
✦ गांधी एण्ड द चंपारण सत्याग्रह : सेलेक्ट रीडिंग्स – **सुरंजन दास**
✦ अष्टांग योग – **डॉ. सोनू फोगाट**
✦ गौतम अडानी : द मैन हू चेंज्ड इण्डिया – **आर.एन. भास्कर**
✦ द बुक ऑफ फॉर्म एण्ड एंप्टीनेस – **रूथ ओजेकी**
✦ भारतीय संविधान : अनकही कहानी – **रामबहादुर राय**
✦ बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स : द विनिंग फॉर्मूला फॉर सक्सेस – **विनीत कार्णिक**
✦ लिसन टू योर हार्ट : द लंदन एडवेंचर – **रस्किन बॉण्ड**
✦ गंगा : रीइमेजिंग, रिजुवेनेटिंग, रीकनेक्टिंग – **राजीव रंजन मिश्रा एवं पुष्कल उपाध्याय**
✦ द लाइफ एण्ड टाइम्स ऑफ जॉर्ज फर्नाण्डिस : मेनी पीक्स ऑफ ए पॉलिटिकल लाइफ – **राहुल रामागुण्डम**
✦ ए प्लेस कॉल्ड होम –**प्रीति शेनॉय**
✦ द स्ट्रगल फॉर पुलिस रिफॉर्म्स इन इण्डिया : रूलर्स पुलिस टू पीपुल्स पुलिस – **प्रकाश सिंह**
✦ द इण्डिया स्टोरी – **बिमल जालान**
✦ लाल सलाम – **स्मृति जुबिन ईरानी**
✦ गेटिंग द ब्रेड : जेन - जेड वे टू सक्सेस – **प्रार्थना बत्रा**
✦ टेल मी हाउ टू बी – **नील पटेल**
✦ मालिबू राइजिंग – **टेलर जेनकिंस रीड**
✦ द लाइज आई टेल – **जूली क्लार्क**
✦ बाबेल – **आर.एफ. कुआंग**
✦ कोल्ड कोल्ड बोन्स – **कैथी राइक्स**

# विविध

❑ **उत्सव 'ज्योतिर्गमय'**



➡ आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में गुमनाम कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने से संबंधित इस उत्सव का आयोजन। (21-25 जून, 2022)

➲ संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित इस उत्सव के दौरान दुर्लभ संगीत वाद्य यंत्रों को विश्व संगीत दिवस के अवसर पर प्रदर्शित किया गया।

➲ इस उत्सव में सड़क पर प्रदर्शन करने वाले, ट्रेन में मनोरंजन करने वाले और मंदिरों से जुड़े कलाकार शामिल हुए।

## ❑ बीआरओ कैफे

➡ रक्षा मंत्रालय द्वारा 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित 75 सीमावर्ती सड़कों के किनारे इस सुविधा को स्थापित करने हेतु मंजूरी। (22 जून, 2022)

- ➲ इस कैफे की स्थापना पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए की जा रही है।
- ➲ इसके लिए किए गए समझौते की अवधि 15 वर्ष होगी, जिसे और 5 वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है।

## ❑ एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना (ओएनओआरसी)

➡ असम इस योजना को लागू करने वाला 36वां राज्य/केंद्रशासित प्रदेश बना। (21 जून, 2022)

- ➲ अगस्त, 2019 में यह योजना शुरू की गई थी।

## ❑ मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र (सेंटर फॉर ब्रेन रिसर्च)



➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बंगलुरू, कर्नाटक में इस केंद्र का उद्घाटन। (20 जून, 2022)

- ➲ प्रधानमंत्री ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बंगलुरू, परिसर में स्थापित 832 बिस्तरों वाले बागची पार्थसारथी मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का भी उद्घाटन किया।

## ❑ मिट्टीकूल रेफ्रिजरेटर

➡ भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा मिट्टी से बने गैर-इलेक्ट्रिक कूलिंग कैबिनेट हेतु एक भारतीय मानक- आईएस 17693:2022 विकसित। (जून, 2022)

- ➲ गुजरात के मनसुख भाई प्रजापति द्वारा विकसित 'मिट्टीकूल रेफ्रिजेरेटर' जो कि एक पर्यावरण के अनुकूल तकनीक है, इस निर्णय का महत्वपूर्ण उदाहरण है।
- ➲ यह मानक बीआईएस को 17 संयुक्त राष्ट्र विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से 6 एसडीजी (गरीबी न हो, भुखमरी न हो, लैंगिक समानता, सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा, उद्योग, नवाचार एवं बुनियादी ढांचा और जिम्मेदार खपत व उत्पादन) को पूरा करने में मददगार होगा।

## ❑ 840 स्क्वाड्रन



➡ भारतीय तटरक्षक बल में चेन्नई में '840 स्क्वाड्रन' नाम से एक नया एयर स्क्वाड्रन बनाया गया। (जून, 2022)

- ➲ इसकी शुरुआत एक उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) मार्क-III विमान की तैनाती के साथ हुई।
- ➲ ALH भारत सरकार की आत्मनिर्भर पहल के हिस्से के रूप में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा निर्मित एक स्वदेशी विमान है।

## ❑ तटीय स्वच्छता अभियान

➡ केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा 3 जुलाई से 17 सितंबर, 2022 तक पूरे देश के 75 समुद्री तटों पर यह अभियान संचालित करने की घोषणा। (16 जून, 2022)

- ➲ इस अभियान का लक्ष्य समुद्री तटों से 1500 टन कचरे को हटाना है।
- ➲ 17 सितंबर, 2022 को 'अंतरराष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस' भी मनाया जाएगा।

## ❑ होमोसेप (HomoSEP)




➡ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास के शोधकर्ताओं द्वारा मानव हस्तक्षेप के बिना सेप्टिक टैंक को साफ करने हेतु एक रोबोट विकसित। (जून, 2022)

- ➲ इस रोबोट का नाम 'होमोसेप (HomoSEP) रखा गया है।

## ❑ खुव्सगुल झील राष्ट्रीय उद्यान

➡ मंगोलिया में स्थित यह राष्ट्रीय उद्यान यूनेस्को के बायोस्फीयर रिजर्व के विश्व नेटवर्क में शामिल। (जून, 2022)

- ➲ इसी के साथ 8 देशों के 10 और बायोस्फीयर रिजर्व इस सूची में शामिल किए गए हैं।

## ❑ बालिका पंचायत पहल



➡ गुजरात के कच्छ जिले के कई गांवों में इस पहल की शुरुआत। (जून, 2022)

- ➲ यह देश में शुरू की गई **पहली बालिका पंचायत** है।
- ➲ यह पहल लड़कियों के सामाजिक और राजनीतिक विकास को बढ़ावा देने और राजनीति में लड़कियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
- ➲ बालिका पंचायत का प्रबंधन 11-21 आयु वर्ग की बालिकाओं द्वारा किया जाता है।

## ❑ फ्रांस में यूपीआई और रुपे कॉर्ड की सेवाएं शुरू करने हेतु समझौता

➡ भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) द्वारा इस देश में यह सेवाएं शुरू करने हेतु लाइक्रा नेटवर्क (Lycra Network) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर। (16 जून, 2022)

## ❑ आईएमटी/5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी

➡ केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा इसकी नीलामी करने से संबंधित दूरसंचार विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी। (15 जून, 2022)

➲ जुलाई, 2022 के अंत तक कुल 72097.85 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाएगी, जिसकी वैधता अवधि 20 वर्ष तक होगी।

### ❑ हाथी 'भोगेश्वर'



➡ एशिया के सबसे लंबे दांत वाले इस हाथी की मृत्यु। (जून, 2022)

- ➲ इस जंगली हाथी को **'मिस्टर काबिनी'** के नाम से भी जाना जाता था।
- ➲ यह हाथी 11 जून, 2022 को कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व के गुंद्रे रेंज में मृत पाया गया।
- ➲ भोगेश्वर के दोनों दांत क्रमशः 2.54 मीटर और 2.34 मीटर लंबे थे।

### ❑ ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट धोलेरा, अहमदाबाद

➡ आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति द्वारा 1305 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गुजरात में स्थित इस नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के पहले चरण के विकास से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी। (14 जून, 2022)

- ➲ यह परियोजना संयुक्त उद्यम कंपनी धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित है।
- ➲ इस संयुक्त उद्यम कंपनी में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), गुजरात सरकार और राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) शामिल हैं, जिनकी शेयर पूंजी की हिस्सेदारी 51:33:16 के अनुपात में है।

### ❑ फ्रूट्स सॉफ्टवेयर

➡ कर्नाटक सरकार द्वारा किसानों की सहायता हेतु योजनाओं के लिए आधार-आधारित, एकल-खिड़की पंजीकरण हेतु यह सॉफ्टवेयर लांच। (जून, 2022)

- ➲ फ्रूट्स (FRUITS) का पूर्ण रूप 'Farmer Registration and Unified Beneficiary Information System' है।

### ❑ एंकोवैक्स (Ancovax)

➡ केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा पशुओं के लिए यह वैक्सीन जारी। (9 जून, 2022)

- ➲ यह पशु वैक्सीन आईसीएआर - नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन इक्विनेस (ICAR - National Research Center on Equines), हिसार, हरियाणा द्वारा विकसित की गई है।
- ➲ एंकोवैक्स पशुओं के लिए एक निष्क्रिय सार्स-कोव-2 डेल्टा (कोविड-19) वैक्सीन है।

### ❑ ड्रोन नीति को मंजूरी देने वाला पहला राज्य

➡ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा हिमाचल प्रदेश ड्रोन नीति, 2022 को मंजूरी। (6 जून, 2022)

- ➲ इस नई ड्रोन नीति के साथ हिमाचल प्रदेश ड्रोन के सार्वजनिक उपयोग को स्वीकार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।
- ➲ यह ड्रोन नीति मुख्य रूप से ड्रोन-सक्षम प्रौद्योगिकी बनाने, प्रशिक्षण स्कूलों की स्थापना, स्टार्टअप और नवाचार योजनाओं आदि के माध्यम से जनशक्ति का निर्माण करने पर केंद्रित है।

### ❑ देश का पहला क्रिप्टो रुपया इण्डेक्स (CRE8)




➡ क्वॉइनस्विच (CoinSwitch) द्वारा लांच। (जून, 2022)

- ➲ क्रिप्टो एक्सचेंज के दावे के अनुसार, भारतीय रुपया-आधारित क्रिप्टो बाजार के प्रदर्शन को मापने के लिए यह भारत का पहला बेंचमार्क इण्डेक्स है।

### ❑ जन समर्थ पोर्टल

➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा क्रेडिट-लिंक्ड सरकारी योजनाओं के लिए यह राष्ट्रीय पोर्टल लांच। (6 जून, 2022)

- ➲ यह पोर्टल सरकारी क्रेडिट योजनाओं को जोड़ने वाला वन-स्टॉप डिजिटल पोर्टल है, जो लाभार्थियों को ऋणदाताओं से जोड़ने वाला अपनी तरह का पहला मंच भी है।

### ❑ लक्जरी क्रूज लाइनर 'एम्प्रेस'

➡ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने चेन्नई बंदरगाह से इसे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। (4 जून, 2022)

- ➲ इस 11 मंजिला पर्यटन जहाज में 2000 यात्रियों और लगभग 800 कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था है।
- ➲ समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु यह राज्य से संचालित पहली लग्जरी क्रूज सेवा है।

### ❑ भारतीय वायु सेना विरासत केंद्र

➡ भारतीय वायु सेना तथा चण्डीगढ़ प्रशासन द्वारा देश के पहले भारतीय वायु सेना विरासत केंद्र की चण्डीगढ़ में स्थापना हेतु समझौता हस्ताक्षरित। (3 जून, 2022)

### ❑ जेवर एयरपोर्ट के निर्माण का ठेका

➡ इस एयरपोर्ट के निर्माण का ठेका टाटा प्रोजेक्ट्स को मिला। (जून, 2022)

- ➲ टाटा प्रोजेक्ट्स नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल, रन-वे, सड़कें, लैण्डसाइड सुविधाएं और अन्य सहायक भवनों इत्यादि का निर्माण करेगा।

### ❑ मिताली एक्सप्रेस




➡ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बांग्लादेश के रेल मंत्री मोहम्मद नुरुल इस्लाम सुजान ने संयुक्त रूप से इस रेलगाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। (1 जून, 2022)

➲ भारत और बांग्लादेश के बीच यह तीसरी यात्री रेल सेवा न्यू जलपाईगुड़ी (भारत) और ढाका (बांग्लादेश) के बीच शुरू की गई है।

➲ इससे पूर्व दोनों देशों के बीच दो यात्री रेल सेवा मैत्री एक्सप्रेस (कोलकाता-ढाका-कोलकाता) और बंधन एक्सप्रेस (कोलकाता-खुलना-कोलकाता) शुरू की गई थी।

### ❑ 10 पुरातन वस्तुएं (मूर्तियां) तमिलनाडु को सुपुर्द

➡ ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से प्राप्त 10 मूर्तियां नई दिल्ली में तमिलनाडु सरकार को सुपुर्द। (1 जून, 2022)

➲ तमिलनाडु सरकार को सुपुर्द किए गए पुरावशेषों के संग्रह में द्वारपाल, नटराज, कनकलामूर्ति कदयम, नदीकेश्वर कदयम, चतुर्भुज विष्णु, श्री देवी, शिव और पार्वती, खड़े हुए बाल सम्बंदर और बाल सम्बंदर नामक मूर्तियां शामिल हैं।

### ❑ पीएफसी द्वारा ग्रीन बॉण्ड सूचीबद्ध

➡ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) द्वारा 300 मिलियन यूरो का ग्रीन बॉण्ड लक्जमबर्ग स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध। (1 जून, 2022)

➲ ध्यातव्य है, कि पीएफसी ने वर्ष 2021 में 7 वर्षों के लिए 300 मिलियन यूरो का भारत का पहला यूरो ग्रीन बॉण्ड जारी किया था।

### ❑ ACB14400 ऐप

➡ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी द्वारा यह ऐप लांच। (1 जून, 2022)

➲ यह ऐप राज्यभर में सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए शुरू किया गया है।

➲ आंध्र प्रदेश सरकार के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा विकसित इस ऐप के माध्यम से लोग राज्य में किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

### ❑ भारत का पहला लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप

➡ उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले में 2450 मीटर की ऊंचाई पर स्थित आर्यभट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जर्वेशनल साइंसेज (ARIES) के देवस्थल वेधशाला परिसर में लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप की स्थापना। (मई, 2022)

➲ यह भारत का पहला और एशिया का सबसे बड़ा लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप है।

➲ इस टेलीस्कोप का उपयोग सितारों, अंतरिक्ष मलबे और उपग्रहों जैसे खगोलीय पिण्डों का अध्ययन करने में किया जाएगा।

### ❑ भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार

➡ वर्ष 2021-22 में चीन को पछाड़कर संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना। (मई, 2022)

➲ वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2020-21 के 80.51 बिलियन डॉलर की तुलना में 119.42 बिलियन डॉलर रहा।

➲ वर्ष 2021-22 में भारत और चीन के मध्य द्विपक्षीय व्यापार 115.42 बिलियन डॉलर रहा, जो कि वर्ष 2020-21 में 86.4 बिलियन डॉलर था।

### ❑ भारत में सबसे पसंदीदा बैंक नोट



➡ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किए गए उपभोक्ताओं के बैंक नोट सर्वेक्षण के निष्कर्षों के अनुसार, बैंक नोटों में 100 रुपये मूल्य का नोट सबसे पसंदीदा बैंक नोट। (मई, 2022)

➲ 2000 रुपये का नोट सबसे कम पसंदीदा बैंक नोट।

➲ सिक्कों में 5 रुपये का सिक्का सबसे पसंदीदा, जबकि 1 रुपये का सिक्का सबसे कम पसंदीदा।

### ❑ भारत द्वारा अब तक का सबसे अधिक वस्त्र निर्यात

➡ वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत द्वारा अब तक का सबसे अधिक वस्त्र निर्यात दर्ज। (मई, 2022)

➲ वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत ने हस्तशिल्प सहित कपड़ा व परिधान में 44.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया।

➲ वित्तीय वर्ष 2020-21 और वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में निर्यात में क्रमशः 41 प्रतिशत और 26 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

➲ सबसे अधिक निर्यात **अमेरिका** को (27%) किया गया।

➲ इसके बाद यूरोपीय संघ (18%), बांग्लादेश (12%) और संयुक्त अरब अमीरात (6%) को किया गया।

### ❑ इण्डियन बिजनेस पोर्टल-ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस

➡ केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा निर्यातकों तथा विदेशी खरीददारों हेतु यह पोर्टल लांच। (27 मई, 2022)

➲ यह पोर्टल फियो द्वारा ग्लोबललिंकर की साझेदारी में विकसित किया गया है।

### ❑ संशोधित आभा (ABHA) मोबाइल एप्लीकेशन

➡ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा इस मोबाइल एप्लीकेशन के संशोधित संस्करण को लांच करने की घोषणा। (24 मई, 2022)

➲ ABHA का पूर्ण रूप Ayushman Bharat Health Account' (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता) है।

➲ पहले इस ऐप को एनडीएचएम हेल्थ रिकॉर्ड्स ऐप के नाम से जाना जाता था।

### ❑ राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 में संशोधन

➡ केंद्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा इस नीति में संशोधन करने हेतु मंजूरी। (18 मई, 2022)


➲ संशोधन के तहत, वर्ष 2030 से पहले वर्ष 2025-26 में ही पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण का लक्ष्य रखा गया है।

➲ राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 4 जून, 2018 को अधिसूचित किया गया था।

### ❑ मालवीय मिशन

➡ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा शिक्षकों के शिक्षण एवं संकायों के विकास के लिए देशभर में सक्षम इकोसिस्टम तैयार करने के उद्देश्य से इस मिशन का आह्वान। (17 मई, 2022)

### ❑ चंद्रमा की मिट्टी पर पहली बार पौधा उगाया गया



➡ फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के अमेरिकी शोधकर्ताओं द्वारा अरबिडोप्सिस थालियाना (Arabidopsis thaliana) नामक पौधे की प्रजाति को पहली बार चंद्रमा की मिट्टी में उगाया गया। (मई, 2022)

➲ अपोलो मिशन 11, 12 और 17 में अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा लगभग 50 वर्ष पहले चंद्रमा से मिट्टी को पृथ्वी पर लाया गया था।

### ❑ नवदूत

➡ भारतीय रेलवे के पश्चिम-मध्य रेलवे द्वारा बैटरी चालित दोहरे मोड वाला यह लोकोमोटिव विकसित। (मई, 2022)

➲ नवदूत नामक यह दोहरे मोड वाला लोकोमोटिव बैटरी और बिजली दोनों से चालित है।

➲ यह 30 किमी. प्रति घंटे की गति से 18 कोचों को ले जाने में सक्षम है।

➲ 84 बैटरियों से युक्त नवदूत वर्तमान में 400 टन वजन ले जा सकता है।

### ❑ गति शक्ति संचार पोर्टल




➡ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लांच। (14 मई, 2022)

➲ यह पोर्टल देशभर में मार्ग का अधिकार अनुप्रयोगों और अनुमतियों की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा।

### ❑ विश्व के सबसे बड़े सफेद हीरे की नीलामी

➡ जेनेवा में क्रिस्टी ऑक्शन हाउस द्वारा विश्व के सबसे बड़े सफेद हीरे 'द रॉक' की 18.6 मिलियन स्विस फ्रैंक में नीलामी। (11 मई, 2022)

➲ यह सफेद हीरा गोल्फ की गेंद से बड़ा और 228.31 कैरेट का है।

### ❑ चक्रवात असानी

➡ बंगाल की खाड़ी में बने इस चक्रवात से ओडिशा और आंध्र प्रदेश राज्य सर्वाधिक प्रभावित हुए। (मई, 2022)

➲ इस चक्रवात का नामकरण श्रीलंका ने किया था, जिसका अर्थ 'क्रोध या कोप' है।

### ❑ टोमैटो फ्लू

➡ केरल राज्य में इससे संबंधित पहला मामला प्रकाश में आया। (मई, 2022)

➲ यह एक दुर्लभ बीमारी है, जिसके कारण संक्रमित बच्चे के शरीर पर लाल रंग के छाले और चकत्ते बन जाते हैं तथा तेज बुखार होता है।

➲ केरल के बाद तमिलनाडु, ओडिशा सहित कई राज्यों में टोमैटो फ्लू के मामले सामने आए हैं।

### ❑ ऑपरेशन दुधी

➡ वर्ष 1990-1992 तक असम राइफल्स द्वारा संचालित इस अभियान में शामिल रहे जीवित सैनिकों को असम राइफल्स द्वारा सम्मानित किया गया। (मई, 2022)

➲ वर्ष 1991 में असम राइफल्स द्वारा जम्मू-कश्मीर में संचालित इस एकल आतंकवाद विरोधी अभियान में असम राइफल्स की 7वीं बटालियन के 15 सैनिकों की एक टीम ने 72 पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों को मार गिराया था।

### ❑ 10 गीगावॉट सौर क्षमता को पार करने वाला पहला राज्य

➡ मेरकॉम के इण्डिया सोलर प्रोजेक्ट ट्रैकर के अनुसार, राजस्थान 10GW संचयी बृहद स्तरीय सौर स्थापित क्षमता को पार करने वाला देश का पहला राज्य बना। (मई, 2022)

➲ राजस्थान में वर्तमान में कुल स्थापित बिजली क्षमता 32.5 गीगावॉट है, जिसमें अक्षय ऊर्जा का 55 प्रतिशत, तापीय ऊर्जा का 43 प्रतिशत और परमाणु ऊर्जा का 2 प्रतिशत योगदान है।

➲ राजस्थान की सौर ऊर्जा नीति, 2019 में वित्त वर्ष 2024-25 तक 30 गीगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।




**क्रिकेट, टेनिस, शतरंज, एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल आयोजनों का विवरण**

# टेनिस

## ❑ विंबलडन, 2022



**आयोजन —** लंदन, यू.के. में 27 जून - 10 जुलाई, 2022 के मध्य।

➡ यह इस ग्रैण्ड स्लैम प्रतियोगिता का 135वां संस्करण है।

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - नोवाक जोकोविच** (सर्बिया)

उपविजेता - निक किर्गियोस (ऑस्ट्रेलिया)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - एलेना रिबाकिना** (कजाख्स्तान)

उपविजेता - औंस जैब्योर (ट्यूनीशिया)

➲ **पुरुष युगल**

**विजेता - मैथ्यू एब्डेन** और **मैक्स पर्सेल** (दोनों ऑस्ट्रेलिया)

उपविजेता - निकोल मेक्टिक और मेट पाविक (दोनों क्रोएशिया)

➲ **महिला युगल**

**विजेता - बारबोरा क्रेजिकोवा** और **कैटरीना सिनियाकोवा** (दोनों चेक गणराज्य)

उपविजेता - एलिस मर्टेंस (बेल्जियम) और शुआई झांग (चीन)

➲ **मिश्रित युगल**

**विजेता - नील स्कूपस्की** (यू.के.) और **डेसिरे क्रॉवजिक** (अमेरिका)

उपविजेता - मैथ्यू एब्डेन और सामंथा स्टोसुर (दोनों ऑस्ट्रेलिया)

➡ यह जोकोविच का लगातार चौथा तथा कुल 7वां विंबलडन खिताब है।

➡ इसके साथ जोकोविच ने विलियम रेनशॉ (यू.के.) और पीट सैम्प्रास (अमेरिका) के 7 विंबलडन खिताबों (पुरुष एकल) की बराबरी कर ली है।

➡ रोजर फेडरर (स्विट्जरलैण्ड) सबसे ज्यादा विंबलडन खिताब (8) जीतने वाले खिलाड़ी हैं।

➡ समग्र रूप से यह जोकोविच का 21वां ग्रैण्ड स्लैम खिताब है।

➡ टेनिस इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रैण्ड स्लैम (पुरुष एकल) जीतने वाले शीर्ष तीन खिलाड़ी -

**1-** राफेल नडाल - 22


**2-** नोवाक जोकोविच - 21

**3-** रोजर फेडरर - 20

➡ 35 वर्ष 49 दिन की आयु में जोकोविच, रोजर फेडरर (35 वर्ष 342 दिन, वर्ष 2017 में) के बाद ओपेन युग में विंबलडन जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी हैं।

➡ एलेना रिबाकिना किसी ग्रैण्ड स्लैम टूर्नामेंट को जीतने वाली कजाख्स्तान की पहली टेनिस खिलाड़ी (पुरुष अथवा महिला) बन गई हैं।

## ❑ फ्रेंच ओपन, 2022



**आयोजन —** रोलैण्ड गैरोस स्टेडियम, पेरिस (फ्रांस) में 22 मई - 5 जून, 2022 के मध्य।

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - राफेल नडाल** (स्पेन)

उपविजेता - कैस्पर रूड (नॉर्वे)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - इगा स्विटेक** (पोलैण्ड)

उपविजेता - कोको गॉफ (अमेरिका)

➲ **पुरुष युगल**

**विजेता - मार्सेलो एरिवालो** (अल सल्वाडोर) और **जीन - जूलियन रॉजर** (नीदरलैण्ड्स)

उपविजेता - इवान डोडिग (क्रोएशिया) और ऑस्टिन क्रेजिसेक (अमेरिका)

➲ **महिला युगल**

**विजेता - कैरोलीन गार्सिया और क्रिस्टीना म्लाडेनोविक** (दोनों फ्रांस)

उपविजेता - कोको गॉफ और जेसिका पेगुला (दोनों अमेरिका)

➲ **मिश्रित युगल**

**विजेता - एना शिबाहारा** (जापान) और **वेस्ले कूलहोफ** (नीदरलैण्ड्स)

उपविजेता - उलरिके आईकेरि (नॉर्वे) और जोरन व्लिगेन (बेल्जियम)

- यह नडाल का 14वां फ्रेंच ओपन तथा 22वां ग्रैण्ड स्लैम (रिकॉर्ड) खिताब है।
- नडाल (आयु : 36 वर्ष) फ्रेंच ओपन (पुरुष एकल) जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।
  - इसके पूर्व यह रिकॉर्ड आंद्रेस गिमेनो (स्पेन) के नाम था, जिन्होंने 34 वर्ष 10 माह की आयु में वर्ष 1972 में यह खिताब जीता था।
- इगा स्विटेक का यह दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब (पहला वर्ष 2020 में) है।

## ❑ WTA जर्मन ओपन/बेट 1 ओपन, 2022

**आयोजन -** बर्लिन, जर्मनी में 13-19 जून, 2022 के मध्य।



- **परिणाम**

**➲ महिला एकल**

**विजेता - औंस जैब्योर** (ट्यूनीशिया)

उपविजेता - बेलिण्डा बेंसिस (स्विट्जरलैण्ड)

**➲ महिला युगल**

**विजेता - स्टॉर्म सैण्डर्स** (ऑस्ट्रेलिया) और **कैटरीना सिनियाकोवा** (चेक गणराज्य)

उपविजेता - एलिज कॉर्नेट (फ्रांस) और जिल टीचमैन (स्विट्जरलैण्ड)

## ❑ इटैलियन ओपन, 2022

**आयोजन —** रोम, इटली में 8-15 मई, 2022 के मध्य।



- **परिणाम**

**➲ पुरुष एकल**

**विजेता - नोवाक जोकोविच** (सर्बिया)

उपविजेता - स्टेफानोस सितसिपास (ग्रीस)

**➲ महिला एकल**

**विजेता - इगा स्विटेक** (पोलैण्ड)

उपविजेता - औंस जैब्योर (ट्यूनीशिया)

## ❑ मुतुआ मैड्रिड ओपन, 2022

**आयोजन —** मैड्रिड, स्पेन में। (28 अप्रैल से 8 मई, 2022)



- **परिणाम**

**➲ पुरुष एकल**

**विजेता - कार्लोस एल्कराज** (स्पेन)

उपविजेता - एलेक्जेण्डर ज्वेरेव (जर्मनी)

**➲ महिला एकल**

**विजेता - औंस जैब्योर** (ट्यूनीशिया)

उपविजेता - जेसिका पेगुला (यूएसए)

# क्रिकेट

## ❑ रणजी ट्रॉफी, 2021-22

**आयोजन —** 17 फरवरी से 22 जून, 2022 के मध्य।




**फाइनल मैच स्थल —** एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बंगलुरू

**संस्करण —** 87वां

- **परिणाम**

**विजेता - मध्य प्रदेश** (प्रथम खिताब)

उपविजेता - मुंबई

- मध्य प्रदेश के कप्तान – आदित्य श्रीवास्तव
- मुंबई के कप्तान – पृथ्वी शॉ
- **व्यक्तिगत पुरस्कार—**

**प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट -** सरफराज खान (मुंबई), प्रतियोगिता में सर्वाधिक 982 रन

**प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच -** शुभम शर्मा (मध्य प्रदेश)

**प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट -** शम्स मुलानी (मुंबई), 45 विकेट

**सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर -** सकिबुल गनी (बिहार), 341 रन

**सर्वाधिक शतक -** चेतन बिष्ट (नगालैण्ड), 5 शतक

**सबसे तेज शतक -** अब्दुल समद (जम्मू एवं कश्मीर), 68 गेंदों में (पुदुचेरी के विरुद्ध)

**➲ पुरस्कार राशि**

**विजेता - 2 करोड़ रुपये** (मध्य प्रदेश)

उपविजेता - 1 करोड़ रुपये (मुंबई)

- सकिबुल गनी प्रथम श्रेणी क्रिकेट के पदार्पण मैच में तिहरा शतक बनाने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर हैं।
- रणजी ट्रॉफी के लगातार दो सत्रों में 900 से अधिक रन बनाने वाले सरफराज खान पहले क्रिकेटर हैं।
- क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में मुंबई ने उत्तराखण्ड को 725 रनों से पराजित कर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।
  - प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में रनों के अंतर के संदर्भ में यह सबसे बड़ी जीत है।
  - इसके पूर्व शेफील्ड शील्ड 1929-30 के दौरान न्यू साउथ वेल्स ने क्वींसलैण्ड को 685 रनों से पराजित किया था।

## ❑ भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 शृंखला

**आयोजन —** पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन भारत में 9-19 जून, 2022 के मध्य किया गया।



- **परिणाम**

शृंखला अनिर्णीत (2-2 से)

भारतीय कप्तान - ऋषभ पंत

➡ **व्यक्तिगत पुरस्कार—**

**प्लेयर ऑफ द सीरीज -** भुवनेश्वर कुमार (भारत), शृंखला में कुल 6 विकेट

**शृंखला में सर्वाधिक रन -** ईशान किशन (भारत), 206 रन

## ❑ भारतीय क्रिकेट टीम का आयरलैण्ड दौरा



**आयोजन —** मालाहाइड, डबलिन (आयरलैण्ड) में 26-28 जून, 2022 के मध्य 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला।

➡ भारत ने यह शृंखला 2-0 से जीत ली।

➡ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में संजू सैमसन और दीपक हुड्डा के मध्य दूसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 176 रनों की साझेदारी हुई।

➲ यह भारत के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे बड़ी साझेदारी है।

➡ **भारतीय कप्तान -** हार्दिक पाण्ड्या

➡ **प्लेयर ऑफ द सीरीज -** दीपक हुड्डा (भारत)

## ❑ इण्डियन प्रीमियर लीग (IPL), 2022

**आयोजन —** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा प्रशासित इण्डियन प्रीमियर लीग के 15वें संस्करण का आयोजन संपन्न। (26 मार्च से 29 मई, 2022)

➡ **टाइटल प्रायोजक -** टाटा समूह

➡ **कुल टीमें -** 10

➡ **कुल मैच -** 74

➡ 15वें संस्करण का फाइनल मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (कप्तान - हार्दिक पाण्ड्या) और राजस्थान रॉयल्स (कप्तान - संजू सैमसन) के बीच 29 मई, 2022 को खेला गया।

➡ **परिणाम**

**विजेता - गुजरात टाइटंस (7 विकेट से)**

उपविजेता - राजस्थान रॉयल्स

➡ **मैन ऑफ द फाइनल मैच -** हार्दिक पाण्ड्या (गुजरात टाइटंस)

➡ **व्यक्तिगत पुरस्कार**

➡ **सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (Most Valuable Player) –** जॉस बटलर (राजस्थान रॉयल्स)

➡ **ऑरेंज कैप (सबसे ज्यादा रन) -** जॉस बटलर, 863 रन (राजस्थान रॉयल्स)

➡ **पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट) -** युजवेंद्र चहल, 27 विकेट (राजस्थान रॉयल्स)

➡ **पेटीएम फेयर प्ले अवॉर्ड -** राजस्थान रॉयल्स एवं गुजरात टाइटंस

➡ **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन -** उमरान मलिक, कुल 22 विकेट (सनराइजर्स हैदराबाद)

➡ **सत्र की सबसे तेज गेंद -** लॉकी फर्ग्यूसन - 157.3 किमी./घंटा (गुजरात टाइटंस)

➡ **गेमचेंजर ऑफ द सीजन -** जॉस बटलर

➡ **सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन -** दिनेश कार्तिक (रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू)

➡ **पॉवर प्लेयर ऑफ द सीजन -** जॉस बटलर

➡ **सर्वाधिक छक्के -** जॉस बटलर (45)

➡ **सर्वाधिक चौके -** जॉस बटलर (83)

➡ **IPL, 2022 : मुख्य तथ्य**

➡ 15वें संस्करण में कुल लगे छक्के - 1062 (ऑल टाइम रिकॉर्ड)

➡ सर्वाधिक शतक - जॉस बटलर (4)

➡ शतक लगाने वाले खिलाड़ी - जॉस बटलर (4), के.एल. राहुल (2), क्विंटन डी कॉक (1), रजत पाटीदार (1)

➡ सबसे तेज शतक - रजत पाटीदार (49 गेंदों पर)

➡ सबसे तेज अर्द्धशतक - पैट कमिंस (14 गेंदों पर)

➡ 15वें संस्करण की दो नई टीमें - गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स

➡ किसी एक सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाला फिरकी (स्पिन) गेंदबाज - युजवेंद्र चहल (27)

➡ सर्वाधिक टीम स्कोर - (222/2), राजस्थान रॉयल्स विरुद्ध दिल्ली कैपिटल्स।

➡ न्यूनतम टीम स्कोर - (68/10), रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू

➡ इस सत्र की एकमात्र हैट्रिक - युजवेंद्र चहल (राजस्थान रॉयल्स)

➡ **IPL, 2022 : पुरस्कार राशि**

**विजेता - गुजरात टाइटंस (ट्रॉफी, 20 करोड़ रुपये)**

**उपविजेता -** राजस्थान रॉयल्स (12.5 करोड़ रुपये)

## ❑ महिला टी-20 चैलेंज, 2022

**आयोजन —** पुणे में 23-28 मई, 2022

टीमें - 3 (सुपरनोवाज, वेलोसिटी और ट्रेलब्लेजर्स)

➡ **परिणाम**

**विजेता - सुपरनोवाज (तीसरा खिताब)**

**उपविजेता -** वेलोसिटी

➡ **व्यक्तिगत पुरस्कार**

➲ **प्लेयर ऑफ द सीरीज -** डिएण्ड्रा डॉटिन (सुपरनोवाज)

➲ **प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच -** डिएण्ड्रा डॉटिन (सुपरनोवाज)

➲ **सर्वाधिक रन -** हरमनप्रीत कौर (सुपरनोवाज), 151 रन

➲ **सर्वाधिक विकेट -** पूजा वस्त्राकर (सुपरनोवाज), 6 विकेट

## ❑ सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी, 2022

**आयोजन -** सूरत, गुजरात में 15 अप्रैल से 4 मई, 2022 के मध्य।

➡ **परिणाम**

**विजेता - रेलवे (रिकॉर्ड 10वां खिताब)**

**उपविजेता -** महाराष्ट्र

# हॉकी

## ❑ FIH प्रो लीग, 2021-22

➡ तृतीय संस्करण 16 अक्टूबर, 2021 से 26 जून, 2022 के मध्य संपन्न।

➡ **पुरुष हॉकी परिणाम**

**विजेता - नीदरलैण्ड्स**

उपविजेता - बेल्जियम

➡ भारतीय पुरुष हॉकी टीम लीग में तीसरे स्थान पर रही।

➡ **प्रदत्त पुरस्कार**

**सर्वाधिक गोल** – हरमनप्रीत सिंह (भारत), 18 गोल

**सर्वाधिक गोल करने वाली टीम** – भारत, 62 गोल

➡ **महिला हॉकी परिणाम**

**विजेता - अर्जेंटीना**

उपविजेता - नीदरलैण्ड्स

➡ भारतीय महिला टीम लीग में तीसरे स्थान पर रही।

➡ **प्रदत्त पुरस्कार**

**सर्वाधिक गोल** – ऑगस्टिना गोरजेलनी (अर्जेंटीना), 12 गोल

**सर्वाधिक गोल करने वाली टीम** – अर्जेंटीना, 43 गोल

## ❑ FIH हीरो एशिया कप, 2022

**आयोजन –** जकार्ता, इण्डोनेशिया में संपन्न। (23 मई से 1 जून, 2022)

**प्रतिभागी टीमें –** 8

➡ **परिणाम**

**विजेता - दक्षिण कोरिया (5वां खिताब)**

उपविजेता - मलेशिया

➡ भारत ने जापान को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

➡ **व्यक्तिगत पुरस्कार**

- ➲ **सर्वाधिक गोल** – राजी रहीम, 13 गोल (मलेशिया)
- ➲ **राइजिंग स्टार ऑफ द टूर्नामेंट** – उत्तम सिंह (भारत)
- ➲ **बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट** – जांग जोंग-ह्यून, (दक्षिण कोरिया)
- ➲ **बेस्ट गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट** – ताकाशी योशिकावा (जापान

➡ **टूर्नामेंट में भारतीय टीम का कप्तान** – बीरेंद्र लाकड़ा

## ❑ FIH हॉकी 5s, 2022

**आयोजन –** लुसाने, स्विट्जरलैण्ड में संपन्न। (4-5 जून, 2022)

**संस्करण – प्रथम**

➡ यह हॉकी का छोटा प्रारूप (Short format) है, जिसमें एक टीम में गोलकीपर सहित कुल 5 खिलाड़ी शामिल होते हैं।

➡ **पुरुष परिणाम**

**विजेता - भारत**

उपविजेता - पोलैण्ड

➡ **व्यक्तिगत पुरस्कार**

**शीर्ष गोल स्कोरर** – राहील मोहम्मद, 10 गोल (भारत)

**सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** – राहील मोहम्मद (भारत)

➲ **महिला**

**विजेता - उरुग्वे**

उपविजेता - स्विट्जरलैण्ड

## ❑ 12वीं चैंपियनशिप, 2022

**आयोजन –** भोपाल, मध्य प्रदेश में संपन्न। (6-17 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा**

उपविजेता - हॉकी कर्नाटक

# टेबल टेनिस

## ❑ WTT कंटेण्डर जाग्रेब, 2022




**आयोजन –** जाग्रेब, क्रोएशिया में संपन्न। (13-19 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - लिन युन-जु** (चीनी ताइपे)

उपविजेता - जियांग पेंग (चीन)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - मीमा इतो** (जापान)

उपविजेता - मिउ हिरानो (जापान)

## ❑ WTT कंटेण्डर लीमा, 2022

**आयोजन –** लीमा, पेरू में संपन्न। (14-19 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - किउ डांग** (जर्मनी)

उपविजेता - दिमित्रिज ओवचारोव (जर्मनी)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - नीना मित्तेलहम** (जर्मनी)

उपविजेता - मियु नागासाकी (जापान)

## फॉर्मूला वन

### ❑ अजरबैजान ग्रैण्ड प्रिक्स, 2022




**आयोजन —** बाकू, अजरबैजान में 12 जून, 2022 को।

➡ **परिणाम**

**विजेता - मैक्स वर्सटाप्पेन** (नीदरलैण्ड्स) - रेड बुल रेसिंग

### ❑ कनाडा ग्रैण्ड प्रिक्स, 2022

**आयोजन —** मॉन्ट्रियल, कनाडा में 19 जून, 2022 को।

➡ **परिणाम**

**विजेता - मैक्स वर्सटाप्पेन** (नीदरलैण्ड्स) - रेड बुल रेसिंग

### ❑ मियामी ग्रैण्ड प्रिक्स, 2022

**आयोजन —** फ्लोरिडा (अमेरिका) में 8 मई, 2022 को।

➡ **परिणाम**

**विजेता - मैक्स वर्सटाप्पेन** (नीदरलैण्ड्स) - रेड बुल रेसिंग


### ❑ स्पैनिश ग्रैण्ड प्रिक्स, 2022

**आयोजन —** स्पेन में 22 मई, 2022 को।

➡ **परिणाम**

**विजेता - मैक्स वर्सटाप्पेन** (नीदरलैण्ड्स) - रेड बुल रेसिंग

### ❑ मोनाको ग्रैण्ड प्रिक्स, 2022




**आयोजन —** मोंटे कार्लो, मोनाको में 29 मई, 2022 को।

➡ **परिणाम**

**विजेता - सर्जियो पेरेज** (मेक्सिको) - रेड बुल रेसिंग

## शतरंज

### ❑ 13वां चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैण्ड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट, 2022

**आयोजन —** चेन्नई, तमिलनाडु में। (19-26 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - सावचेंको बोरिस** (रूस)

उपविजेता - नितिन सेंथिलवेल (भारत)

### ❑ नॉर्वे चेस ओपन, 2022



**आयोजन —** नॉर्वे में संपन्न। (3-10 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - आर. प्रज्ञानानंद** (भारत)

### ❑ नॉर्वे चेस, 2022



**आयोजन —** 10वां संस्करण नॉर्वे में संपन्न। (30 मई - 10 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - मैग्नस कार्लसन** (नॉर्वे), 5वां खिताब

### ❑ चेसेबल मास्टर्स (ऑनलाइन), 2022

**आयोजन —** 19-26 मई, 2022 के मध्य।

➡ **परिणाम**

**विजेता - डिंग लिरेन** (चीन)

उपविजेता - आर. प्रज्ञानानंद (भारत)

➡ चेसेबल मास्टर्स; मेल्टवाटर चैंपियन शतरंज टूर के अंतर्गत आयोजित होने वाली चौथी प्रतियोगिता थी।

### ❑ तेपे सिगेमन इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट, 2022

**आयोजन —** माल्मो, स्वीडन में 3-9 मई, 2022 के मध्य।

➡ **परिणाम**

**विजेता - हैंस नीमैन** (अमेरिका)

उपविजेता - अर्जुन एरिगेसी (भारत)

## फुटबॉल

### ❑ हीरो आई-लीग, 2021-22




**आयोजन —** 26 दिसंबर, 2021 से 14 मई, 2022 के मध्य।

**मेजबान —** पश्चिम बंगाल

➡ **परिणाम**

**विजेता - गोकुलम केरल एफसी**

उपविजेता - मोहम्मडन एससी

➡ आई-लीग के इतिहास में गोकुलम केरल लगातार दूसरा खिताब जीतने वाला पहला क्लब है।

➡ **प्रदत्त पुरस्कार**

➲ **सर्वाधिक गोल -** मार्कस जोसेफ (मोहम्मडन SC), 16 गोल

➲ **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर -** भाष्कर रॉय (राजस्थान यूनाटेड)

➲ **सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का जरनैल सिंह अवॉर्ड -** बौउबा एमीनोऊ (गोकुलम केरल FC)

➲ **सर्वश्रेष्ठ उभरता खिलाड़ी -** जितेश्वर सिंह (नेरोका FC)

➲ **हीरो ऑफ द लीग -** मार्कस जोसेफ (मोहम्मडन SC)

## ❑ हीरो इण्डियन वीमेंस लीग, 2021-22




**आयोजन —** 5वां संस्करण संपन्न। (अप्रैल-मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - गोकुलम केरल (दूसरा FC खिताब)**

उपविजेता - सेथु, मदुरई

## ❑ बुंदेसलिगा, 2021-22

**आयोजन —** जर्मनी में संपन्न। (14 अगस्त, 2021 से 14 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - एफसी बायर्न म्यूनिख**

➡ बुंदेसलिगा, जर्मनी की मुख्य फुटबॉल प्रतियोगिता है।

## ❑ UEFA यूरोपा लीग, 2021-22

**आयोजन —** यूरोप में संपन्न। (15 सितंबर, 2021 से 18 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - ऐनट्रैक्ट फ्रैंकफर्ट**

उपविजेता - रेंजर्स

➡ यूरोपा लीग, यूरोपीय क्लब फुटबॉल की द्वितीय स्तर की प्रतियोगिता है।

## ❑ प्रीमियर लीग, 2021-22

**आयोजन —** यू.के. में। (13 अगस्त, 2021 से 22 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - मैनचेस्टर सिटी एफसी**

➡ प्रीमियर लीग इंग्लिश फुटबॉल लीग सिस्टम की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता है।

## ❑ ला लीगा, 2021-22

**आयोजन —** स्पेन में। (13 अगस्त, 2021 से 22 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - रियल मैड्रिड**

➡ ला लीगा स्पेन की मुख्य फुटबॉल प्रतियोगिता है।

## ❑ UEFA चैंपियंस लीग, 2021-22

**आयोजन —** यूरोप में संपन्न। (14 सितंबर, 2021 से 28 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - रियल मैड्रिड**

उपविजेता - लिवरपूल

➡ चैंपियंस लीग यूरोपियन फुटबॉल क्लबों की शीर्ष स्तरीय वार्षिक प्रतियोगिता है।

➡ इसका आयोजन यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (UEFA) द्वारा किया जाता है।

# बैडमिंटन

## ❑ इण्डोनेशिया मास्टर्स, 2022

**आयोजन -** जकार्ता, इण्डोनेशिया में संपन्न। (7-12 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - विक्टर एक्सेलसेन** (डेनमार्क)

उपविजेता - चोउ तिएन-चेन (चीनी ताइपे)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - चेन यु फेई** (चीन)

उपविजेता - रत्चानोक इंतानोन (थाईलैण्ड)

## ❑ इण्डोनेशिया ओपन, 2022

**आयोजन —** जकार्ता, इण्डोनेशिया में संपन्न। (14-19 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - विक्टर एक्सेलसेन** (डेनमार्क)

उपविजेता - झाओ जुनपेंग (चीन)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - ताई त्जु यिंग** (चीनी ताइपे)

उपविजेता - वांग झीयी (चीन)

## ❑ थॉमस एवं उबेर कप, 2022




**आयोजन -** पुरुषों की बैडमिंटन टीम प्रतियोगिता 'थॉमस कप' और महिलाओं की बैडमिंटन टीम प्रतियोगिता 'उबेर कप' का आयोजन बैंकॉक, थाईलैण्ड में 8-15 मई, 2022 के मध्य किया गया।

➡ **32वें थॉमस कप का परिणाम**

**विजेता - भारत** (पहला खिताब)

उपविजेता - इण्डोनेशिया

➡ भारत थॉमस कप जीतने वाला 6वां देश बना।

➡ प्रतियोगिता के फाइनल में भारतीय टीम ने 14 बार की विजेता इण्डोनेशिया को 3-0 से पराजित किया।

➡ भारतीय टीम के सदस्य (फाइनल मैच)

➲ लक्ष्य सेन
➲ किदांबी श्रीकांत
➲ चिराग शेट्टी और सात्विक साईंराज रैंकीरेड्डी (युगल)
➲ एम.आर. अर्जुन एवं ध्रुव कपिला (युगल)
➲ एच.एस. प्रणय

➡ **29वें उबेर कप का परिणाम**

**विजेता - दक्षिण कोरिया**

उपविजेता - चीन

### ❑ थाईलैण्ड ओपन, 2022

**आयोजन —** थाईलैण्ड में संपन्न। (17-22 मई, 2022)




➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - ली जी जिया** (मलेशिया)

उपविजेता - ली शी फेंग (चीन)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - ताई त्जु यिंग** (चीनी ताइपे)

उपविजेता - चेन यू फेई (चीन)

## गोल्फ

### ❑ द मेमोरियल टूर्नामेंट, 2022




**आयोजन —** ओहियो, अमेरिका में संपन्न। (30 मई से 5 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - बिली होर्शेल** (अमेरिका)

### ❑ यू.एस. ओपन, 2022




**आयोजन —** द कंट्री क्लब, ब्रुकलाइन, अमेरिका में संपन्न। (16-19 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - मैथ्यू फिट्जपैट्रिक** (इंग्लैण्ड)

➡ यह मैथ्यू फिट्जपैट्रिक का पहला मेजर खिताब है।

### ❑ पीजीए चैंपियनशिप, 2022

**आयोजन —** सदर्न हिल्स कंट्री क्लब, ओक्लाहोमा (अमेरिका) में 19-22 मई, 2022 के मध्य।

➡ **परिणाम**

**विजेता - जस्टिन थॉमस** (अमेरिका)

### ❑ एशिया पैसिफिक ओपन गोल्फ चैंपियनशिप (डायमण्ड कप), 2022

**आयोजन —** ओराई गोल्फ क्लब (जापान) में संपन्न। (12-15 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

**विजेता - शुगो इमाहिरा** (जापान)

## तीरंदाजी

### ❑ तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-3, 2022



**आयोजन —** पेरिस, फ्रांस में संपन्न। (21-26 जून, 2022)

➡ भारतीय तीरंदाज एक स्वर्ण सहित कुल 3 पदक जीतने में सफल रहे।

➡ पदक तालिका में फ्रांस 5 पदकों (2 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य) के साथ प्रथम स्थान पर, जबकि भारत दूसरे स्थान पर रहा।

| भारतीय पदक विजेता | | |
|---|---|---|
| **स्पर्धा** | **तीरंदाज** | **पदक** |
| 1. रिकर्व महिला टीम | अंकिता भकत, सिमरनजीत कौर, दीपिका कुमारी | रजत |
| 2. कंपाउण्ड मिश्रित टीम | अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम | स्वर्ण |
| 3. कंपाउण्ड महिला | ज्योति सुरेखा वेन्नम | रजत |

### ❑ तीरंदाजी विश्व कप चरण-2, 2022




**आयोजन —** ग्वांगझू, दक्षिण कोरिया में संपन्न। (16-22 मई, 2022)

➡ विश्व कप के चरण-2 में भारतीय तीरंदाज एक स्वर्ण सहित कुल 5 पदक जीतने में सफल रहे।

| | **स्पर्धा** | **भारतीय तीरंदाज/टीम** | **पदक** |
|---|---|---|---|
| 1. | कंपाउण्ड पुरुष टीम | रजत चौहान, अभिषेक वर्मा, अमन सैनी | स्वर्ण |
| 2. | कंपाउण्ड पुरुष | मोहन रामस्वरूप भारद्वाज | रजत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | कंपाउण्ड महिला टीम | मुस्कान किरर,<br>प्रिया गुर्जर,<br>अवनीत कौर | कांस्य |
| 4. | कंपाउण्ड मिश्रित टीम | अवनीत कौर,<br>अभिषेक वर्मा | कांस्य |
| 5. | रिकर्व महिला टीम | अंकिता भकत<br>ऋद्धि<br>कोमलिका बारी | कांस्य |

➡ पदक तालिका में दक्षिण कोरिया 9 पदकों (6 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य) के साथ शीर्ष स्थान पर रहा।

➲ पदक तालिका में भारत दूसरे स्थान पर रहा।

## निशानेबाजी

### ❑ ISSF विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) बाकू, 2022

**आयोजन —** बाकू, अजरबैजान में संपन्न। (27 मई से 7 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

| पदक तालिका - शीर्ष 5 देश | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **देश** | **स्वर्ण** | **रजत** | **कांस्य** | **कुल** |
| 1. दक्षिण कोरिया | 5 | 0 | 3 | 8 |
| 2. संयुक्त राज्य अमेरिका | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3. फ्रांस | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 4. यूक्रेन | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 5. भारत | 2 | 3 | 0 | 5 |

➡ **भारतीय स्वर्ण पदक विजेता**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | एयर राइफल (महिला टीम) | श्रेया अग्रवाल, रमिता और इलावेनिल वलारिवन |
| 2. | 50 मी. राइफल 3 पोजीशन (मिश्रित टीम) | आशी चौकसी और स्वप्निल कुशल |

### ❑ WSPS पैराशूटिंग विश्व कप-शैटोरॉक्स, 2022

**आयोजन —** फ्रांस के शैटोरॉक्स में संपन्न। (4-13 जून, 2022)

➡ भारतीय पैरा-निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

➡ भारतीय दल में शामिल सभी 11 पैरा-निशानेबाज पदक जीतने में सफल रहे।

**पदक तालिका - शीर्ष 3 देश**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 10 | 3 | 3 | 16 |
| 2. भारत | 6 | 5 | 1 | 12 |
| 3. फ्रांस | 5 | 3 | 3 | 11 |

➡ **भारतीय स्वर्ण पदक विजेता**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | P5 मिश्रित 10 मी. एयर पिस्टल SH1 | राहुल जाखड़ |
| **2.** | R2 महिला 10 मी. एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 | अवनि लेखरा |
| **3.** | R4 मिश्रित 10 मी. एयर राइफल स्टैंडिंग SH2 | देवर्धि रामकृष्ण श्रीहर्ष |
| **4.** | R8 महिला 50 मी. राइफल 3 पोजीशंस SH1 | अवनि लेखरा |
| **5.** | P5 मिश्रित 10 मी. एयर पिस्टल स्टैंडर्ड SH1 | राहुल जाखड़, दीपेंदर सिंह, आकाश |
| **6.** | P6 मिश्रित टीम 10 मी. पिस्टल SH1 | रुबिना फ्रांसिस और मनीष नरवाल |

➡ भारतीय पैरा-निशानेबाज अवनि लेखरा ने R2 महिला 10 मी. एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### ❑ ISSF विश्व कप जूनियर, 2022

**आयोजन —** जर्मनी के सुहल में संपन्न। (9-20 मई, 2022)

➡ भारतीय निशानेबाजों ने 14 स्वर्ण सहित कुल 36 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान प्राप्त किया।

**पदक तालिका - शीर्ष-5**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. भारत | 14 | 16 | 6 | 36 |
| 2. इटली | 4 | 2 | 5 | 11 |
| 3. पोलैण्ड | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 4. सं.रा.अमेरिका | 3 | 1 | 2 | 6 |
| 5. जर्मनी | 2 | 1 | 3 | 6 |

## कुश्ती

### ❑ बोलट तुर्लिखानोव कप, 2022

**आयोजन —** अल्माटी, कजाख्स्तान में संपन्न। (2-5 जून, 2022)

➡ भारतीय पहलवान 6 स्वर्ण सहित कुल 12 पदक जीतने में सफल रहे।

➡ भारतीय पदक - 6 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य

➡ महिला फ्रीस्टाइल की टीम चैंपियनशिप में भारतीय टीम शीर्ष स्थान पर रही।

## बास्केटबॉल

### ❑ अखिल भारतीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट, 2022

**आयोजन —** कोयंबटूर, तमिलनाडु में संपन्न। (29 मई से 3 जून, 2022)

➡ **पुरुष प्रतियोगिता (55वीं**

**विजेता - भारतीय नौसेना**

उपविजेता - भारतीय रेलवे

➡ **महिला प्रतियोगिता (19वीं**

**विजेता - केएसईबी तिरुवनंतपुरम**

उपविजेता - दक्षिण-पश्चिम रेलवे

## स्क्वैश

### ❑ PSA वर्ल्ड टूर फाइनल, 2021-22

**आयोजन —** काहिरा, मिस्र में संपन्न। (21-26 जून, 2022)

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - मुस्तफा असल** (मिस्र)

उपविजेता - पॉल कॉल (न्यूजीलैण्ड)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - नूर एल शेरबिनी** (मिस्र)

उपविजेता - नूरन गोहर (मिस्र)

### ❑ PSA विश्व चैंपियनशिप, काहिरा, 2022

**आयोजन —** काहिरा, मिस्र में संपन्न। (13-22 मई, 2022)

➡ **परिणाम**

➲ **पुरुष एकल**

**विजेता - अली फराग** (मिस्र)

उपविजेता - मोहम्मद एलशोरबागी (इंग्लैण्ड)

➲ **महिला एकल**

**विजेता - नूर एल शेरबिनी** (मिस्र)

## मुक्केबाजी

### ❑ महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2022

**आयोजन —** इस्तांबुल, तुर्की में संपन्न। (8-20 मई, 2022)

➡ भारतीय मुक्केबाजों ने विश्व चैंपियनशिप में अपना अभियान 1 स्वर्ण सहित कुल 3 पदक जीतकर सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

**भारतीय पदक विजेता**

1. निखत जरीन (महिला फ्लाई वेट, 50-52 किग्रा.) – स्वर्ण पदक
2. मनीषा (महिला फेदर वेट, 54-57 किग्रा.) – कांस्य पदक
3. परवीन (महिला लाइटवेल्टर वेट, 60-63 किग्रा.) – कांस्य पदक

➡ निखत जरीन इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पांचवीं भारतीय महिला मुक्केबाज हैं।

➡ निखत से पहले मैरीकॉम (कुल 6 स्वर्ण), सरिता देवी, जेनी आरएल और लेखा केसी ही विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत सकी हैं।

## बृहद आयोजन

### ❑ 24वां ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक्स, 2021

**आयोजन -** ब्राजील में संपन्न। (1-15 मई, 2022)

➡ शुभंकर - नीनो

[दक्षिण अमेरिकी कोटी (South American Coati)]

➡ ब्राजील इन खेलों का आयोजन करने वाला दक्षिण अमेरिका का पहला देश है।

➡ 24वें संस्करण में 73 देशों के 2401 बधिर एथलीटों ने भाग लिया।

➡ भारतीय बधिर एथलीटों ने इस संस्करण में 8 स्वर्ण पदक सहित कुल 17 पदक जीते।

➡ यह भारतीय एथलीटों का डेफलिंपिक्स में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था।

**पदक तालिका (शीर्ष-3 देश एवं भारत)**

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. यूक्रेन | 62 | 38 | 38 | 138 |
| 2. सं.रा.अमेरिका | 20 | 11 | 24 | 55 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. ईरान | 14 | 12 | 14 | 40 |
| 9. भारत | 8 | 1 | 8 | 17 |

➡ डेफलिंपिक्स का पहला संस्करण वर्ष 1924 में पेरिस में इंटरनेशनल साइलेंट गेम्स के नाम से आयोजित किया गया था।

## चर्चित खेल व्यक्ति

### ❑ नीरज चोपड़ा

➡ भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी।




- ➲ 18 जून, 2022 को फिनलैण्ड में आयोजित कुओर्तानें खेलों में 86.69 मीटर दूरी तक भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

➡ 14 जून, 2022 को फिनलैण्ड में आयोजित पावो नुर्मी खेलों में नीरज चोपड़ा ने 89.30 मीटर दूरी तक भाला फेंककर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत पदक जीता।

➡ पुन: 30 जून, 2022 को स्वीडन में आयोजित स्टॉकहोम डायमण्ड लीग, 2022 में 89.94 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया।

➡ डायमण्ड लीग में नीरज दूसरे स्थान पर रहे।

### ❑ सुनील छेत्री

➡ भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कप्तान।



➡ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले फुटबॉलरों की सर्वकालिक सूची में फेरेंक पुरस्कास (हंगरी) के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

➡ यह उपलब्धि उन्होंने हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशिया कप के क्वालिफायर मुकाबले में अपना 84वां गोल करके अर्जित की। (14 जून, 2022)

- ➲ छेत्री ने 129 मैचों में 84 गोल (14 जून, 2022 तक की स्थिति के अनुसार) किए हैं।

➡ सुनील छेत्री अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो एवं लियोनल मेसी के साथ सर्वाधिक गोल करने वाले शीर्ष तीन सक्रिय (Active) फुटबॉलरों की सूची में शामिल हैं।

### ❑ रूमेली धर

➡ भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान।

- ➲ क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। (जून, 2022)

➡ रूमेली धर ने भारत के लिए 4 टेस्ट, 78 ODI और 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

### ❑ प्रीति मस्के

➡ पुणे की 45 वर्षीय साइक्लिस्ट।

➡ साइकिल द्वारा लेह से मनाली तक 430 किमी. की दूरी मात्र 55 घंटे और 13 मिनट में पूरी की। (24 जून, 2022)

➡ प्रीति मस्के ने सबसे तेज साइकिल चलाने का सोलो रिकॉर्ड बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है।

### ❑ रोनाल्डो लैटोंजम सिंह



➡ मणिपुर के साइक्लिस्ट।

➡ इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में 18-22 जून, 2022 के मध्य आयोजित एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप, 2022 के स्प्रिंट स्पर्धा (सीनियर वर्ग) में रजत पदक जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।

➡ एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले वह पहले भारतीय साइक्लिस्ट बन गए हैं।

➡ इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जापान के केंटो यामासाकी ने जीता।

### ❑ स्कालजांग रिग्जिन



➡ भारत के पर्वतारोही।

➡ बिना पूरक ऑक्सीजन के ही दो पर्वत चोटियों को फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

➡ 28 अप्रैल, 2022 को इन्होंने माउंट अन्नापूर्णा-I (8091 मी.) पर चढ़ने में सफलता प्राप्त की।

- ➲ तत्पश्चात 14 मई, 2022 को रिग्जिन ने विश्व के चौथे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट ल्होत्से (8516 मी.) पर चढ़ने में सफलता पाई।

### ❑ पूर्णा मालावत

➡ तेलंगाना की पर्वतारोही।

➡ सेवन समिट्स चैलेंज को पूरा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। (5 जून, 2022)

➡ 5 जून, 2022 को पूर्णा ने उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट डेनाली (6190 मी.) पर चढ़ाई करने में सफलता प्राप्त की।

➡ इसके पूर्व पूर्णा ने माउंट एवरेस्ट, माउंट किलिमंजारो, माउंट एल्ब्रुस, माउंट एकांकागुआ, माउंट कार्सटेंज पिरामिड एवं माउंट विंसन मैसिफ मिशन को पूरा किया है।

➡ पूर्णा ने लगभग 13 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट को फतह किया था।

## ❑ मिताली राज



➡ भारतीय महिला क्रिकेटर।

➡ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से 8 जून, 2022 को संन्यास ले लिया।

➡ **एक नजर में मिताली राज का कॅरियर—**

| प्रारूप | मैच | रन | सर्वोच्च स्कोर | शतक | अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|
| महिला टेस्ट | 12 | 699 | 214 | 1 | 4 |
| महिला ODI | 232 | 7805 | 125* | 7 | 64 |
| महिला अंतरराष्ट्रीय टी-20 | 89 | 2364 | 97* | 0 | 17 |

➡ सचिन तेंदुलकर और जावेद मियांदाद (पाकिस्तान) के बाद छह आईसीसी ODI विश्व कप में प्रतिभाग करने वाली वे विश्व की तीसरी तथा पहली महिला क्रिकेटर हैं।

➡ **मिताली के रिकॉर्ड्स**

- ➲ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड - 10868 रन (333 मैच)
- ➲ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में विश्व में सर्वाधिक रन (7805)।
- ➲ विश्व में सर्वाधिक महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी (232 मैच)।
- ➲ महिला टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली एकमात्र भारतीय महिला क्रिकेटर।
- ➲ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में लगातार 7 अर्द्धशतक (2017)।

## ❑ अविनाश साबले



➡ स्टार भारतीय धावक।

➡ रबात डायमण्ड लीग (मोरक्को) में 3000 मी. स्टीपलचेज रेस में 8:12:48 के समय के साथ 8वीं बार नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

➡ इस रेस में अविनाश 5वें स्थान पर रहे। (5 जून, 2022)

## ❑ राहुल श्रीवत्सव

➡ तेलंगाना के शतरंज खिलाड़ी।

➡ इटली में आयोजित 9वें कैटोलिका शतरंज महोत्सव, 2022 में 'लाइव' फिडे रेटिंग में 2500 ईएलओ अंक अर्जित करने के बाद भारत के 74वें ग्रैण्डमास्टर बन गए। (10 जून, 2022)

## ❑ बाबर आजम



➡ पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान।

➡ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में बतौर कप्तान सबसे तेज 1000 रन (13 पारी) बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। (8 जून, 2022)

➡ इसके पूर्व यह उपलब्धि विराट कोहली (17 पारी) के नाम दर्ज थी।

## ❑ आरएमवी गुरुसाई दत्त

➡ भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी।

➲ बैडमिंटन से संन्यास की घोषणा की। (6 जून, 2022)

➡ गुरुसाई दत्त ने वर्ष 2008 के राष्ट्रमण्डल युवा खेल (पुणे) में एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक और वर्ष 2014 के राष्ट्रमण्डल खेलों (ग्लासगो) में पुरुष एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

## ❑ ऐश्वर्या बाबू



➡ कर्नाटक की महिला एथलीट।

➡ चेन्नई में आयोजित 61वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ट्रिपल जंप स्पर्धा में 14.14 मीटर की कूद के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। (13 जून, 2022)

➡ ऐश्वर्या ने मयूखा जॉनी द्वारा वर्ष 2011 में बनाए रिकॉर्ड (14.11 मीटर) को तोड़कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया।

## ❑ हर्षदा शरद गरुण



➡ आई.डब्ल्यू.एफ. विश्व जूनियर चैंपियनशिप (भारोत्तोलन) के इतिहास में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं।

➡ इन्होंने ग्रीस में आयोजित विश्व जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप, 2022 में महिलाओं के 45 किग्रा. भार वर्ग में कुल 153 किग्रा. (स्नैच में 70 किग्रा. एवं क्लीन एंड जर्क में 88 किग्रा.) वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की

➡ मीराबाई चानू (2013) ने इस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। (2 मई)

## ❑ महेंद्र सिंह धौनी



➡ टी-20 क्रिकेट में 200 कैच लपकने वाले पहले विकेटकीपर बन गए हैं। (8 मई, 2022)

**टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लपकने वाले विकेटकीपर**

1. महेंद्र सिंह धौनी – 200 कैच
2. दिनेश कार्तिक – 182 कैच
3. कामरान अकमल – 172 कैच

## ❑ ज्योति याराजी



➡ भारतीय महिला एथलीट।

- ➲ ब्रिटेन के लोगबोरो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट के दौरान महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। (22 मई, 2022)

➡ आंध्र प्रदेश की ज्योति ने 13.11 सेकण्ड के समय के साथ इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

## ❑ लियोनेल मेसी



➡ अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी।

➡ विश्व में सर्वाधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। (मई, 2022)

➡ फोर्ब्स के अनुसार, मेसी ने 1 मई, 2021 से 1 मई, 2022 तक 130 मिलियन डॉलर की कमाई की है।

## ❑ एण्ड्र्यू साइमण्ड्स



➡ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर।

➡ एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई। (14 मई, 2022)

➡ एण्ड्र्यू साइमण्ड्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 26 टेस्ट, 198 एकदिवसीय और 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे।

➡ साइमण्ड्स आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स और मुंबई इण्डियंस की तरफ से खेल चुके हैं।

➡ भारतीय गेंदबाज हरभजन सिंह और साइमण्ड के बीच मंकीगेट विवाद वर्ष 2008 में चर्चा का विषय रहा था।

## ❑ सबरी जयशंकर



➡ भारतीय पेशेवर मुक्केबाज।

➲ ऑस्ट्रेलिया के माइकल पेंग्यू को पराजित कर वेल्टरवेट डिवीजन में WBC ऑस्ट्रेलेशिया प्रो बॉक्सिंग का खिताब जीत लिया। (28 मई, 2022)

➡ तमिलनाडु के मुक्केबाज सबरी WBC इण्डिया का खिताब भी दिसंबर, 2021 में जीत चुके हैं।

## ❑ मुरली श्रीशंकर



➡ भारतीय लंबी कूद एथलीट।

➲ ग्रीस में आयोजित 12वीं इंटरनेशनल जंपिंग मीट में 8.31 मीटर की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीता। (मई, 2022)

➡ मुरली 8.36 मीटर की कूद के साथ लंबी कूद स्पर्धा में वर्तमान राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं।

## ❑ विश्वनाथन आनंद



➡ पूर्व विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैण्डमास्टर।

➲ मई, 2022 में वारसॉ, पोलैण्ड में संपन्न रैपिड एण्ड ब्लिट्ज पोलैण्ड शतरंज टूर्नामेंट (ग्रैण्ड चेस टूर, 2022 की एक प्रतियोगिता) में अमेरिका के लेवोन आरोनियन के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

➡ पोलैण्ड के जान क्रिजस्टोफ डूडा ने प्रथम स्थान पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया।

## ❑ कपिल परमार और मुकेश रानी

➡ IBSA जूडो ग्रैण्ड प्रिक्स में क्रमश: पुरुष एवं महिला वर्ग में पदक जीतने वाले पहले भारतीय जूडो खिलाड़ी बन गए हैं।

➡ मई, 2022 में नूर सुल्तान, कजाख्स्तान में आयोजित IBSA जूडो ग्रैण्ड प्रिक्स में इन दोनों खिलाड़ियों ने एक-एक कांस्य पदक जीता।

## ❑ एलिसा हीली और केशव महाराज

➡ ऑस्ट्रेलिया की स्टार बल्लेबाज एलिसा हीली और दक्षिण अफ्रीका के फिरकी गेंदबाज केशव महाराज को अप्रैल, 2022 के लिए क्रमश: ICC महिला और ICC पुरुष खिलाड़ी (प्लेयर ऑफ द मंथ) चुना गया है।

## ❑ एंजेलो मैथ्यूज एवं तुबा हसन

➡ एंजेलो मैथ्यूज (श्रीलंका) को मई, 2022 हेतु ICC पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया है।

➡ तुबा हसन (पाकिस्तान) को मई, 2022 हेतु ICC महिला प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया गया है।

➲ ICC महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड प्राप्त करने वाली वे पाकिस्तान की पहली क्रिकेटर हैं।

➲ तुबा ने मई, 2022 में श्रीलंका के विरुद्ध टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## ❑ रिया जादोन

➡ तेरह वर्षीय रिया जादोन ने डीजीसी लेडीज ओपन एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप, 2022 को जीत लिया। (अप्रैल, 2022)

➡ इस टूर्नामेंट को दो वर्ष के अंतराल के बाद दिल्ली गोल्फ क्लब में फिर से शुरू किया गया।

# विविध

## ❑ FIFA-e नेशंस कप, 2022




➡ भारत की e- फुटबॉल टीम ने पहली बार फीफा-ई नेशंस कप में प्रतिभाग हेतु अर्हता प्राप्त कर ली है।

➡ भारत ने यह अर्हता दक्षिण कोरिया और मलेशिया को हराकर प्राप्त की।

➡ यह प्रतियोगिता डेनमार्क के कोपनहेगेन में 27-30 जुलाई, 2022 के मध्य आयोजित की जाएगी।

## ❑ शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले



- ➡ इंटरनेशनल चेस फेडरेशन (FIDE) ने शतरंज ओलंपियाड से पहले मशाल रिले की परंपरा आरंभ की है। (जून, 2022)
- ➡ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून, 2022 को पहली बार शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले के आयोजन की शुरुआत इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली से की और इसे ग्रैण्डमास्टर विश्वनाथन आनंद को सौंप दिया।
- ➡ 44वें शतरंज ओलंपियाड का आयोजन पहली बार भारत में 28 जुलाई से 10 अगस्त, 2022 के मध्य चेन्नई में किया जाएगा।

## ❑ अण्डर-17 एशियन चैंपियनशिप (कुश्ती)

- ➡ बिश्केक, किर्गिजस्तान में आयोजित। (19-26 जून, 2022)
- ➡ भारतीय कैडेट गर्ल्स टीम ने पहली बार एशियन चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।
- ➡ भारतीय टीम ने 8 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते।

## ❑ खेलो इण्डिया यूथ गेम्स, 2021




**आयोजन तिथि** - 4-13 जून, 2022

**मुख्य आयोजन स्थल** - पंचकुला, हरियाणा

**अन्य आयोजन स्थल** - शाहाबाद, अंबाला, चण्डीगढ़ और दिल्ली

**संस्करण** - तीसरा

(खेलो इण्डिया स्कूल गेम्स, नई दिल्ली 2018 को शामिल करते हुए चौथा संस्करण)

**उद्घाटन** - गृह मंत्री अमित शाह द्वारा

**शुभंकर** - धाकड़ (एक बैल), विजय (एक बाघ) और जय (काला हिरण)

**नोट—**'जय' और 'विजय' खेलो इण्डिया यूथ गेम्स के शुभंकर हैं, जबकि 'धाकड़' इन खेलों के लिए हरियाणा का शुभंकर है।

➡ **अधिकारिक गीत (Anthem)** - ''अब की बार हरियाणा''

**खेल** - 25

**नए खेल** - 5 स्वदेशी खेल (मल्लखंब, गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता और योगासन)

**प्रतिभागी** - लगभग 4700

| पदक तालिका (शीर्ष-5 एवं उत्तर प्रदेश) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **स्वर्ण** | **रजत** | **कांस्य** | **कुल** |
| 1. हरियाणा | 52 | 39 | 46 | 137 |
| 2. महाराष्ट्र | 45 | 40 | 40 | 125 |
| 3. कर्नाटक | 22 | 17 | 28 | 67 |
| 4. मणिपुर | 19 | 4 | 5 | 28 |
| 5. केरल | 18 | 19 | 18 | 55 |
| 12. उत्तर प्रदेश | 6 | 17 | 19 | 42 |

## ❑ खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG), 2021

**आयोजन —** बंगलुरू, कर्नाटक में 24 अप्रैल से 3 मई, 2022 के मध्य

**शुभंकर —** वीरा (एक हाथी)

- ➡ यह KIUG का दूसरा संस्करण था।
- ➡ इस संस्करण में 209 विश्वविद्यालयों के 3886 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- ➡ इस संस्करण में दो नए खेलों योगासन और मल्लखंब के साथ कुल 20 खेलों (Sports Disciplines) का आयोजन किया गया।

| पदक तालिका - शीर्ष-5 विश्वविद्यालय | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **स्वर्ण** | **रजत** | **कांस्य** | **कुल** |
| 1. जैन विश्वविद्यालय, बंगलुरू (कर्नाटक | 20 | 7 | 5 | 32 |
| 2. लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब | 17 | 15 | 19 | 51 |
| 3. पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ | 15 | 9 | 24 | 48 |
| 4. गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (पंजाब) | 14 | 14 | 14 | 42 |
| 5. महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा) | 14 | 14 | 13 | 41 |

- ➡ जैन विश्वविद्यालय, बंगलुरू ने 20 स्वर्ण जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया।
- ➡ लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (पंजाब) ने इन खेलों में सबसे ज्यादा 51 पदक जीते।
- ➡ तैराक शिव श्रीधर (जैन विश्वविद्यालय) ने 7 स्वर्ण और 2 रजत पदकों के साथ सबसे ज्यादा 9 व्यक्तिगत पदक जीते (सबसे सफल एथलीट)।
- ➡ तैराक श्रृंगी बांदेकर (जैन विश्वविद्यालय), 4 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर सर्वाधिक सफल महिला एथलीट रहीं।
- ➡ KIUG के प्रथम संस्करण का आयोजन वर्ष 2020 में ओडिशा में किया गया था।




**UPSC-MAINS सामान्य अध्ययन चतुर्थ प्रश्न-पत्र (नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा एवं अभिरुचि)**

## दण्ड एवं मृत्युदण्ड : नैतिक औचित्य


✍ डॉ. अतुल मिश्र

समाज के अस्तित्व के लिए सामाजीकरण की प्रक्रिया के साथ सामाजिक नियंत्रण भी अनिवार्य होता है। प्रत्येक व्यक्ति का राज्य एवं समाज के प्रति एक नैतिक उत्तरदायित्व भी है, जिसके आधार पर सामाजिक नियंत्रण की प्रक्रिया संभव होती है। वस्तुतः जानबूझकर अपराध या नियम के विपरीत अनैतिक कार्य करने वाले को जो शारीरिक या मानसिक कष्ट दिया जाता है, वह दण्ड है। एक अन्य संदर्भ में कहा जा सकता है, कि सामाजिक जीवन को गतिमान करने के लिए जो नकारात्मक प्रोत्साहन दिया जाता है, उसे दण्ड के रूप में व्याख्यायित करते हैं। दण्ड का समर्थन ग्रीक दार्शनिक अरस्तू से लेकर आधुनिक नैतिक विचारक; जैसे कांट, हीगल, ब्रैडले आदि ने भी किया है।

वास्तव में दण्ड देने का उद्देश्य सामाजिक व्यवस्था को बनाए, रखना होता है, तो यहां स्वाभाविक प्रश्न उठता है, कि कोई भी व्यक्ति अपराध क्यों करता है? अथवा समाज में व्याप्त अपराध एवं आपराधिक प्रवृत्ति के पीछे मूल संकल्पना क्या है? जिसके कारण किसी मनुष्य को दण्ड देना आवश्यक हो जाता है। इस संदर्भ में आनुवंशिक मनौवैज्ञानिक एवं सामाजिक धारणाएं महत्वपूर्ण हैं।


अपराध के संदर्भ में प्रथम धारणा इस कथन पर आधारित है, कि अपराधी बनते ही नहीं, बल्कि पैदा होते हैं। लैम्ब्रोसो के अनुसार, अपराधी की शारीरिक संरचना गैर-अपराधी की शारीरिक संरचना से भिन्न होती है तथा वह अपनी शारीरिक विशेषताओं से पहचाना जा सकता है। दूसरे शब्दों में अपराध का मूल कारण जैविक है। लैम्ब्रोसो यहां तक दावा करते हैं, कि शारीरिक विशेषताओं के आधार पर अपराध के किस्मों की पहचान भी की जा सकती है।

किंतु लैम्ब्रोसो का मत अत्यंत संकीर्ण है; क्योंकि वे जैविक आधार को मानने के साथ ही मानसिक व सामाजिक कारणों की अपेक्षा करते हैं।




अपराधी के व्यवहार के संबंध में मनोविश्लेषणात्मक सिद्धांत महत्वपूर्ण है। मनोवैज्ञानिक फ्रॉयड के अनुसार, हमारे मन में तीन हिस्से इदं (Id), अहं (Ego), परम अहं (Super Ego) हैं। इदं एक व्यक्ति की अपरिष्कृत मूल प्रवृत्तियां या इच्छाएं हैं। अहं हमारी परिष्कृत मूल प्रवृत्तियां व वास्तविक इच्छाएं हैं। परम अहं निरंतर इड (इदं) को दबाने का प्रयास करता है। जबकि अहं, इदं तथा परम अहं के बीच सामंजस्य बैठाने का प्रयास करता है। इस व्याख्या के आधार पर फ्रॉयड कहते हैं, कि आपराधिकता उन द्वंद्वों से उत्पन्न होती है, जो मूल इच्छाओं से संबंधित हैं। जब परम अहम पर्याप्त रूप से विकसित नहीं होता है, तब असामाजिक व्यवहार जन्म लेता है।

फ्रॉयड की उपर्युक्त व्याख्या पर्याप्त नहीं है; क्योंकि इसमें एकांगी दृष्टिकोण से अपराध की मनोवैज्ञानिक व्याख्या 'अपराध की व्याख्या' के संदर्भों में सर्वाधिक प्रचलित मान्यता सामाजिक अवधारणा है। आर.के. मर्टन के अनुसार, अपराध का कारण स्वयं समाज होता है, समाज की संस्कृति व्यक्तियों के लिए कुछ मूलभूत आवश्यकताओं एवं उद्देश्यों को निर्धारित करती है एवं जब समाज इन उद्देश्यों और आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त साधन उत्पन्न करने में असमर्थ रहता है, तो अपराध उत्पन्न होता है। अत: अपराध के मूल में सामाजिक कारण महत्वपूर्ण रहते हैं। सामान्यतया विद्वान अपराध की सामाजिक व्याख्या से सहमत हैं।




दण्ड देने का उद्देश्य अपराधी एवं समाज से संबंधित होता है; इसलिए दण्ड व्यवस्था के प्रति अत्यधिक सावधानी अपेक्षित होती है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है - यदि काम, क्रोध या अज्ञान वश

दण्ड  दिया जाए, तो जन साधारण की कौन कहे, वानप्रस्थ और संन्यासी तक झुब्ध हो जाते हैं। यदि दण्ड का उचित उपयोग नहीं होता है, तो बलवान मनुष्य निर्बलों को वैसे ही निगल जाएंगे जैसे बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है; इसीलिए विचारकों ने दण्ड व्यवस्था के लिए विवेक, अनुपात एवं निष्पक्षता को आवश्यक माना है।

दण्ड का आधार विवेकपूर्ण होना चाहिए; अर्थात अपराधी की मन: स्थिति, परिस्थितियां एवं समाज पर प्रभाव आदि तत्वों को ध्यान में रखकर दण्ड का स्वरूप निर्धारित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त दण्ड प्रदान करने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। इन तत्वों के आधार पर प्राचीन काल से ही दिए जा रहे दण्ड के प्रमुख सिद्धांतों को रेखांकित किया जा सकता है, जो कि निम्नलिखित हैं-

1. प्रतिधोशात्मक सिद्धांत
2. निवारण सिद्धांत
3. सुधारात्मक सिद्धांत


दण्ड का प्रतिशोधात्मक सिद्धांत 'जैसे को तैसा' की मूल मान्यता पर आधारित है। प्रत्येक अपराधी अपने संकल्प स्वातंत्र्य के माध्यम से योजना रूप में अपराध करता है; इसलिए अपराधी को अपराध के समान मात्रा तथा प्रभाव में दण्ड मिलना चाहिए। मैकेंजी के अनुसार, दण्ड का लक्ष्य यह है, कि व्यक्ति के कर्मों का प्रतिफल उसी को दिया जाए; अर्थात व्यक्ति के कर्मों के प्रतिफल उसी को दिए जाएं; अर्थात व्यक्ति के कार्यों के बुरे परिणाम उसके लिए स्वयं बुरे होने चाहिए। यह सिद्धांत अरस्तु, कांट, हीगल तथा ब्रैडले के दर्शन में किसी-न-किसी रूप में पाया जाता है। यह सिद्धांत प्राय: ऐसे समाजों में विकसित होता है, जो पारंपरिक होते हैं।

यह सिद्धांत दण्ड के आधार पर बदला लेने को महत्वपूर्ण अर्थ प्रदान करता है, जो कि मानवतावादी व्यवस्था के विरुद्ध है। इसका परिणाम बदला लेने की अनवरत श्रृंखला का आरंभ हो जाना है। इसमें हम अपराध के कारणों को दूर नहीं कर सकते हैं। इस सिद्धांत में अपराध के समाप्त होने की संभावना नगण्य होती है; क्योंकि समाज के लिए मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं आर्थिक कारणों को दूर करना आवश्यक है।

इस व्यवस्था में अपराधी को कितना दण्ड दिया जाए, यह निश्चित करना तार्किक रूप से संभव नहीं है; क्योंकि दण्ड के समय परिस्थितियों को ध्यान में रखना आवश्यक हो जाता है। पुन: यह सिद्धांत क्षमा की संभावना को समाप्त कर देता है। इस सिद्धांत में सामाजिक एकता को ही महत्वपूर्ण माना जाता है और इसे बनाए रखने के लिए ही सामाजिक कल्याण की उपेक्षा की जाती है।




दण्ड का दूसरा प्रमुख सिद्धांत निवारण या निरोधात्मक सिद्धांत है। जिसके अनुसार, अपराधी को दण्ड इसलिए दिया जाता है, कि अन्य व्यक्तियों को उसी तरह के अपराध करने से रोका जाए। इस व्यवस्था की मांग है, कि अपराधी के स्थान पर अन्य व्यक्तियों को अपराध की चेतावनी देने के लिए दण्ड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सिद्धांत अपराध पूर्व सक्रियता का उदाहरण है, न कि अपराध पश्चात सक्रियता का; अर्थात निरोधात्मक सिद्धांत अपराध की दवा नहीं, बल्कि अपराध से परहेज है। इस दण्ड के प्रावधान को एक न्यायाधीश की प्रसिद्ध उक्ति के आधार पर प्रस्तुत किया जा सकता है- ''तुम्हें भेड़ें चुराने के लिए दण्ड नहीं दिया जा रहा है, बल्कि इसलिए दिया जा रहा है, कि भविष्य में भेड़ें न चुराई जाएं।''





आधुनिक काल के मानवतावादी दर्शन में व्यक्तिगत स्वतंत्रता समानता तथा न्याय आदि चिंतन में दण्ड को सुधारात्मक सिद्धांत का समर्थन मिलता है। जिसको स्पष्ट करने का कार्य मनोविज्ञान और समाज विज्ञान की नई व्याख्या ने किया है। सुधारवादी सिद्धांत के अनुसार, दूसरों को अपराध से रोकने के स्थान पर व्यक्ति में सुधार के लिए दण्ड का प्रावधान किया जाना चाहिए। मैकेंजी के शब्दों में दण्ड का लक्ष्य स्वयं अपराधी को शिक्षा देना या उसे सुधारना है।

यह सिद्धांत मनुष्य की विवेकशीलता पर अत्यधिक विश्वास रखने के कारण मृत्युदण्ड का घोर विरोधी है; क्योंकि इससे मानव के स्वतंत्र अस्तित्व तथा उसमें सुधार की संभावनाओं का अंत हो जाता है। आधुनिक परिवेश में अनेक विकसित व विकासशील देशों ने दण्ड के सुधारात्मक सिद्धांत को आत्मसात करना आरंभ कर दिया है। भारत में भी अनेक जेलों में अपराधियों को मानसिक प्रशिक्षण द्वारा सुधारा जा रहा है। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता किरन बेदी ने तिहाड़ जेल में ऐसे ही प्रयोगों को प्रोत्साहित किया।

यह सिद्धांत जिस मनोविज्ञान पर आधारित है, उसकी अपनी एक सीमा रेखा है। मनोवैज्ञानिक निष्कर्ष वर्तमान और भविष्य दोनों में वस्तुनिष्ठ नहीं पाए जाते। इस अवस्था में अपराधी भ्रम पैदा कर सकता है और उसके द्वारा अनुचित लाभ भी उठा सकता है।

इसके अतिरिक्त प्रत्येक अपराध मानसिक रोगी द्वारा नहीं किया जाता। मानसिक रोगी व सामान्य द्वारा किए गए अपराध में अंतर है। अत: सोच-विचारकर किए गए अपराध को मनोवैज्ञानिक आधार देना तर्कसंगत नहीं है। यह सिद्धांत सामाजिक परिस्थितियों को अपराध के कारण रूप में देखता है; किंतु गलत व्यवस्था को ही एक मात्र कारण मानना ठीक नहीं है। अनेक अपराध स्वयं ही आवश्यक इच्छाओं की पूर्ति के कारण संभव होते हैं।




इस सिद्धांत को स्वीकार करने से अपराध के प्रति भय में कमी आ जाएगी, जिससे अपराधी प्रेरित होंगे। अपराध में सुधार के लिए यह आवश्यक है, कि दण्ड पाने वाला यह अनुभव करे कि उसको जिस अनैतिक कार्य के लिए दण्ड दिया गया है, उसका वह पात्र है। यह सिद्धांत अभ्यस्त अपराधियों के लिए निरर्थक है, जिन्हें मनोविज्ञान की भाषा में साइकोपैथ कहा जाता है। मूलत: यह सिद्धांत आदर्शवादी है, जिसका प्रयोग संदिग्ध बना रहता है।

**मृत्युदण्ड के पक्ष में नैतिक तर्क :**

मृत्युदण्ड के पक्ष में दी गई युक्तियों में अरस्तु, कांट, एविंग अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसमें अरस्तु की युक्ति स्पष्टता प्रतिशोधात्मक है; इसलिए वह कांट और एविंग की युक्तियों से कुछ भिन्न है। अरस्तु के विचार में जब हम मध्य आचरण न कर आधिक्य या न्यून आचरण करते हैं, तो उससे व्यक्ति का अकल्याण होता है, जबकि मध्यकर्म से युडेमोनिया की प्राप्ति होती है; इसलिए जब कोई हत्या करता है, तो वह आधिक्य रूप कर्म करता है, जिससे पीड़ित को नुकसान तथा उसी अनुपात में हत्यारे को लाभ होता है। इसमें मध्य स्थिति बनाने के लिए आवश्यक है, कि पीड़ित के पीड़ा की भरपाई हत्यारे के जीवन अवसान के द्वारा किया जाए; अर्थात उसे मृत्युदण्ड दिया जाए। यह ''दांत के बदले दांत'' के प्रतिशोधात्मक नैतिकता का एक आदर्श उदाहरण है।

किंतु ए.सी. एविंग समकालीन नीतिशास्त्र में और एस.आई. बेन ने मृत्युदण्ड का समर्थन उसके प्रतिरोधात्मक मूल्य के लिए नैतिक रूप से उचित मानकर समाज में उसकी उपादेयता बताई है। एविंग का कहना है, कि प्रतिरोध का अपना कोई मूल्य नहीं, वह साधन के रूप में मूल्यवान है; अर्थात मृत्युदण्ड सामाजिक जीवन के सुखमय होने के साध्य का साधन है; इसलिए वह उचित है। इस कारण बेन ने मृत्युदण्ड को एक ''सामाजिक सकारात्मक क्रिया'' कहा है। अतएव मृत्युदण्ड का कोई नकारात्मक मूल्य है ही नहीं। उसे हम ''सकारात्मक शक्ति'' कह कर नैतिक समर्थन दे सकते हैं।

मृत्युदण्ड के पक्ष में दी गई एक अत्यंत महत्वपूर्ण युक्ति यह है, कि न्याय करने के लिए समस्त संवेगात्मक पक्षों के प्रति तटस्थ रहकर न्यायकर्ता स्वयं को जाति, धर्म, वर्ण, लाभ, हानि से ऊपर उठाकर यह प्रदर्शित करता है, कि देश का संविधान या देश का जनमानस हत्या नामक कर्म का पूर्ण वर्जन करना चाहता है। ''मृत्युदण्ड का लक्ष्य प्रतिशोध, प्रतिरोध, प्रतिकार का लक्ष्य नहीं है। उसका लक्ष्य तो समय के विवेकी व्यक्तियों के नैतिक विवेक को उजागर करना है, कि हम हत्या नामक कृत्य 'अन्याय कर्म' का तिरस्कार करते हैं। इस सीमा तक कि उसके लिए क्षतिकर्ता का प्राण ही लेना क्यों न पड़े।'' अत: मृत्युदण्ड की नैतिकता है, कि 'वह हत्या के कुकर्म का प्रतिफल' अपराधी को मिलना चाहिए।

एक अन्य तर्क के आधार पर यह कहा जा सकता है, कि यद्यपि मृत्युदण्ड में प्रतिरोध की क्षमता है; किंतु उसका मूल्य मुख्यत: इस बात में है, कि उससे असक्षमों को क्षमता प्राप्त होती है, वे स्वस्थ्य हो जाते हैं और स्वाभिमान के साथ सामाजिक जीवन जीते हैं।

मृत्युदण्ड के पक्ष में दी गई एक रोचक नैतिक युक्ति ''मृत्यु द्वारा आर्थिक न्याय'' है। जब कोई जघन्य आपराधिक कर्म होता है, हम दो प्रश्न कर सकते हैं। हम पीड़ित के स्थान पर स्वयं को बैठाकर पूछ सकते हैं, कि क्या हत्यारे को मृत्युदण्ड न देकर उम्र कैद देना चाहिए? और यदि ऐसा करना चाहिए, तो क्या उससे समाज में आर्थिक न्याय होता है? जिन लोगों को ठीक से रोटी, कपड़ा, मकान उपलब्ध नहीं है, उन योग्य व्यक्तियों में आर्थिक वितरण, न कर जघन्य अपराधी के पीछे आर्थिक खर्च लंबे समय तक करने की कोई आवश्यकता नहीं है; इसलिए वितरण न्याय की दृष्टि से मृत्युदण्ड ही उचित है।

**मृत्युदण्ड के विपक्ष में तर्क :**

मृत्युदण्ड के विरुद्ध कुछ रोचक युक्तियां दी गई हैं। वेनडेन हेग ने कहा है, कि मृत्युदण्ड के पक्ष में चार प्रमुख युक्तियां दी जाती हैं प्रथम के अनुसार, मृत्युदण्ड को उचित ठहराना वास्तव में कर्ता और बरबरता को उचित ठहराता है। मृत्युदण्ड एक आदिमता का परिचायक है, कि बरबरता का उत्तर बरबरता ही हो सकता है। अत: ऐसा दण्ड नैतिक रूप से अनुचित है। इसे हम विधिगत हत्या कह सकते हैं। दूसरी युक्ति है, कि जिन कुकर्मों को हम अतिविशिष्ट निशंसा कर्म कहते हैं और मृत्यु का विधान देते हैं, वे वास्तव में किन्हीं कारणों पर आधारित होते हैं, जिन्हें पूर्णतया नजर अंदाज करना एक प्रकार का अन्याय ही है; जैसे हत्यारे के सामाजिक, आर्थिक, मानसिक एवं संवेगात्मक पक्षों को नजर अंदाज करना। डॉ. यू. जाधव ने भारतवर्ष में दी गई मृत्युदण्ड की गवेषणा करते हुए पाया कि अति निम्न और निम्न वर्ग के लोग ही पारिवारिक कारणों से बाध्यता में हत्या करते हैं, जबकि उच्च वर्ग के लोग जघन्य अपराध के लिए भी छूट जाते हैं; इसलिए न्यायपालिका कई बार इन पहलुओं को अनदेखा कर देती है और ठीक से न्याय नहीं कर पाती। इसीलिए कहा जा सकता है, कि अपराध नहीं अपराधी से घृणा है। इसलिए वो गलत है।

एक अन्य युक्ति है, कि मृत्युदण्ड में प्रतिरोध की कोई क्षमता है ही नहीं, न ही उसमें प्रतिकार का कोई लक्षण है; क्योंकि हिंसा का उत्तर हिंसा से देने से यद्यपि कोई सुधार होता ही नहीं है और मृत्युदण्ड के पश्चात थोड़े से अंतराल पर अपराधी के मन से उसका अपराध मिट जाना। इसलिए वह किसी का प्रतिरोध नहीं कर पाया यह दण्ड इसलिए अनैतिक है, कि वह केवल और केवल प्रतिशोध है।

अंतत: किसी सभ्य समाज का संविधान 'प्राणदण्ड' के अधिकार को मौलिक अधिकार मानता है। वहीं संविधान विपरीत तर्क देते हुए किसी व्यक्ति के प्राण लेकर उसके मौलिक अधिकार छिनने की बात

कैसे कर सकता है? इसलिए मृत्युदण्ड का विधान विरोधात्मक है। वह विधिगत और नैतिक कुछ भी नहीं।

प्रश्न यह है, कि क्या मृत्युदण्ड देने में न्यायकर्ता से कभी कोई चूक नहीं होती है? यदि इसकी संभावना है, तो मृत्युदण्ड कहां तक प्रासंगिक कहा जा सकता है। मृत्युदण्ड का विधान जब साक्ष्यों के आधार और तर्क के आधार पर किया जाता है, तो उसमें त्रुटि की संभावना है; इसलिए यह विधान विरल है। पुन: अधिकतर संविधान में यह सुनिश्चित किया गया है, कि न्याय की अपील निम्न से उच्च और उच्चतम अदालतों तक किया जा सकता है, ताकि त्रुटि की संभावना दूर कर ली जाए और अंत में अपराधी द्वारा माफी मांगने की परिपाटी है, जिसे जीवन भिक्षा की अपील कहते हैं; इसलिए न्यायपूर्वक जानबूझकर सभ्य देश के न्यायकर्ता मृत्युदण्ड नहीं देते। इन्हीं कारणों से मृत्युदण्ड अपना नैतिक औचित्य बनाए रखता है; किंतु विश्व के समाज और संस्कृतियां एक जैसे नहीं हैं, उनके नैतिक दृष्टिकोण भी सार्वलौकिक नहीं हैं। फलत: मृत्युदण्ड के औचित्य के विषय में चर्चा अब भी हो रही है, आगे भी होती रहेगी, इसका कोई अंतिम हल हम लोगों से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। अतएव वैधिक मृत्युदण्ड न्याय में समता को ध्यान में रखकर पूरी छानबीन कर अतिविशिष्ट कुकर्मों को ही विरले (कभी-कभी) मृत्युदण्ड देता है।

**निष्कर्ष:** उपर्युक्त सिद्धांतों की व्याख्या के उपरांत स्पष्ट होता है, कि दण्ड के प्रत्येक सिद्धांत अलग-अलग मन: स्थिति एवं परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हो सकते हैं; क्योंकि कोई भी सिद्धांत उसी स्थिति में औचित्यपूर्ण हो सकता है, जब वह सभी कारणों और लक्ष्यों पर प्रहार करे। दण्ड का वास्तविक उद्देश्य अपराधों का उन्मूलन करना ही है।

देखा जाए तो समाज के अनुकूल मानव को चलाने के लिए किसी न किसी मात्रा में भय की आवश्यकता होती है; इसलिए एक सीमा तक प्रतिशोधात्मक सिद्धांत भी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त समाज के हित में यह भी है, कि अपराध की पुनरावृत्ति न हो; इसलिए एक निश्चित सीमा तक निरोधात्मक सिद्धांत भी उपयोगी है। आनुवंशिक या मनोवैज्ञानिक समस्याओं के कारण उत्पन्न अपराधियों के लिए सुधारात्मक सिद्धांत आवश्यक है।

यहां मूल दृष्टि यह होनी चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति एक साध्य है; इसलिए यथासंभव उसमें सुधार का प्रयास करना चाहिए; किंतु यदि कोई व्यक्ति पूरे समूह के अस्तित्व के लिए खतरा बन जाए, तो समाज या समूह व्यक्ति की तुलना में प्राथमिक हो जाता है; इसलिए प्रतिशोधात्मक और निरोधात्मक सिद्धांत अपनी उपादेयता बनाए रखते हैं। अत: अलग-अलग अपराधियों की व्याख्या अपराधियों के व्यक्तित्व तथा स्थितियों एवं परिस्थितियों के अंत:क्रिया के रूप में की जानी चाहिए और अपराधी को यथासंभव सुधरने का मौका देते हुए आवश्यकता पड़ने पर दण्ड के अन्य सिद्धांतों का प्रयोग किया जाना चाहिए।

**मृत्युदण्ड के पक्ष में युक्तियां**

- प्रथम युक्ति है, कि हत्या और मृत्युदण्ड में प्रकारगत भेद है। वे एक ही बातें नहीं हैं; क्योंकि हत्या करना एक अपराध क्रिया है, जिसका वैधिक नैतिक समर्थन नहीं है। जबकि अपराध के निदान के लिए मृत्युदण्ड बाह्यतया या सतही तौर पर एक रूप प्रतीत होता है; किंतु वह वैधिक एवं नैतिक दोनों दृष्टियों से समर्थिक है। यदि ऐसा न होता, तो महाकाव्यों में जघन्य अपराधियों को नायक मृत्युदण्ड नहीं देते।
- दूसरा, विधि की व्यवस्था क्रूर नहीं है। वह संवेगों को महत्व नहीं देता; किंतु वह पारिस्थितिक कारणों से अपराधी के मानसिक स्थितियों की पूरी छानबीन करता है और यथेष्ठ प्रमाणों के समार्थिक होने पर मृत्युदण्ड देता है; इसलिए मृत्युदण्ड एक वैधिक प्रक्रिया है, मनमानी विधि नहीं है।
- तीसरा, कि न्यायकर्ता का नैतिक प्रेरक कभी भी प्रतिशोध लेता नहीं है; क्योंकि वह कानून का संरक्षक मात्र है। उसका नैतिक अभिप्राय सामाजिक एकता और समरसता बनाए रखना है; इसीलिए वह जघन्य अपराधों के लिए प्राणदण्ड देता है।
- चौथा, प्राण रक्षा का मौलिक अधिकार होना और स्वेच्छाचारी रूप में सामाजिक जीवन जीने के लिए किसी की हत्या कर देना एक बातें नहीं हैं।






# ईस्ट इण्डिया कंपनी और क्षेत्रीय राज्य

*13 अंकों में आविष्कार/खोज, 4 अंकों में राष्ट्रगान, 5 अंकों में संसद, 3 अंकों में मुद्राओं तथा 11 अंकों में धरातलीय आकृतियों के पश्चात अब ज्ञानिकी के तहत पृथक-पृथक शीर्षकों में जानकारियां दी जा रही हैं, जिसके तहत परिवहन के विभिन्न घटकों, महासागरीय नितल के उच्चावच, स्थानीय पवन, आर्द्रता, कुहरा एवं बादल, वर्षा, चक्रवात, भूकंप, बाढ़ एवं सूखा, भारत की प्रमुख बहुउद्देश्यीय नदी घाटी परियोजनाओं, भारत के प्रमुख अनुसंधान संस्थानों/केंद्रों, पाषाण काल, हड़प्पा काल, वैदिक सभ्यता, जैन धर्म, बौद्ध धर्म, वैष्णव, शैव, शाक्त धर्म, उत्तर भारत की राजनैतिक दशा (600 ई.पू.-325 ई.पू.), मौर्य साम्राज्य तथा मौर्योत्तर काल, गुप्तकाल, गुप्तोत्तर काल, राजपूत काल तथा मुस्लिम आक्रमण, सल्तनत काल, मध्यकालीन भारत के प्रांतीय राज्य, मध्यकालीन भक्ति और सूफी आंदोलन, मुगल वंश, मराठा राज्य और संघ, सिख संप्रदाय तथा यूरोपीय कंपनियों का आगमन के विषय में जानकारी प्रदान की गई थी। इस अंक में 'ईस्ट इण्डिया कंपनी और क्षेत्रीय राज्य' की जानकारी प्रस्तुत की जा रही है।*

## ❑ बंगाल के नवाब

➡ मुगल सम्राट द्वारा स्वतंत्र रूप से नियुक्त बंगाल का अंतिम गवर्नर **मुर्शीद कुली खान** (1717-1727 ई.) था।

- ➲ इसने अपनी राजधानी ढाका से मकसूदाबाद बनाई और नगर का नाम मुर्शिदाबाद रख दिया।
- ➲ इसने भूमि बंदोबस्त में इजारा व्यवस्था आरंभ की।
- ➲ ओडिशा भी इसके अधीन कर दिया गया।

➡ 1727 ई. में मुर्शीद कुली खान की मृत्यु के पश्चात उसका जमाता शुजाउद्दीन उत्तराधिकारी बना।

➡ मुगल सम्राट मुहम्मद शाह ने बिहार का कार्यभार भी शुजाउद्दीन को सौंप दिया।

➡ 1739 ई. में शुजाउद्दीन की मृत्यु के पश्चात उसका पुत्र सरफाराज खान गवर्नर बना।

➡ 1740 ई. में बिहार के नायब सूबेदार अलीवर्दी खां ने विद्रोह कर दिया और सरफराज खान को मार डाला।

➡ अब अलीवर्दी खां बंगाल, बिहार और उड़ीसा का गवर्नर बन गया।

➡ अलीवर्दी खां (1740-1756 ई.) ने यूरोपियों की तुलना मधुमक्खियों से की तथा कहा कि **'यदि उन्हें न छेड़ा जाए, तो वे शहद देंगी और यदि छेड़ा जाए, तो वे काट-काट कर मार डालेंगी।'**

➡ अलीवर्दी खां की मृत्यु के पश्चात उसका दौहित्र सिराजुद्दौला उत्तराधिकारी बना।

➡ ब्लैक होल की कथित घटना 20 जून, 1756 को सिराजुद्दौला के समय में हुई थी।

➡ जे.जेड. हॉलवेल, जो शेष जीवित रहने वालों में से एक था, के अनुसार, 18 फीट लंबे तथा 14 फीट, 10 इंच चौड़े कक्ष में 146 अंग्रेज बंदी बंद कर दिए गए और अगले दिन उनमें से केवल 23 व्यक्ति ही बच पाए।

- ➲ यह घटना **ब्लैक होल** के नाम से प्रसिद्ध है।

➡ समकालीन मुस्लिम इतिहासकार गुलाम हुसैन ने अपनी पुस्तक **सियार-उल-मुत्खैरीन** में इसका कोई उल्लेख नहीं किया है।

➡ भारतवर्ष में ब्रिटिश साम्राज्य का संस्थापक रॉबर्ट क्लाइव को माना जाता है, जिसने प्लासी के युद्ध (23 जून, 1757) में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला को पराजित कर पहली बार भारत में ब्रिटिश प्रभुत्व की नींव रखी थी।

➡ प्लासी (वर्तमान नाम - पलाशी) का युद्ध मैदान प. बंगाल राज्य के नदिया जिले में भगीरथी नदी के किनारे स्थित है।

➡ प्लासी के युद्ध में मीर जाफर ने अंग्रेजों से मिलकर सिराजुद्दौला के विरुद्ध षड्यंत्र रचा था।

➡ अन्य पड्यंत्रकारियों में साहूकार जगत सेठ, राय दुर्लभ तथा अमीन चंद्र प्रमुख थे।

➡ प्लासी के युद्ध के पश्चात मीर जाफर नवाब बना।

- ➲ इसने अंग्रेजों को उनकी सेवाओं के लिए 24 परगनों की जमींदारी से पुरस्कृत किया और क्लाइव को भी निजी भेंट दी।

➡ **के.एम. पन्निकर** के अनुसार, यह एक सौदा था, जिसमें बंगाल के धनी सेठों तथा मीर जाफर ने नवाब को अंग्रेजों के हाथ बेच डाला।

➡ क्लाइव भारत में बंगाल के गवर्नर के पद पर 1757-60 ई. तथा 1765-1767 ई. तक रहा।

- ➲ इस दौरान उसने अवध के नवाब **शुजाउद्दौला के साथ इलाहाबाद की संधि** की।
- ➲ अंग्रेज सैनिकों का एक श्वेत विद्रोह उसके समय में हुआ था।

➡ क्लाइव द्वारा बंगाल में सफलतापूर्वक एक **'लुटेरा राज्य'** की स्थापना की गई।

➡ क्लाइव सैनिक के रूप में एक जननेता था।

➡ **विलियम पिट** का यह कथन है, कि ''वह स्वर्ग से उत्पन्न सेनानायक था।''

➡ अलीवर्दी खां के उत्तराधिकारी नवाबों में मीर कासिम (1760-63 ई.) सबसे योग्य था।

➡ पूर्णिया तथा रंगपुर के फौजदार के रूप में मीर कासिम अपनी योग्यता पहले ही दर्शा चुका था।

- ➲ वह अपनी **राजधानी मुर्शिदाबाद से मुंगेर** ले गया, संभवत: वह मुर्शिदाबाद के षड्यंत्रमय वातावरण तथा कलकत्ता से दूर रहना चाहता था, ताकि अंग्रेजों का हस्तक्षेप अधिक न हो।

➡ मीर कासिम ने सेना का गठन यूरोपीय पद्धति पर करने का निश्चय किया।

- ➲ इसके द्वारा मुंगेर में तोपें तथा तोड़ेदार बंदूकें बनाने की व्यवस्था की गई।

➡ इसके अतिरिक्त मीर कासिम राज्य की आर्थिक स्थिति को भी सुधारने के लिए प्रयत्नशील रहा।

- ➲ जिन अधिकारियों ने गबन किया था, उन पर बड़े-बड़े जुर्माने लगाए गए, कुछ नए कर भी उसने लगाए।

➡ 22 अक्टूबर, 1764 को **अंग्रेजों ने मीर कासिम, अवध के नवाब शुजाउद्दौला तथा दिल्ली के मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय** की सम्मिलित सेना को **बक्सर के युद्ध** में परास्त किया।

- ➲ इस युद्ध में अंग्रेजों की कमान **मेजर हेक्टर मुनरो** के हाथ में थी।

➡ बक्सर के युद्ध के समय **वेन्सिटार्ट बंगाल का गवर्नर** था।

➡ बक्सर के युद्ध के परिणाम ने प्लासी के निर्णयों पर मुहर लगा दी, भारत में अंग्रेजों को चुनौती देने वाला कोई दूसरा नहीं था।

- ➲ इलाहाबाद तक का प्रदेश अंग्रेजों के अधिकार में आ गया तथा दिल्ली विजय का मार्ग खुल गया।

➡ बक्सर का युद्ध भारतीय इतिहास में निर्णायक सिद्ध हुआ।

➡ बक्सर के युद्ध के समय बंगाल का नवाब मीर जाफर तथा दिल्ली का शासक शाहआलम द्वितीय था।

➡ इलाहाबाद की संधि के अनुसार, शाहआलम को अंग्रेजी संरक्षण में ले लिया गया तथा उसे इलाहाबाद में रखा गया।

- ➲ इलाहाबाद तथा कड़ा के जो क्षेत्र नवाब ने छोड़ दिए थे, शाहआलम को मिले।

➡ 12 अगस्त, 1765 की संधि के अनुसार, मुगल बादशाह शाहआलम द्वितीय ने कंपनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी स्थायी रूप से दे दी।

- ➲ इस समय क्लाइव ईस्ट इण्डिया कंपनी का बंगाल का गवर्नर था।
- ➲ इसी समय बंगाल में द्वैध शासन की शुरुआत हुई।

➡ कंपनी ने दीवानी कार्य के लिए दो उप-दीवान, बंगाल के लिए मुहम्मद रजा खान तथा बिहार के लिए राजा शिताब राय की नियुक्ति की।

➡ **के.एम. पन्निकर** ने कहा है, कि 1765 से 1772 ई. तक कंपनी ने बंगाल में **'डाकुओं का राज्य'** स्थापित कर दिया।

**बंगाल के प्रमुख नवाब एवं उनका कार्यकाल**

| नवाब | कार्यकाल |
|---|---|
| मुर्शीद कुली खान | 1717-1727 ई. |
| शुजाउद्दीन | 1727-1739 ई. |
| सरफराज खान | 1739-1740 ई. |
| अलीवर्दी खां | 1740-1756 ई. |
| सिराजुद्दौला | 1756-1757 ई. |
| मीर जाफर | 1757-1760 ई. |
| मीर कासिम | 1760-1763 ई. |
| मीर जाफर | 1763-1765 ई. |

## ❑ पंजाब

➡ रणजीत सिंह का जन्म 13 नवंबर, 1780 को **सुकरचकिया मिसल** के मुखिया महासिंह के घर हुआ था।

- ➲ वह 12 वर्ष के ही थे, तो उनके पिता का स्वर्गवास हो गया।

➡ 1792 से 1797 ई. तक एक प्रतिशासन परिषद (Council of Regency), जिसमें इनकी माता, सास और दीवान लखपत राय थे, ने शासन कार्य चलाया।

- ➲ 1797 ई. में उन्होंने समस्त कार्यभार स्वयं संभाल लिया।

➡ 1798 ई. में अफगानिस्तान के शासक जमान शाह ने पंजाब पर आक्रमण किया। वापस जाते समय उसकी तोपें चिनाब नदी में गिर गईं।

- ➲ रणजीत सिंह ने उसे निकलवाकर वापस भिजवा दिया।

➲ उस सेवा के बदले जमान शाह ने उसे लाहौर पर अधिकार करने की अनुमति दे दी।

➡ 1799 ई. में रणजीत सिंह ने तत्काल लाहौर पर अधिकार कर लिया तथा उसे अपनी राजधानी बनाया।

➲ जमान शाह ने उन्हें **राजा की उपाधि** दी और लाहौर का अपना सूबेदार मान लिया।

➡ 1805 ई. में रणजीत सिंह ने अमृतसर को भी भंगी मिसल से छीन लिया।

➲ तत्पश्चात पंजाब की राजनैतिक राजधानी लाहौर और धार्मिक राजधानी अमृतसर दोनों ही उसके अधीन आ गईं।

➡ 1808 ई. में रणजीत सिंह ने फरीदकोट, मालेरकोटला और अंबाला पर विजय प्राप्त की।

➡ 'पंजाब' अहमदशाह अब्दाली के साम्राज्य का भाग था; परंतु 1773 ई. में उसकी मृत्यु के पश्चात मुल्तान, कश्मीर इत्यादि कुछ छोटे-छोटे भागों को छोड़कर शेष पर सिख मिसलों का अधिकार हो गया।

➡ 1800 ई. में अहमदशाह अब्दाली का पौत्र शाहशुजा काबुल की गद्दी पर बैठा; परंतु उसके भाई शाह महमूद ने शक्तिशाली बरकजई सरदारों - फतह खां और दोस्त मुहम्मद की सहायता से उसे 1809 ई. में विस्थापित कर दिया तथा स्वयं कश्मीर तथा पेशावर पर अधिकार कर लिया।

➲ इसी अवसर पर शाहशुजा ने काबुल का राज्य प्राप्त करने के लिए रणजीत सिंह से सहायता मांगी और उन्हें कोहिनूर (कोह-ए-नूर) हीरा भेंट किया।

➡ महाराजा रणजीत सिंह और अंग्रेजों के मध्य 25 अप्रैल, 1809 को अमृतसर की संधि हुई।

➡ रणजीत सिंह ने 1818 ई. में मुल्तान, 1819 ई. में कश्मीर और 1834 ई. में पेशावर को जीत लिया।

➡ रणजीत सिंह एक योग्य शासक थे।

➡ रणजीत सिंह ने कहा था ''ईश्वर की इच्छा थी कि मैं सब धर्मों को एक निगाह से देखूं; इसीलिए उसने दूसरी आंख की रोशनी ले ली।''

➡ रणजीत सिंह की न्याय व्यवस्था कठोर थी।

➡ राज्य की सर्वोच्च अदालत का नाम '**अदालत-ए-आला**' था।

➲ यह अदालत लाहौर में स्थित थी।

➡ रणजीत सिंह ने तोपखाने पर अधिक बल दिया।

➡ लाहौर तथा अमृतसर में तोप, गोला और बारूद बनाने के कारखाने लगाए गए।

➡ राज्य प्रांतों में बंटा था और प्रत्येक प्रांत एक नाजिम के अधीन होता था।

➲ प्रांत जिलों में बंटा था, जो कारदार के अधीन होता था।

➡ रणजीत सिंह ने गुरु नानक और गुरु गोविंद सिंह के नाम के सिक्के चलाए।

➡ 1839 ई. में रणजीत सिंह की मृत्यु के बाद उनका पुत्र खड्ग सिंह सिंहासन पर बैठा।

➲ इसे अफीम खाने की आदत थी।

➡ खड्ग सिंह के शासनकाल के दौरान शीघ्र ही दरबार में दो विरोधी दलों संधावालिया सरदार - चैत सिंह, अतर सिंह, लहना सिंह तथा उनके भतीजे अजीत सिंह और डोगरा बंधुओं - ध्यान सिंह, गुलाब सिंह और सुचेत सिंह की प्रतिद्वंद्विता के कारण पंजाब में अराजकता फैल गई।

➡ प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध 1845-46 ई. में हुआ।

➡ 9 मार्च, 1846 को सिक्खों को लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करने पर अंग्रेजों द्वारा बाध्य किया गया।

➡ लाहौर की संधि के अनुसार, सर हेनरी लॉरेंस कंपनी का लाहौर में रेजीडेंट नियुक्त किया गया।

➲ इस संधि के अनुसार, अल्पवयस्क दलीप सिंह को महाराज स्वीकार किया गया तथा रानी जिन्दां उसकी संरक्षिका और लाल सिंह उसका वजीर स्वीकार किया गया।

➡ महाराज दलीप सिंह सिख साम्राज्य के अंतिम शासक थे।

➲ उन्होंने 1843 से 1849 ई. तक शासन किया।

➡ दलीप सिंह ने सिख धर्म छोड़कर ईसाई धर्म को अपनाया था, इन्होंने रूस की यात्रा भी की थी।

➲ इनका निधन अक्टूबर, 1893 में पेरिस (फ्रांस) में हो गया था।

➲ इनकी अंत्येष्टि इंग्लैण्ड में हुई थी।

➡ द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध 1848-49 ई. में हुआ।

➡ चिलियांवाला का युद्ध 13 जनवरी, 1849 को लड़ा गया।

➲ इस युद्ध में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व लॉर्ड गफ ने किया तथा सिख सेना शेरसिंह के नेतृत्व में लड़ी।

➲ यह युद्ध अनिर्णीत समाप्त हुआ।

➲ इस युद्ध के समय भारत का गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी था।

➡ 1849 ई. में द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध की समाप्ति पर अंग्रेजों द्वारा पंजाब का विलय कर लिया गया तथा दलीप सिंह को पेंशन देकर ब्रिटेन भेज दिया गया।

➡ पंजाब के ब्रिटिश साम्राज्य में विलय के बाद लॉर्ड डलहौजी ने 1849 ई. में पंजाब पर शासन करने के लिए तीन लोगों की एक परिषद का गठन किया था।

➲ इसमें सर हेनरी को अध्यक्ष तथा जॉन लॉरेंस और चार्ल्स ग्रेनविले मानसेले को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

## ❑ मैसूर-हैदर अली तथा टीपू सुल्तान

➡ 1742 ई. में वेंकट राय के नेतृत्व में मैसूर सेना ने डिण्डीगुल पर विजय प्राप्त की।

➲ उन्होंने मैसूर के महाराज के प्रतिनिधि के रूप में डिण्डीगुल पर शासन किया।

➲ इनके शासनकाल के दौरान अठारह पलायम (एक छोटे से क्षेत्र में कुछ गांव होते हैं) थे और ये सभी पलायम डिण्डीगुल सेमाई के अधीन थे, जिनकी राजधानी डिण्डीगुल थी।

➲ ये पलायम स्वतंत्र होना चाहते थे, और वेंकट राय को कर देने से इंकार कर दिया।

➡ 1748 ई. में वेंकट राय के स्थान पर वेंकटप्पा को इस क्षेत्र का गवर्नर बनाया गया, जो कि असफल रहे।

➡ 1755 ई. मे मैसूर के महाराज ने स्थिति को संभालने के लिए हैदर अली को डिण्डीगुल भेजा।

➡ 1755 ई. में हैदर अली ने डिण्डीगुल पर कब्जा कर लिया।

➲ बाद में हैदर अली मैसूर का वास्तविक शासक बन गया और 1777 ई. में उन्होंने पुरशीन मीरसाहेब को डिण्डीगुल का गवर्नर नियुक्त किया। इसने किले को मजबूत किया।

➡ **प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध (1767-69 ई.)** अंग्रेजों और हैदर अली के मध्य हुआ था।

➡ इस दौरान अंग्रेज **गवर्नर वेरेल्स्ट** था।

➡ निजाम, मराठे एवं अंग्रेज हैदर के विरुद्ध एक त्रिगुट संधि में सम्मिलित हुए।

➡ हैदर अली ने अपनी कूटनीतिक सूझ-बूझ से इस त्रिगुट को भंग करने का प्रयास किया।

➲ उसने मराठों को धन देकर और निजाम को प्रदेश का प्रलोभन देकर अपनी ओर मिला लिया और फिर कर्नाटक पर आक्रमण किया।

➡ अंग्रेजों की प्रारंभिक सफलता के कारण निजाम पुन: अंग्रेजों की ओर चला गया।

➡ हैदर अली ने उत्साहपूर्वक लड़ते हुए 1768 ई. में मंगलौर पर अधिकार कर लिया।

➲ मार्च, 1769 में उसकी सेनाएं मद्रास तक जा पहुंची।

➡ अंग्रेजों ने विवशता में हैदर अली की शर्तों पर 4 अप्रैल, 1769 को **मद्रास की संधि** की।

➡ **द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध (1780-84 ई.)** के दौरान, हैदर अली ने निजाम तथा मराठों के साथ मिलकर अंग्रेजों के विरुद्ध एक मोर्चा बनाया।

➡ जुलाई, 1780 में हैदर अली ने कर्नाटक पर आक्रमण कर दिया तथा कर्नल बेली (Col. Baillie) के अधीन अंग्रेज सेना को हराकर अर्काट पर अधिकार कर लिया।

➲ इसी दौरान टीपू ने हेक्टर मुनरो की सेना को पोल्लीलुर नामक स्थान पर हरा दिया।

➡ 1781 ई. में हैदर अली का सामना अंग्रेज जनरल आयरकूट से हुआ, जिसने पोर्टो नोवो (1 जुलाई, 1781), पोल्लीलुर तथा शोलिंगुर में हैदर अली को परास्त किया।

➡ दिसंबर, 1782 में हैदर अली की मृत्यु के बाद टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष जारी रखा तथा अंतत: **मंगलौर की संधि** (1784 ई.) से द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध का समापन हुआ।

➡ द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध के दौरान अंग्रेज **गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स** था।

➡ टीपू सुल्तान ने श्रीरंगपट्टनम को अपनी राजधानी बनाया एवं यहां जैकोबिन क्लब की स्थापना की और उसका सदस्य बना।

➲ इसने अपनी राजधानी में फ्रांस और मैसूर की मैत्री का प्रतीक स्वतंत्रता का वृक्ष रोपा।

➡ टीपू सुल्तान ने अपने समकालीन विदेशी राज्यों से मैत्री संबंध बनाने तथा अंग्रेजों के विरुद्ध उनकी सहायता प्राप्त करने के लिए ईरान, कुस्तुंतुनिया (आधुनिक इस्तांबुल), अफगानिस्तान और फ्रांस आदि को दूतमण्डल भेजे और आधुनिक रीति पर दूतावासों की स्थापना की।

➡ **तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध 1790-92 ई.** तक चला।

➲ इस दौरान अंग्रेज **गवर्नर जनरल लॉर्ड कार्नवालिस** था।

➡ अंग्रेजों के विरुद्ध सहायता के लिए टीपू सुल्तान ने तुर्की से सहायता प्राप्त करने का प्रयत्न किया।

➡ तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध (1790-92 ई.) का अवसान श्रीरंगपट्टनम की संधि (मार्च, 1792) द्वारा हुआ।

➲ इस संधि में अंग्रेजों की ओर से कार्नवालिस तथा मैसूर से टीपू सुल्तान शामिल थे।

➲ इसके अनुसार, टीपू सुल्तान को अपने राज्य का लगभग आधा भाग अंग्रेजों तथा उसके साथियों को देना पड़ा।

➲ साथ ही युद्ध के हर्जाने के रूप में टीपू सुल्तान को तीन करोड़ रुपये अंग्रेजों को देना था।

➡ श्रीरंगपट्टनम की संधि में यह शामिल था, कि जब तक टीपू सुल्तान तीन करोड़ रुपये नहीं देगा, तब तक उसके दो पुत्र अंग्रेजों के कब्जे में रहेंगे।

➡ कार्नवालिस ने इसी संधि के बाद यह टिप्पणी की थी ''हमने अपने शत्रु को प्रभावशाली ढंग से पंगु बना दिया है तथा साथियों को भी शक्तिशाली नहीं बनने दिया।''

➡ **चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध 1799 ई.** में हुआ।

➲ इस दौरान अंग्रेज **गवर्नर जनरल लॉर्ड वेलेजली** था।

➡ 4 मई, 1799 को अंग्रेजी सेना ने श्रीरंगपट्टनम का दुर्ग जीत लिया और टीपू ने लड़ते-लड़ते वीरगति पाई।

➡ टीपू के कुल के सदस्यों को वेल्लौर में कैद कर दिया गया।

➡ मैसूर को जीतने की खुशी में आयरलैण्ड के लॉर्ड समाज ने **वेलेजली को 'मार्क्विस' की उपाधि** प्रदान की।

➡ युद्ध के बाद अंग्रेजों ने मैसूर की गद्दी पर पुन: **अड्यार वंश के एक बालक कृष्णराज** को बैठा दिया तथा कनारा, कोयंबटूर और श्रीरंगपट्टनम को अपने राज्य में मिला लिया।




**Q.** छः सप्ताह (जून-अगस्त, 2022) तक चलने वाले बहुपक्षीय द्विवार्षिक नौसैन्य अभ्यास ''रिम ऑफ द पैसिफिक (रिमपैक), 2022'' में किसने भारत का प्रतिनिधित्व किया?

**A. आईएनएस सतपुड़ा और P8I समुद्री पैट्रोल एयरक्राफ्ट**

**Q.** इस वर्ष रिमपैक के किस संस्करण का आयोजन किया गया?

**A. 28वें**

**Q.** रिमपैक, 2022 में कितने देशों ने भाग लिया?

**A. 27**

**Q.** रिमपैक, 2022 का आयोजन कहां किया जा रहा है?

**A. हवाई द्वीप और दक्षिणी कैलिफोर्निया क्षेत्र के आस-पास**

**Q.** रिमपैक, 2022 का आयोजन किसके नेतृत्व में किया जा रहा है?

**A. संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना**

**Q.** जून, 2022 में किस भुगतान बैंक ने टियर III शहरों और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नकद संग्रह प्रणाली को डिजिटाइज करने हेतु एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है?

**A. एयरटेल पेमेंट्स बैंक**

**Q.** जून, 2022 में किस बीमा कंपनी ने एक बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए ''इंस्टा कन्फर्मेशन ऑफ इंश्योरेंस (इंस्टा-CoI)'' लांच किया है?

**A. मैक्स लाइफ इंश्योरेंस**

**Q.** जून, 2022 में किस संगठन ने भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र का समर्थन करने के लिए 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी प्रदान की?

**A. विश्व बैंक**

**Q.** 29 जून, 2022 को किसके द्वारा 'अभ्यास हाई-स्पीड एक्सपैण्डेबल एरियल टारगेट (ABHYAS-HEAT)' का ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR), चांदीपुर से उड़ान परीक्षण किया गया था?

**A. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन**

**Q.** संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस, 2022 कब मनाया गया?

**A. 30 जून**

**Q.** जून, 2022 में महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद शहर और उस्मानाबाद शहर के नाम परिवर्तन को मंजूरी प्रदान की। इनके परिवर्तित नाम क्या हैं?

**A. क्रमशः संभाजीनगर और धाराशिव**

**Q.** 28 जून, 2022 को किस राज्य सरकार ने अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (AGEL) के साथ 11000 मेगावॉट हरित ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु एक समझौता-ज्ञापन किया?

**A. महाराष्ट्र**

**Q.** 28 जून, 2022 को रक्षा मंत्रालय ने **'भारतीय तटरक्षक बल'** हेतु किस नाम से एक स्वचालित वेतन और भत्ता मॉड्यूल की शुरुआत की?

**A. मासिक भत्ता वितरण पे रोल ऑटोमेशन (Pay Roll Automation for Disbursement of Monthly Allowances : PADMA)**

**Q.** 28 जून, 2022 को जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने मेटा (META) के साथ मिलकर किस कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की?

**A. गोइंग ऑनलाइन एज लीडर्स (GOAL 2.0)**

**Q.** 29 जून, 2022 को संपूर्ण भारत में मनाए गए 16वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस का विषय क्या था?

**A. डाटा फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट**

**Q.** जून, 2022 में इसरो ने अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजी लिमिटेड (ADTL) से क्रू मॉड्यूल फेयरिंग (CMF) प्राप्त किया। ADTL किस शहर में स्थित है?

**A. बंगलुरू, कर्नाटक**

**Q.** जून, 2022 में किस राज्य सरकार ने तीर्थयात्रियों के लिए 'काशी यात्रा' योजना शुरू की?

**A. कर्नाटक**

**Q.** जून, 2022 में निवेशक मंच, पाइसे (PYSE) ने किस राज्य में भारत का पहला और सबसे बड़ा आंशिक स्वामित्व वाला सौर ऊर्जा संयंत्र लांच किया?

**A. कर्नाटक**

**Q.** 20 जून, 2022 को गरीब कल्याण रोजगार अभियान (GKRA) योजना ने दो वर्ष पूर्ण किए। इस योजना हेतु नोडल मंत्रालय कौन-सा है?

**A. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**Q.** जून, 2022 में इकोनॉमिक इंटेलीजेंस यूनिट द्वारा जारी 'द ग्लोबल लिवेबिलिटी इण्डेक्स, 2022' में कितने शहरों को शामिल किया गया?

**A. 173**

**Q.** 'द ग्लोबल लिवेबिलिटी इण्डेक्स, 2022' में शीर्ष स्थान किस शहर ने प्राप्त किया?

**A. वियना (ऑस्ट्रिया)**

**Q.** जून, 2022 में लांग मार्च (LM)-2D कैरियर रॉकेट द्वारा योजना-35 श्रृंखला के तीन नए रिमोट सेंसिंग उपग्रहों के दूसरे बैच को सफलतापूर्वक लांच किया गया। ये उपग्रह किस देश से संबंधित हैं?

**A. चीन**

**Q.** जून, 2022 में टाटा पॉवर सोलर सिस्टम्स द्वारा किस शहर में भारत की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की गई?

**A. कायमकुलम, केरल**

**Q.** कायमकुलम स्थित तैरती सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापित क्षमता कितनी है?

**A. 101.6 मेगावॉट पीक (MWp)**

**Q.** हाल ही में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?

**A. नितिन गुप्ता**

**Q.** जून, 2022 में GIFT सिटी (अहमदाबाद) में न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के भारत क्षेत्रीय कार्यालय के महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**A. डॉ. डी. जे पाण्डियन**

**Q.** 26 जून, 2022 को NASA ने किस देश से 27 वर्षों में अपना पहला वाणिज्यिक रॉकेट ''NASA ब्लैक ब्रेंट IX सबआर्बिटल साउण्डिंग रॉकेट'' लांच किया?

**A. ऑस्ट्रेलिया**

**Q.** 27 जून, 2022 को 'इण्डियाज बूमिंग गिग एण्ड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी-पर्सपेक्टिव्स एण्ड रिकमेण्डेशंस ऑन द फ्यूचर ऑफ वर्क' रिपोर्ट को किसके द्वारा लांच किया गया?

**A. नीति आयोग**

**Q.** 24 जून, 2022 को आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (PMAY-U) की कौन-सी वर्षगांठ मनाई गई?

**A. 7वीं 25 जून, 2015 को लांच)**

**Q.** 25 जून, 2022 को स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0 (SBM-U 2.0) ने पूरे शहरी भारत में ODF, ODF+, ODF++ और जल + प्रमाणन हेतु क्या जारी किया?

**A. संशोधित स्वच्छ प्रमाणन प्रोटोकॉल**

**Q.** जून, 2022 में कौन-सा हवाई अड्डा अपनी खपत की जरूरतों के लिए जल और सौर (Hydro and Solar) ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया है?

**A. इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डा, दिल्ली**

**Q.** 23 जून, 2022 को NSIL के लिए इसरो द्वारा निर्मित जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट (GSAT)-24 को एरियन-5 रॉकेट के माध्यम से किस स्थान से लांच किया गया था?

**A. दक्षिण अमेरिका के कौरू, फ्रेंच गुयाना से**

**Q.** जून, 2022 में मेक्सिको के लियोन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (IWF) यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले भारोत्तोलक कौन बने?

**A. गुरुनायडू सनापति (55 किग्रा. वर्ग)**

**Q.** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस, 2022 को विश्वभर में 'टुगेदर, फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड' के विषय के साथ कब मनाया गया?

**A. 23 जून, 2022**

**Q.** जून, 2022 में किस राज्य ने कॉलेज के छात्रों हेतु एक कौशल कार्यक्रम ''नलया थिरन'' (कल की क्षमता) शुरू किया?

**A. तमिलनाडु**

**Q.** जून, 2022 में बालिका पंचायत शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य कौन-सा है?

**A. गुजरात**

**Q.** जून, 2022 में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त टी.एस. तिरुमूर्ति के स्थान पर किसे नियुक्त किया गया?

**A. रुचिरा कंबोज**

**Q.** 21 जून, 2022 को किस देश ने अपना पहला स्वदेश निर्मित अंतरिक्ष रॉकेट ''नूरी'' लांच किया?

**A. दक्षिण कोरिया**

**Q.** 18 जून, 2022 को कुओर्टेन गेम्स, 2022 (फिनलैण्ड) में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक किसने जीता?

**A. नीरज चोपड़ा (86.69 मी.)**

**Q.** संयुक्त राष्ट्र द्वारा हेट स्पीच का मुकाबला करने हेतु पहला अंतरराष्ट्रीय दिवस कब मनाया गया?

**A. 18 जून, 2022**

**Q.** जून, 2022 में किस मंत्रालय/संगठन ने कृषि क्षेत्र में ई-कॉमर्स को सक्रिय करने के लिए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) के साथ भागीदारी की है?

**A. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)**

**Q.** जून, 2022 में किस को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस आर.बी.आई. द्वारा अपर्याप्त पूंजी और कमाई की क्षमता के कारण रद्द कर दिया गया था?

**A. मिलथ को-ऑपरेटिव बैंक**

**Q.** 16 जून, 2022 को किस शहर में औद्योगिक उपयोग के लिए भारत के पहले सरकारी विलवणीकरण (desalination) संयंत्र का उद्घाटन किया गया?

**A. दहेज, गुजरात**

**Q.** जून, 2022 में किस देश ने स्विट्जरलैण्ड के साथ जेनेवा में विश्व व्यापार संगठन (WTO) के 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC12) की सह-मेजबानी की?

**A. कजाख्स्तान**

**Q.** FIFA विश्व कप, 2026 की मेजबानी किस देश द्वारा की जाएगी?

**A. संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको**

**Q.** 13-24 जून, 2022 तक भारत-इण्डोनेशिया नौसेना के मध्य समन्वित गश्ती (CORPAT) के किस संस्करण का आयोजन किया गया?

**A. 38वें**

**Q.** 16 जून, 2022 को वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स, 2022 की घोषणा कहां की गई?

**A. पेरिस, फ्रांस**

**Q.** वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स (WAA), 2022 की सूची में भारत के कितने हवाई अड्डों को सर्वश्रेष्ठ 100 हवाई अड्डों में स्थान प्राप्त हुआ है?

**A. चार**

**Q.** WAA, 2022 की सूची में भारत के किन चार हवाई अड्डों को सर्वश्रेष्ठ 100 हवाई अड्डों में स्थान प्राप्त हुआ?

**A. 1. इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली (37वीं**
**2. बंगलुरू का केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (61वीं**
**3. हैदराबाद का राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (63वीं रैंक)**
**4. मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (65वीं**

**Q.** 7 जून, 2022 को राष्ट्रीय वायु खेल नीति (NASP), 2022 को किस मंत्रालय द्वारा लांच किया गया?

**A. केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय**

**Q.** राष्ट्रीय वायु खेल नीति, 2022 का उद्देश्य भारत को किस वर्ष तक विश्व के शीर्ष वायु खेल देशों में से एक बनाना है?

**A. वर्ष 2030**

**Q.** 21 जून, 2022 को भारत की 153वीं भूकंप वेधशाला का उद्घाटन कहां किया गया?

**A. ऊधमपुर (जम्मू और कश्मीर)**

**Q.** भूकंप वेधशाला की स्थापना और रख-रखाव के लिए कौन-सा संस्थान उत्तरदायी है?

**A. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (NCS)**

**Q.** 23 जून, 2022 को नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स उत्कृष्टता पुरस्कार के किस संस्करण की मेजबानी की गई?

**A. पहले**

**Q.** राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स उत्कृष्टता पुरस्कारों को कितनी श्रेणियों में प्रदान किया गया?

**A. 12**

**Q.** संयुक्त राष्ट्र का अंतरराष्ट्रीय पारिवारिक प्रेषण दिवस (IDFR), 2022 विश्वभर में कब मनाया गया?

**A. 16 जून, 2022**

**Q.** 14 जून, 2022 को किस राज्य सरकार ने जल सहयोग पर इस्राइल के साथ एक संयुक्त घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं?

**A. हरियाणा**

**Q.** 6 जून, 2022 को ड्रोन नीति और ड्रोन के सार्वजनिक उपयोग को मंजूरी प्रदान करने वाला पहला भारतीय राज्य कौन-सा है?

**A. हिमाचल प्रदेश**

**Q.** जून, 2022 में सशस्त्र सीमा बल (SSB) के नए महानिदेशक (DG) के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**A. एस.एल. थाओसेन**

**Q.** जून, 2022 में किस संस्थान ने भारत में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने के लिए एक रोबोट 'होमोसेप' विकसित किया है?

**A. आईआईटी मद्रास**

**Q.** 14 जून, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस शहर में भूमिगत 'क्रांतिकारियों की गैलरी' (Gallery of Revolutionaries) संग्रहालय का उद्घाटन किया?

**A. मुंबई, महाराष्ट्र**

**Q.** जून, 2022 में वैश्विक अक्षय ऊर्जा समुदाय 'REN21' द्वारा प्रकाशित 'अक्षय ऊर्जा वैश्विक स्थिति रिपोर्ट (GSR), 2022' के अनुसार, वर्ष 2021 में कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता परिवर्धन हेतु विश्व में भारत का स्थान क्या है?

**A. तीसरा**

**Q.** जून, 2022 में सोमालिया के प्रधानमंत्री के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**A. हमजा अब्दी बर्रे**

**Q.** 15 जून, 2022 को डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से किस शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया?

**A. पृथ्वी-II**

**Q.** 5-16 जून, 2022 तक भारत-बांग्लादेश के मध्य किस संयुक्त युद्धाभ्यास का आयोजन किया गया?

**A. 'संप्रति-X' (10वां संस्करण)**

**Q.** 5 जून, 2022 को स्वदेश दर्शन योजना के तहत 'संत कबीर अकादमी और अनुसंधान केंद्र' का उद्घाटन कहां किया गया?

**A. मगहर (उत्तर प्रदेश) के कबीर चौरा धाम**

**Q.** 7 जून, 2022 को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) डैशबोर्ड का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ किस मंत्रालय के तहत किया गया?

**A. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**